,,	२	२०	उदद्रोतृ	उद्द्रोतृ
,,	२	२४	जायामु	जायामु
,,	२	२६	उदद्रवणा	उद्द्रवणा
,,	२	३०	तगणे	गणे
२०१	१	५	आघ	आघ
,,	२	७	उदद्दृष्टा	उद्दिष्टा
,,	२	१७	१, ७	७
,,	२	२०	१, १०	१०
२०२	१	२७	१, १०	१०
२०३	१	३२	१, १०	१०
,,	२	३,६	१, १	१
,,	२	१९	गादि	गांदि
,,	२	३४	कँापना,	कँपाना
२०४	१	१,३०	उद+	उद्द+
,,	२	१२	माग	नाग
,,	२	३३	पङ्क	पङ्क
२०५	१	२३	अक	सक
,,	२	७	उप-	उप्प-
२०६	१	१	उप्पइात्तु	उप्पाइत्तु
,,	१	२८	याणं	याणाणं
,,	२	७	कइ	कई
,,	२	१२	२	२ पुं.
,,	२	१३	१, ८	८
२०७	१	२५	स्थपुट-	स्थपुट,
,,	२	७	उत्पेक्खा	उप्पेक्खा
,,	२	१२	१, ६	६
,,	२	३१	उप्फिड-	उप्फि-
२०८	१	२८	उद्धद्ध	उद्धबद्ध
,,	२	३५	उद-	उद्द-
२०९	१	८,१३	,,	,,
,,	१	१४,२०	१, १	१
२०९	१	१६	१, ४	४

पृष्ठ	कोलम	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
२०९	१	१७,२१,३६	उद्-	उद्-
,,	१	२२	१, ६	६
,,	२	२२	३	३ न.
,,	२	२५	४	४ वि.
२१०	१	२७	३	३ देव-
,,	२	२०	पुं	वि
२११	१	३५	उद्-	उद्-
२१२	१	३३	उविय	उविअ
,,	२	३०	अं ;	अंग्ट;
२१३	२	१४	उलंघि-	उल्लंघि-
२१४	१	३१	पीडना	बजाना
,,	२	३४	उद्+	उद्+
२१५	१	५	दंदम्	दंतम्
,,	१	१४	सक	अक
,,	२	२१	२	२ वि.
२१६	२	१३	प्रयो—उवकप्पयंति	उवकप्पंति
,,	२	१३	१. १२	१, ११
,,	२	२०	उयवर	उवयर
२१७	२	५	उपख्या-	उपाख्या-
२१८	२	६	उपोद्दात	उपोद्घात
२१९	२	२५	उपदाहयितृ	उपदहितृ
२२०	१	१	१४१	१४०
,,	१	३६	-मंहृति;	-मंहृत ;
,,	२	११	कया	क्रिया
२२२	२	९-१०	'पुंन' से '-लिका;'	देखो ओअरय
२२३	१	१३	मप्परिग्वे	सप्परिग्वो
,,	२	१६	वक्क	कवक्क
२२४	२	२५	२	२ वि.
२२५	१	८	२, १६	१, १२
,,	२	१	हटाया	ममेटा
,,	२	२	महरिया	मंहरिया
२२६	१	९	२	२ पुं.
,,	१	१०	३	३ न.
,,	१	२०	१, ७	१, ६
,,	२	३५	२	२, ७
२२८	२	२९	उबु-	उब्बु-
२२९	१	३७	—उव्य-	ंक्क—उव्व-

पृष्ठ	कोलम	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
२३१	१	१७	वेष्टन	सक. वेष्टन
२३२	१	१९	उद्वेध	उद्वेध
२३५	१	७	"कह	"ऊ कह
,,	१	१९	२	२ न.
२३६	१	७	-दड्ड-	-दड्ड-
,,	२	१८	ऊसमी	ऊसीस
२३८	२	१४	सख्या	संख्या
२३९	२	३८	भूमि	भूमि से
२४०	१	३७	कर	कर दोनों अंचलों को
२४१	१	२२	२	२ वि.
,,	१	२४	देखा	देखो
,,	२	३७	धागे का	धागे को
२४२	१	६	(अंप)	(अप)
,,	१	३४	एरवत	एरवत
,,	२	३४	१४	१०, १४
२४३	१	११	एतवात्	एतावत्
२४५	१	२३	अभिभूत	अभिभूत
,,	२	२४	स	से
२४६	१	३५	ओ	ओं
२४७	२	२८,३२	देखा	देखो
२४९	२	१९	वि	पुंन
,,	२	२०	२	२ वि.
,,	२	२१	३	३ पुं.
,,	२	२२	४	४ वि.
२५०	२	२९	कस	इक
२५५	१	१२	वि	पुंन
,,	१	२२	२	२ वि.
२५६	२	३	अपसन्न	अवसन्न
२५७	२	३	पराभत	पराभूत
,,	२	१४	(सं	भह ; (सं
२५८	१	२४	ओहरि-	ओहरी-
२५९	२	५-५	'निस्तेज' से 'हुआ'	घिसा हुआ
२६१	१	३४	पुं	वि
,,	२	३५	२	२ पुंन.
२६३	२	१३	नग;	नगर;
२६६	१	१२	पुं	वि

पृष्ठ	कोलम	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
२६७	१	२७	राग-	रोग-
,,	१	३६	२	२ न.
,,	२	३	कंबं	कंब॑
२६८	१	२	कंसार	कंसारं
,,	१	३८	२	२ वि.
२६९	१	१०	(२,	(दे २,
२७०	१	३८	४	४ न.
२७१	२	१९	वि	पुं
,,	२	३२	२	२ पुंन.
२७३	२	७	४	४ वि.
२७४	१	३२	२, २, ३	२, ३, ३
,,	२	१७	पवर्तक	प्रवर्तक
२७५	१	१०	उत्तर	उत्तनि ३
२७६	२	११	प २५८	पि २५८
,,	२	२१	२	२ पुं.
२७८	१	२७	कभी	कहीं भी
,,	१	३७	२	२ वि.
,,	२	२४	१, ३, १	१, ३
,,	२	३४	सूक्ष्म	सूक्ष्मनि
२७९	१	७	२	२ न.
,,	२	१३	लाना । ३	आना । ३ सक.
२८०	१	२५	कापटिक	कार्पटिक
,,	२	३१	२	२ पुं.
२८२	२	२८	चार	पाँच
२८३	१	८	नर्दोष	निर्दोष
२८५	२	३	२	२ पुं.
२८६	१	३२	लाट्वा	लट्वा
,,	२	१	करडूय पुं	करडुयभस न
२८७	२	३६	कारत्ताणं	करित्ताणं
२८८	१	२५	२, ३	१, ३,
,,	२	१८	अनु	अणु
२८९	१	१	वि	पुं
२९१	१	३६	१, २, ३,	१, २, २,
,,	२	२२	देखो	कलिंब देखो
,,	२	२५	कलिम्ब]	कलिंब पुन [कलिम्ब]
,,	२	३३	२	२ पुं.

पृष्ठ	कोलम	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
२९२	१	२८	पंचा ८	पंचा ९
२९३	१	१९	डकवा	कवाड
,,	२	७	७	७ वि.
२९५	१	५	[°काश्यप]	[काश्यप]
२९८	१	१९	४	४ वि.
२९९	२	२६	२०	९०
,,	२	३१	३६	२६
३०१	२	६	अक्षर-ज्ञान	देरी से अक्षर जानने
,,	२	७	शिक्षित	अ-शिक्षित
,,	२	१५, १९	उक्त २	ती ७
,,	२	३८	ती ९	ती ७
३०६	२	९	कृष्ट्यु-	कृष्ट्यु
,,	२	१७	खोलना	खेलना
३११	१	८	३	३ वि.
,,	१	३८	भीम	को भीम
३१२	१	३३	दृष्टिक	°दृष्टिक
,,	२	२३	(सम)	(सम्म १)
३१३	२	२१	२	२ वि.
३१४	१	१	दे	कुटभी
३१५	२	१८	५:	५, १
३१६	१	१९	५,	५, १,
३१९	१	८	न	क्षीन
,,	२	१२	]	कूबर पुं [कूबर]
,,	२	१३	२७	२६
३२१	१	६	१६	१४
,,	२	३८	वि	पुंन
३२२	१	१२	२	२ पुं.
३२३	२	२४	अणु	अणु—टी
३२४	१	३५	दस ७	दसनि १
,,	२	१४	अश्व	अश्व के
,,	२	१७	९, २	९, ३
,,	२	३८	३६, का	३६, ९६ का
३२५	१	८	७३ ;	७३ टी;
,,	१	९	कुहटका	कुहेटका
,,	१	२६	१, ५, १;	१, ५, २;
३२६	२	२	लेने	लाने

पृष्ठ	कोलम	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
३२८	१	१०	२	२ पुं.
,,	१	११	३	३ पुंन.
,,	२	१०	२	२ पुं.
३२९	१	३२	दे ४,	हे ४,
,,	२	९	४८	४९
,,	२	३९	अणु	अणु—टी
३३०	२	३३	कोट्टग	कोट्टाग
३३१	१	१२	पा	विपा
३३३	१	२३	कोर्त्तिक	कार्त्तिक
३३४	१	२७	'वार्धक्य' से '(पिंड)। २'	०
,,	१	३८	(आव ३)	(पिंड ४२७)
३३५	२	१८	शिशेष	विशेष
३३७	२	२८	२	२ पुंन.
,,	२	३५	ती ५	ती २
३३८	२	८	मिस्त्रा	मिस्री
३३९	१	३०,३३	दे	दे. स्कन्धयष्टि
,,	२	१	स्कन्धमत्	स्कन्धवत्
,,	२	१३	स्तम्भनिगडित	स्तम्भित
,,	२	२९	खङ्गिन्	खड्गिन्
३४२	१	३९	-क्खेर्भ	-क्खेवं
,,	१	३७	२	२ वि.
,,	२	३१	२	२ पुं.
३४३	१	११	खरंडए	खरंटए
,,	२	१३	खोलक्खल्लेइ	खलक्खल्लेइ
,,	२	३२	खलिण	खलिण पुंन
३४४	१	२५	२	२ न.
,,	१	३०	३	३ वि.
,,	२	१९	३	३ वि.
३४६	१	२४	संस्कृत्त	संस्कृत
,,	२	३	क्षरित	क्षारित
३४७	१	७	करना	कारना
,,	१	२४	क्रया	क्रिया
३४८	१	१९	२ वि.	२ न.
३४९	१	२४	त्रुटित	त्रुटित
,,	२	३०	कृत्वस	°कृत्वस्
,,	२	३९	क्षब्ध	क्षुब्ध
३५०	१	१३	क्षभित	क्षुभित
,,	२	९	एक वृक्ष;	वृक्ष;
३५१	१	३०	१८४	१७४
३५३	१	८	बल्ल	वल्ल
३५५	१	१९	राम	रोम
३५६	१	१६	गंडअ	गंडुअ
,,	२	३३	°मत्	°वत्
,,	२	३७	२	२ पुंन.
,,	२	३८	३	३ न.
३५७	१	२६	दिखाता	दीखता
,,	२	४	३	३ न.
३५८	१	२१	२६	२७
,,	२	१	समाचारी	सामाचारी
३५९	१	१४	ड्डु	गड्डु
३६०	२	३	गत्ताडी	गत्तडी
,,	२	३	वनस्पति-विशेष	गोचर-भूमि
३६२	२	१	वनस्पति, विशेष-	वनस्पति-विशेष,
३६३	२	६	ध्वज	ध्वज
३६४	१	१२	चिंय	चिय
,,	१	१६	फका	फेंका
,,	१	३४	गडुची	गुडूची
,,	२	२३	'इन्द्र'- से 'विशेष'	गोचर-भूमि
३६५	२	२३	प्राप्र; पाप्र)।	प्राप्र)।
,,	२	३२	५	५ वि.
,,	२	३२	६	६ न.
,,	२	३३	८	८ वि.
,,	२	३४	९	९ न.
३६६	१	१५	पुं	त्रि
,,	१	१६	२	२ पुं.
३६७	१	३	'वन-' से '-वारुणी'	गोचर-भूमि
३६९	१	१८	सुभ्र	सुभ्रनि
,,	२	७	उपादाम	उपादान
३७१	१	१५	घुड्गची	घुङ्गची
,,	१	१६	गुजालिया	गुंजालिया
,,	२	११	[प्रन्थन] रूँथना,	[ग्रन्थन] गूँथना,
,,	२	२७	गुम्फ्	गुम्फ
३७५	२	१	गठुअ	गेंठुअ

पृष्ठ	कोलम	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
३७७	२	१७	**गोडुल्लग**	**गोड्डिल्लगा**
३८०	१	१०	**गवअ**	**गोवअ**
,,	१	३०	नक्कल-	गोल-
,,	२	३२	**गोलण्ण**	**गोलण्णा** वि
३८१	२	२	**अनु**	**अणु**
३८२	१	१६	सुर	मुर १६,
,,	२	१३	हिलना	हिलाना
३८४	१	२	१, ७, ६;	२, ७, ६;
,,	२	१६	दखाने	दिखाने
,,	२	३५	**दे**	**दे. गृहिणी**
३८६	२	६	**घिं**	**घिं°**
,,	२	१८	**घिप्पं**	**घिप्प°**
३८७	१	१६	वक्क—	वक्क—**घुन्नंत**
,,	२	२१	हे २,	दे २,
,,	२	२५	विशेष	विशेष, ग्राम-
३९०	१	६	२	२ पुंन.
,,	२	२१	स्त्री	न
३९३	१	४	सूअ १, ७	सूअनि ९०
,,	२	७	[°पुरा]	[°पुरी]
३९६	१	२	चक्रवर्त्ती	चक्रवर्त्ती
,,	२	१८	२	२ पुं.
३९८	१	२५	दस	दसनि
३९९	१	१४	२	२ वि.
,,	२	३५	-चमक्कार-	-चमुक्कार-
४०१	२	३७	२	२ वि.
४०२	१	२२	चावल, तण्डुल;	अन्नवि०, खोड़ा;
४०७	१	१७	चिल्ला, हट	चिल्लाहट,
४०८	१	३६	या	याया
,,	२	१९	**चित्तट्ठिअ**	**चित्तठिअ**
,,	२	२७	२	२ पुं.
४०९	१	११-१२	'**चिप्पिण**' से '५, ७)।'	०
४११	२	१४	**क्षद्र**	**क्षुद्र**
४१३	१	३८	विमान का अवतंस-	सौधर्म विमान
४१९	१	१३	३	३ वि.
४२१	२	६	**दे**	**दे. छात**
४२२		१७	**छिम्पक**	**छिम्पक**
४२३	१	२१	षड्; उत्त २७)।	षड्)।
,,	१	३२	**अजि ५**	**लहुअ ५**
४२४	१	३	**छेवट्ठ**	**छेवट्ठ**
४२६	१	७	दस	दसनि
,,	१	१२	[**छेत्त**]	[**छेत्तृ**]
,,	१	३०	चीत्कार करना,	नाक छींकने का शब्द,
४२७	२	३१, ३२	जउँ-	जँउ-
४२८	१	१५	**जाङ्गलि**	**जाङ्गुलि**
,,	१	२२	**जघा**	**जंघा**
४२९	१	१६	२	२ न.
,,	२	३३	२०	१९
४३०	१	१९	दिखाता	दीखता
४३२	१	१	**जाडअ**	**जडिअ**
,,	१	१२	**दे**	**जटिलक**
४३७	१	१०	२	२ पुं.
४३९	१	२८	२	२ पुं.
४४२	२	१९	वि	°**मूअ** त्रि
,,	२	२२	२२	१२
,,	२	३८	पयहसू २, ४; अ	पयह २, ४; सूअ
४४३	१	३२	२, ३	२, १५
४४४	१	३७	°**प्प** पुं	°**प्प** वि
,,	२	३५	ज्येष्ठ	**ज्यैष्ठ**
४४६	१	२७	पंचा ४	पंचा ३
४४७	१	२९	३	३ पुं.
४४८	२	३७	एका	एक
४५०	२	१०	**दे**	**यूपक**
४५१	२	१९, २२	देखो **पत्र**	(शौ) देखो **पव**
,,	२	३४	६, १, १३	६, १३
४५२	२	१५	चंद १	सुज २०; १८
४५४	१	३६	देखो	(शौ) देखो
४५५	१	५	२, २, २	२, २
,,	१	३४	**झर्खंत**	**झखंत**
४५६	१	१३	तंदु	यांदि
४५८	१	३७	**झडुअ**	**झेंडुअ**
४५९	१	४	**ंक**	**टंक**
४६०	१	२३	स्तम्भ	स्तम्भ्

पृष्ठ	कोलम	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
४६०	१	२४	स्तम्म्	स्तम्भ
४६४	१	३६	उत्+लंघ्	डिप्
,,	१	३८	उल्लङ्घन	डेपन
,,	२	१३	जघन्य मनुष्य-जाति;	मनुष्य-जाति, ब्राह्मण;
४६६	१	१७	ढिंक	ढिंक
,,	१	२२	स्त्री	वि
,,	२	१८	ढढोल्ल	ढोल्ल
४६८	२	१६	[°वृद्ध्र]	[°वृद्ध]
४७०	२	३२	२	२ पुंन.
४७४	१	१५	णलिणि	णलिणि°
४७५	२	१०	[दे]	नखहरणी
४८०	१	३०	णिअठ	णिअंठ
,,	२	३७	धर्म । १	धर्म २)।
४८३	१	३८	नाद्र	निद्रा
४८४	१	३८	निकालने वला;	निकलने वाला;
,,	२	३७	कश्रकु—णिक्कसि-उजंत;	कर्म—णिक्कसि-जइ;
,,	२	३८	सूत्र १, १४	राज
४८५	२	३८	पर्वत-विशेष;	भूमि-खंड;
४८६	१	१६	णिच्छुभित्ता	णिच्छुभित्ता
,,	१	१५	कना ।	करना ।
४९१	१	१५	णिट्टइअ	णिट्टुइअ
,,	१	३७	नि १)। °कहा स्त्रीचू	निचू १)। °कहा स्त्री
४९२	२	१३	णसिर ड	णिसिरडि
४९३	१	१०	व	वि
४९४	१	२८	२	२ वि.
४९५	१	११	१. ६	१, ५
४९८	१	२५	आख	आँख
४९९	२	५	३४	३५
५००	१	१३	णिरयासइ;	णिरयासह;
,,	१	३८-३९	'३ नरक' से 'पराह १, १)।'	०
,,	२	३४	निरवसेस	निरवशेष
५०१	१	२२	करिमों;	करिमो;
,,	१	२४	प्रतिषेध	प्रतिपंथ; (पंचा १७)
५०२	२	२५	१; ३	१, ३०
५०६	२	५	साधुओं को	साधुओं का
,,	२	१५	ा १२	आ १२
,,	२	१६	सुज २	सुज्ञ १, १
,,	२	२१	निवृद्धि	निवृद्धि
५०७	१	१६	णिव्वक्कल	णिवक्कल
५०६	१	१५	२	२ न.
,,	१	२४	निःसशय;	निःसंशय;
,,	२	१४	णिव्विलंबकि वि	णिव्विलंब क्रिवि
५१०	१	२	निश्चिन्ततन्ता	निश्चिन्तता
५१२	२	३७	निवसेइ	निसेवइ
५१३	१	२१	२. ४. १	२. १६. ६
५१४	१	२	निःसिङ्कित	निःशिङ्कित
,,	१	६	णिस्संचिय;	णिस्संचिया;
,,	२	८	२	२ पुं.
५१५	२	२६	२	२ वि.
५१६	१	१६	नीचस्	नीचैस्
,,	१	२७	सारभंडणि	सारभंडाणि
,,	२	१६	दे	दे नीरङ्गी
५१६	१	२२	कड्डिया	कड्ढिया
,,	२	१८	छादन	दे
५२०	१	३०	धान्य का	धान्य आदि का थोकबन्द
५२१	१	३२	णेसज्ज वि [नैषद्य]	णेसज्जि वि [नैषद्यिन्]
५२८	१	२५-२६	'°नाह' से '१५६)।'	०
५३०	२	२	गांदि	गांदि — टी
,,	२	३८	नपय्	तापय्
५३२	२	१४	गुणाकर	गुणाकार
,,	२	१६	क ड़	का पेड़ ;
,,	२	२०	[कना का	] कान का
५३३	१	२८	राज-	एक राज-
५३४	२	२६	तवँहिं	तावँहिं
५३५	१	२६	तीन,	तीन
,,	२	३१	त्रमासिकी	त्रैमासिकी
५३६	२	१४	२	२ पुं.
५३७	२	३१	दे	त्रिस्

पृष्ठ	कोलम	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
५४१	२	८	२	२ न.
५४३	२	१९	२, १	१, ५ टी
,,	२	२०	१, ५, १	१, ५, १ टी
,,	२	२५	**तुर**	**तुर्**
५४६	२	११	चिचित्सा	चिकित्सा
,,	२	३५	**णयते**	**तेणय**
५४९	१	२	**त्थअ**	**°त्थअ**
५५०	१	४	२	२ वि.
५५१	२	३६	**ठाण**	**स्थान**
५५३	१	३०	घोड़ा	थोड़ा
५५४	१	२२,२६	**दे**	**दे. स्थविरासन**
५५५	१	३३	८	८ पुंन.
,,	२	३५	**°दंडि**	**दंडि**
५५६	१	२२	**°प्पहावण**	**°पहोयण**
,,	१	२९	**दे**	**दे. दन्तपवन**
५५९	१	१३	पुत्र	पूर्व
,,	१	१४	इत्पन्न	उत्पन्न
,,	१	३३	दिया	दियगा
,,	२	१०	दर्दर	दर्दुर
५६२	१	१४	सूअ १, १	सूअनि १०८
५६४	२	२२	दाढ़ी	दाढ़ा
५६५	१	१३	**दे**	**दामन**
५६६	१	३४	**दे**	**दामन**
५७१	१	७	**सुअ**	**सूअ**
५७२	१	१९	दीर्थ	दीर्घ
,,	२	२६	**द्वयणुक**	**द्व्यणुक**
५७४	१	३	**दुःक्खाय्**	**दुःखाय्**
,,	१	१५	वरांगना	वाराङ्गना
५७५	२	२५	**दुचरिअ**	**दुच्चरिअ**
५७६	२	२४	भग ७, ६	राज
५७८	प्रथम कोलम के आरम्भ की चार लाइनें उसी पेज के दूसरे कोलम के अन्त में पढ़ो।			
५७९	२	२९	२०	२१
५८०	१	२६	२	२ वि.
,,	१	२९	**°सद्द**	**°सद्द** पुंन
५८२	२	११	२	२ न.
५८३	२	३६	२	२ न.
५८४	१	२९	दसनि २	दस ६, २
५८४	२	२३	१९	१७
५८६	१	२६	वक्क	**कवक्क—**
,,	२	१३	**आयाती**	**आयात्ती**
५८८	२	१४	यएजा'	वएजा'
५८९	१	१३	वही अर्थ;	नीचे देखो;
,,	१	३५	देखो **°पडिक्खोभ;**	पुं [**°परिक्षोभ**] कृष्णा-राजि;
५९०	१	१०	**°रणण**	**°रन्न**
,,	१	२८	**देवकिल्बि-**	**दैवकिल्बि-**
,,	२	१३	पार्घती	पार्वती
५९१	१	२८	**द्वषिन्**	**द्वेषिन्**
,,	२	१६	२	२ पुं.
५९२	२	३०	सूर	सुर
५९४	१	१६	१२)।	११)।
५९६	२	१७	जसमें	जिसमें
५९७	१	३७	**पण्णत्ति**	**पण्णत्ति**
६००	१	३१	**ध्राड्**	**ध्राट्**
,,	१	३२	सूअ १, ४, २	सूअनि ७०
,,	१	३४	**ध्राडन**	**ध्राटन**
६०३	१	१६	**धूनन**	**धूनना**
,,	२	३६	१, ४, १	१, २, १
६०५	२	९	धुरन्धर	धुरन्धर
६०७	२	२०	पंचा ८	पंचा ७
६०८	१	१४	**पइदिद्ध** वि **[प्रतिदिग्ध]**	**पइद्धिय** वि **[प्रदिग्ध]**
६१०	१	६	८	८ पुं.
,,	२	२६	सुभूमि-राज	सुभूमराज
६११	२	३२	**प्राक्**	**प्रगे**
६१२	२	२६	**पओप्पय**	**पओप्पिय**
६१३	१	१५	३	३ पुंन.
६१४	१	२६	[**°वष**]	[**°वर्ष**]
६१५	१	११	२	२ पुं.
६२१	१	६	२	२ वि.
,,	२	२	पुं	वि
,,	२	६	पगिब्भ	पगब्भि
६२२	१	२०	२९)	२, २९)

पृष्ठ	कोलम	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
६२४	१	२१	**प्रत्यत्थिन्**	**प्रत्यर्थिन्**
६२६	१	३७	**प्रत्यव+त**	**प्रत्यव+तृ**
६२७	१	१५	२	२ वि.
,,	२	२८	सुप्पच्छयाए	सुप्पच्छदयाए
६२८	१	२९	पयाइंतीए	पयाइं तीए
६३०	२	२१	पीता	पिता
,,	२	२३	भिउडी गां	भिउडी या
६३४	२	१	**अनुव्रजित**	**अनुव्रजिन्**
६३८	१	११	**[त्येषणा]**	**[प्रत्येषणा]**
६४३	२	१	कीट-घिशेष	कीट-विशेष
६४६	१	१८	२, ३०	२, ३१
,,	२	१६	हंस्त-सूत्र	हस्त-सूत्र
६४७	१	४	परिसारीआदि	पडिसारीआदि
,,	१	२०	**पडिसाहरणा**	**पडिसाहरण**
,,	१	३२	'१' से 'परदा;'	शिरोवेष्टन, पगड़ी;
६५५	१	३६	२, ५, १, ६	२, ५, १, ७
६५८	२	३८	**पदाण**	**पदाण न**
६६०	२	२३	पप्पोत्ति	पप्पोति
६६१	१	६	**पप्पोत्ति**	**पप्पोति**
,,	२	२८	**प्रबोहय**	**पबोहय**
६६५	१	११	**प्रमीत**	**प्रमित**
६७७	२	२६	परिभ्रंतइ	परिभ्रत्तइ
६७९	२	२९	**परक्रीडिन्**	**परिक्रीडिन्**
६८१	२	३७	२, १०,	२, १,
६८४	१	१५	तागांपरि-	ताणं परि-
,,	२	१६	**परिणामिक**	**पारिणामिक**
६८८	१	१४	**परिपूणक**	**परिपूर्णक**
६९३	२	३२	**परिवड्ढमाण**	**परिवड्ढे माण**
६९७	२	६	**परिसाइयाण**	**परिसाविग्राण**
७०१	२	१२	९ न.	९ पुंन.
७०६	२	३	करना।	खुशी करना।
७११	१	२३	**[प्रवत]**	**[प्रवृत]**
७२०	१	२९	माउया एदुद्ध	माउयाए दुद्ध
७२२	१	९	**प्राकृत्त**	**प्राकृत**
७२७	१	२४	देखो **पागड**	देखो **पागय**
७३१	१	४	**पालित्तिअ**	**पालित्तिआ**
,,	१	१४	**पावत**	**पावेंत**
७३१	२	२	वह्न;	वह्नि;
७३२	१	१	२ माटो	२ मोटा
,,	२	२	५	५ पुंन.
७३४	१	२७	२	२ वि.
,,	२	६	**°भासिन्**	**°भाषिन्**
७३५	२	४	**पिंड**	**°पिंड**
७३८	२	३२	सूर्यां	सूर्यो
७४०	१	११	रोग-	अंग
,,	१	११	ताप-तिल्ली;	तिल्ली;
,,	१	२८	छोटा पत्ती	छोटे पत्ती के तुल्य
७४२	१	१५	**पीठिका**	**पीठिका**
,,	२	३६	पुं	वि
,,	२	३७	३	३ पुं.
७४३	२	९	५	५ पुंन.
७४४	२	२२	४	४ वि.
७४५	१	२५	**प्रच्छा**	**पृच्छा**
,,	१	२६	**प्रष्ट**	**पृष्ट**
७४६	१	१२	द्वय,	द्वय,
,,	२	२५	**पुथि-**	**पृथि-**
,,	२	२७	**पृथवी-**	**पृथिवी-**
७४७	१	२४	पीसेहेहिँ	पीसहेहिँ
७४८	२	२७	३	३ न.
,,	२	३८	ए	एक
७५१	२	१८	**°पुंडरोअ**	**°पुंडरीअ**
७५३	१	१०	**[°कणड]**	**[°काण्ड]**
७५४	१	६	**[°क्त]**	**[°क्त]**
,,	१	१२	पूर्ग-	पूर्व-
७५५	२	३४	**°रह**	**°रह** पुं
७५६	१	१७	**पूय**	**पूइय**
७५८	२	३३	६, ६	६, ७
७५९	१	१७, १८	६, ६	६, ७
७६०	२	५	त	न
७६३	२	३	५८	२८
७६४	१	१४	कप्पू	कप्पू
,,	२	३७	दड्डा	दड्ढा
७६५	१	२	दढ्ढा	दड्ढा
,,	१	५	भवि	भवि

पृष्ठ	कोलम	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
७६८	२	३	[द्ध स्पर्धा]	[स्पर्धा]
,,	२	२०	स्पश्	स्पृश्
७७०	१	७	किरं चित्तलं च बोगिम्मीलं	किम्मीरं चित्तलं च बोगिल्लं
७७६	२	२७	°सिरि	°सिरी
७७७	१	२६	°दीपिका	°द्वीपिका
,,	२	२२	बंभणिका] हलाहल, जहर;	ब्राह्मणिका] कीट-विशेष;
७८०	१	१६	चने के	चने की
७८४	१	३४	°वियण	°वियण, °वीयण
,,	१	३५	बालवी (? वि) अणी"	बालवीअणी"
७८५	२	३८	अ्र का	अ्रू का
७८६	२	३५	२	२ न.
७८८	१	१४	हुडुक्कासंबुका-	हुडुक्काबुक्कासंबुक-
७९०	१	१३	दे ६,	दे ७,
७९२	१	८	देखो भूह	देखो भुइ
७९८	१	२२	कप्प	कप्पू
८००	१	७, १०	नक्कवर्ती	चक्कवर्ती
,,	२	६	२	२ न.
८०३	१	१३	भागवय	भागवय
८०४	१	६	परिणाम-	परिमाण-
८०६	२	२	भोमभोसणाया"	भीमभीसणाया"
,,	२	१०	मृति;	भृति;
८०८	१	२६	[भित्तक]	[दे. भित्तक]
,,	२	३१	भिलिंगात	भिलिंगावंत
८०९	१	२०	भिसज्	भिषज्
,,	१	३३	भिसणोमि	भिसिणोमि
८१८	१	२७	मलिनण	मलिनन
८१९	१	२६	'२ संवेष्टित' से '(पाअ)'	०
८२०	१	२	इ-देष्टव-	इष्ट-देव-
८२२	२	२२	ममंतसिद्धो"	मंतसिद्धो"
८२४	१	२५	मंदोशण	मंदोशण
८२५	१	१६	१३;	१४;
८२७	२	२३	२	२ पुं.
८३०	१	२७	मनिणगागृह	मणिनागगृह
८३६	१	३३	ऐरावत	एेरवत
८३७	१	४	मलयज	मालय
८४१	२	१३	राजर्षि	राजर्षि
८४६	१	१०	ओषधि-	ओषधि-
८५०	१	२०	देश	देश-विशेष
,,	२	२६	'ह्री'	'ह्रीँ'
८५३	२	१३	माहलिंग	माहुलिंग
८६६	१	२	२	२ पुंन.
८६६	१	२२	मयूरक	मायूरक
८७२	१	२३	'राढवुं'	'रांढवुं'
८७७	२	३१	राजा;	एक राजा;
८७८	२	३४	२	२ पुं.
८८०	१	१७	ज्येष्ट	ज्येष्ठ
८८४	२	२०	नृत्य;	नाट्य;
८९२	२	२०	२	२ पुं.
८९४	१	८	१ देवलोक,	१ एक देवलोक,
८९५	२	५	सम	सक
,,	२	११	असं-बद्ध;	अ-संबद्ध;
८९९	२	३०	दस ७, ३४	०
९००	२	२४	२	२ स्त्रीन.
९०७	२	१०	ह°त्थ	°हत्थ
,,	२	१५	चार;	चोर;
९१३	१	३७	बंदणा	वंदणा
९१५	२	३५	३	३ पुं.
९१६	१	६	वि	पुं
,,	२	३८	च्छ	वच्छ
९१९	२	५	"वेयड्ड' से '(टा १०)'	ऊपर के 'वट्ट' में पढ़ो।
९२०	१	१६	२	२ पुंन.
९२४	२	८	८४	८५
,,	२	१०	२	२ वि.
,,	२	१०	३	३ पुं.
९२६	१	१५	४	४ पु.
,,	१	१८	७	७ न.
९२७	१	२६	२ पुं.	२
९३०	२	२६	२	२ वि.
९३२	१	२८	वलय-	वलाय-
९३७	१	१७	उज्झमाण	बुज्झमाण

पृष्ठ	कोलम	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
९३८	१	३०	३७	३९
९४०	२	३६	रध्या,	रथ्या,
९४३	२	३	वही अर्थ;	कृष्णराजि;
९४५	२	५	निज्झायइ वाराश्रा	निज्झायइ वाराश्रो
,,	२	११	२ न.	२ वि.
९४६	२	११	°व्यजनी	°वीजनी
९४७	१	५	वालिधान	वालधान
९४८	१	३३	वावोवणय	वावोणय
,,	२	२२	वही;	शयन-गृह;
९५१	१	२०	ऊर्ध्वता;	ऊर्ध्वता;
९५३	२	२	८	२
९५४	१	२७	पामा;	बिवाँई;
९५५	१	७	२	२ वि.
,,	१	२२	वितारित	विचारित
,,	२	४	९१	९०
९५८	१	३३	विओसिज्ज;	विओसिज्जा;
९५९	२	३	विटलिअ	विंटलिअ
,,	२	५	पउजंति	पउंजंति
,,	२	१३	व्यन्तर	व्यन्तर
९६४	१	१२	यिगिंच-	विगिंच-
,,	२	२६	विग्गुत्त	विग्गुत्त
,,	२	२५, ३६	बिशेष	विशेष
९६६	२	१६	छिंद्	छिद्
९६८	१	१६	°पुरो	°पुरी
,,	१	२९	आठवीं	आठवीं
,,	२	२९	विजेद्दा कयिाट्टा	विजेद्दा कयिाट्टा
९६९	१	२०	२	२ वि.
,,	२	१८	एक	एक २
९७०	१	२७	स्त्री	वि
९७१	१	१४	किय	किया
,,	१	३७	विष्टि	वृष्टि
,,	२	११	३७	६७
९७२	१	१५	वि	स्त्री
९७३	२	१८	वि	न
९७६	१	३१	विनोदित-	विनोद-
९७८	१	२६	पुं	वि
९८५	२	२९	विप्फारस	विप्फरिस
९८६	१	३	विफुरइ	विप्फुरइ
,,	१	६	बिस्फुरण	बिस्फुरण
९९५	२	१४	दे	हे
,,	२	२८	२	२ वि.
९९६	२	३५	विलुप्पंमाण	विलुप्पमाण
९९८	१	२१	विवक्ख	विवक्क
,,	२	३६	विवद्ध	विवृद्ध
९९९	२	१९	विवरीही	विवरीरी
,,	२	२२	"जाव	"जाव
१०००	१	२७	जवानी	जबानी
,,	२	१८	वन, (जंगल;	वन, जंगल; (
१००१	१	२०	व्यतिकान्त	व्यतिक्रान्त
,,	१	२२	विवाह	विवोह
,,	२	३	[°म]	[°म्म]
१००३	२	९	देखो विसन्न	देखो विस-न्न
१००४	१	८	वि	पुंन
,,	१	१९	वि+सृज्	वि+सृज्
१००५	१	३७	पं	पुं
१०१०	१	३८	रा।ज	राजा
१०११	२	२६	विहारिज्जमाण	विहाविज्जमाण
१०१९	१	५	अश्व की	अश्व की एक
१०२०	१	१८	वेदग्ध्य	वैदग्ध्य
,,	२	२५	विादरण	विदारण
,,	२	२८	दे १,	हे १,
,,	२	३०	वआलिय	वेआलिय
,,	२	३८	वआली	वेआली
१०२७	१	१	वेसक्खिअ	वेसक्खिज्ज
,,	१	३	७२	७५
१०२८	२	२४	वोक्काया	-वाक्काया
१०३०	२	२३	९१	८१
१०३१	२	२९	तुं	पुं
१०३७	२	३	सकिअ;	संकिअ;
,,	२	२५	वेताढ्य	वैताढ्य
१०३८	२	२३	शिुवप्	विष्णु;
,,	२	३७	ममुद्र	समुद्र
१०३९	१	९	-प्रणीत	-प्रणीत दर्शन;
,,	१	२४	संखदह	संखद्दह

पृष्ठ	कोलम	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
१०४०	२	३	विवे	विसे
,,	२	२०	सगच्छह	संगच्छह
१०४२	१	३०	समह	समूह
१०४३	१	२४	दे	शिङ्घानक
१०४४	२	१७	सचोइय	संचोइय
१०४६	१	३१	१ जाड़ना,	१ जोड़ना,
,,	२	१४	२	२ पुं.
१०५३	१	२६	सधुमइ;	संधुमइ;
,,	२	५	सनवेइ;	संनवेइ;
,,	२	७	सनाह;	संनाह;
,,	२	२६	सजोग;	संजोग;
१०५६	२	३३	सपरिक्ख	संपरिक्ख
१०५७	१	१	संपरिपृत	संपरिवृत
,,	१	८	जा	जं
१०५६	१	१६	संप्रप	संप्रे प
१०६०	२	३२	पइन्न	पइन्नं
१०६१	१	४	अवसपिणी	अवसर्पिणी
१०६२	१	१८	सभोअ	संभोअ
,,	१	३६	संमाजित	संमार्जित
,,	२	३८	संमाल	संमील
१०६४	२	१६	सवट्टय	संवट्टय
१०६८	२	१७	सं+सिच्	सं+सिच्
,,	२	३८	८४)। १, ७,	१, ७, ८)। ४
१०७४	२	२	२	२ पुंन.
१०७७	१	३६	°ावास:	°ावीस;
,,	१	३७	°ासाइ	°ासीइ
,,	१	३८	°ासाइम	°ासीइम
,,	२	८	स-तम	स-त्तम
१०७८	१	१६	सत्तुंजय	सत्तुंजय पुं
१०८१	१	११	सभट	सभर
,,	१	२६	२	२ वि.
,,	१	३३	सवलीकरण	सबलीकरण
,,	२	३५	३	३ स.
१०८४	२	१३	कृ—समप्पिउं;	हेकृ—समप्पिउं;
१०८५	२	२	न	वि
१०८६	१	१७	समसीसिअ	समसीसिआ
१०९०	१	२१	चित्त का	चित्त की
१०९१	१	१६	आदि, वस्तु;	आदि वस्तु;
१०९५	२	१५	समुदभूत	समुद्भूत
१०९८	१	२३	६	६ न.
१०९९	१	२७	३	३ पुं.
११००	१	१९	स्वयंमू-	स्वयंभू-
११०४	२	१८	वही;	समुद्र;
,,	२	२२	दित्ता-	दिशा-
११०६	२	२९	वि	पुं
,,	२	३७	°ट्टसिद्ध	°ट्ठसिद्ध
११०७	२	३४	-व्ययेत्त	-व्यपेत्त
११०८	२	११	(पउम ९, ९१)।	ऊपर की पंक्ति में पढो;
१११०	१	१८	२	२ पुं.
,,	२	२०	सह्=सह्	सह=सह्
१११६	१	३३	हेखो	देखो
,,	१	३५	संबाध	संबोध
,,	२	८	३	३ पुं.
१११७	१	१५	-सूयाहिकं	-सूयादिकं
,,	२	३१	कक्——	कवक्——
१११८	२	२९	१६—पव	१६;
११२५	१	१	जा	जो
,,	१	२४	७	७ पुंन.
११२६	२	२	४	४ न.
११२७	२	३०	३	३ पुं.
,,	२	३३	२	२ पुं.
११२८	१	३२	नपुर	नूपुर;
,,	२	२४	°देवकूड	°देवीकूड
११३०	१	१८	वर्णा	वर्णों
११३३	१	३३	अनेक	अमुक
११३७	२	३०	अवसर्पिणी	उत्सर्पिणी
११४२	१	१७	एक	एक २
,,	२	१६	,,	,,
११४३	१	१३	अथ	अर्थों
११४४	१	३१	४	४ स्त्री.
११४५	२	१८	शुभा	शुम्भा
,,	२	२८	सुंसु-	सुसु-
११५३	१	२९	५	५ पुं.

पृष्ठ	कोलम	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
११६०	१	१०	खङ्गपुरी	खड्गपुरी
११६२	२	११	पुं	वि
११६४	१	६	शश्रूषणा	शुश्रूषणा
,,	१	१६	(कुमा)	(कुमा)
११६६	२	५	सूक्कं	सुक्कं
११७०	२	१२	सणिआ	सेणिआ
,,	२	२१	सत्तुंज	सेत्तुंज
११७१	१	१५	निमित	निर्मित
११७२	१	६	२	२ पुं.
,,	१	१०	पक	पङ्क
११७३	२	३१	शाक	शोक
११७५	१	१७	१ शोभाने	१ शोभने
,,	१	३०	दैखो	देखो
,,	२	२२	-स्वाभी	-स्वामी
११७६	२	३८	वि २	२ वि.
११७७	१	३६	कम—	कर्म—
११८६	१	३	हँसने कि	हँसने की
११९३	२	१९	हिडोलण	हिंडोलण
११९४	१	३१	जिन	प्रथम जिन
११९९	२	१८	यादि	यांदि
१२००	१	२१	अंक इंदु	अंक-इंदु
१२०१	२	३४	खंटी	खूँटी
१२०२	१	१	विरत-	विरत्त-
१२०५	१	९	?	१
,,	२	१३	अनुवतक	अनुवतक
१२०७	२	२१	वाल	वाला
,,	२	३८	सुम्दर	सुन्दर
१२०८	१	३४	कर के	करने के
१२११	२	३८	मनि;	मुनि;
१२१३	१	६	आकोश	आक्रोश
,,	१	१२	आएलिय	आएलिय
,,	२	१०	मि	वि
१२२०	१	३१	उज्जढ	उज्जूढ
,,	२	२४	क ना।	करना।
१२२२	१	९	उत्+क्षभ्	उत्+क्षुभ्
,,	२	३५	उल्लन	उल्लून
१२२४	१	१८	-लक्लंर	-लक्लं र-
,,	२	१	उवसंहरिड	उवसंहरिउं
१२२५	१	१९	उव्विक्वइ	उव्विक्वइ
१२२६	२	१२	ओक्खमाण	ओक्खमाण (सो)
,,	२	२३	ओयययण	ओयायथण
१२२९	२	२५	उद्वेग;	उद्वेग;
१२३०	१	१६	कणलोचन	कर्णलोचन
१२३१	२	८	जाति है	जाति;
१२३३	१	३७	कंडल	कुंडल
,,	२	५	एक सौं	एक सौ
१२३५	१	३३	उपर	ऊपर
,,	२	८	चड	चंड
१२३६	२	१५	पाँचवी	पाँचवीं
१२४०	१	७	तं दु३२	तंदु ३२
,,	२	३३	सा-रभूमि;	सार-भूमि;
१२४३	२	१८	खराव	खराब
१२४५	२	२३	जेन-रव,	जन-रव,
,,	२	३२	सम्नत्त	सम्मत्त
१२४६	१	१४	पुन	पुंन
,,	२	१६	जायइअ-	जायइ अ-
१२४७	२	६	अथ;	अर्थ;
१२४८	२	४	स्त्रीं	स्त्री
,,	२	३४	चिल-	चिल-
१२४९	१	२७	'ठ'	'ठः'
,,	२	१७	मुह	मुँह
१२५१	२	१	यथाथ	यथार्थ
,,	२	३७	निग्रन्थ	निर्ग्रन्थ
१२५४	१	३४	उँचा	ऊँचा
१२५५	१	३६	मूख;	मूर्ख;
,,	२	१९	उसी	किसी
१२५६	१	२	नैशोधिक	नैशीधिक
१२५८	२	१	-वोज,	-बीज,
१२५९	२	१९	तुण्हि;	तुण्हि=तूष्णीम्;
,,	२	२८	वात	बात
१२६२	२	१२	दिव्वगा,	दिव्वगा,
१२६३	१	५	वह,	वह,
,,	२	२५	दुरिष्ट	दूरिष्ट
१२६५	२	३२	-चिह्न	-चिह्न
१२६७	२	२१	पूणता;	पूर्णता;
१२७२	१	१४	+ध्वंस्	+ध्वंस्
१२७६	२	३५	-चम	चर्म

निवेदन।

कोई भी भाषा के ज्ञान के लिए उस भाषा का व्याकरण और कोष प्रधान साधन हैं। प्राकृत भाषा के प्राचीन व्याकरण अनेक हैं, जिनमें **चंड** का **प्राकृतलक्षण, वररुचि** का **प्राकृतप्रकाश, हेमाचार्य** का **सिद्धहेम** (अष्टम अध्याय) **मार्कण्डेय** का **प्राकृतसर्वस्व** और **लक्ष्मीधर** की **षड्भाषाचन्द्रिका** मुख्य हैं। और, अर्वाचीन प्राकृत व्याकरणों की संख्या अल्प होने पर भी उनमें जर्मनी के सुप्रसिद्ध प्राकृत-विद्वान् डो. **पिशल्** का प्राकृतव्याकरण सर्व-श्रेष्ठ है जो अतिविस्तृत और तुलनात्मक है। परन्तु प्राकृत-कोष के विषय में यह बात नहीं है। प्राकृत के प्राचीन कोषों में अद्यापि पर्यन्त केवल दो ही कोष उपलब्ध हुए हैं—पण्डित **धनपाल**-कृत **पाइअलच्छीनाममाला** और **हेमाचार्य**-प्रणीत **देशीनाममाला**। इनमें पहला अतिसंक्षिप्त—दो सौ से भी कम पद्यों में ही समाप्त और दूसरा केवल देश्य शब्दों का कोष है। इनके सिवा अन्य कोई भी प्राकृत का कोष न होनेसे प्राकृत के हरएक अभ्यासी को अपने अभ्यास में बहुत असुविधा होती थी, खुद मुझे भी अपने प्राकृत-ग्रन्थों के अनुशीलन-काल में इस अभाव का कटु अनुभव हुआ करता था। इससे आज से करीब पनरह साल पहले पूज्यपाद, प्रातःस्मरणीय, गुरुवर्य शास्त्र-विशारद जैनाचार्य श्री १००८ श्री **विजयधर्मसूरीश्वरजी** महाराज की प्रेरणा से प्राकृत का एक उपयुक्त कोष बनाने का मैंने विचार किया था।

इसी अरसे में **श्रीराजेन्द्रसूरिजी** का **अभिधानराजेन्द्र**-नामक कोष का प्रथम भाग प्रकाशित हुआ और अभी दो वर्ष हुए इसका अन्तिम भाग भी बाहर हो गया है। बड़ी बड़ी सात जिल्दों में यह कोष समाप्त हुआ है। इस संपूर्ण कोष का मूल्य २६०) रूपये हैं जो परिश्रम और ग्रन्थ-परिमाण में अधिक नहीं कहे जा सकते। यद्यपि इस कोष की विस्तृत आलोचना करने की न तो यहाँ जगह है, न आवश्यकता ही; तथापि यह कहे विना नहीं रहा जा सकता कि इसकी तय्यारी में इसके कर्ता और उसके सहकारिओं को सचमुच घोर परिश्रम करना पड़ा है और प्रकाशन में जैन श्वेताम्बर संघ को भारी धन-व्यय। परन्तु खेद के साथ कहना पड़ता है कि इसमें कर्ता को सफलता की अपेक्षा निष्फलता ही अधिक मिली है और प्रकाशक के धनका अपव्यय ही विशेष हुआ है। सफलता न मिलने का कारण भी स्पष्ट है। इस ग्रन्थ को थोड़े गौर से देखने पर यह सहज ही मालूम होता है कि इसके कर्ता को न तो प्राकृत भाषाओं का पर्याप्त ज्ञान था और न प्राकृत शब्द-कोष के निर्माण की उतनी प्रबल इच्छा, जितनी जैन-दर्शन-शास्त्र और तर्क-शास्त्र के विषय में अपने पाण्डित्य-प्रख्यापन की धून। इसी धून ने अपने परिश्रम को योग्य दिशा में ले जाने वाली विवेक-बुद्धि का भी ह्रास कर दिया है। यही कारण है कि इस कोष का निर्माण, केवल पचहत्तर से भी कम प्राकृत जैन पुस्तकों के ही, जिनमें अर्धमागधी के दर्शन-विषयक ग्रंथों की बहुलता है, आधार पर किया गया है और प्राकृत की ही इतर मुख्य शाखाओं के तथा विभिन्न विषयों के अनेक जैन तथा जैनेतर ग्रन्थों में एक का भी उपयोग नहीं किया गया है। इससे यह कोष व्यापक न होकर प्राकृत भाषा का एकदेशीय कोष हुआ है। इसके सिवा प्राकृत तथा संस्कृत ग्रन्थों के विस्तृत अंशों को और कहीं २ तो छोटे-बड़े *संपूर्ण ग्रन्थ को ही अवतरण के रूप में उद्धृत करने के कारण पृष्ठ-संख्या में बहुत बड़ा होने पर भी शब्द-संख्या में ऊन ही नहीं, बल्कि आधार-भूत ग्रंथो में आये हुए कई †उपयुक्त शब्दों को छोड़ देने से और विशेषार्थ-हीन

---

* जैसे 'चेइय' शब्द की व्याख्या में **प्रतिमाशतक**-नामक सटीक संस्कृत ग्रन्थ को आदि से लेकर अन्त तक उद्धृत किया गया है। इस ग्रंथ की श्लोक-संख्या करीब पाँच हजार है।

† अक=अर्क आदि।

*अतिदीर्घ सामासिक शब्दों की भरती से वास्तविक शब्द-संख्या में यह कोष अतिन्यून भी है। इतना ही नहीं, इस कोष में आदर्श पुस्तकों की, असावधानी की और प्रेस की तो असंख्य अशुद्धियाँ हैं ही, प्राकृत भाषा के अज्ञान से संबन्ध रखने वाली भूलों की भी कमी नहीं है। और सबसे बढ़कर दोष इस कोष में यह है कि **वाचस्पत्य, अनेकान्तजयपताका, अष्टक, रत्नाकरावतारिका** आदि केवल संस्कृत के और **जैन इतिहास** जैसे केवल आधुनिक गुजराती ग्रन्थों के संस्कृत और गुजराती शब्दों पर से कोरी निजी कल्पना से ही † बनाये हुए प्राकृत शब्दों की इसमें खूब मिलावट की गई है, जिससे इस कोष की प्रामाणिकता ही एकदम नष्ट हो गई है। ये और अन्य अनेक अक्षम्य दोषों के कारण साधारण अभ्यासी के लिए इस कोष का उपयोग जितना भ्रामक और भयंकर है, विद्वानों के लिए भी उतना ही क्लेशकर है।

इस तरह प्राकृत के विविध भेदों और विषयों के जैन तथा जैनेतर साहित्य के यथेष्ट शब्दों से संकलित, आवश्यक अवतरणों से युक्त, शुद्ध एवं प्रामाणिक कोष का नितान्त अभाव बना ही रहा। इस अभाव की पूर्ति के लिये मैंने मेरे उक्त विचार को कार्य-रूप में परिणत करने का दृढ संकल्प किया और तदनुसार शीघ्र ही प्रयत्न भी शुरू कर दिया गया, जिसका फल प्रस्तुत कोष के रूप में चौदह वर्षों के कठोर परिश्रम के पश्चात् आज पाठकों के सामने उपस्थित है।

प्रस्तुत कोष की तय्यारी में जो अनेक कठिनाइयाँ मुझे झेलनी पड़ी हैं उनमें सर्व-प्रथम प्राकृत के शुद्ध पुस्तकों के विषय में थी। प्राकृत का विशाल साहित्य-भण्डार विविध-विषयक ग्रंथ-रत्नों से पूर्ण होने पर भी आजतक वह यथेष्ट रूप में प्रकाशित हो नहीं हुआ है। और, हस्त-लिखित पुस्तकें तो बहुधा अज्ञान लेखकों के हाथ से लिखी जानेके कारण प्रायः अशुद्ध ही हुआ करती हैं; परन्तु आजतक जो प्राकृत की पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं वे भी, न्यूनाधिक परिमाण में, अशुद्धिओं से खाली नहीं हैं। अलबत, यूरोप की और इस देश की कुछ पुस्तकें ऐसी उत्तम पद्धति से छपी हुई हैं कि जिनमें अशुद्धियाँ बहुत ही कम हैं, और जो कुछ रह भी गई हैं वे उनमें टिप्पनी में दिये हुए अन्य प्रतिओं के पाठान्तरों से सुधारी जा सकती हैं। परन्तु दुर्भाग्य से ऐसे संस्करणों की संख्या बहुत ही अल्प—नगण्य हैं। सचमुच, यह बड़े खेद की बात है कि भारतीय और खास कर हमारे जैन विद्वान प्राचीन पुस्तकों के संशोधन में अधिक हस्त-लिखित पुस्तकों का उपयोग करने की और उनके भिन्न भिन्न पाठों को टिप्पनी के आकार में उद्धृत करने की तकलीफ ही नहीं उठाते। इसका नतीजा यह होता है कि संशोधक की बुद्धि में जो पाठ शुद्ध मालूम होता है वही एक, फिर चाहे वह वास्तव में अशुद्ध हो क्यों न हो, पाठकों को देखने को मिलता है। प्राकृत के इतर मुद्रित ग्रन्थों की तो यह दुर्दशा है ही, परन्तु जैनों के पवित्रतम और अति प्राचीन आगम-ग्रन्थों की भी यही अवस्था है। कई वर्षों के पहले **मुर्शिदाबाद** के प्रसिद्ध धन-कुबेर राय **धनपतिसिंहजी** बहादुर ने अनेक आगम-ग्रन्थ भिन्न भिन्न स्थानों में भिन्न भिन्न संशोधकों से संपादित करा कर छपवाये थे जिनमें अधिकांश अज्ञान संशोधकों से सम्पादित होनेके कारण खूब ही अशुद्ध छपे थे। किन्तु अभी कुछ हो वर्ष हुए हमारी **आगमोदय-समिति** ने अच्छा फंड एकत्रित करके भी जो आगमों के ग्रन्थ छपवाये हैं वे कागज, छपाई, सफाई आदि बाह्य शरीर की सजावट में सुन्दर होने पर भी शुद्धता के विषय में बहुधा पूर्वोक्त संस्करणों की पुनरावृत्ति ही है। क्योंकि, न किसी में आदर्श-पुस्तकों के पाठान्तर देने का परिश्रम किया गया है, न मूल और टीका के प्राकृत शब्दों की संगति की ओर ध्यान दिया गया है, और न तो प्रथम संस्करण की साधारण अशुद्धियाँ सुधारने की यथोचित कोशिश ही की गई हैं। क्या ही अच्छा हो, यदि श्री**आगमोदय-समिति** के कार्य-कर्ताओं का ध्यान इस तथ्य की ओर आकृष्ट हो और वे प्राकृत के विशेषज्ञ और परिश्रमी विद्वानों से संपादित करा कर समस्त (प्रकाशित और अप्रकाशित) आगम-ग्रन्थों का एक शुद्ध (Critical) संस्करण प्रकाशित करें, जिसकी अनिवार्य आवश्यकता है।

---

* जैसे अइ-तिक्ख-रोस, अइ-दुक्ख-धम्म, अइ-तिव्व-कम्म-विगम, अकुसल-जोग-णिरोह, अचियंते(?)उर-पर-घर-प्पवेस, अजिम्म(?)कंत-णयण, अजस-सय-विसप्पमाण-हियय, अजहण्णुको(?)स-पएसिय आदि। इन शब्दों का इनके अवयवों की अपेक्षा कुछ भी विशेष अर्थ नहीं है।

† देखो अअगर, अखंडणाणरज्ज, अगोरसव्वय, अचिंतगुणसमुदय, अज्झत्तबिंदु, अज्झत्तमयपरिक्खा, अज्झ-त्थबिंदु, अज्झत्थमयपरिक्खा, अझ(?)त्थओगसाहणजुत्त, अणेगंतजयपडागा प्रभृति शब्दों के रेफरेंस।

इस तरह हस्त-लिखित और मुद्रित प्राकृत-ग्रन्थ प्रायः अशुद्ध होने के कारण आवश्यकतानुसार एकाधिक हस्त-लिखित पुस्तकों का, अन्य ग्रन्थों में उद्धृत उन्हीं पाठों का और भिन्न भिन्न संस्करणों का सावधानी से निरीक्षण करके उनमें से शुद्ध प्राकृत शब्दों का तथा एक ही शब्द के भिन्न भिन्न परन्तु शुद्ध रूपों का ही यहाँ ग्रहण किया गया है और अशुद्ध शब्द या रूप छोड़ दिये गये हैं। और, जिस ग्रन्थ की एक ही हस्त-लिखित प्रति अथवा एक मुद्रित संस्करण पाया गया है उसमें रही हुई अशुद्धिओं का भी संशोधन यथामति किया गया है, और संशोधित शब्दों को ही इस कोष में स्थान दिया गया है। साधारण स्थलों को छोड़ कर खास खास स्थानों में ऐसी अशुद्धिओं का उल्लेख भी उन पाठों को उद्धृत करके किया गया है, जिससे विद्वान पाठक को मैंने की हुई शुद्धि की योग्यता या अयोग्यता पर विचार करने की सुविधा हो। इस प्रकार जैसे मूल प्राकृत शब्दों की अशुद्धिओं के संशोधन में पूरी सावधानी रक्खी गई है वैसे ही आधुनिक विद्वानों की की हुई छाया (संस्कृत प्रतिशब्द) और अर्थ की भूलों को सुधारने की भी पूरी कोशिश की गई है। सारांश यह कि इस कोष को सर्वाङ्ग-शुद्ध बनाने में संपूर्ण ध्यान दिया गया है। मुझे यह जानकर संतोष हुआ है कि मेरे इस प्रयत्न की कदर भी प्रोफेसर ल्योमेन जैसे प्राकृत के सुप्रसिद्ध जर्मन विद्वान् तकने की है *।

दूसरी मुख्य कठिनाई अर्थ-व्यय के बारे में थी। मेरी आर्थिक अवस्था ऐसी नहीं थी कि इस महान् ग्रन्थ की तय्यारी के लिये पुस्तकादि आवश्यक साधनों के और सहायक मनुष्यों के वेतन-खर्च के अतिरिक्त प्रकाशन का भार भी वहन कर सकूँ। और, मुफ्त में किसी से आर्थिक सहायता लेना मैं पसन्द नहीं करता था। इससे इस कठिनाई को दूर करने के लिये अग्रिम ग्राहक बनाने की योजना की गई, जिसमें उन अग्रिम ग्राहकों को हर पचीस रूपये में इस संपूर्ण ग्रन्थ की एक कॅापी देने की व्यवस्था थी। इससे मेरी उक्त कठिनाई संपूर्ण तो नहीं, किन्तु बहुत-कुछ कम हो गई। इस योजना को इतने दूरतक सफल बनाने का अधिक श्रेयः कलकत्ता के जैन श्वेताम्बर-श्रीसंघ के अग्रगण्य नेता श्रीमान् **शेठ नरोत्तमभाई जेठाभाई** को है, जिन्होंने शुरू से ही इसकी संरक्षकता का भार अपने पर लेते हुए मुझे हर तरह से इस कार्य में सहायता की है, जिसके लिये मैं उनका चिर-कृतज्ञ हूँ। इसी तरह अहमदाबाद-निवासी श्रद्धेय श्रीयुत **केशवलाल-भाई प्रेमचन्द मोदी** बी. ए., एलूएल्. बी. का भी मैं बहुत ही उपकृत हूँ कि जिन्होंने कई मुद्रित पुस्तकों में दी हुई प्राकृत शब्द-सूचिओं पर से एकलित किया हुआ एक बड़ा शब्द-संग्रह मुझे दिया था; इतना ही नहीं, बल्कि समय समय पर प्राकृत की अनेक हस्त-लिखित तथा मुद्रित पुस्तकों का जोगाड़ कर दिया था, और उक्त योजना में ग्राहक-संख्या बढ़ा देने का हार्दिक प्रयत्न किया था। प्रातःस्मरणीय, पूज्यपाद, गुरुवर्य मुनिराज श्री**अमीविजयजी** महाराज, पूज्य जैनाचार्य श्री**विजयमोहन सूरिजी**, जं. यु. भट्टारक श्री**जिनचारित्रसूरिजी** तथा स्वतन्त्र-सम्पादक विद्वद्वर्य श्रीयुत **अम्बिकाप्रसादजी वाजपेयी** का भी मैं हृदय से उपकार मानता हूँ कि जिनकी प्रेरणा से अग्रिम ग्राहकों की वृद्धि द्वारा मुझे इस कार्य में सहायता मिली है। उन महानुभावों को, जिनके शुभ नाम इसी ग्रन्थ में अन्यत्र दी हुई अग्रिम-ग्राहक-सूची में प्रकाशित किये गये हैं, अनेकानेक धन्यवाद हैं कि जिन्होंने यथाशक्ति अल्पाधिक संख्या में इस पुस्तक की कॅापियाँ खरीद कर मेरा यह कार्य सरल कर दिया है। यहाँ पर मेरे मित्र श्रीयुत **शेठ गिरधरलाल त्रिकमलाल** और श्रीमान् बाबू **डालचंदजी सिंघी** के नाम विशेष उल्लेखनीय हैं। इन दोनों महाशयों ने अपनी अपनी शक्ति के अनुसार यथेष्ट संख्या में इस कोष की कॅापियाँ खरीदने के अतिरिक्त मुझे इस कार्य के लिये समय समय पर बिना सूद ऋण देने की भी कृपा की थी। यह कहने में कोई अत्युक्ति नहीं है कि यदि उक्त सब महानुभावों की यह सहायता मुझे प्राप्त न हुई होती तो इस कोष का प्रकाशन मेरे लिए मुश्किल ही नहीं, असंभव था।

यहाँ इस बात का भी उल्लेख करना उचित जान पड़ता है कि आज से करीब दश वर्ष पहले मेरे सहाध्यापक श्रद्धेय प्रोफेसर **मुरलीधर बेनर्जी** एम्. ए. महाशय ने और मैंने मिलकर एक प्रस्ताव विशिष्ट पद्धति का प्राकृत-इंग्लिश कोष तैयार करने के लिए **कलकत्ता-विश्वविद्यालय** में उपस्थित किया था, परन्तु उस समय वह अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया था। इसके कई वर्ष बाद जब मेरे इस प्राकृत-हिन्दी कोष का प्रथम भाग प्रकाशित

---

* देखो अन्यत्र उद्धृत किये हुए इस ग्रन्थ-विषयक अभिप्रायों में रोयल एसियाटिक सोसाईटी के जर्नल में प्रकाशित प्रो. ल्युमेन का अभिप्राय।

हुआ तब उसे देखकर **कलकत्ता-विश्वविद्यालय** के कर्णधार स्वर्गीय ऑनरेबल जस्टिस **आशुतोष मुकर्जी** इतने संतुष्ट हुए कि उन्होंने तुरंत ही विश्वविद्यालय की तरफ से हम दोनों के तत्त्वावधान में इसी तरह के प्रमाण-युक्त एक प्राकृत-इंग्लिश कोश तय्यार और प्रकाशित करने का न केवल प्रस्ताव ही पास करवाया, बल्कि उसको कार्य-रूप में परिणत करने के लिए उपयुक्त व्यवस्था भी करायी है। इसके लिए उनको जितने धन्यवाद दिये जायँ, कम हैं। यहाँ पर मैं **कलकत्ता-विश्वविद्यालय** की भी प्रशंसा किये विना नहीं रह सकता कि जिसके द्वारा मुझे इस कार्य में समय, पुस्तक आदि की अनेक सुविधाएँ मिली हैं, जिससे यह कार्य अपेक्षा-कृत शीघ्रता से पूर्ण हो सका है। इस कोष के उपोद्घात से संबन्ध रखने वाले अनेक ऐतिहासिक जटिल प्रश्नों को सुलझाने में श्रद्धेय प्रोफेसर **मुरलीधर बेनर्जी** एम्. ए. ने अपने कीमती समय का विना संकोच भोग देकर मुझे जो सहायता की है उसके लिए मैं उनका अन्तःकरण से आभार मानता हूँ।

इस कोष के मुद्रण-कार्य के आरम्भ से लेकर प्रायः शेष होने तक, समय २ पर जैसे २ जो अतिरिक्त हस्त-लिखित और मुद्रित पुस्तकें या संस्करण मुझे प्राप्त होते जाते थे वैसे २ उनका भी यथेष्ट उपयोग इस कोष में किया जाता था। यही कारण है कि तब तक के अमुद्रित भाग के शब्द उनके रेफरेंसों के साथ २ प्रस्तुत कोष में ही यथास्थान शामिल कर दिये जाते थे और मुद्रित अंश के शब्दों का एक अलग संग्रह तय्यार किया जाता था जो परिशिष्ट के रूप में इसी ग्रन्थ में अन्यत्र प्रकाशित किया जाता है। ऐसा करते हुए तृतीय भाग के छपने तक जिन अतिरिक्त पुस्तकों का उपयोग किया गया था उनकी एक अलग सूची भी तृतीय भाग में दी गई थी। उसके बाद के अतिरिक्त पुस्तकों की अलग सूची इसमें न देकर प्रथम की दोनों (द्वितीय और तृतीय भाग में प्रकाशित) सूचिओं की जो एक साधारण सूची यहाँ दी जाती है उसीमें उन पुस्तकों का भी वर्णानुक्रम से यथास्थान समावेश किया गया है, जिससे पाठकों को अलग २ रेफरेंस-सूचियाँ देखने की तकलीफ न हो।

उक्त परिशिष्ट में केवल उन्हीं शब्दों को स्थान दिया गया है जो पूर्व-संग्रह में न आने के कारण एकदम नये हैं या आने पर भी लिंग या अर्थ में पूर्वागत शब्द की अपेक्षा विशेषता रखते हैं। केवल रेफरेंस की विशेषता को लेकर किसी शब्द की परिशिष्ट में पुनरावृत्ति नहीं की गई है।

यद्यपि मेरी मातृभाषा हिन्दी नहीं है तथापि वही एकमात्र भारतवर्ष की सर्वाधिक व्यापक और इस लिए राष्ट्र-भाषा के योग्य होने के कारण यहाँ अर्थ के लिए विशेष उपयुक्त समझी गई है।

अन्त में, आर्ष से ले कर अपभ्रंश तक की प्राकृत भाषाओं के विविध-विषयक जैन एवं जैनेतर प्राचीन ग्रन्थों के (जिनकी कुल संख्या ढाई सौ से भी ज्यादः है) अतिविशाल शब्द-राशि से, संस्कृत प्रतिशब्दों से, हिन्दी अर्थों से, सभी आवश्यक अवतरणों से और संपूर्ण प्रमाणों से परिपूर्ण इस बृहत् प्राकृत-कोष में, यथेष्ट सावधानता रखने पर भी, जो कुछ मनुष्य-स्वभाव-सुलभ त्रुटियाँ या भूलें हुई हों उनको सुधारने के लिए विद्वानों से नम्र प्रार्थना करता हुआ यह आशा रखता हूँ कि वे ऐसी भूलों के विषय में मुझे सतर्क करेंगे ताकि द्वितीयावृत्ति में तदनुसार संशोधन का कार्य सरल हो पड़े। जो विद्वान मेरे भ्रम-प्रमादों की प्रामाणिक पद्धति से सूचना देंगे, मैं उनका चिर-कृतज्ञ रहूँगा।

यदि मेरी इस कृति से, प्राकृत-साहित्य के अभ्यास में थोड़ी भी सहायता पहुँचेगी तो मैं अपने इस दीर्घ-काल-व्यापी परिश्रम को सफल समझूँगा।

कलकत्ता, ता० २६-१-२८ } **हरगोविन्द दास टि. शेठ।**

उपोद्घात।

जो भाषा अतिप्राचीन काल में इस देश के आर्य लोगों की कथ्य भाषा—बोलचाल की भाषा—थी, जिस भाषा में भगवान् महावीर और बुद्धदेव ने अपने पवित्र सिद्धान्तों का उपदेश दिया था, जिस भाषा को जैन और बौद्ध विद्वानों ने विविध-विषयक विपुल साहित्य की रचना कर अपनाई है, जिस भाषा में श्रेष्ठ काव्य-निर्माण द्वारा प्रवरसेन, हाल आदि महाकवियों ने अपनी अनुपम प्रतिभा का परिचय दिया है, जिस भाषा के मौलिक साहित्य के आधार पर संस्कृत के अनेक उत्तम ग्रन्थों की रचना हुई है, संस्कृत के नाटक-ग्रन्थों में संस्कृत-भिन्न जिस भाषा का प्रयोग दृष्टिगोचर होता है, जिस भाषा से भारतवर्ष की वर्तमान समस्त आर्य भाषाओं की उत्पत्ति हुई है और जो भाषाएँ भारत के अनेक प्रदेशों में आजकल भी बोली जाती हैं, इन सब भाषाओं का साधारण नाम है प्राकृत, क्योंकि ये सब भाषाएँ एकमात्र प्राकृत के ही विभिन्न रूपान्तर हैं जो समय और स्थान की भिन्नता के कारण उत्पन्न हुए हैं। इसीसे इन भाषाओं के व्यक्ति-वाचक नामों के आगे 'प्राकृत' शब्द का प्रयोग आजतक किया जाता है, जैसे प्राथमिक प्राकृत, आर्ष या अर्धमागधी प्राकृत, पाली प्राकृत, पैशाची प्राकृत, शौरसेनी प्राकृत, महाराष्ट्री प्राकृत, अपभ्रंश प्राकृत, हिन्दी प्राकृत, बंगला प्राकृत आदि।

प्राकृत किसे कहते हैं?

भारतवर्ष की अर्वाचीन और प्राचीन भाषाएँ और उनका परस्पर संबन्ध।

भाषातत्त्व के अनुसार भारतवर्ष की आधुनिक कथ्य भाषाएँ इन पाँच भागों में विभक्त की जा सकती हैं:—(१) आर्य (Aryan), (२) द्राविड (Dravidian), (३) मुण्डा (Munda), (४) मन्-ख्मेर (Mon-khmer) और (५) तिब्बत-चीना (Tibeto-Chinese).

भारत की वर्तमान भाषाओं में मराठी, बँगला, ओड़िया, बिहारी, हिन्दी, राजस्थानी, गुजराती, पंजाबी, सिन्धी और काश्मीरी भाषा आर्य भाषा से उत्पन्न हुई हैं। पारसी तथा अंग्रेजी, जर्मनी आदि अनेक आधुनिक युरोपीय भाषाओं की उत्पत्ति भी इसी आर्य भाषा से है। भाषा-गत सादृश्य को देखकर भाषा-तत्त्व-ज्ञाताओं का यह अनुमान है कि इस समय विच्छिन्न और बहु-दूर-वर्ती भारतीय आर्य-भाषा-भाषी समस्त जातियाँ और उक्त युरोपीय भाषा-भाषी सकल जातियाँ एक ही आर्य-वंश से उत्पन्न हुई हैं।

तेलगु, तामिल और मलयालम प्रभृति भाषाएँ द्राविड भाषा के अन्तर्गत हैं; कोल तथा सँथाली भाषा मुण्डा भाषा के अन्तर्भूत हैं; खासी भाषा मन्ख्मेर भाषा का और भोटानी तथा नागा भाषा तिब्बत-चीना भाषा का निदर्शन है। इन समस्त भाषाओं की उत्पत्ति किसी आर्य भाषा से संबन्ध नहीं रखती, अत एव ये सभी अनार्य भाषाएँ हैं। यद्यपि ये अनार्य भाषाएँ भारत के ही दक्षिण, उत्तर और पूर्व भाग में बोली जाती हैं तथापि अंग्रेजी आदि सुदूरवर्ती भाषाओं के साथ हिन्दी आदि आर्य भाषाओं का जो वंश-गत ऐक्य उपलब्ध होता है, इन अनार्य भाषाओं के साथ वह संबन्ध नहीं देखा जाता है।

ये सब कथ्य भाषाएँ आजकल जिस रूप में प्रचलित हैं, पूर्वकाल में उसी रूप में न थीं, क्योंकि कोई भी कथ्य भाषा कभी एक रूप में नहीं रहती। अन्य वस्तुओं की तरह इसका रूप भी सर्वदा बदलता ही रहता है—देश, काल और व्यक्ति-गत उच्चारण के भेद से भाषा का परिवर्तन अनिवार्य होता है। यद्यपि यह परिवर्तन जो लोग भाषा का व्यवहार करते हैं उनके द्वारा ही होता है तथापि उस समय वह लक्ष्य में नहीं आता। पूर्वकाल की भाषा के संरक्षित आदर्श के साथ तुलना करने पर बाद में ही वह जाना जाता है।

प्राचीन काल की जिन भारतीय भाषाओं के आदर्श संरक्षित हैं—जिन भाषाओं ने साहित्य में स्थान पाया है, उनके नाम ये हैं—वैदिक संस्कृत, लौकिक संस्कृत, पाली, अशोक लिपि तथा उसके बाद की लिपि की भाषा और प्राकृत भाषा-समूह। इनमें प्रथम की दो भाषाएँ कभी जन-साधारण की कथ्य भाषा न थीं, केवल लेख्य—साहित्यिक भाषा—ही थीं। अवशिष्ट भाषाएँ कथ्य और लेख्य उभय रूप में प्रचलित थीं। इस समय ये समस्त भाषाएँ कथ्य रूप से व्यवहृत नहीं होती, इसी कारण ये मृत भाषा (dead languages) कहलाती हैं। उक्त वैदिक आदि सब भाषाएँ आर्य भाषा के अन्तर्गत हैं और इन्हो प्राचीन आर्य भाषाओं में से कइएक क्रमशः रूपान्तरित होकर आधुनिक समस्त आर्य भाषाएँ उत्पन्न हुई हैं।

ये प्राचीन आर्य भाषाएँ कौन युग में किस रूप में परिवर्तित होकर क्रमशः आधुनिक कथ्य भाषाओं में परिणत हुई, इसका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया जाता है।

प्राचीन भारतीय आर्य भाषाओं का परिणति-क्रम।

वेद-भाषा और लौकिक संस्कृत।

सर ज्योर्ज ग्रियर्सन ने अपनी लिंग्विस्टिक सर्वे ओफ इंडिया (Linguistic survey of India) नामक पुस्तक में भारतवर्षीय समस्त आर्य भाषाओं के परिणाम का जो क्रम दिखाया है उसके अनुसार वैदिक भाषा उक्त साहित्य-भाषाओं में सर्व-प्राचीन है। इसका समय अनेक विद्वानों के मत में खिस्ताब्द-पूर्व दो हजार वर्ष (2000 B. C.) और प्रो. मेक्समूलर के मत में खिस्ताब्द-पूर्व बारह सौ वर्ष (1200 B. C.) है। यह वेद-भाषा क्रमशः परिमार्जित होती हुई ब्राह्मण, उपनिषद् और यास्क के निरुक्त की भाषा में और बाद में पाणिनि-प्रभृति के व्याकरण-द्वारा नियन्त्रित होकर लौकिक संस्कृत में परिणत हुई है। पाणिनि-आदि के पद-प्रभृति के नियम-रूप संस्कारों को प्राप्त करने के कारण यह संस्कृत कहलाई। मुख्य रूप से 'संस्कृत' शब्द का प्रयोग इसी भाषा के अर्थ में किया जाता है। यह संस्कृत भाषा वैदिक भाषा से उत्पन्न होने से और उसके साथ घनिष्ठ संबन्ध रखने से वेद-भाषा के अर्थ में भी 'संस्कृत' शब्द बाद के समय से प्रयुक्त होने लग गया है। पाणिनि के बाद संस्कृत भाषा का कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। यह परिवर्तन होने में—वेद-भाषा को लौकिक संस्कृत के रूप में परिणत होने में—प्रायः डेढ़ हजार वर्ष लगे हैं। पाणिनि का समय गोल्डस्टुकर के मत में खिस्ताब्द-पूर्व सप्तम शताब्दी और बोथलिंक के मत में खिस्ताब्द-पूर्व चतुर्थ शताब्दी है।

वेद और वैदिक सभ्यता

यहाँ पर इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि डो. होर्नलि और सर ग्रियर्सन के मन्तव्य के अनुसार आर्य लोगों के दो दल भिन्न २ समय में भारतवर्ष में आये थे *। पहले आर्यों के एक दल ने यहाँ आकर मध्यदेश में अपने उपनिवेश की स्थापना की थी। इसके कई सौ वर्षों के बाद आर्यों के दूसरे दल ने भारत में प्रवेश कर प्रथम

* आर्य लोगों के आदिम वास-स्थान के विषय में आधुनिक विद्वानों में गहरा मत-भेद है। कोई स्कान्डीनेविया को, कोई जर्मनी को, कोई पोलान्ड को, कोई हंगरी को, कोई दक्षिण रशिया को, कोई मध्य एशिया को आर्यों की आदिम निवास-भूमि मानते हैं तो कोई २ पंजाब और काश्मीर को ही इनका प्रथम बसति-स्थान बतलाते हैं। किन्तु अधिकांश विद्वान भाषा-तत्त्व के द्वारा इस सिद्धान्त पर उपनीत हुए हैं कि युरोपीय और पूर्वदेशीय आर्यों में प्रथम विच्छेद हुआ। पीछे पूर्वदेश के आर्य लोग मेसेपोटेमिया और ईरान में एक साथ रहे और एक ही देव-देवी की उपासना करते थे। उसके बाद वे भी विच्छिन्न होकर एक दल फारस में गया और अन्य दल ने अफगानिस्थान के बीच होकर भारतवर्ष में प्रवेश और निवास किया। परन्तु जैन और हिन्दू शास्त्रों के अनुसार भारतवर्ष ही चिरकाल से आर्यों का आदिम निवास-स्थान है। कोई २ आधुनिक विद्वान ने पुरातत्त्व की नूतन खोज के आधार पर भारतवर्ष से ही कुछ आर्य लोगों का ईरान आदि देशों में गमन और विस्तार-लाभ सिद्ध किया है, जिससे उक्त शास्त्रीय प्राचीन मत का समर्थन होता है।

दल के आर्यों को मध्यदेश की चारों ओर भगा कर उनके स्थान को अपने अधिकार में किया और मध्यदेश को ही अपना वास-स्थान कायम किया। उक्त विद्वानों को यह मन्तव्य इसलिए करना पड़ा है कि मध्यदेश के चारों पार्श्वों में स्थित पंजाब, सिन्ध, गूजरात, राजपूताना, महाराष्ट्र, अयोध्या, बिहार, बंगाल और उडीसा प्रदेशों की आधुनिक आर्य कथ्य भाषाओं में परस्पर जो निकटता देखी जाती है तथा मध्यदेश की आधुनिक हिन्दी भाषा [पाश्चात्य हिन्दी] के साथ उन सब प्रान्तों की भाषाओं में जो भेद पाया जाता है, उस निकटता और भेद का अन्य कोई कारण दिखाना असंभव है। मध्यदेशवासी इस दूसरे दल के आर्यों का उस समय का जो साहित्य और जो सभ्यता थी उन्हीं के क्रमशः नाम हैं वेद और वैदिक सभ्यता।

प्राकृत-भाषाओं का प्रथम स्तर। (खिस्त-पूर्व २००० से खिस्त-पूर्व ६००)

उक्त वेद-भाषा प्राचीन होने पर भी वह वैदिक युग में जन-साधारण की कथ्य भाषा न थी, ऋषि-लोगों की साहित्य-भाषा थी। उस समय जन-साधारण में वैदिक भाषा के अनुरूप अनेक प्रादेशिक भाषायें (dialects) कथ्य रूप से प्रचलित थीं। इन प्रादेशिक भाषाओं में से एक ने परिमार्जित होकर वैदिक साहित्य में स्थान पाया है। ऊपर वैदिक युग से पूर्व काल में आये हुए प्रथम दल के जिन आर्यों के मध्यदेश के चारों तरफ के प्रदेशों में उपनिवेशों का उल्लेख किया गया है उन्होंने वैदिक युग अथवा उसके पूर्व-काल में अपने २ प्रदेशों की कथ्य भाषाओं में, दूसरे दल के आर्यों की वेद-रचना की तरह, किसी साहित्य की रचना नहीं की थी। इससे उन प्रादेशिक आर्य भाषाओं का तात्कालिक साहित्य में कोई निदर्शन न रहने से उनके प्राचीन रूपों का संपूर्ण लोप हो गया है। वैदिक काल की और इसके पूर्व की उन समस्त कथ्य भाषाओं को सर ग्रियर्सन ने प्राथमिक प्राकृत (Primary Prakrits) नाम दिया है। यही प्राकृत भाषा-समूह का प्रथम स्तर (First stage) है। इसका समय खिस्त-पूर्व २००० से खिस्त-पूर्व ६०० तक का निर्दिष्ट किया गया है। प्रथम स्तर की ये समस्त प्राकृत भाषायें स्वर और व्यञ्जन आदि के उच्चारण में तथा विभक्तिओं के प्रयोग में वैदिक भाषा के अनुरूप थीं! इससे ये भाषायें विभक्ति-बहुल (synthetic) कही जाती हैं।

प्राकृत-भाषाओं का द्वितीय स्तर। (खिस्त-पूर्व ६०० से खिस्ताब्द ६००)

वैदिक युग में जो प्रादेशिक प्राकृत भाषायें कथ्य रूप से प्रचलित थीं, उनमें, परवर्ति-काल में अनेक परिवर्तन हुए, जिनमें ऋ, ॠ आदि स्वरों का, शब्दों के अन्तिम व्यञ्जनो का, संयुक्त व्यञ्जनों का तथा विभक्ति और वचन-समूह का लोप या रूपान्तर मुख्य हैं। इन परिवर्तनों से ये कथ्य भाषायें प्रचुर परिमाण में रूपान्तरित हुईं। इस तरह द्वितीय स्तर (second stage) की प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति हुई। द्वितीय स्तर की ये भाषायें जैन और बौद्ध धर्म के प्रचार के समय से अर्थात् खिस्त-पूर्व षष्ठ शताब्दी से लेकर खिस्तीय नवम या दशम शताब्दी पर्यन्त प्रचलित रहीं। भगवान महावीर और बुद्धदेव के समय ये समस्त प्रादेशिक प्राकृत भाषायें, अपने द्वितीय स्तर के आकार में, भिन्न २ प्रदेश में कथ्य भाषा के तौर पर व्यवहृत होती थीं। उन्होंने अपने सिद्धान्तों का उपदेश इन्हीं कथ्य प्राकृत भाषाओं में से एक में दिया था। इतना ही नहीं, बल्कि बुद्धदेव ने अपना उपदेश संस्कृत भाषा में न लिखकर कथ्य प्राकृत भाषा में ही लिखने के लिए अपने शिष्यों को आदेश किया था। इस तरह प्राकृत भाषाओं का क्रमशः साहित्य की भाषाओं में परिणत होने का सूत्रपात हुआ, जिसके फल-स्वरूप पश्चिम मगध और सूरसेन देश के मध्यवर्ती प्रदेश में प्रचलित कथ्य भाषा से जैनों के धर्म-पुस्तकों की अर्धमागधी भाषा और पूर्व मगध में प्रचलित लोक-भाषा से बौद्ध धर्म-ग्रन्थों की पाली भाषा उत्पन्न हुई। पाली भाषा के उत्पत्ति-स्थान के संबन्ध में पाश्चात्य विद्वानों का जो मत-भेद है उसका विचार हम आगे जा कर करेंगे। खिस्ताब्द से २५० वर्ष पहले सम्राट् अशोक ने बुद्धदेव के उपदेशों को भिन्न २ प्रदेशों में वहाँ २ की विभिन्न प्रादेशिक प्राकृत भाषाओं में खुदवाये। इन अशोक शिलालेखों में द्वितीय स्तर की प्राकृत

भाषाओं के असंदिग्ध सर्व-प्राचीन निदर्शन संरक्षित हैं। द्वितीय स्तर के मध्य भाग में—प्रायः खिस्तीय पंचम शताब्दी के पूर्व में—भिन्न २ प्रदेशों की अपभ्रंश भाषाओं की उत्पत्ति हुई। इस स्तर की भाषाओं में चतुर्थी विभक्ति का, सब विभक्तिओं के द्विवचनों का और आख्यात की अधिकांश विभक्तिओं का लोप होने पर भी विभक्तिओं का प्रयोग अधिक मात्रा में विद्यमान था। इससे इस स्तर की भाषायें भी विभक्ति-बहुल कही जाती हैं।

प्राकृत भाषाओं का तृतीय स्तर या आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं की उत्पत्ति। (खिस्ताब्द ९००)

सर ग्रियर्सन ने यह सिद्धान्त किया है कि आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं की उत्पत्ति द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं से, खास कर उसके शेष भाग में प्रचलित विविध अपभ्रंश-भाषाओं से हुई है और आधुनिक भाषाओं को 'तृतीय स्तर की प्राकृत (Tertiary Prakrits)' कह कर निर्देश किया है। इन भाषाओं की उत्पत्ति का समय खिस्तीय दशम शताब्दी है। इनका साधारण लक्षण यह है कि इनमें अधिकांश विभक्तिओं का लोप हुआ है, एवं भाषाओं की प्रकृति विभक्ति-बहुल न होकर विभक्तिओं के बोधक स्वतन्त्र शब्दों का व्यवहार हुआ है। इससे ये विश्लेषणशील भाषायें (Analytical Languages) कही जाती हैं।

जिस प्रादेशिक अपभ्रंश से जिस आधुनिक भारतीय आर्य भाषा की उत्पत्ति हुई है उसका विवरण आगे 'अपभ्रंश' शीर्षक में दिया जायगा।

द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं का इतिहास।

प्रस्तुत कोष में द्वितीय स्तर की साहित्यिक प्राकृत भाषाओं के शब्दों को ही स्थान दिया गया है। इससे इन भाषाओं की उत्पत्ति और परिणति के संबन्ध में यहाँ पर कुछ विस्तार से विवेचन करना आवश्यक है।

साधारणतः लोगों की यही धारणा है कि संस्कृत भाषा से ही द्वितीय स्तर की समस्त प्राकृत भाषायें और आधुनिक भारतीय भाषायें उत्पन्न हुई हैं। कई प्राकृत-वैयाकरणों ने भी अपने प्राकृत-व्याकरणों में इसी मत का समर्थन किया है। परन्तु यह मत कहाँ तक सत्य है, इसका विचार करने के पहले इन भाषाओं के भेदों को जानने की जरूरत है।

प्राकृत का संस्कृत-सापेक्ष विभाग।

प्राकृत वैयाकरणों ने प्राकृत भाषाओं के शब्द, संस्कृत शब्दों के सादृश्य और पार्थक्य के अनुसार, इन तीन भागों में विभक्त किये हैं:—(१) तत्सम, (२) तद्भव और (३) देश्य या देशी।

(१) जो शब्द संस्कृत और प्राकृत में बिलकुल एक रूप हैं उनको 'तत्सम' या 'संस्कृतसम' कहते हैं, जैसे—अञ्जलि, आगम, इच्छा, ईहा, उत्तम, ऊढा, एरंड, ओङ्कार, किङ्कर, खञ्ज, गण, घण्टा, चित्त, छल, जल, झङ्कार, टङ्कार, डिम्भ, ढक्का, तिमिर, दल, धवल, नीर, परिमल, फल, बहु, भार, मरण, रस, लव, वारि, सुन्दर, हरि, गच्छन्ति, हरन्ति प्रभृति।

(२) जो शब्द संस्कृत से वर्ण-लोप, वर्णागम अथवा वर्ण-परिवर्तन के द्वारा उत्पन्न हुए हैं वे 'तद्भव' अथवा 'संस्कृतभव' कहलाते हैं, जैसे—अग्र=अग्ग, आर्य=आरिअ, इष्ट=इट्ठ, ईर्ष्या=ईसा, उद्गम=उग्गम, कृष्ण=कसण, खर्जूर=खज्जूर, गज=गअ, घर्म=घम्म, चक्र=चक्क, क्षोभ=छोह, यक्ष=जक्ख, ध्यान=झाण, दंश=डंस, नाथ=णाह, त्रिदश=तिअस, दृष्ट=दिट्ठ, धार्मिक=धम्मिअ, पश्चात्=पच्छा, स्पर्श=फंस, बदर=बोर, भार्या=भारिआ, मेघ=मेह, अरण्य=रण्ण, लेश=लेस, शेष=सेस, हृदय=हिअअ, भवति=हवइ, पिबति=पिअइ, पृच्छति=पुच्छइ, अकार्षीत्=अकासी, भविष्यति=होहिइ इत्यादि।

(३) जिन शब्दों का संस्कृत के साथ कुछ भी सादृश्य नहीं है—कोई भी संबन्ध नहीं है, उनको 'देश्य' या 'देशी' बोला जाता है; यथा—अगय (दैत्य), आकासिय (पर्याप्त), इराव, (हस्ती), ईस (कीलक),

उच्चचिस (अपगत), ऊसभ (उपधान), एलविल (धनाढ्य, वृषभ), ओंडल (धम्मिल्ल), कंदोट्ट (कुमुद), खुड्डिय (सुरत), गयसाउल (विरक्त), घढ (स्तूप), चउक्कर (कार्तिकेय), छंकुई (कपिकच्छू), जंब (पुरुष), झडप्प (शीघ्र), टंका (जङ्घा), डाल (शाखा), ढंढर (पिशाच, ईर्ष्या), णिच्चिरडिअ (त्रुटित), तोमरी (लता), थमिअ (विस्मृत), दाणि (शुल्क), धयण (गृह), निक्खुत्त (निश्चित), पणिआ (करोटिका), फुंटा (केश-बन्ध), बिट्ट (पुत्र), भुंड (शूकर), मड्डा (बलात्कार), रत्ति (आज्ञा), लंच (कुक्कुट), विन्छड्ड (समूह), सयराह (शीघ्र), हुत्त (अभिमुख), उअ (पश्य), खुप्पइ (निमज्जति), छिवइ (स्पृशति), देक्खइ, निअच्छइ (पश्यति), चुक्कइ (भ्रश्यति), चोप्पडइ (म्रक्षति), अहिपच्चुअइ (गृह्णाति) प्रभृति।

उपर्युक्त विभाग प्राकृत के साथ संस्कृत के सादृश्य और पार्थक्य के ऊपर निर्भर करता है। इसके सिवा संस्कृत और प्राकृत के प्राचीन ग्रन्थकारों ने प्राकृत भाषाओं का और एक विभाग किया है जो प्राकृत भाषाओं के उत्पत्ति-स्थानों से संबन्ध रखता है। यह भौगोलिक विभाग (Geographical Classification) कहा जा सकता है।

प्राकृत भाषाओं का भौगोलिक विभाग।

भरत-प्रणीत कहे जाते नाट्य-शास्त्र में, * सात भाषाओं के जो मागधी, अवन्तिजा, प्राच्या, सूरसेनी, अर्धमागधी, वाह्लीका और दाक्षिणात्या ये नाम हैं, चण्ड के प्राकृत-व्याकरण में जो † पैशाचिकी और ‡ मागधिका ये नाम मिलते हैं, दण्डी ने काव्यादर्श में जो § महाराष्ट्राश्रया, शौरसेनी, गौडी और लाटी ये नाम दिये हैं, आचार्य हेमचन्द्र आदि ने मागधी, शौरसेनी, पैशाची और चूलिकापैशाचिक कह कर जिन नामों का निर्देश किया है और मार्कण्डेय ने अपने प्राकृतसर्वस्व में प्राकृतचन्द्रिका के × कतिपय श्लोकों को उद्धृत कर महाराष्ट्री, आवन्ती, शौरसेनी, अर्धमागधी, वाह्लीकी, मागधी, प्राच्या और दाक्षिणात्या इन आठ भाषाओं के, छह विभाषाओं में द्राविड और ओढ्ज इन दो विभाषाओं के, ग्यारह पिशाच-भाषाओं में काञ्चीदेशीय, पाण्ड्य, पाञ्चाल, गौड, मागध, व्राचड, दाक्षिणात्य, शौरसेन, कैकय और द्राविड इन दश पिशाच-भाषाओं के और सताईस अपभ्रंशों में व्राचड, लाट, वैदर्भ, बार्बर, आवन्त्य, पाञ्चाल, टाक, मालव, कैकय, गौड, उड्र, हैव, पाण्ड्य, कौन्तल, सिंहल, कालिङ्ग, प्राच्य, कार्णाट, काञ्च, द्राविड, गौर्जर, आभीर और मध्यदेशीय इन तेईस अपभ्रंशों के जिन नामों का उल्लेख किया है वे उस भिन्न २ देश से ही संबन्ध रखते हैं जहाँ २ वह २ भाषा उत्पन्न हुई है। षड्भाषाचन्द्रिका के कर्ता ने ÷ 'शूरसेन देश में उत्पन्न भाषा शौरसेनी कही जाती है, मगध देश में उत्पन्न भाषा को मागधी कहते हैं और पिशाच-देशों की भाषा पैशाची और चूलिकापैशाची है' यह लिखते हुए यही बात अधिक स्पष्ट रूप में कही है।

---

* "मागध्यवन्तिजा प्राच्या सूरसेन्यर्धमागधी।
वाह्लीका दाक्षिणात्या च सप्त भाषाः प्रकीर्तिताः॥" (नाट्यशास्त्र १७, ४८)।

† "पैशाचिक्यां रणयोर्लनौ" (प्राकृतलक्षण ३, ३८)।

‡ "मागधिकायां रसयोर्लशौ" (प्राकृतलक्षण ३, ३९)।

§ "महाराष्ट्राश्रयां भाषां प्रकृष्टं प्राकृतं विदुः।
सागरः सूक्तिरत्नानां सेतुबन्धादि यन्मयम्॥
शौरसेनी च गौडी च लाटी चान्या च तादृशी।
याति प्राकृतमित्येवं व्यवहारेषु सन्निधिम्॥" (काव्यादर्श १, ३४; ३५)।

× ये श्लोक 'पैशाची' और 'अपभ्रंश' के प्रकरण में दिये गये हैं।

÷ "शूरसेनोद्भवा भाषा शौरसेनीति गीयते।
मगधोत्पन्नभाषां तां मागधीं संप्रचक्षते।
पिशाचदेशनियतं पैशाचीद्वितयं भवेत्॥" (षड्भाषाचन्द्रिका, पृष्ठ २)।

पूर्व में प्राकृत भाषाओं के शब्दों के जो तीन प्रकार दिखाये हैं उनमें प्रथम प्रकार के तत्सम शब्द संस्कृत से ही सब देशों के प्राकृतो में लिये गये हैं; दूसरे प्रकार के तद्भव शब्द संस्कृत से उत्पन्न होने पर भी काल-क्रम से भिन्न २ देश में भिन्न २ रूप को प्राप्त हुए हैं और तीसरे प्रकार के देश्य शब्द वैदिक अथवा लौकिक संस्कृत से उत्पन्न नहीं हुए हैं, किन्तु भिन्न २ देश में प्रचलित भाषाओं से गृहीत हुए हैं। प्राकृत वैयाकरणों का यही मत है।

प्राकृत वैयाकरणों के मत से तत्सम आदि शब्दों की प्रकृति।

देश्य शब्द।

पहले प्राकृत भाषाओं का जो भौगोलिक विभाग बताया गया है, ये तृतीय प्रकार के देशीशब्द उसी भौगोलिक विभाग से उत्पन्न हुए हैं। वैदिक और लौकिक संस्कृत भाषा पंजाब और मध्यदेश में प्रचलित वैदिक काल की प्राकृत भाषा से उत्पन्न हुई है। पंजाब और मध्यदेश के बाहर के अन्य प्रदेशों में उस समय आर्य लोगों की जो प्रादेशिक प्राकृत भाषायें प्रचलित थीं उन्हीं से ये देशीशब्द गृहीत हुए हैं। यही कारण है कि वैदिक और संस्कृत साहित्य में देशीशब्दों के अनुरूप कोई शब्द (प्रतिशब्द) नहीं पाया जाता है।

मूल

प्राचीन काल में भिन्न भिन्न प्रादेशिक प्राकृत भाषायें हयात थीं, इस बात का प्रमाण व्यास के महाभारत, भरत के नाट्यशास्त्र और वात्स्यायन के कामसूत्र आदि प्राचीन संस्कृत ग्रन्थों में और जैनों के ज्ञाताधर्मकथा, विपाकश्रुत, औपपातिकसूत्र तथा राजप्रश्नीय आदि प्राचीन प्राकृत ग्रन्थो में भी मिलता है*। इन ग्रन्थों में 'नानाभाषा', 'देशभाषा' या 'देशीभाषा' शब्द का प्रयोग प्रादेशिक प्राकृत के अर्थ में ही किया गया है। चंड ने अपने प्राकृत व्याकरण में जहाँ † देशीप्रसिद्ध प्राकृत का उल्लेख किया है वहाँ भी देशी शब्द का अर्थ देशीभाषा ही है। ये सब देशी या प्रादेशिक भाषाएँ भिन्न भिन्न प्रदेशों के निवासी आर्य लोगों की ही कथ्य भाषायें थीं। इन भाषाओं का पंजाब और मध्यदेश की कथ्य भाषा के साथ अनेक अंशों में जैसे सादृश्य था वैसे किसी किसी अंश में भेद भी था। जिस जिस अंश में इन भाषाओं का पंजाब और मध्यदेश की प्राकृत भाषा के साथ भेद था उसमें से जिन भिन्न भिन्न नामों ने और धातुओं ने प्राकृत-साहित्य में स्थान पाया है वे ही हैं प्राकृत के देशी या देश्य शब्द।

---

* "नानाचर्मभिराच्छन्ना नानाभाषाश्च भारत। कुशला देशभाषासु जल्पन्तोऽन्योन्यमीश्वराः" (महाभारत, शल्यपर्व ४६, १०३)।

"अत ऊर्ध्वं प्रवक्ष्यामि देशभाषाविकल्पनम्।"

"अथवा च्छन्दतः कार्या देशभाषा प्रयोक्तृभिः" (नाट्यशास्त्र १७, २४; ४६)।

"नात्यन्तं संस्कृतेनैव नात्यन्तं देशभाषया। कथां गोष्ठीषु कथयंल्लोके बहुमतो भवेत्" (कामसूत्र १,४,५०)।

"तते णं से मेहे कुमारे......अट्ठारसविहिप्पगारदेसीभासाविसारए......होत्था"; "तत्थ णं चंपाए नयरीए देवदत्ता नाम गणिया परिवसइ अड्ढा..... अट्ठारसदेसीभासाविसारया" (ज्ञाताधर्मकथासूत्र, पत्र ३८; ६२)।

"तत्थ णं वाणियगामे कामज्झया णामं गणिया होत्था......अट्ठारसदेसीभासाविसारया" (विपाकश्रुत, पत्र २१-२२)।

"तए णं से दढपइण्णे दारए......अट्ठारसदेसीभासाविसारए" (औपपातिक सूत्र, पेरा १०९)।

"तए णं से दढपतिण्णे दारए......अट्ठारसविहदेसिप्पगारभासाविसारए" (राजप्रश्नीयसूत्र, पत्र १४८)।

† "सिद्धं प्रसिद्धं प्राकृतं त्रेधा त्रिप्रकारं भवति—संस्कृतयोनि......,संस्कृतसमं......,देशीप्रसिद्धं तच्चेदं हर्षितं—ल्हसिअं" (प्राकृतलक्षण पृष्ठ १-२)।

प्राकृत-वैयाकरणों ने इन समस्त देश्य शब्दों में अनेक नाम और धातुओं को संस्कृत नामों के और धातुओं के स्थान में आदेश-द्वारा सिद्ध करके तद्भव-विभाग में अन्तर्गत किये हैं *। यही कारण है कि आचार्य हेमचन्द्र ने अपनी देशीनाममाला में केवल देशी नामों का ही संग्रह किया है और देशी धातुओं का अपने प्राकृत-व्याकरण में संस्कृत धातुओं के आदेश-रूप में उल्लेख किया है; यद्यपि आचार्य हेमचन्द्र के पूर्ववर्ती कई वैयाकरणों ने इनकी गणना देशी धातुओं में ही की है †। ये सब नाम और धातु संस्कृत के नाम और धातुओं के आदेश-रूप में निष्पन्न करने पर भी तद्भव नहीं कहे जा सकते, क्योंकि संस्कृत के साथ इनका कुछ भी सादृश्य नहीं है।

कोई कोई पाश्चात्य भाषातत्त्वज्ञ का यह मत है कि उक्त देशी शब्द और धातु भिन्न भिन्न देशों की द्राविड, मुण्डा आदि अनार्य भाषाओं से लिये गये हैं। यहाँ पर यह कहा जा सकता है कि यदि आधुनिक अनार्य भाषाओं में इन देशी-शब्दों और देशी-धातुओं का प्रयोग उपलब्ध हो तो यह अनुमान करना असंगत नहीं है। किन्तु जबतक यह प्रमाणित न हो कि 'ये देशी शब्द और धातु वर्तमान अनार्य भाषाओं में प्रचलित हैं', तबतक 'ये देशी शब्द और धातु प्रादेशिक आर्य भाषाओं से ही गृहीत हुए हैं' यह कहना ही अधिक संगत प्रतीत होता है। इन अनार्य भाषाओं में दोएक देश्य शब्द और धातु प्रचलित होने पर भी 'वे अनार्य भाषाओं से ही प्राकृत भाषाओं में लिये गये हैं' यह अनुमान न कर 'प्राकृत भाषाओं से ही वे देश्य शब्द और धातु अनार्य भाषाओं में गये हैं' यह अनुमान किया जा सकता है। हाँ, जहाँ ऐसा अनुमान करना असंभव हो वहाँ हम यह स्वीकार करने के लिए बाध्य होंगे कि 'ये देश्य शब्द और धातु अनार्य भाषाओं से ही प्राकृत में लिये गये हैं'; क्योंकि आर्य और अनार्य ये उभय जातियाँ जब एक स्थान में मिश्रित हो गई हैं तब कोई कोई अनार्य शब्द और धातु का आर्य भाषाओं में प्रवेश करना असंभव नहीं है।

डो. केल्डवेल (Caldwell) प्रभृति के मत में वैदिक और लौकिक संस्कृत में भी अनेक शब्द द्राविडीय भाषाओं से गृहीत हुए हैं। यह बात भी संदिग्ध ही है, क्योंकि द्राविडीय भाषा के जिस साहित्य में ये सब शब्द पाये जाते हैं वह वैदिक संस्कृत के साहित्य से प्राचीन नहीं है। इससे 'वैदिक साहित्य में ये सब शब्द द्राविडीय भाषा से गृहीत हुए हैं' इस अनुमान की अपेक्षा 'आर्य लोगों की भाषा से ही अनार्यों की भाषा में ये सब शब्द लिये गये हैं' यह अनुमान ही विशेष ठीक मालूम पड़ता है।

जिन प्रादेशिक देशी-भाषाओं से ये सब देशी शब्द प्राकृत-साहित्य में गृहीत हुए हैं वे पूर्वोक्त प्रथम स्तर की प्राकृत भाषाओं के अन्तर्गत और उनकी समसामयिक हैं। ख्रिस्त-पूर्व षष्ठ

समय।

शताब्दी के पहले ये सब देशीभाषायें प्रचलित थीं, इससे ये देश्य शब्द अर्वाचीन नहीं, किन्तु उतने ही प्राचीन हैं जितने कि वैदिक शब्द।

द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति—वैदिक या लौकिक संस्कृत से नहीं, किन्तु प्रथम स्तर की प्राकृतों से।

प्राकृत के वैयाकरण-गण प्राकृत शब्द की व्युत्पत्ति में प्रकृति शब्द का अर्थ संस्कृत करते हुए प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति लौकिक संस्कृत से मानते हैं। संस्कृत के कई अलंकार-शास्त्रों के टीकाकारों ने

---

* देखो हेमचन्द्र-प्राकृत-व्याकरण के द्वितीय पाद के १२७, १२९, १३४, १३६, १३८, १४१, १७४ वगैरः सूत्र और चतुर्थ पाद के २, ३, ४, ५, १०, ११, १२ प्रभृति सूत्र।

† "एते चान्यैर्देशीषु पठिता अपि अस्माभिर्धात्वादेशीकृताः" (हे० प्रा० ४, २) अर्थात् अन्य विद्वानों ने वज्जर, पज्जर, उप्पाल प्रभृति धातुओं का पाठ देशी में किया है, तो भी हमने संस्कृत धातु के आदेश-रूप से ही ये यहाँ बताये हैं।

भी तद्भव और तत्सम शब्दों में स्थित 'तत्' शब्द का संबन्ध संस्कृत से लगाकर इसी मत का अनुसरण किया है *। कतिपय प्राकृत-व्याकरणों में प्राकृत शब्द की व्युत्पत्ति इस तरह की गई है :—

"प्रकृतिः संस्कृतं, तत्र भवं तत आगतं वा प्राकृतम्" (हेमचन्द्र प्रा० व्या०)।

"प्रकृतिः संस्कृतं तत्र भवं प्राकृतमुच्यते" (प्राकृतसर्वस्व)।

"प्रकृतिः संस्कृतं तत्र भवत्वात् प्राकृतं स्मृतम्" (प्राकृतचन्द्रिका)।

"प्रकृतेः संस्कृतायास्तु विकृतिः प्राकृती मता" (षड्भाषाचन्द्रिका)।

"प्राकृतस्य तु सर्वमेव संस्कृतं योनिः" (प्राकृतसंजीवनी)।

इन व्युत्पत्तिओं का तात्पर्य यह है कि प्राकृत शब्द 'प्रकृति' शब्द से बना है, 'प्रकृति' का अर्थ है संस्कृत भाषा, संस्कृत भाषा से जो उत्पन्न हुई है वह है प्राकृत भाषा।

प्राकृत वैयाकरणों की प्राकृत शब्द की यह व्याख्या अप्रामाणिक और अव्यापक ही नहीं है, भाषा-तत्त्व से असंगत भी है। अप्रामाणिक इस लिए कही जा सकती है कि प्रकृति शब्द का मुख्य अर्थ संस्कृत भाषा कभी नहीं होता—संस्कृत के किसी कोष में प्राकृत शब्द का यह अर्थ उपलब्ध नहीं है † और गौण या लाक्षणिक अर्थ तबतक नहीं लिया जाता जबतक मुख्य अर्थ में बाध न हो। यहाँ प्रकृति शब्द के मुख्य अर्थ स्वभाव अथवा ‡ जन-साधारण लेने में किसी तरह का बाध भी नहीं है। इससे उक्त व्युत्पत्ति के स्थान में "प्रकृत्या स्वभावेन सिद्धं प्राकृतम्" अथवा "प्रकृतीनां साधारणजनानामिदं प्राकृतम्" यही व्युत्पत्ति संगत और प्रामाणिक हो सकती है। अव्यापक कहने का कारण यह है कि प्राकृत के पूर्वोक्त तीन प्रकारों में तत्सम और तद्भव शब्दों की ही प्रकृति उन्होंने संस्कृत मानी है, तीसरे प्रकार के देश्य शब्दों की नहीं, अथच देश्य को भी प्राकृत कहा है। इससे देश्य प्राकृत में वह व्युत्पत्ति लागू नहीं होती। प्राकृत की संस्कृत से उत्पत्ति भाषा-तत्त्व के सिद्धान्त से भी संगति नहीं रखती, क्योंकि § वैदिक संस्कृत और लौकिक संस्कृत ये दोनों ही साहित्य की मार्जित भाषायें हैं। इन दोनों भाषाओं का व्यवहार शिक्षा की अपेक्षा रखता है। अशिक्षित, अज्ञ और बालक लोग किसी काल में साहित्य की भाषा का न तो स्वयं व्यवहार कर सकते हैं और न समझ ही पाते हैं। इस लिए समस्त देशों में सर्वदा ही अशिक्षित लोगों के व्यवहार के लिए एक कथ्य भाषा चालू रहती है जो साहित्य की भाषा से स्वतन्त्र—अलग—होती है। शिक्षित लोगों को भी अशिक्षित लोगों के साथ बातचीत के प्रसङ्ग में इस कथ्य भाषा का ही व्यवहार करना पड़ता है। वैदिक समय में भी ऐसी कथ्य भाषा प्रचलित थी। और, जिस समय लौकिक संस्कृत भाषा प्रचलित हुई उस समय भी साधारण लोगों की स्वतन्त्र कथ्य भाषा विद्यमान थी, यह नाटक आदि में संस्कृत भाषा के साथ प्राकृत-भाषी पात्रों के उल्लेख से प्रमाणित होता है।

पाणिनि ने संस्कृत भाषा को जो लौकिक भाषा कही है और पतञ्जलि ने इसको जो शिष्ट-भाषा का नाम दिया है, उसका मतलब यह नहीं है कि उस समय प्राकृत भाषा थी ही नहीं, परन्तु उसका अर्थ

---

* "प्रकृतेः संस्कृतादागतं प्राकृतम्" वाग्भटालंकारटीका २, २। "संस्कृतरूपायाः प्रकृतेरुत्पन्नत्वात् प्राकृतम्" काव्यादर्श की प्रेमचन्द्रतर्कवागीश-कृत टीका १, ३३।

† "प्रकृतिर्योनिशिल्पिनोः। पौरामात्यादिलिङ्गेषु गुणसाम्यस्वभावयोः। प्रत्ययात् पूर्विकायां च" (अनेकार्थसंग्रह ८७६-७)।

‡ "स्वाम्यमात्यः सुहृत्कोशो राष्ट्रदुर्गबलानि च।
राज्याङ्गानि प्रकृतयः पौराणां श्रेणयोऽपि च॥" (अभिधानचिन्तामणि ३, ३७८)।
"यत् कात्यः—अमात्याद्याश्च पौराश्च सद्भिः प्रकृतयः स्मृताः" (अ०चि० ३, ३७८ की टीका)।

§ कोई कोई आधुनिक विद्वान प्राकृत भाषा की उत्पत्ति वैदिक संस्कृत से मानते हैं, देखो पाली-प्रकाश का प्रवेशक पृष्ठ ३४-३६।

यह है कि उस समय के शिक्षित लोगों के आपस के वार्तालाप में, वर्तमान काल के पण्डित लोगों में संस्कृत की तरह, और भिन्नदेशीय लोगों के साथ के व्यवहार में Lingua Franca की माफिक संस्कृत भाषा व्यवहृत होती थी। किन्तु बालक, स्त्रियाँ और अशिक्षित लोग अपनी मातृ-भाषा में बातचीत करते थे जो संस्कृत-भिन्न साधारण कथ्य भाषा थी। साधारण कथ्य भाषा किसी देश में किसी काल में साहित्य की भाषा से गृहीत नहीं होती, बल्कि साहित्य-भाषा ही जन-साधारण की कथ्य भाषा से उत्पन्न होती है। इसलिए 'संस्कृत से प्राकृत भाषा की उत्पत्ति हुई है' इसकी अपेक्षा 'क्या तो वैदिक संस्कृत और क्या लौकिक संस्कृत, दोनों ही उस उस समय की प्राकृत भाषाओं से उत्पन्न हुई हैं' यही सिद्धान्त विशेष युक्ति-संगत है। आजकल के भाषा-तत्त्वज्ञों में इसी सिद्धान्त का अधिक आदर देखा जाता है। यह सिद्धान्त पाश्चात्य विद्वानों का कोई नूतन आविष्कार नहीं है, भारतवर्ष के ही प्राचीन भाषातत्त्वज्ञों में भी यह मत प्रचलित था यह निम्नोद्धृत कतिपय प्राचीन ग्रन्थों के अवतरणों से स्पष्ट प्रतीत होता है। रुद्रट-कृत काव्यालङ्कार के एक * श्लोक की व्याख्या में खिस्त की ग्यारहवीं शताब्दी के जैन विद्वान नमिसाधु ने लिखा है कि :—

"प्राकृतेति। सकलजगज्जन्तूनां व्याकरणादिभिरनाहितसंस्कारः सहजो वचन-व्यापारः प्रकृतिः, तत्र. भवं सैव वा प्राकृतम्। 'आरिसवयणे सिद्धं देवाणं अद्धमागहा वाणी' इत्यादिवचनाद् वा प्राक् पूर्वं कृतं प्राक्कृतं बाल-महिलादि-सुबोधं सकलभाषानिबन्धनभूतं वचनमुच्यते। मेघनिर्मुक्तजलमिवैकस्वरूपं तदेव च देशविशेषात् संस्कारकरणाच्च समासादित-विशेषं सत् संस्कृताद्युत्तरविभेदानाप्नोति। अतएव शास्त्रकृता प्राकृतमादौ निर्दिष्टं तदनु संस्कृतादीनि। पाणिन्यादि-व्याकरणोदितशब्दलक्षणेन संस्करणात् संस्कृतमुच्यते।"

इस व्याख्या का तात्पर्य यह है कि—'प्रकृति शब्द का अर्थ है लोगों का व्याकरण आदि के संस्कारों से रहित स्वाभाविक वचन-व्यापार, उससे उत्पन्न अथवा वही है प्राकृत। अथवा, 'प्राक् कृत' पर से प्राकृत शब्द बना है, 'प्राक् कृत' का अर्थ है 'पहले किया गया'। बारह अंग-ग्रन्थों में ग्यारह अंग ग्रन्थ पहले किये गये हैं और इन ग्यारह अङ्ग-ग्रन्थों की भाषा आर्ष-वचन में—सूत्र में—अर्धमागधी कही गई है ‡ जो बालक, महिला आदि को सुबोध—सहज-गम्य—है § और जो सकल भाषाओं का मूल है। यह अर्धमागधी भाषा ही प्राकृत है। यही प्राकृत, मेघ-मुक्त जल की तरह, पहले एक रूप वाला होने पर भी, देश-भेद से और संस्कार करने से भिन्नता को प्राप्त करता हुआ संस्कृत आदि अवान्तर विभेदों में परिणत हुआ है अर्थात् अर्धमागधी प्राकृत से संस्कृत और अन्यान्य प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति हुई है। इसी कारण से मूल ग्रन्थकार (रुद्रट) ने प्राकृत का पहले और संस्कृत

---

* "प्राकृतसंस्कृतमागधपिशाचभाषाश्च शौरसेनी च।
षष्ठोऽत्र भूरिभेदो देशविशेषादपभ्रंशः॥" (काव्यालंकार २, १२)।

‡ बारहवाँ अङ्ग-ग्रन्थ, जिसका नाम दृष्टिवाद है और जिसमें चौदह पूर्व (प्रकरण) थे, संस्कृत भाषा में था। यह बहुत काल से लुप्त हो गया है। यद्यपि इसके विषयों का संक्षिप्त वर्णन समवायाङ्ग सूत्र में है।
"चतुर्दशापि पूर्वाणि संस्कृतानि पुराऽभवन्॥११४॥
प्रज्ञातिशयसाध्यानि तान्युच्छिन्नानि कालतः। अधुनैकादशाङ्ग्यस्ति सुधर्मस्वामिभाषिता॥ ११५॥
बालस्त्रीमूढमूर्खादिजनानुग्रहणाय सः। प्राकृतां तामिहाकार्षीत्" (प्रभावकचरित्र, पृ० ९८-९९)।

§ "मुत्तूण दिट्ठिवायं कालियउक्कालियंगसिद्धंतं। थीबालवायणत्थं पाययमुइयं जिणवरेहिं॥"
(आचारदिनकर में उद्धृत प्राचीन गाथा)।

"बालस्त्रीमन्दमूर्खाणां नृणां चारित्रकाङ्क्षिणाम्। अनुग्रहार्थं तत्त्वज्ञैः सिद्धान्तः प्राकृतः कृतः॥"
(दशवैकालिक टीका पत्र १०० में हरिभद्रसूरि ने और काव्यानुशासन की टीका (पृ० १) में आचार्य हेमचन्द्र ने उद्धृत किया हुआ प्राचीन श्लोक)।

आदि का बाद में निर्देश किया है। पाणिन्यादि व्याकरणों में बताये हुए नियमों के अनुसार संस्कार पाने के कारण संस्कृत कहलाती है।'

"अकृत्रिमस्वादुपदैर्जनं जनं जिनेन्द्र साक्षादिव पासि भाषितैः" (द्वात्रिंशद्द्वात्रिंशिका १, १८)।

" * अकृत्रिमस्वादुपदां जैनीं वाचमुपास्महे ।" (हेमचन्द्रकाव्यानुशासन, पृष्ठ १)।

उक्त पद्यों में क्रमशः महाकवि सिद्धसेन दिवाकर और आचार्य हेमचन्द्र जैसे समर्थ विद्वानों का जिनदेव की वाणी को 'अकृत्रिम' और संस्कृत भाषा को 'कृत्रिम' कहने का भी रहस्य यही है कि प्राकृत जन-साधारण की मातृभाषा होने के कारण अकृत्रिम—स्वाभाविक है और संस्कृत भाषा व्याकरण के संस्कार-रूप बनावटीपन से पूर्ण होने के हेतु कृत्रिम है।

केवल जैन विद्वानों में ही यह मत प्रचलित न था, खिस्त की आठवीं शताब्दी के जैनेतर महाकवि वाक्पतिराज ने भी अपने 'गउडवहो' नामक महाकाव्य में इसी मत को इन स्पष्ट शब्दों में व्यक्त किया है:—

" § सयलाओ इमं वाया विसंति एत्तो य णेंति वायाओ ।
एंति समुद्दं चिय णेंति सायराओ च्चिय जलाइं ॥९३॥"

अर्थात् इसी प्राकृत भाषा में सब भाषायें प्रवेश करती हैं और इस प्राकृत भाषा से ही सब भाषायें निर्गत हुई हैं; जल (आ कर) समुद्र में ही प्रवेश करता है और समुद्र से ही (बाष्प रूप से) बाहर होता है। वाक्पति के इस पद्य का मर्म यही है कि प्राकृत भाषा की उत्पत्ति अन्य किसी भाषा से नहीं हुई है, बल्कि संस्कृत आदि सब भाषायें प्राकृत से ही उत्पन्न हुई हैं।

खिस्त की नवम शताब्दी के जैनेतर कवि राजशेखर ने भी अपनी बालरामायण में नीचे का श्लोक लिखकर यही मत प्रकट किया है:—

"यद् योनिः किल संस्कृतस्य सुदृशां जिह्वासु यन्मोदते, यत्र श्रोत्रपथावतारिणि कटुर्भाषाक्षराणां रसः ।
गद्यं चूर्णपदं पदं रतिपतेस्तत् प्राकृतं यद्वचस्ताँल्लाटाँल्ललिताङ्गि पश्य नुदती दृष्टेर्निमेषव्रतम् ॥" (४८, ४९)।

जैन और जैनेतर विद्वानों के उक्त वचनों से यह स्पष्ट है कि प्राचीन काल के भारतीय भाषातत्त्वज्ञों में भी यह मत प्रबल रूप से प्रचलित था कि प्राकृत की उत्पत्ति संस्कृत भाषा से नहीं है।

प्राकृत भाषा लौकिक संस्कृत से उत्पन्न नहीं हुई है इसका और भी एक प्रबल प्रमाण है। वह यह कि प्राकृत के अनेक शब्द और प्रत्ययों का लौकिक संस्कृत की अपेक्षा वैदिक भाषा के साथ अधिक मेल देखने में आता है। प्राकृत भाषा साक्षाद्रूप से लौकिक संस्कृत से उत्पन्न होने पर यह कभी संभवपर नहीं हो सकता। वैदिक साहित्य में भी प्राकृत के अनुरूप अनेक शब्द और प्रत्ययों के प्रयोग विद्यमान हैं।

---

* "अकृत्रिमाणि—असंस्कृतानि, अत एव स्वादूनि मन्दधियामपि पेशलानि पदानि यस्यामिति विग्रहः" (काव्यानुशासनटीका)। आचार्य हेमचन्द्र की 'अकृत्रिम' शब्द की इस स्पष्ट व्याख्या से प्रतीत होता है कि उनका अपने प्राकृत-व्याकरण में प्राकृत की प्रकृति संस्कृत कहना सिद्धान्त-निरूपण के लक्ष्य से नहीं, परन्तु अपने प्राकृत-व्याकरण की रचना-शैली के उपलक्ष में है, क्योंकि सभी उपलब्ध प्राकृत-व्याकरणों की तरह हेमचन्द्र-प्राकृत-व्याकरण में भी संस्कृत पर से ही प्राकृत-शिक्षा की पद्धति अखत्यार की गई है और इस पद्धति में प्रकृति—मूल—के स्थान में संस्कृत को रखना अनिवार्य हो जाता है। अथवा, यह भी असंभव नहीं है कि व्याकरण-रचना के समय उनका यही सिद्धान्त रहा हो जो बाद में बदल गया हो और इस परिवर्तित सिद्धान्त का काव्यानुशासन में प्रतिपादन किया हो। काव्यानुशासन की रचना व्याकरण के बाद उन्होंने की है यह काव्यानुशासन की "शब्दानुशासनेऽस्माभिः साध्व्यो वाचो विवेचिताः" (पृष्ठ २) इस उक्ति से ही सिद्ध है।

§ सकला इदं वाचो विशन्तीतश्च निर्यन्ति वाचः। आयन्ति समुद्रमेव निर्यन्ति सागरादेव जलानि ॥ ९३ ॥

इससे यह अनुमान करना किसी तरह असंगत नहीं है कि वैदिक संस्कृत और प्राकृत ये दोनों ही एक प्राचीन प्राकृत भाषा से उत्पन्न हुई हैं और यही इस सादृश्य का कारण है। वैदिक भाषा और प्राकृत के सादृश्य के कतिपय उदाहरण हम नीचे उद्धृत करते हैं, ताकि उक्त कथन की सत्यता में कोई संदेह नहीं हो सकता।

वैदिक भाषा और प्राकृत में सादृश्य।

१। प्राकृत में अनेक जगह संस्कृत ऋकार के स्थान में उकार होता है, जैसे—वृन्द=वुन्द, ऋतु=उउ, पृथिवी=पुहवी; वैदिक साहित्य में भी ऐसे प्रयोग पाये जाते हैं, जैसे—कृत=कुठ (ऋग्वेद १, ४६, ४)।

२। प्राकृत में संयुक्त वर्ण वाले कई स्थानों में एक व्यञ्जन का लोप होकर पूर्व के ह्रस्व स्वर का दीर्घ होता है, जैसे—दुर्लभ=दूलह, विश्राम=वीसाम, स्पर्श=फास; वैदिक भाषा में भी वैसा होता है, यथा—दुर्लभ=दूळभ (ऋग्वेद ४, ९, ८), दुर्णाश=दूणाश (शुक्लयजुःप्रातिशाख्य ३, ४३)।

३। संस्कृत व्यञ्जनान्त शब्दों के अन्त्य व्यञ्जन का प्राकृत में सर्वत्र लोप होता है, जैसे—तावत्=ताव, यशस्=जस; वैदिक साहित्य में भी इस नियम का अभाव नहीं है, यथा—पश्चात्=पश्चा (अथर्वसंहिता १०, ४, ११), उच्चात्=उच्चा (तैत्तिरीयसंहिता २, ३, १४), नीचात्=नीचा (तैत्तिरीयसंहिता १, २, १४)।

४। प्राकृत में संयुक्त र और य का लोप होता है, जैसे—प्रगल्भ=पगब्भ, श्यामा=सामा; वैदिक साहित्य में भी यह पाया जाता है, यथा—अ-प्रगल्भ=अ-पगल्भ (तैत्तिरीयसंहिता ४, ५, ६१); त्र्यच=त्रिच (शतपथब्राह्मण १, ३, ३, ३३)।

५। प्राकृत में संयुक्त वर्ण का पूर्व स्वर ह्रस्व होता है, यथा—पात्र=पत्त, रात्रि=रत्ति, साध्य=सज्झ इत्यादि; वैदिक भाषा में भी ऐसे प्रयोग हैं, जैसे—रोदसीप्रा=रोदसिप्रा (ऋग्वेद १०, ८८, १०), अमात्र=अमत्र (ऋग्वेद ३, ३६, ४)।

६। प्राकृत में संस्कृत द का अनेक जगह ड होता है, जैसे—दण्ड=डण्ड, दंस=डंस, दोला=डोला; वैदिक साहित्य में भी ऐसे प्रयोग दुर्लभ नहीं है; जैसे—दुर्दभ=दूडभ (वाजसनेयिसंहिता ३, ३६), पुरोदाश=पुरोडाश (शुक्लयजुःप्रातिशाख्य ३, ४४)।

७। प्राकृत में ध का ह होता है, यथा—बधिर=बहिर, व्याध=वाह; वेद-भाषा में भी ऐसा पाया जाता है, जैसे—प्रतिसंधाय=प्रतिसंहाय (गोपथब्राह्मण २, ४)।

८। प्राकृत में अनेक शब्दों में संयुक्त व्यञ्जनों के बीच में स्वर का आगम होता है, जैसे—क्लिष्ट=किलिट्ठ, स्व=सुव, तन्वी=तणुवी; वैदिक साहित्य में भी ऐसे प्रयोग विरल नहीं है, यथा—सहस्र्यः=सहस्रियः, स्वर्गः=सुवर्गः (तैत्तिरीयसंहिता ४, २, ३) तन्वः=तनुवः, स्वः=सुवः (तैत्तिरीयआरण्यक ७, २२, १; ६, २, ७)।

९। प्राकृत में अकारान्त पुंलिङ्ग शब्द के प्रथमा के एकवचन में ओ होता है, जैसे—देवो, जिणो, सो इत्यादि; वैदिक भाषा में भी प्रथमा के एकवचन में कहीं कहीं ओ देखा जाता है, यथा—संवत्सरो अजायत (ऋग्वेदसंहिता १०, १९०, २), सो चित् (ऋग्वेदसंहिता १, १९१, १०-११)।

१०। तृतीया विभक्ति के बहुवचन में प्राकृत में देव आदि अकारान्त शब्दों के रूप देवेहि, गंभीरेहि, जेट्ठेहि आदि होते हैं; वैदिक साहित्य में भी इसीके अनुरूप देवेभिः, गम्भीरेभिः, ज्येष्ठेभिः आदि रूप मिलते हैं।

११। प्राकृत की तरह वैदिक भाषा में भी चतुर्थी के स्थान में षष्ठी विभक्ति होती है *।

---

* "चतुर्थ्यर्थे बहुलं छन्दसि" (पाणिनि-व्याकरण २, ३, ६२)।

१२। प्राकृत में पञ्चमी के एकवचन में देवा, वच्छा, जिणा आदि रूप होते हैं; वैदिक साहित्य में भी इसी तरह के उच्चा, नीचा, पश्चा प्रभृति उपलब्ध होते हैं।

१३। प्राकृत में द्विवचन के स्थान में बहुवचन ही होता है; वैदिक भाषा में भी इस तरह के अनेकों प्रयोग मौजुद हैं, यथा—'इन्द्रावरुणौ' के स्थान में 'इन्द्रावरुणा', 'मित्रावरुणौ' की जगह 'मित्रावरुणा', 'यौ सुरथौ रथितमौ दिविस्पृशावश्विनौ' के बदले 'या सुरथा रथीतमा दिविस्पृशा अश्विना', 'नरौ हे' के स्थल में 'नरा हे' आदि।

इस तरह अनेक युक्ति और प्रमाणों से यह साबित होता है कि प्राकृत की उत्पत्ति वैदिक अथवा लौकिक संस्कृत से नहीं, किन्तु वैदिक संस्कृत की उत्पत्ति जिस प्रथम स्तर की प्रादेशिक प्राकृत भाषा से पूर्व में कही गई है उसीसे हुई है। इससे यहाँ पर इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि संस्कृत के अनेक आलंकारिकों ने और प्राकृत के प्रायः समस्त वैयाकरणों ने 'तत्' शब्द से संस्कृत को लेकर 'तद्भव' शब्द का जो व्यवहार 'संस्कृतभव' अर्थ में किया है वह किसी तरह संगत नहीं हो सकता। इसलिए यहाँ 'तत्' शब्द से संस्कृत के स्थान में वैदिक काल के प्राकृत का ग्रहण कर 'तद्भव' शब्द का प्रयोग 'वैदिक काल के प्राकृत से जो शब्द संस्कृत में लिया गया है उससे उत्पन्न' इसी अर्थ में करना चाहिए। संस्कृत शब्द और प्राकृत तद्भव शब्द इन दोनों का साधारण मूल वैदिक काल का प्राकृत अर्थात् पूर्वोक्त प्राथमिक प्राकृत या प्रथम स्तर का प्राकृत है। इससे जहाँ पर 'तद्भव' शब्द का सैद्धान्तिक अर्थ 'संस्कृतभव' नहीं, किन्तु 'वैदिक काल के प्राकृत से उत्पन्न' यही समझना चाहिए।

द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं का उत्पत्ति-क्रम और उनके प्रधान भेद।

जब उपर्युक्त कथन के अनुसार वैदिक तथा लौकिक संस्कृत और समस्त प्राकृत भाषाओं का मूल एक ही है और वैदिक तथा लौकिक संस्कृत द्वितीय स्तर की सभी प्राकृत भाषाओं से प्राचीन है, तब यह कहने की कोई आवश्यकता नहीं है कि द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं के उत्पत्ति-क्रम का निर्णय एकमात्र उसी सादृश्य के तारतम्य पर निर्भर करता है जो उभय संस्कृत और प्राकृत तद्भव शब्दों में पाया जाता है। जिस प्राकृत भाषा के तद्भव शब्दों का वैदिक और लौकिक संस्कृत के साथ जितना अधिक सादृश्य होगा वह उतनी ही प्राचीन और जिसके तद्भव शब्दों का उभय संस्कृत के साथ जितना अधिक भेद होगा वह उतनी ही अर्वाचीन मानी जा सकती है, क्योंकि अधिक भेद के उत्पन्न होने में समय भी अधिक लगता है यह निर्विवाद है।

द्वितीय स्तर की जिन प्राकृत भाषाओं ने साहित्य में अथवा शिलालेखों में स्थान पाया है उनके शब्दों की वैदिक और लौकिक संस्कृत के साथ, उपर्युक्त पद्धति से तुलना करने पर, जो भेद (पार्थक्य) देखने में आते हैं उनके अनुसार द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं के निम्नोक्त प्रधान भेद (प्रकार) होते हैं जो क्रम से इन तीन मुख्य काल-विभागों में बाँटे जा सकते हैं;—(१) प्रथम युग—ख्रिस्त-पूर्व चारसौ से ले कर ख्रिस्त के बाद एक सौ वर्ष तक (400 B. C. to 100 A. D.); (२) मध्ययुग—ख्रिस्त के बाद एक सौ से पाँच सौ वर्ष तक (100 A. D. to 500 A. D.); (३) शेष युग—ख्रिस्तीय पाँच सौ से एक हजार वर्ष तक (500 A. D to 1000 A. D.)।

प्रथम युग (ख्रिस्त-पूर्व ४०० से ख्रिस्त के बाद १००)।

(क) हीनयान बौद्धों के त्रिपिटक, महावंश और जातक-प्रभृति ग्रन्थों की पाली भाषा।

(ख) पैशाची और चूलिकापैशाची।

(ग) जैन अंग-ग्रन्थों की अर्धमागधी भाषा।

(घ) अंग-ग्रन्थ-भिन्न प्राचीन सूत्रों की और पउम-चरिअ आदि प्राचीन ग्रन्थों की जैन महाराष्ट्री भाषा।

(ङ) अशोक-शिलालेखों की एवं परवर्ति-काल के प्राचीन शिलालेखों की भाषा।

(च) अश्वघोष के नाटकों की भाषा।

मध्ययुग (खिस्तीय १०० से ५००)।

(क) त्रिवेन्द्रम से प्रकाशित भास-रचित कहे जाते नाटकों की और बाद के कालिदास-प्रभृति के नाटकों की शौरसेनी, मागधी और महाराष्ट्री भाषायें।

(ख) सेतुबन्ध, गाथासप्तशती आदि काव्यों की महाराष्ट्री भाषा।

(ग) प्राकृत व्याकरणों में जिनके लक्षण और उदाहरण पाये जाते हैं वे महाराष्ट्री, शौरसेनी, मागधी, पैशाची, चूलिकापैशाची भाषायें।

(घ) दिगम्बर जैन ग्रन्थों की शौरसेनी और परवर्ति-काल के श्वेताम्बर ग्रन्थों की जैन महाराष्ट्री भाषा।

(ङ) चंड के व्याकरण में निर्दिष्ट और विक्रमोर्वशी में प्रयुक्त अपभ्रंश भाषा।

शेष युग (खिस्तीय ५०० से १००० वर्ष)।

भिन्न भिन्न प्रदेशों की परवर्ती काल की अपभ्रंश भाषायें।

अब इन तीन युगों में विभक्त प्रत्येक भाषा का लक्षण और विशेष विवरण, उक्त क्रम के अनुसार (१) पालि (२) पैशाची (३) चूलिकापैशाची (४) अर्धमागधी (५) जैन महाराष्ट्री (६) अशोक-लिपि (७) शौरसेनी (८) मागधी (९) महाराष्ट्री (१०) अपभ्रंश इन शीर्षकों में क्रमशः दिया जाता है।

---

(१) पालि।

निर्देश और व्युत्पत्ति।

हीनयान बौद्धों के धर्म-ग्रन्थों की भाषा को पालि कहते हैं। कई विद्वानों का अनुमान है कि पालि शब्द 'पङ्क्ति' पर से बना है *। 'पङ्क्ति' शब्द का अर्थ है 'श्रेणी' §। प्राचीन बौद्ध लेखक अपने ग्रन्थ में धर्म-शास्त्र की वचन-पङ्क्ति को उद्धृत करते समय इसी पालि शब्द का प्रयोग करते थे, इससे बाद के समय में बौद्ध धर्म-शास्त्रों की भाषा का ही नाम पालि हुआ। अन्य विद्वानों का मत है कि पालि शब्द 'पङ्क्ति' पर से नहीं, परन्तु 'पल्लि' पर से हुआ है। 'पल्लि' शब्द असल में संस्कृत नहीं, परन्तु प्राकृत है, यद्यपि अन्य अनेक प्राकृत शब्दों की तरह यह भी पीछे से संस्कृत में लिया गया है। पल्लि शब्द जैनों के प्राचीन अंग-ग्रन्थों में भी पाया जाता है ÷। 'पल्लि' शब्द का अर्थ है ग्राम या गाँव। 'पालि' का अर्थ गावों में बोली जाती भाषा—ग्राम्य भाषा—होता है। 'पङ्क्ति' पर से 'पालि' होने की कल्पना जितनी क्लेश-साध्य है 'पल्लि' पर से 'पालि' होना उतना ही सहज-बोध्य है। इससे हमें पिछला मत ही अधिक संगत मालूम होता है। 'पालि' केवल ग्रामों की ही भाषा थी, इससे उसका यह

---

* "पङ्क्ति=पंक्ति=पंति = पयिट = पंटि=पंलि = पल्लि = पालि; अथवा पङ्क्ति = पत्ति = पट्टि = पल्लि = पालि" (पालिप्रकाश, प्रवेशक, पृष्ठ ६)।

§ "सेतुस्सिं तन्तिपन्तीसु नालियं पालि कथ्यते" (अभिधानप्रदीपिका ६६६)।

÷ देखो विपाकश्रुत पत्र ३८, ३९)।

नाम हुआ है यह बात नहीं है। बल्कि प्रदेश-विशेष के ग्रामों के तरह शहरों के भी जन-साधारण की यह भाषा थी, परन्तु संस्कृत के अनन्य-भक्त ब्राह्मणों की ही ओर से इस भाषा के तरफ अपनी स्वाभाविक घृणा × को व्यक्त करने के लिए इसका यह नाम दिया जाना और अधिक प्रसिद्ध हो जाने के कारण पीछे से बौद्ध विद्वानों का भी मागधी की जगह इस शब्द का प्रयोग करना आश्चर्य-जनक नहीं जान पड़ता।

उक्त प्राकृत भाषा-समूह में पालि भाषा के साथ वैदिक संस्कृत का अधिक सादृश्य देखा जाता है। इसी कारण से द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं में पालि भाषा सर्वापेक्षा प्राचीन मालूम पड़ती है।

उत्पत्ति-स्थान

पालि भाषा के उत्पत्ति-स्थान के बारे में विद्वानों का मत-भेद है। बौद्ध लोग इसी भाषा को मागधी कहते हैं और उनके मत से इस भाषा का उत्पत्ति-स्थान मगध देश है। परन्तु इस भाषा का मागधी प्राकृत के साथ कोई सादृश्य नहीं है। डो. कोनो (Dr. Konow) और सर ग्रियर्सन ने इस भाषा का पैशाची भाषा के साथ सादृश्य देखकर पैशाची भाषा जिस देश में प्रचलित थी उसी देश को इसका उत्पत्ति-स्थान बताया है, यद्यपि पैशाची भाषा के उत्पत्ति-स्थान के विषय में इन दोनों विद्वानों का मतैक्य नहीं है। डो. कोनो के मत में पैशाची भाषा का उत्पत्ति-स्थान विन्ध्याचल का दक्षिण प्रदेश है और सर ग्रियर्सन का मत यह है कि 'इसका उत्पत्ति-स्थान भारतवर्ष का उत्तर-पश्चिम प्रान्त है; वहाँ उत्पन्न होने के बाद संभव है कि कोकण-प्रदेश-पर्यन्त इसका विस्तार हुआ हो और वहाँ इससे पाली भाषा की उत्पत्ति हुई हो।' परन्तु पालि भाषा अशोक के गूजरात-प्रदेश-स्थित गिरनार के शिलालेख के अनुरूप होने के कारण यह मगध में नहीं, किन्तु 'भारतवर्ष के पश्चिम प्रान्त में उत्पन्न हुई है और वहाँ से सिंहल देश में ले जाई गई है' यही मत विशेष संगत प्रतीत होता है, क्योंकि निम्नोक्त उदाहरणों से पालि-भाषा का गिरनार-शिलालेख के साथ सादृश्य और पूर्व-प्रान्त-स्थित धौलि (खंडगिरि) शिलालेख के साथ पार्थक्य देखा जाता है;—

संस्कृत	पाली	गिरनारशिला०	धौलिशिला०
राज्ञः	राजिनो, रञ्ञो	राञो	लजिने
कृतम्	कतं	कतं	कडे

इस विषय में डो. सुनीतिकुमार चटर्जी का कहना है कि "÷ बुद्धदेव के समस्त उपदेश मागधी भाषा से बाद के समय में मध्यदेश (Doab) की शौरसेनी प्राकृत में अनुवादित हुए थे और वे ही ख्रिस्त-पूर्व प्रायः दो सौ वर्ष से पालि-भाषा के नाम से प्रसिद्ध हुए हैं।" किन्तु सच तो यह है कि पालि भाषा का शौरसेनी और मागधी की अपेक्षा पैशाची के साथ ही अधिक सादृश्य है जो निम्नोक्त उदाहरणों से स्पष्ट जाना जाता है।

संस्कृत	पालि	पैशाची	शौरसेनी	मागधी
* क § (लोक)	क (लोक)	क (लोक)	० (लोअ)	० (लोअ)
* ग (नग)	ग (नग)	ग (नग)	० (णअ)	० (णअ)

× "लोकायतं कुतर्कं च प्राकृतं म्लेच्छभाषितम्।
न श्रोतव्यं द्विजेनैतदधो नयति तद् द्विजम्" (गरुडपुराण, पूर्वखण्ड ९८, १७)।

÷ The Origine and Development of the Bengalee Language, VoL. I, page 57.

§ इन उदाहरणों में प्रथम वह अक्षर दिया गया है जिसका उस उस भाषा के नीचे दिये गये अक्षर में परिवर्तन होता है और अक्षर के बाद ब्राकेट में उसी अक्षर वाला शब्द स्पष्टता के लिए दिया गया है।

* स्वर वर्णों के मध्यवर्ती असंयुक्त वर्ण।

संस्कृत	पालि	पैशाची	शौरसेनी	मागधी
* च (शची)	च (सची)	च (सची)	० (सई)	० (शई)
* ज (रजत)	ज (रजत)	ज (रजत)	० (रअद)	० (लअद)
* त (कृत)	त (कत)	त (कत)	द (कद)	ड (कड)
र (कर)	र (कर)	र (कर)	र (कर)	ल (कल)
श (वश)	स (वस)	स (वस)	स (वस)	श (वश)
ष (मेष)	स (मेस)	स (मेस)	स (मेस)	श (मेश)
स (सारस)	स (सारस)	स (सारस)	स (सारस)	श (शालश)
न (वचन)	न (वचन)	न (वचन)	ण (वअण)	ण (वअण)
ट्ट (पट्ट)	ट्ट (पट्ट)	ट्ट (पट्ट)	ट्ट (पट्ट)	स्ट (पस्ट)
र्थ (अर्थ)	त्थ (अत्थ)	त्थ (अत्थ)	त्थ (अत्थ)	स्त (अस्त)
† स् (वृक्षः)	ओ (रुक्खो)	ओ (रुक्खो)	ओ (रुक्खो)	ए (लुक्खे)

उत्पत्ति-समय।

पालि भाषा की उत्पत्ति का समय ख्रिस्त के पूर्व षष्ठ शताब्दी कहा जाता है, किन्तु वह काल बुद्धदेव की सम-सामयिक कथ्य मागधी भाषा का हो सकता है। पालि कथ्य भाषा नहीं, परन्तु बौद्ध धर्म-साहित्य की भाषा है। संभवतः यह भाषा ख्रिस्त के पूर्व चतुर्थ या पञ्चम शताब्दी में पश्चिम भारत में उत्पन्न हुई थी।

इस पालि-भाषा से आधुनिक सिंहली भाषा की उत्पत्ति हुई है।

प्राकृत शब्द से साधारणतः पालि-भिन्न अन्य भाषायें ही समझी जाती हैं। इससे, और पालि भाषा के अनेक स्वतन्त्र कोष होने से, प्रस्तुत कोष में पालि भाषा के शब्दों को स्थान नहीं दिया गया है। इस लिए पालि भाषा की विशेष आलोचना करने की यहाँ आवश्यकता नहीं है।

---

(२) पैशाची।

निदर्शन।

गुणाढ्य ने ‡ बृहत्कथा पैशाची भाषा में लिखी थी, जो लुप्त हो गई है। इस समय पैशाची भाषा के उदाहरण प्राकृतप्रकाश, आचार्य हेमचन्द्र का प्राकृतव्याकरण, षड्भाषाचन्द्रिका, प्राकृत-सर्वस्व और संक्षिप्तसार आदि प्राकृत-व्याकरणों में, आचार्य हेमचन्द्र के कुमारपाल-चरित तथा § काव्यानुशासन में, मोहराजपराजय-नामक नाटक में और दोपक षड्भाषास्तोत्रों में मिलते हैं।

भरत के नाट्यशास्त्र में पैशाची नाम का उल्लेख देखने में नहीं आता है, परन्तु इसके परवर्ती ÷ रुद्रट, × केशवमिश्र आदि संस्कृत के आलंकारिकों ने इसका उल्लेख किया है। वाग्भट ने इस भाषा को $ 'भूतभाषित' के नाम से अभिहित की है।

---

* स्वर वर्णों के मध्यवर्ती असंयुक्त वर्ण। † पुंलिंग में प्रथमा के एकवचन का प्रत्यय।

‡ आचार्य उद्द्योतन की कुवलय-माला में, दण्डी के काव्यादर्श में, बाण के हर्षचरित में, धनञ्जय के दशरूपक में, सुबन्धु की वासवदत्ता में और अन्यान्य प्राकृत-संस्कृत ग्रन्थों में इसका उल्लेख पाया जाता है। क्षेमेन्द्र-कृत बृहत्कथामञ्जरी और सोमदेवभट्ट-प्रणीत कथासरित्सागर इसी बृहत्कथा का संस्कृत अनुवाद है। इस बृहत्कथा के ही भिन्न भिन्न अंशों के आधार पर बाण, श्रीहर्ष, भवभूति आदि संस्कृत के महाकवियों के कादम्बरी, रत्नावली, मालतीमाधव-प्रभृति अनेक संस्कृत ग्रन्थों की रचना की गई है।

§ पृष्ठ २२६; २३३। ÷ काव्यालङ्कार २, १२। × "संस्कृतं प्राकृतं चैव पैशाची मागधी तथा" (अलङ्कार-शेखर, पृष्ठ ५)। $ "संस्कृतं प्राकृतं तस्यापभ्रंशो भूतभाषितम्" (वाग्भटालङ्कार २, १)

७। यादृश आदि शब्दों का द परिणत होता है ति में; यथा—यादृश=यातिस; सदृश=सतिस।

नाम-विभक्ति।

१। अकारान्त शब्द की पञ्चमी का एकवचन आतो और आतु होता है; जैसे—जिनातो, जिनातु।

आख्यात।

१। शौरसेनी के दि और दे प्रत्ययों को जगह ति और ते होता है; यथा—गच्छति, गच्छते; रमति, रमते।
२। भविष्य-काल में स्सि के बदले एय्य होता है; जैसे—भविष्यति=हुवेय्य।
३। भाव और कर्म में ईअ तथा इज के स्थान में इय्य होता है, यथा—पठ्यते=पठिय्यते, हसिय्यते।

कृदन्त।

१। त्वा प्रत्यय के स्थान में कहीं तून और कहीं त्थून और द्धून होते हैं; यथा पठित्वा=पठितून; गत्वा=गन्तून; नष्ट्वा=नत्थून, नद्धून; तष्ट्वा=तत्थून, तद्धून।

---

(३) चूलिकापैशाची।

चूलिकापैशाची भाषा के लक्षण आचार्य हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत-व्याकरण में और पंडित लक्ष्मीधर ने अपनी षड्भाषाचन्द्रिका में दिये हैं। आचार्य हेमचन्द्र के कुमारपालचरित और काव्यानुशासन में इस भाषा के निदर्शन पाये जाते हैं। इनके अतिरिक्त हम्मीर-मदमर्दन-नामक नाटक में और दोएक छोटे २ षड्भाषास्तोत्रों में भी इसके कुछ नमूने देखने में आते हैं।

निदर्शन।

प्राकृतलक्षण, प्राकृतप्रकाश, संक्षिप्तसार और प्राकृतसर्वस्व वगैरः प्राकृत-व्याकरणों में और संस्कृत के अलंकार-ग्रन्थों में चूलिकापैशाची का कोई उल्लेख नहीं है; अथ च आचार्य हेमचन्द्र ने और पं. लक्ष्मीधर ने चूलिकापैशाची के जो लक्षण दिये हैं वे चंड, वररुचि, क्रमदीश्वर और मार्कण्डेय-प्रभृति वैयाकरणों ने पैशाची भाषा के लक्षणों में ही अन्तर्गत किये हैं। इससे यह स्पष्ट जाना जाता है कि उक्त वैयाकरण-गण चूलिकापैशाची को पैशाची भाषा के अन्तर्भूत ही मानते थे, स्वतन्त्र भाषा के रूप में नहीं। आचार्य हेमचन्द्र भी अपने अभिधानचिन्तामणि-नामक संस्कृत कोष-ग्रन्थ के "भाषाः षट् संस्कृतादिकाः" (काण्ड २, १९९) इस वचन को "संस्कृतप्राकृतमागधीशौरसेनीपैशाच्यपभ्रंशलक्षणाः" यह व्याख्या करते हुए चूलिकापैशाची का अलग उल्लेख नहीं करते हैं। इससे मालूम पड़ता है कि वे भी चूलिकापैशाची को पैशाची का ही एक भेद मानते हैं। हमारा भी यही मत है। इससे यहाँ पर इस विषय में पैशाची भाषा के अनन्तरोक्त विवरण से कुछ अधिक लिखने की आवश्यकता नहीं रहती। सिर्फ, आचार्य हेमचन्द्र ने और उन्हीं का पूरा अनुसरण कर पं. लक्ष्मीधर ने इस भाषा के जो लक्षण दिये हैं वे नीचे उद्धृत किये जाते हैं। इनके सिवा सभी अंशों में इस भाषा का पैशाची से कोई पार्थक्य नहीं है।

पैशाची में इसका अन्तर्भाव।

लक्षण।

१। वर्ग के तृतीय और चतुर्थ अक्षरों के स्थान में क्रमशः प्रथम और द्वितीय होता है*; यथा—नगर=नकर, व्याघ्र=वक्ख, राजा=राचा, निर्झर=निच्छर, तडाग=तटाक, ढक्का=ठक्का; मदन=मतन, मधुर=मथुर, बालक=पालक, भगवती=फकवती।
२। र के स्थान में वैकल्पिक ल होता है, यथा—रुद्र=लुद्द, रुद्द।

---

* अन्य वैयाकरणों के मत से यह नियम शब्द के आदि के अक्षरों में लागू नहीं होता है (हे० प्रा० ४, ३२७)।

(४) अर्धमागधी।

प्राचीन जैन सूत्रों की भाषा अर्धमागधी।

भगवान महावीर अपना धर्मोपदेश अर्धमागधी भाषा में देते थे *। इसी उपदेश के अनुसार उनके समसामयिक गणधर श्रीसुधर्मस्वामी ने अर्धमागधी भाषा में ही आचाराङ्ग-प्रभृति सूत्र-ग्रन्थों की रचना की थी ‡। ये ग्रन्थ उस समय लिखे नहीं गये थे, परन्तु शिष्य-परम्परा से कण्ठ-पाठ द्वारा संरक्षित होते थे। दिगम्बर जैनों के मत से ये समस्त ग्रन्थ विलुप्त हो गये हैं, परन्तु श्वेताम्बर जैन दिगम्बरों के इस मन्तव्य से सहमत नहीं हैं। श्वेताम्बरों के मत के अनुसार ये सूत्र-ग्रन्थ महावीर-निर्वाण के बाद ६८० अर्थात् खिस्ताब्द ४५४ में वलभी (वर्तमान वळा, काठियावाड) में श्रीदेवर्द्धिगणि क्षमाश्रमण ने वर्तमान आकार में लिपिबद्ध किये। उस समय लिखे जाने पर भी इन ग्रन्थों की भाषा प्राचीन है। इसका एक कारण यह है कि जैसे ब्राह्मणों ने कण्ठ-पाठ-द्वारा बहु-शताब्दी-पर्यन्त वेदों की रक्षा की थी वैसे ही जैन मुनिओं ने भी अपनी शिष्य-परम्परा से मुख-पाठ-द्वारा करीब एक हजार वर्ष तक अपने इन पवित्र ग्रन्थों को याद रखा था। दूसरा यह है कि जैन धर्म में सूत्र-पाठों के शुद्ध उच्चारण के लिए खूब जोर दिया गया है, यहाँ तक कि मात्रा या अक्षर के भी अशुद्ध या विपरीत उच्चारण करने में दोष माना गया है। तिस पर भी सूत्र-ग्रन्थों की भाषा का सूक्ष्म निरीक्षण करने से इस बात का स्वीकार करना ही पड़ेगा कि भगवान महावीर के समय को अर्धमागधी भाषा के इन ग्रन्थों में, अज्ञातभाव से ही क्यों न हो, भाषा-विषयक परिवर्तन अवश्य हुआ है। यह परिवर्तन होना असंभव भी नहीं है, क्योंकि ये सूत्र-ग्रन्थ वेदों की तरह शब्द-प्रधान नहीं, किन्तु अर्थ-प्रधान हैं। इतना ही नहीं, बलिक ये ग्रन्थ जन-साधारण के बोध के लिए ही उस समय की कथ्य भाषा में रचे गये थे § और कथ्य भाषा में समय गुजरने के साथ साथ अवश्य होने वाले परिवर्तन का प्रभाव, कण्ठ-पाठ के रूप में स्थित इन सूत्रों की भाषा पर पड़ना, अन्ततः उस उस समय के लोगों को समझाने के उद्देश्य से भी, आश्चर्यकर नहीं है। इसके सिवा, भाषा-परिवर्तन का यह भी एक मुख्य कारण माना जा सकता है कि भगवान महावीर के निर्वाण से करीब दो सौ वर्ष के बाद (खिस्त-पूर्व ३१०) चन्द्रगुप्त के राजत्व-काल में मगध देश में बारह वर्षों का सुदीर्घ अकाल पड़ने पर साधु लोगों को निर्वाह के लिए समुद्र-तीर-वर्ती प्रदेश (दक्षिण देश) में जाना पड़ा था ÷। उस समय वे सूत्र-ग्रन्थों का परिशीलन न कर सकने के कारण उन्हें भूल से गये थे। इससे अकाल के बाद पाटलिपुत्र में संघ ने एकत्रित होकर जिस जिस साधु को जिस जिस अङ्ग-ग्रन्थ का जो जो अंश जिस जिस आकार में याद रह गया था, उस उस से उस उस अङ्ग-ग्रन्थ के उस उस अंश को उस उस रूप में

---

* "भगवं च णं अद्धमागहीए भासाए धम्ममाइक्खइ" (समवायाङ्ग सूत्र, पत्र ६०)।
"तए णं समणे भगवं महावीरे कूणिअस्स रण्णो भिंभिसारपुत्तस्स......अद्धमागहाए भासाए भासइ।......सा वि य णं अद्धमागहा भासा तेसिं सव्वेसिं आरियमणारियाणं अप्पणो सभासाए परिणामेणं परिणमइ" (औपपातिक सूत्र)।

‡ "अत्थं भासइ अरिहा, सुत्तं गंथंति गणहरा निउणं" (आवश्यकनिर्युक्ति)।

§ "मुत्तूण दिट्ठिवायं कालियउक्कालियंगसिद्धंतं।
थीबालवायणत्थं पाययमुइयं जिणवरेहिं ॥"
(आचारदिनकर में श्रीवर्धमानसूरि ने उद्धृत की हुई प्राचीन गाथा)।

"बालस्त्रीमन्दमूर्खाणां नृणां चारित्रकाङ्क्षिणाम्।
अनुग्रहार्थं तत्त्वज्ञैः सिद्धान्तः प्राकृतः कृतः ॥"
(हरिभद्रसूरि की दशवैकालिक टीका में और हेमचन्द्र के काव्यानुशासन में उद्धृत प्राचीन श्लोक)

÷ देखो Annual Report of Asiatic Society, Bengal, 1893 में डो. होर्नलि का लेख।

प्राप्त कर ग्यारह अङ्ग-ग्रन्थों का संकलन किया *। इस घटना से जैसे अङ्ग-ग्रन्थों की भाषा के परिवर्तन का कारण समझ में आ सकता है, वैसे इन ग्रन्थों की अर्धमागधी भाषा में, मगध के पार्श्ववर्ती प्रदेशों की भाषाओं की तुलना में, दूरवर्ती महाराष्ट्र प्रदेश की भाषा का जो अधिक साम्य देखा जाता है उसके कारण का भी पता चलता है। जब ऐतिहासिक प्रमाणों से यह बात सिद्ध है कि दक्षिण प्रदेश में प्राचीन काल में जैन धर्म का अच्छी तरह प्रचार और प्रभाव हुआ था तब यह अनुमान करना अयुक्त नहीं है कि उक्त दीर्घकालिक अकाल के समय साधु लोग समुद्र-तीर-वर्ती इस दक्षिण देश में ही गये थे और वहाँ उन्होंने उपदेश-द्वारा जैन धर्म का प्रचार किया था। यह कहने को कोई आवश्यकता नहीं है कि उक्त साधुओं को दक्षिण प्रदेश में उस समय जो भाषा प्रचलित थी उसका अच्छी तरह ज्ञान हो गया था, क्योंकि उसके बिना उपदेश-द्वारा धर्म-प्रचार का कार्य वे कर ही नहीं सकते थे। इससे यह असंभव नहीं है कि उन साधुओं की इस नव-परिचित भाषा का प्रभाव, उनके कण्ठ-स्थित सूत्रों की भाषा पर भी पड़ा था। इसी प्रभाव को लेकर उनमेंसे कईएक साधु-लोग पाटलिपुत्र के उक्त संमेलन में उपस्थित हुए थे, जिससे अङ्गों के पुनः संकलन में उस प्रभाव ने न्यूनाधिक अंश में स्थान पाया था।

उक्त घटना से करीब आठ सौ वर्षों के बाद वलभी (सौराष्ट्र) और मथुरा में जैन ग्रन्थों को लिपि-बद्ध करने के लिए मुनि-संमेलन किये गये थे, क्योंकि इन सूत्र-ग्रन्थों का और उस समय तक अन्य जो जैन ग्रन्थ रचे गये थे उनका भी क्रमशः विस्मरण हो चला था और यदि वही दशा कुछ अधिक समय तक चालू रहती तो समग्र जैन शास्त्रों के लोप हो जाने का डर था जो वास्तव में सत्य था। संभवतः इस समय तक जैन साधुओं का भारतवर्ष के अनेक प्रदेशों में विस्तार हो चुका था और इन समस्त प्रदेशों से अल्पाधिक संख्या में आकर साधु लोगों ने इन संमेलनों में योग-दान किया था। भिन्न भिन्न प्रदेशों से आगत इन मुनिओं से जो ग्रन्थ अथवा ग्रन्थ के अंश जिस रूप में प्राप्त हुआ उसी रूप में वह लिपि-बद्ध किया गया। उक्त मुनिओं के भिन्न भिन्न प्रदेशों में चिर-काल तक विचरने के कारण उन प्रदेशों की भिन्न भिन्न भाषाओं का, उच्चारणों का और विभिन्न प्राकृत भाषाओं के व्याकरणों का कुछ-न-कुछ अलक्षित प्रभाव उनके कण्ठ-स्थित धर्म-ग्रन्थों की भाषा पर भी पड़ना अनिवार्य था। यही कारण है कि अंग-ग्रन्थों में, एक ही अङ्ग-ग्रन्थ के भिन्न भिन्न अंशों में और कहीं कहीं तो एक ही अंग-ग्रन्थ के एक ही वाक्य में परस्पर भाषा-भेद नजर आता है। संभवतः भिन्न भिन्न प्रदेशों की भाषाओं के प्रभाव से युक्त इसी भाषा-भेद को लक्ष्य में लेकर खिस्त की सप्तम शताब्दी के ग्रन्थकार श्रीजिनदासगणि ने अपनी निशीथचूर्णि में अर्धमागधी भाषा का "अट्ठारसदेसीभासानियतं वा अद्धमागहं" यह वैकल्पिक लक्षण किया है। भाषा-परिवर्तन के उक्त अनेक प्रबल कारण उपस्थित होने पर भी अंग-ग्रन्थों की अर्धमागधी भाषा में, पाटलिपुत्र के संमेलन के बाद से, आमूल या अधिक परिवर्तन न होकर उसके बदले जो सूक्ष्म या अल्प हो भाषा-भेद हुआ है और सैंकड़ो की तादाद में उसके प्राचीन रूप अपने असल आकार में जो संरक्षित रह सके हैं उसका श्रेयः सूत्रों के अशुद्ध उच्चारण आदि के लिए प्रदर्शित पाप-बन्ध के उस धार्मिक नियम को है जो संभवतः पाटलीपुत्र के संमेलन के बाद निर्मित या दृढ किया गया था।

---

* "इतश्च तस्मिन् दुष्काले कराले कालरात्रिवत्। निर्वाहार्थं साधुसङ्घस्तीरं नीरनिधेर्ययौ ॥ ५५ ॥
अगुण्यमानं तु तदा साधूनां विस्मृतं श्रुतम्। अनभ्यसनतो नश्यत्यधीतं धीमतामपि ॥ ५६ ॥
संघोऽथ पाटलीपुत्रे दुष्कालान्तेऽखिलोऽमिलत्। यदङ्गाध्ययनोद्देशाद्यासीद् यस्य तदाददे ॥ ५७ ॥
ततश्चैकादशाङ्गानि श्रीसंघोऽमेलयत् तदा। दृष्टिवादनिमित्तं च तस्थौ किञ्चिद् विचिन्तयन् ॥ ५८ ॥
नेपालदेशमार्गस्थं भद्रबाहुं च पूर्विणम्। ज्ञात्वा संघः समाह्वातुं ततः प्रैषीन्मुनिद्वयम् ॥ ५९ ॥"
(स्थविरावलीचरित, सर्ग ९)।

यहाँ पर प्रसङ्ग-वश इस बात का उल्लेख करना उचित प्रतीत होता है कि *समवायाङ्ग सूत्र में निर्दिष्ट अङ्ग-ग्रन्थ-संबन्धी विषय और परिमाण का वर्तमान अङ्ग-ग्रन्थों में कहीं कहीं जो थोड़ा-बहुत क्रमशः विसंवाद और ह्रास पाया जाता है और अङ्ग-ग्रन्थों में ही बाद के § उपाङ्ग-ग्रन्थों का और बाद की ÷ घटनाओं का जो उल्लेख दृष्टिगोचर होता है उसका समाधान भी हमको उक्त संमेलनों की घटनाओं से अच्छी तरह मिल जाता है।

अर्धमागधी और आर्ष एक हैं।

×समवायाङ्ग सूत्र, व्याख्याप्रज्ञप्ति सूत्र, औपपातिक सूत्र और प्रज्ञापना सूत्र में तथा अन्यान्य प्राचीन जैन ग्रन्थों में जिस भाषा को अर्धमागधी नाम दिया गया है, + स्थानाङ्ग-सूत्र और अनुयोगद्वारसूत्र में जिस भाषा को 'ऋषिभाषिता' कहा गया है और संभवतः इसी 'ऋषिभाषिता' पर से $ आचार्य हेमचन्द्र आदि ने जिस भाषा की 'आर्ष (ऋषिओं की भाषा)' संज्ञा रखी है वह वस्तुतः एक ही भाषा है अर्थात् अर्धमागधी, ऋषिभाषिता और आर्ष ये तीनों एक ही भाषा के भिन्न भिन्न नाम हैं, जिनमें पहला उसके उत्पत्ति-स्थान से और बाकी के दो उस भाषा को सर्व-प्रथम साहित्य में स्थान देने वालों से संबन्ध रखते हैं। जैन सूत्रों की भाषा यही अर्धमागधी, ऋषिभाषिता या आर्ष है। आचार्य हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत-व्याकरण में आर्ष प्राकृत के जो लक्षण और उदाहरण बताये हैं उनसे तथा "अत एत् सौ पुंसि मागध्याम् ¶" (हे० प्रा० ४, २८७) इस

---

* समवायाङ्ग सूत्र, पत्र १०६ से १२५।

§ "जहा पन्नवणाए पढमए आहारुद्देसए" (व्याख्याप्रज्ञप्ति सूत्र १, १—पत्र १९)।

÷ देखो स्थानाङ्ग सूत्र, पत्र ४१० में वर्णित निह्नव-स्वरूप।

× देखो पृष्ठ १९ में दिया हुआ समवायाङ्ग सूत्र और औपपातिकसूत्र का पाठ।

"देवा णं भंते ! कयराए भासाए भासंति ? कयरा वा भासा भासिज्जमाणी विसिस्सति ? गोयमा ! देवा णं अद्धमागहाए भासाए भासंति, सावि य णं अद्धमागहा भासा भासिज्जमाणी विसिस्सति।" (व्याख्याप्रज्ञप्तिसूत्र ५, ४—पत्र २२१)।

"से किं तं भासारिया ? भासारिया जे णं अद्धमागहाए भासाए भासंति" (प्रज्ञापनासूत्र १—पत्र ६२)।

"मगहद्धविसयभासाणिबद्धं अद्धमागहं, अट्ठारसदेसीभासाणियं वा अद्धमागहं" (निशीथचूर्णि)।

"आरिसवयणे सिद्धं देवाणं अद्धमागहा वाणी" (काव्यालंकार की नमिसाधुकृतटीका २, १२)।

"सर्वार्धमागधीं सर्वभाषासु परिणामिनीम्।
सर्वेषां सर्वतो वाचं सार्वज्ञीं प्रणिदध्महे ॥" (वाग्भट्काव्यानुशासन, पृष्ठ २)।

\+ "सक्कता पागता चेव दुहा भणितीओ आहिया।
सरमंडलम्मि गिज्जंते पसत्था इसिभासिता ॥" (स्थानाङ्गसूत्र ७—पत्र ३९४)।

"सक्कया पायया चेव भणिईओ होंति दोण्णि वा।
सरमंडलम्मि गिज्जंते पसत्था इसिभासिआ ॥" (अनुयोगद्वारसूत्र, पत्र १३१)।

$ देखो हेमचन्द्र-प्राकृतव्याकरण का सूत्र १, ३।

"आर्षोत्थमार्षतुल्यं च द्विविधं प्राकृतं विदुः" (प्रेमचन्द्रतर्कवागीश ने काव्यादर्शटीका १, ३३ में उद्धृत किया हुआ पद्यांश)।

¶ मागधी भाषा में अकारान्त पुंलिंग शब्द के प्रथमा के एकवचन में 'ए' होता है।

सूत्र की व्याख्या में जो "* यदपि § "पोराणमद्धमागहभासानिययं हवइ सुत्तं ÷" इत्यादिना आर्षस्य अर्धमागध-भाषानियतत्वमाम्नायि वृद्धैस्तदपि प्रायोऽस्यैव विधानात्, न वक्ष्यमाणलक्षणस्य" यह कह कर उसी के अनन्तर जो दशवैकालिक सूत्र से उद्धृत "कयरे आगच्छइ, से तारिसे जिइंदिए" यह उदाहरण दिया है उससे उक्त बात निर्विवाद सिद्ध होती है।

डो. जेकोबी ने प्राचीन जैन सूत्रों की भाषा को प्राचीन महाराष्ट्री कह कर 'जैन महाराष्ट्री' नाम दिया है ×। डो. पिशल ने अपने सुप्रसिद्ध प्राकृत-व्याकरण में डो. जेकोबी की इस बात का सप्रमाण खंडन किया है और यह सिद्ध किया है कि आर्ष और अर्धमागधी इन दोनों में परस्पर भेद नहीं है, एवं प्राचीन जैन सूत्रों की—गद्य और पद्य दोनों की—भाषा परम्परागत मत के अनुसार अर्धमागधी है +। परवर्ती काल के जैन प्राकृत ग्रन्थों की भाषा अल्पांश में अर्धमागधी की और अधिकांश में महाराष्ट्री की विशेषताओं से युक्त होने के कारण 'जैन महाराष्ट्री' कही जा सकती है; परन्तु प्राचीन जैन सूत्रों की भाषा को, जो शौरसेनी आदि भाषाओं की अपेक्षा महाराष्ट्री से अधिक साम्य रखती हुई भी, अपनी उन अनेक खासियतों से परिपूर्ण है जो महाराष्ट्र आदि किसी प्राकृत में दृष्टिगोचर नहीं होती हैं, यह (जैन महाराष्ट्री) नाम नहीं दिया जा सकता।

अर्धमागधी महाराष्ट्री से भिन्न है।

पंडित बेचरदास अपने गूजराती प्राकृत-व्याकरण की प्रस्तावना में जैन सूत्रों की अर्धमागधी भाषा को $ प्राकृत (महाराष्ट्री) सिद्ध करने की विफल चेष्टा करते हुए डो. जेकोबी से भी दो कदम आगे बढ़ गये हैं, क्योंकि डो. जेकोबी जब इस भाषा को प्राचीन महाराष्ट्री—साहित्य-निबद्ध महाराष्ट्री से पुरातन महाराष्ट्री—बताते हैं तब पंडित बेचरदास, प्राकृत भाषाओं के इतिहास जानने की तनिक भी परवा न रखकर, अर्वाचीन महाराष्ट्री से इस प्राचीन अर्धमागधी को अभिन्न सिद्ध करने जा रहे हैं! पंडित बेचरदास ने अपने सिद्धान्त के समर्थन में जो दलीलें पेश की हैं वे अधिकांश में भ्रान्त संस्कारों से उत्पन्न होने के कारण कुछ महत्त्व न रखती हुई भी कुतूहल-जनक अवश्य हैं। उन दलीलों का सारांश यह है—(१) अर्धमागधी में महाराष्ट्री से मात्र दो चार रूपों की ही विशेषता; (२) आचार्य हेमचन्द्र का इस भाषा के लिए स्वतन्त्र व्याकरण या शौरसेनी आदि की तरह अलग अलग सूत्र न बनाकर प्राकृत (महाराष्ट्री) या आर्ष प्राकृत में ही इसको अन्तर्गत करना; (३) इसमें मागधी भाषा की कतिपय विशेषताओं का अभाव; (४) निशीथचूर्णिकार

---

* इसका अर्थ यह है कि प्राचीन आचार्यों ने "पुराना सूत्र अर्धमागधी भाषा में नियत है" इत्यादि वचन-द्वारा आर्ष भाषा को जो अर्धमागधी भाषा कही है वह प्रायः मागधी भाषा के इसी एक एकारवाले विधान को लेकर, न कि आगे कहे जाने वाले मागधी भाषा के अन्य लक्षण के विधान को लेकर।

§ इसी वचन के आधार पर डो. होर्नलि का चण्ड-कृत प्राकृतलक्षण के इन्ट्रोडक्शन (पृष्ठ १८-१९) में यह लिखना कि हेमचन्द्र के मत में 'पोराण' आर्ष प्राकृत का एक नाम है, भ्रम-पूर्ण है, क्योंकि यहाँ पर 'पोराण' यह सूत्र का ही विशेषण है, भाषा का नहीं।

÷ आवश्यकसूत्र के पारिष्ठापनिकाप्रकरण (दे० ला०पु०फं० पत्र १२८) में यह संपूर्ण गाथा इस तरह है :—
"पुव्वावरसंजुत्तं वेरग्गकरं सतंतमविरुद्धं। पोराणमद्धमागहभासानिययं हवइ सुत्तं॥"

× Kalpa Sutra, Sacred Books of the East, VoL. XII.

+ Grammatik der Prākrit-Sprachen, § 16-17.

$ जैसे आचार्य हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत-व्याकरण में महाराष्ट्री भाषा के अर्थ में प्राकृत शब्द का प्रयोग किया है वैसे पंडित बेचरदास ने भी अपने प्राकृत-व्याकरण में, जो केवल हेमाचार्य के ही प्राकृत-व्याकरण के आधार पर रचा गया है, सर्वत्र साहित्यिक महाराष्ट्री के ही अर्थ में प्राकृत शब्द का व्यवहार किया है।

के अर्धमागधी के दोनों में एक भी लक्षण की इसमें असंगति; (५) प्राचीन जैन ग्रन्थों में इस भाषा का 'प्राकृत' शब्द से निर्देश; (६) नाट्य-शास्त्र में और प्राकृत-व्याकरणों में निर्दिष्ट अर्धमागधी के साथ प्रस्तुत अर्धमागधी की असमानता।

प्रथम दलील के उत्तर में हमें यहाँ अधिक कहने की कोई आवश्यकता नहीं, इसी प्रकरण के अन्त में महाराष्ट्री से अर्धमागधी की विशेषताओं की जो संक्षिप्त सूची दी गई है वही पर्याप्त है। इसके अतिरिक्त डो. बनारसीदासजी की "अर्धमागधी रीडर" मुनि श्रीरत्नचन्द्रजी की "जैन सिद्धान्त-कौमुदी" और डो. पिशल का प्राकृत-व्याकरण मौजुद हैं जिनमें क्रमशः अधिकाधिक संख्या में अर्धमागधी की विशेषताओं का संग्रह है। आचार्य हेमचन्द्र के ही प्राकृत-व्याकरण के "आर्षम्" सूत्र से, इसकी स्पष्ट और सर्व-भेद-ग्राही व्यापक * व्याख्या से और जगह जगह † किये हुए आर्ष के सोदाहरण उल्लेखों से दूसरी दलील की निर्मूलता सिद्ध होती है। यदि आचार्य हेमचन्द्र ने ही निर्दिष्ट की हुई दो-एक विशेषताओं के कारण चूलिकापैशाची अलग भाषा मानी जा सकती है, अथवा आठ-दस विशेषतओं को ले कर शौरसेनी, मागधी और पैशाची भाषाओं को भिन्न भिन्न भाषा स्वीकार करने में आपत्ति नहीं की जा सकती, तो कोई वजह नहीं है कि उसी वैयाकरण ने प्रकारान्तर से अथच स्पष्ट रूप से बताई हुई वैसी ही अनेक विशेषतओं के कारण आर्ष या अर्धमागधी भी भिन्न भाषा न कही जाय। तीसरी दलील की जड़ यह भ्रान्त संस्कार है कि "वही भाषा अर्धमागधी कही जाने योग्य हो सकती है जिसमें मागधी भाषा का आधा अंश हो'। इसी भ्रान्त संस्कार के कारण चौथी दलील में उद्धृत निशीथचूर्णि के अर्धमागधी के प्रथम लक्षण का सत्य और सीधा अर्थ भी उक्त पंडितजी की समझ में नहीं आया है। इस भ्रान्त संस्कार का निराकरण और निशीथचूर्णिकार ने बताये हुए अर्धमागधी के प्रथम लक्षण का और उसके वास्तविक अर्थ का निर्देश इसी प्रकरण में आगे चलकर अर्धमागधी के मूल की आलोचना के समय किया जायगा, जिससे इन दोनों दलीलों के उत्तरों को यहाँ दुहराने की आवश्यकता नहीं है। पाँचवीं दलील भी प्राचीन आचार्यों ने जैन सूत्र-ग्रन्थों की भाषा के अर्थ में प्रयुक्त किये हुए 'प्राकृत' शब्द को 'महाराष्ट्री' के अर्थ में घसीटने से ही हुई है। मालुम पड़ता हैं, पंडितजी ने जैसे अपने व्याकरण में 'प्राकृत' शब्द को केवल महाराष्ट्री के लिए रिझर्व कर रखा है वैसे सभी प्राचीन आचार्यों के 'प्राकृत' शब्द को भी वे एकमात्र महाराष्ट्री के ही अर्थ में मुकरर किया हुआ समझ बैठे हैं ‡। परन्तु यह समझ गलत है। प्राकृत शब्द का मुख्य अर्थ है प्रादेशिक कथ्य भाषा—लोक-भाषा। प्राकृत शब्द की व्युत्पत्ति भी वास्तव में इसी अर्थ से संगति रखती है यह हम पहले ही अच्छी तरह प्रमाणित कर चुके हैं। ख्रिस्त की षष्ठ शताब्दी के आचार्य दण्डी ने अपने काव्यादर्श में

"शौरसेनी च गौडी च लाटी चान्या च तादृशी। याति प्राकृतमित्येवं व्यवहारेषु संनिधिम् ॥" (१, ३५)।

---

* "आर्षं प्राकृतं बहुलं भवति। तदपि यथास्थानं दर्शयिष्यामः। आर्षे हि सर्वे विधयो विकल्प्यन्ते" (हे० प्रा० १, ३)।

† देखो हेमचन्द्र-प्राकृत व्याकरण के १, ४६; १, ५७; १, ७९; १, ११८; १, ११९; १, १५१; १, १७७; १, २२८; १, २५४; २, १७; २, २१; २, ८९; २, १०१; २, १०४; २, १४६; २, १७४; ३, १६२; और ४, २८७ सूत्रों की व्याख्या।

‡ "ऊपरना बधा उल्लेखोमां वपरायेलो 'प्राकृत' शब्द प्राकृत भाषानो सूचक छे, अनुयोगद्वारमां 'प्राकृत' शब्द प्राकृत भाषाना अर्थमां वपरायेलो छे. (पृ० १३१ स०)। वैयाकरण वररुचिना समयथी तो ए शब्द ए ज अर्थमां वपरातो आव्यो छे; अने ए पछीना आचार्योए पण ए शब्दने ए ज अर्थमां वापरेलो छे, माटे कोईए अहीं ए शब्दने मरडवो नहीं।" (प्राकृतव्याकरण, प्रवेश, पृष्ठ २६ टिप्पनी)।

इन खुले शब्दों में यही बात कही है। इससे भी यह स्पष्ट है कि प्राकृत शब्द मुख्यतः प्रादेशिक लोक-भाषा का ही वाचक है और इससे साधारणतः सभी प्रादेशिक कथ्य भाषाओं के अर्थ में इसका प्रयोग होता आया है। दण्डी के समय तक के सभी प्राचीन ग्रन्थों में इसी अर्थ में प्राकृत शब्द का व्यवहार देखा जाता है। खुद दंडी ने भी महाराष्ट्री भाषा में प्राकृत शब्द के प्रयोग को 'प्रकृष्ट' शब्द से विशेषित करते हुए इसी बात का समर्थन किया है *। दण्डी के महाराष्ट्री को 'प्रकृष्ट प्राकृत' कहने के बाद ही से, विशेष प्रसिद्धि होने के कारण, महाराष्ट्री के अर्थ में 'प्रकृष्ट' शब्द को छोड़ कर केवल प्राकृत शब्द का भी प्रयोग हेमचन्द्र आदि, किन्तु दण्डी के पीछे के ही विद्वानों ने, कहीं कहीं किया है। पंडितजी ने वररुचि के समय से लेकर पीछले आचार्यों का महाराष्ट्री के ही अर्थ में प्राकृत शब्द का व्यवहार करने की जो बात उक्त टिप्पनी में ही लिखी है उससे प्रतीत होता हैं कि उन्होंने न तो वररुचि का ही व्याकरण देखा है और न उनके पीछे के आचार्यों के ही ग्रन्थों का निरीक्षण करने की कोशिश की है, क्योंकि वररुचि ने तो "शेषं महाराष्ट्रीवत्" (प्राकृतप्रकाश १२, ३२) कहते हुए इस अर्थ में महाराष्ट्री शब्द का ही प्रयोग किया है, न कि प्राकृत शब्द का। आचार्य हेमचन्द्र ने भी कुमारपालचरित में "पाइआहिं भासाहिं" (१, १) में बहुवचन का निर्देश कर और देशीनाममाला (१, ४) में 'विशेष' शब्द लगा कर 'प्राकृत' का प्रयोग साधारण लोक-भाषा के ही अर्थ में किया है। आचार्य दण्डी और हेमचन्द्र ही नहीं, बल्कि खिस्त की नववीं शताब्दी के कवि राजशेखर †, ग्यारहवीं शताब्दी के नमिसाधु ‡, उन्नीसवीं शताब्दी के प्रेमचन्द्रतर्कवागीश प्रभृति § प्रभूत जैन और जैनेतर विद्वानों ने इसी अर्थ में प्राकृत शब्द का प्रयोग किया है। इस तरह जब यह अभ्रान्त सत्य है कि प्राचीन काल से ले कर आजतक प्राकृत शब्द प्रादेशिक कथ्य भाषा के अर्थ में व्यवहृत होता आया है और इसका मुख्य और प्राचीन अर्थ साधारणतः सभी और विशेषतः कोई भी प्रादेशिक भाषा है, तब प्राचीन आचार्यों ने भगवान महावीर की उपदेश-भाषा के और उनके समसामयिक शिष्य सुधर्मस्वामि-प्रणीत जैन सूत्रों की भाषा के ही अभिप्राय में प्रयुक्त किये हुए 'प्राकृत' शब्द का 'अर्ध मगध-प्रदेश (जहाँ भगवान महावीर और सुधर्मस्वामी का उपदेश और विचरण होना प्रसिद्ध है) की लोक-भाषा (अर्धमागधी)' इस सुसंगत अर्थ को छोड़ कर मगध से सुदूरवर्ती प्रदेश 'महाराष्ट्र (जहाँ न तो भगवान महावीर का और न सुधर्मस्वामी का ही उपदेश या विहार होना जाना गया है) की भाषा (महाराष्ट्री)' यह असंगत अर्थ लगाना, अपनी हीन विवेचना-शक्ति का परिचय देना है। इसी सिलसिले में पंडितजी ने अनुयोगद्वार सूत्र की एक अपूर्ण गाथा उद्धृत की है। यदि उक्त पंडितजी अनुयोगद्वार की गाथा के पूर्वार्ध का यहाँ पर उल्लेख करने के पहले इस गाथा के मूल स्थान को ढूँढ पाते और वे प्राकृत शब्द से जिस भाषा (महाराष्ट्री) का ग्रहण करते हैं इसके और प्राचीन सूत्रों की अर्धमागधी भाषा के इतिहास को न जानते हुए भी सिर्फ उत्तरार्ध-सहित इस गाथा पर ही प्रकरण-संगति के साथ जरा गोर से विचार करने का कष्ट उठाते तो हमारा यह विश्वास है कि, वे कमसे कम इस गाथा का यहाँ हवाला देने का साहस और अनुयोगद्वार के कर्त्ता पर अर्धमागधी के विस्मरण का व्यङ्ग-बाण छोड़ने की धृष्टता कदापि नहीं कर पाते। क्योंकि इस गाथा का मूल स्थान है तृतीय अंग-ग्रन्थ जिसका नाम स्थानाङ्ग-सूत्र है। इसी स्थानाङ्ग-सूत्र के संपूर्ण स्वर-

---

* "महाराष्ट्राश्रयां भाषां प्रकृष्टं प्राकृतं विदुः" (काव्यादर्श १, ३४)।

† "परुसो सक्कअ-बंधो पाउअ-बंधोवि होइ सुउमारो" (कर्पूरमञ्जरी, अङ्क १)।

‡ "सूरसेन्यपि प्राकृतभाषैव, तथा प्राकृतमेवापभ्रंशः" (काव्यालङ्कार-टिप्पन २, १२)।

§ "सर्वासामेव प्राकृतभाषाणां"—(काव्यादर्शटीका १, ३३), "तादृशीत्यनेन देशनामोपलक्षिताः सर्वा एव भाषाः प्राकृतसंज्ञयोच्यन्त इति सूचितम्" (काव्यादर्शटीका १, ३५)।

प्रकरण को अनुयोगद्वार सूत्र में उद्धृत किया गया है जिसमें वह गाथा भी शामिल है। वह संपूर्ण गाथा इस तरह है;—

"सक्कता पागता चेव दुहा भणिईओ आहिया। सरमंडलम्मि गिज्जंते पसत्था इसिभासिता॥"

इसका शब्दार्थ है—"संस्कृत और प्राकृत ये दो प्रकार की भाषायें कही गई हैं, गाये जाते स्वर-समूह (षड्ज-प्रभृति) में ऋषिभाषिता—आर्ष भाषा—प्रशस्त है।" यहाँ पर प्रकरण है सामान्यतः गीत की भाषा का। वर्तमान समय की तरह उस समय भी सभी भाषाओं में गीत होते थे। इससे यहाँ पर इन सभी भाषाओं का निर्देश करना ही सूत्रकार को अभिप्रेत है जो उन्होंने संस्कृत—व्याकरण-संस्कार-युक्त—भाषा और प्राकृत—व्याकरण-संस्कार-रहित—लोक-भाषा—इन दो मुख्य विभागों में किया है। इस तरह इस गाथा में पहले गीत की भाषाओं का सामान्य रूप से निर्देश कर बाद में इन भाषाओं में जो प्रशस्त है वह 'ऋषिभाषिता' इस विशेष रूप से बताई गई है। यदि यहाँ पर प्राकृत शब्द का 'प्रादेशिक लोक-भाषा' यह सामान्य अर्थ न ले कर पंडितजी के कथनानुसार 'महाराष्ट्री' यह विशेष अर्थ लिया जाय तो गीत को सभी भाषाओं का निर्देश, जो सूत्रकार को करना आवश्यक है, कैसे हो सकता है? क्या उस समय अन्य लोक-भाषाओं में गीत होते ही न थे? गीत का ठेका क्या संस्कृत और महाराष्ट्री इन दो भाषाओं को ही मिला हुआ था? यह कभी संभवित नहीं है। इसी गाथा के उत्तरार्ध के 'पसत्था इसिभासिता" इस वचन से अर्धमागधी की सूचना ही नहीं, बल्कि उसका श्रेष्ठपन भी सूत्रकार ने स्पष्ट रूप में बताया है। इससे पंडितजी के उस कथन में कुछ भी सत्यांश नजर नहीं आता है जो उन्होंने सूत्रकार के अर्धमागधी की अलग सूचना न करने के बारे में किया है।

°**वंति** देखो **पन्ति**; (गा २७८; ४६३) ।
°**वंथ** देखो **पन्थ**; (से १, १६; ३, ४२; १३, २०; पि ४०३) ।
वंद सक [**वन्द्**] १ प्रणाम करना । २ स्तवन करना । वंदइ; (उव; महा; कप्प) । वकृ—**वन्दमाण**; (ओघ १८; सं १०; अभि १७२) । कवकृ—**वन्दिज्जमाण**; (उप ६८६ टी; प्रासू १६५) । संकृ—**वन्दिअ, वन्दिओ, वन्दिऊण, वन्दित्ता, वन्दित्तु, वंदेवि**; (कम्म १, १; चंड; कप्प; षड्; हे ३, १४६; चंड) । हेकृ—**वंदित्तए**; (उवा) । कृ—**वंज, वंद, वंदणिज्ज, वंदणीअ, वंदिम**; (राज; अजि १४; द्रव्य १; गाया १, १; प्रासू १६१; नाट—मृच्छ १३०; दसचू १) ।
वंद न [**वृन्द**] समूह, यूथ; (पउम १, १; औप; प्राप्र) ।
वंदअ } वि [**वन्दक**] वन्दन करने वाला; (पउम ६,
वंदग } ५८; १०१, ७३; महा; औप; सुख १, ३) ।
वंदण न [**वन्दन**] १ प्रणमन, प्रणाम; २ स्तवन, स्तुति; (कप्प; सुर ४, ६१; उव) । °**कलस** पुं [°**कलश**] मांगलिक घट; (औप) । °**घड** पुं [°**घट**] वही अर्थ; (औप) । °**माला**, °**मालिआ** स्त्री [°**माला**] घर के द्वार पर मंगल के लिए बँधी जाती पत्र-माला; (सुपा ५४; सुर १०, ४; गा २६२) । °**वडिआ**, °**वत्तिआ** स्त्री [°**प्रत्यय**] वन्दन-हेतु; (सुपा ४३२; पडि) ।
वंदणा स्त्री [**वन्दना**] १ प्रणाम; २ स्तवन; (पंचा ३, २; पराह २, १—पत्र १००; अंत) ।
वंदणिया स्त्री [**दे**] मोरी, नाला, पनाला; "अत्थि कंबलो, गणियाए नेमि । मुक्को । तओ तीसे दिन्नो । तीए चं(? वं)-दणियाए छूढो" (सुख २, १७) ।
वंदाप (अशो) देखो **वंदाव** । वंदापयति; (पि ७) ।
वंदारय पुं [**वृन्दारक**] १ देव, देवता; (पाअ; कुमा) । २ वि. मनोहर; (कुमा) । ३ मुख्य, प्रधान; (हे १, १३२) ।
वंदारु वि [**वन्दारु**] वन्दन करने वाला; (चेइय ६२१; लहुअ १) ।
वंदाव सक [**वन्दय्**] वन्दन करवाना । वंदावइ; (उव) ।
वंदावणग न [**वन्दन**] वन्दन, प्रणाम; (श्रावक ३७४) ।
वंदिअ देखो **वंद**=वन्द् ।
वंदिअ वि [**वन्दित**] जिसको वन्दन किया गया हो वह; (कप्प; उव) ।
वंदिम देखो **वंद**=वन्द् ।
वंद्र न [**वन्द्र**] समूह, यूथ; (हे १, ५३; २, ७६; पउम ११, १२०; स ६६६) ।
वंध पुं [**वन्ध्य**] एक महाग्रह, ज्योतिष्क देव-विशेष; (सुज्ज २०) ।
वंफ सक [**काङ्क्ष्**] चाहना, अभिलाष करना । वंफइ, वंफए, वंफंति; (हे ४, १९२; कुमा) ।
वंफ अक [**वल्**] लौटना । वंफइ; (हे ४, १७६; षड्) ।
वंफि वि [**वलिन्**] १ लौटने वाला; २ नीचे गिरने वाला; (कुमा) ।
वंफिअ वि [**काङ्क्षित**] अभिलषित; (कुमा) ।
वंफिअ वि [**दे**] भुक्त, खाया हुआ; (दे ७, ३५; पाअ) ।
वंस पुं [**दे**] कलंक, दाग; (दे ७, ३०) ।
वंस पुं [**वंश**] १ बाँस, वेणु; (पराह २, ५—पत्र १४६; पाअ) । २ वाद्य-विशेष; "वाइओ वंसो" (कुमा २, ७०; राय) । ३ कुल; "चुलुगवंसदीवओ" (कुमा १, ६१) । ४ सन्तान, संतति; ५ पृष्ठावयव, पीठ का भाग; ६ पर्व; ७ इक्षु, ऊख; ८ वृक्ष-विशेष, सालवृक्ष; (हे १, २६०) । °**इरि** पुं [°**गिरि**] पर्वत-विशेष; (पउम ३६, ४) । °**करिल्ल**, °**गरिल्ल** पुंन [°**करील**] वंशांकुर, बाँस का कोमल नवावयव; (श्रा २०; पव ४) । °**जाली**, °**याली** स्त्री [°**जाली**] बाँसों की गहन घटा; (सुर १२, २००; उप पृ ३६) । °**रोअणा** स्त्री [°**रोचना**] वंशलोचन; (कप्पू) ।

वंसकवेल्लुय पुंन [दे. वंशकवेल्लुक] छत के नीचे दोनों तरफ तिरछा रखा जाता बाँस; (जीव ३; राय)।

वंसग देखो **वंसय**; (राज)।

वंसप्फाल वि [दे] १ प्रकट, व्यक्त; २ ऋजु, सरल; (दे ७, ४८)।

वंसय वि [व्यंसक] १ धूर्त, ठग; २ पुं. दुष्ट हेतु-विशेष; (ठा ४, ३—पत्र २५४)।

वंसा स्त्री [वंशा] द्वितीय नरक-पृथिवी; (ठा ७—पत्र ३८८; इक)।

वंसि° देखो **वंसी**=वंश; (कम्म १, २०)।

वंसिअ वि [वांशिक] वंश-वाद्य बजाने वाला; (हे १, ७०; कुमा)।

वंसिअ वि [व्यंसित] छलित, प्रतारित; (राज)।

वंसी स्त्री [वांशी] १ सुरा-विशेष; (बृह २)। २ बाँस की जाली; (ठा ३, १—पत्र १२१)। °**कलंका** स्त्री [°कलङ्का] बाँस की जाली की बनी हुई वाड़; (विपा १, ३—पत्र ३८)। °**पत्तिया** स्त्री [°पत्रिका] योनि-विशेष, वंशजाली के पत्र के आकार की योनि; (ठा ३, १)।

वंसी स्त्री [वंशी] वाद्य-विशेष, मुरली; (बृह २)। °**णहिया** स्त्री [°नखिका] वनस्पति-विशेष; (पराण १—पत्र ३८)। °**मुह** पुं [°मुख] द्वीन्द्रिय जीव-विशेष; (जीव १ टी—पत्र ३१)।

वंसी स्त्री [वंश] बाँस। °**मूल** न [°मूल] बाँस की जड़; (कस)।

वंसी स्त्री [दे] मस्तक पर स्थित माला; (दे ७, ३०)।

वक्क न [वाक्य] पद-समुदाय, शब्द-समूह; (उव; उप ८३३; ८५६)।

वक्क न [वल्क] त्वचा, छाल; (उप ८३६; औप)। °**बंध** पुं [°बन्ध] वल्क-बन्धन; (विपा १, ८)।

वक्क देखो **वंक**=वंक; (गाया १, ८—पत्र १३३; स ६११; धर्मसं ३४८; ३४६)।

वक्क न [वक्त्र] मुख, मुँह; (पउम १११, १७; गा १६४)।

वक्क न [दे] पिष्ट, पिसान, आटा; (षड्)।

वक्कंत पुंन [वक्रान्त] प्रथम नरक-भूमि का दशवाँ नर-केन्द्रक—नरकावास-विशेष; (देवेन्द्र ५)।

वक्कंत वि [अवक्रान्त] उत्पन्न; (कप्प; पि १४२)।

वक्कंति स्त्री [अवक्रान्ति] उत्पत्ति; (कप्प; सम २; भग)।

वक्कड न [दे] १ दुर्दिन; २ निरन्तर वृष्टि; (दे ७, ३५)।

वक्कडबंध न [दे] कर्णाभरण, कान का आभूषण; (दे ७, ५१)।

वक्कम अक [अव+क्रम्] उत्पन्न होना। **वक्कमइ**; (भग; कप्प)। भूका—वक्कमिंसु; (कप्प)। भवि—वक्कमिस्संति; (कप्प)। वकृ—**वक्कममाण**; (भग; गाया १, १—पत्र २०)।

वक्कर (अप) देखो **वक्क**=वंक; (भवि)।

वक्कल न [वल्कल] वृक्ष की छाल; (प्राप्र; सुपा २५२; हे ४, ३४१; ४११; प्रति ५)। °**चीरि** पुं [°चीरिन्] एक महर्षि, जो राजा प्रसन्नचन्द्र के छोटे भाई थे; (कुप्र २८६)।

वक्कलि } वि [वल्कलिन्] वृक्ष की छाल पहनने वाला
वक्कलिण } (तापस); (कुमा; भत्त १००; संबोध २१; पउम ३६, ८४)।

वक्कलुय वि [दे] पुरस्कृत, आगे किया हुआ; (दे ७, ४६)।

वक्कस न [दे] १ पुराणे धान का चावल; २ पुरातन सक्तु-पिण्ड; ३ बहुत दिनों का वासी गोरस; ४ गेहूँ का माँड; (आचा १, ६, ४, १३)।

वक्किद (शौ) देखो **वंकिअ**; (पि ७४)।

वक्ख देखो **वच्छ**=वृक्ष; (चंड; उप ८८५)।

वक्ख देखो **वच्छ**=वक्षस्; (संक्षि १५; प्राकृ २२; नाट—मृच्छ १३३)।

°**वक्ख** देखो **पक्ख**; (गा ४४२; से ३, ४२; ४, २३; स ६५१)।

वक्खमाण देखो **वय**=व्र ।

वक्खल वि [दे] आच्छादित, ढका हुआ; (षड्)।

वक्खा सक [व्या+ख्या] १ विवरण करना। २ कहना। कृ—**वक्खेय**; (विसे १३७०)।

वक्खा स्त्री [व्याख्या] विवरण, विशद रूप से अर्थ-प्ररूपण; (विसे ६६४)।

वक्खाण न [व्याख्यान] १ ऊपर देखो; (चेइय २७१; विसे ६६५)। २ कथन; (हे २, ६०)।

वक्खाण सक [व्याख्यानय्] १ विवरण करना। २ कहना। वक्खाणइ; (भवि)। भवि—वक्खाणइस्सं (शौ); (पि २७६)। कर्म—वक्खाणिज्जइ; (विसे ६८४)। वकृ—**वक्खाणयंत**; (उवर ६८; रयण २१)।

संकृ—**वक्खाणेउं**; (विसे ११)। कृ—**वक्खाणेअव्व**; (राज)।
वक्खाणि वि [**व्याख्यानिन्**] व्याख्यान-कर्ता; (धर्मसं १२६१)।
वक्खाणिय वि [**व्याख्यानित**] व्याख्यात; (विसे १०८७)।
वक्खाणीअ (अप) ऊपर देखो; (पिंग ५०६)।
वक्खाय वि [**व्याख्यात**] १ विवृत, वर्णित; (स १३२; चेइय ७७१)। २ पुं. मोक्ष, मुक्ति; (आचा १, ५, ६, ८)।
वक्खार पुं [**दे**] बखार, अन्न आदि रखने का मकान, गुदाम; (उप १०३१ टी)।
वक्खार पुं [**वक्षार, वक्षस्कार**] १ पर्वत-विशेष, गज-दन्त के आकार का पर्वत; (सम १०१; इक)। २ भू-भाग, भू-प्रदेश; (पउम २, ५४; ५५; ५६; ५८)।
वक्खारय न [**दे**] १ रति-गृह; २ अन्तःपुर; (दे ७, ४५)।
वक्खाव सक [**व्या+ख्यापय्**] व्याख्यान कराना। वक्खावइ; (प्राकृ ६१)।
वक्खित्त वि [**व्याक्षिप्त**] १ व्यग्र, व्याकुल; (ओघ १३; कुप्र २७)। २ किसी कार्य में व्यापृत; (पव २)।
वक्खेय देखो **वक्खा**=व्या+ख्या।
वक्खेव पुं [**व्याक्षेप**] १ व्यग्रता, व्याकुलता; (उवा; उप १३६ टी; १४०)। २ कार्य-बाहुल्य; (सुख ३, १)।
वक्खेव पुं [**अवक्षेप**] प्रतिषेध, खण्डन; (गा २४२ अ)।
वक्खो° देखो **वच्छ**=वक्षस्। **°रुह** पुं [**°रुह**] स्तन, थन; (सुपा ३८६)।
वक्कु (शौ) देखो **वंक**=वंक; (प्राकृ ६७)।
वखाण (अप) देखो **वक्खाण**=व्याख्यानय्। वखाण; (पिंग)।
वखाणिअ (अप) देखो **वक्खाणिय**; (पिंग)।
वगडा स्त्री [**दे**] बाड, परिक्षेप; (कस; वव ६)।
वग्ग सक [**वल्ग्**] १ जाना, गति करना। २ कूदना। ३ बहु-भाषण करना। ४ अभिमान-सूचक शब्द करना, खूँखारना। वग्गइ; (भवि; सण; पि २६६), वग्गंति; (सुपा २८८)। कर्म—वग्गीअदि (शौ); (किरात १७)। वकृ—**वग्गंत**; (स ३८३; सुपा ४६३; भवि)। संकृ—**वग्गित्ता**; (पि २६६)।
वग्ग पुं [**वर्ग**] १ सजातीय समूह; (चंदि; सुर ३, ४; कुमा)। २ गणित-विशेष, दो समान संख्या का परस्पर गुणन; (ठा १०—पत्र ४९६)। ३ ग्रन्थ-परिच्छेद, अध्ययन, सर्ग; (हे १, १७७; २, ७९)। **°मूल** न [**°मूल**] गणित-विशेष, वह अंक जिसका वर्ग किया गया हो, जैसे ४ का वर्ग करने से १६ होता है, १६ का वर्गमूल ४ होता है; (जीवस १५७)। **°वग्ग** पुं [**°वर्ग**] गणित-विशेष, वर्ग से वर्ग का गुणन, जैसे २का वर्ग ४, ४का वर्ग १६, यह २का वर्गवर्ग कहलाता है; (ठा १०)।
वग्ग सक [**वर्गय्**] वर्ग करना, किसी अंक को समान अंक से गुणना। वग्गसु; (कम्म ४, ८४)।
वग्ग वि [**व्यग्र**] व्याकुल; (उत्त १५, ४; रयण ८०)।
वग्ग देखो **वक्क**=वल्क; (विसे १५४)।
वग्ग वि [**वाल्क**] वृक्ष-त्वचा का बना हुआ; (णाया १, १ टी—पत्र ४३)।
वग्गंसिअ न [**दे**] युद्ध, लडाई; (दे ७, ४६)।
वग्गण न [**वल्गन**] कूदना; (ओप; कुप्र १०७; कप्प; णाया १, १—पत्र १६; प्राप)।
वग्गणा स्त्री [**वर्गणा**] सजातीय समूह; (ठा १—पत्र २७)।
वग्गय न [**दे**] वार्ता, बात; (दे ७, ३८)।
वग्गा स्त्री [**वल्गा**] लगाम; (उप ७६८ टी)।
वग्गावग्गिं अ. वर्ग रूप से; (ओप)।
वग्गि वि [**वाग्मिन्**] १ प्रशस्त वाक्य बोलने वाला; २ पुं. बृहस्पति; (प्राप्र; पि २७७)।
वग्गिअ [**वर्गित**] वर्ग किया हुआ; (कम्म ४, ८०)।
वग्गिअ न [**वल्गित**] १ बहु भाषण, बकवाद; (सम्मत्त २२७)। २ बड़ाई का आवाज; (मोह ८७)। ३ गति, चाल; (सण)।
वग्गिर वि [**वल्गितृ**] १ खूँखार आवाज करने वाला; २ गति-विशेष वाला; (सुर ११, १७१)।
वग्गु देखो **वाया**=वाच्; "वग्गूहिं" (ओप; कप्प; सम ५०; कुम्मा १६)।
वग्गु देखो **वग्ग**=वर्ग; "वग्गूहि" (ओप)।
वग्गु वि [**वल्गु**] १ सुन्दर, शोभन; (सूअ १, ४, २, ४)। २ कल, मधुर; (पाअ)। ३ विजय-क्षेत्र-विशेष, प्रान्त-विशेष; (ठा २, ३—पत्र ८०)। ४ पुंन. एक देव-विमान, वैश्रमण लोकपाल का विमान; (देवेन्द्र १३१; २७०)।
वग्गुरा न [**वागुरा**] १ मृग-बन्धन, पशु फँसाने का जाल,

फन्दा; (पण्ह १, १; विपा १, २—पत्र ३५)। २ समूह, समुदाय; "मणुस्सवग्गुरापरिक्खित्ते" (उवा; प्राप)।

वग्गुरिय वि [**वागुरिक**] १ मृग-जाल से जीविका निर्वाह करने वाला, व्याध, पारधि; (ओघ ७६६)। २ पुं. नर्तक-विशेष; (राज)।

वग्गुलि पुंस्त्री [**वल्गुलि**] १ पक्षि-विशेष; (पण्ह १, १—पत्र ८)। २ रोग-विशेष; (ओघभा २७७; श्रावक ६१ टी)।

वग्गेज्ज वि [**दे**] प्रचुर, प्रभूत; (दे ७, ३८)।

वग्गोअ वि [**दे**] नकुल, न्यौला; (दे ७, ४०)।

वग्गोरमय वि [**दे**] रूक्ष, लूखा; (दे ७, ५२)।

वग्गोल सक [**रोमन्थय्**] पगुराना, चबी हुई वस्तु का पुनः चबाना; गुजराती में 'वागोळवुं'। वग्गोलइ; (हे ४, ४३)।

वग्गोलिर वि [**रोमन्थयितृ**] पगुराने वाला; (कुमा)।

वग्घ पुं [**व्याघ्र**] १ बाघ, शेर; (पाअ; स्वप्न ७०; सुपा ४६३)। २ रक्त एरंड का पेड़; ३ करञ्ज वृक्ष; (हे २, ६०)। °**मुह** पुं [°**मुख**] १ एक अन्तर्द्वीप; २ उस में रहने वाली मनुष्य-जाति; (ठा ४, २—पत्र २२६; इक)।

वग्घाअ पुं [**दे**] १ साहाय्य, मदद; २ वि. विकसित, खिला हुआ; (दे ७, ८६)।

वग्घाडी स्त्री [**दे**] उपहास के लिये किया जाता एक प्रकार का आवाज; "अप्पेगइया वग्घाडीओ करेंति" (णाया १, ८—पत्र १४४)।

वग्घारिअ वि [**व्याघारित**] १ बघारा हुआ, छौंका हुआ; (नाट—मृच्छ २२१)। २ व्याप्त; "सीतोदयवियडवग्घारियपाणिणा" (सम ३९)।

वग्घारिअ वि [**दे**] प्रलम्बित; "पडिबद्धसरीरवग्घारियसोणिसुत्तगमल्लदामकलावे" (सूअ २, २, ५५), "वग्घारियपाणी" (णाया १, ८—पत्र १५४; कप्प; औप; महा)।

वग्घावच्च न [**व्याघ्रापत्य**] एक गोत्र जो वाशिष्ठ गोत्र की एक शाखा है; (ठा ७—पत्र ३९०; सुज्ज १०, १६; कप्प; इक)।

वग्घी स्त्री [**व्याघ्री**] १ बाघ की मादा; (कुमा)। २ एक विद्या; (विसे २४५४)।

वघाय देखो **वाघाय**; "आउस्स कालाइचरं वघाए, लद्धाणुमाणे य परस्स अट्ठे" (सूअ १, १३, २०)।

वचा स्त्री [**वचा**] १ पृथिवी, धरती; (से २, ११)। २ ओषधि-विशेष, वच; (मृच्छ १७०)। देखो **वया=वचा**।

वच्च सक [**व्रज्**] जाना, गमन करना। वच्चइ; (हे ४, २२५; महा)। भवि—वच्चिहिसि; (महा)। वकृ—**वच्चंत, वच्चमाण**; (सुर २, ७२; महा; गा १९)।

वच्च सक [**काङ्क्ष्**] चाहना, अभिलाष करना। वच्चइ, वच्चउ; (हे ४, १९२; कुमा)।

वच्च देखो **वय=वच्**।

वच्च पुंन [**वर्चस्**] १ पुरीष, विष्ठा; (पाअ; ओघ १९७; सुपा १७६; तंदु १४)। २ कूडा-करकट; "भोगो तंबोलाइ कुणंतो जिणगिहे कुणइ वच्चं" (संबोध ४)। ३ चौथी नरक का चौथा नरकेन्द्रक—नरकस्थान-विशेष; (देवेन्द्र १०)। ४ तेज, प्रभाव; (णाया १, १—पत्र ६)। °**घर**, °**हर** न [°**गृह**] पाखाना, टट्टी; (सूअ १, ४, २, १३; स ७४१)।

वच्च देखो **वय=वचस्**; (णाया १, १—पत्र ६)।

वच्चंसि वि [**वचस्विन्**] प्रशस्त वचन वाला; (णाया १, १—पत्र ६)।

वच्चंसि वि [**वर्चस्विन्**] तेजस्वी; (णाया १, १; सम १५२; औप; पि ७४)।

वच्चय पुं [**व्यत्यय**] विपर्यास, उलट-पुलट; (उपपृ २६६; पव १०४)। देखो **वत्तअ**।

वच्चरा (अप) देखो **वचा**; (भवि)।

वच्चा देखो **वय=वच्**।

वच्चामेलिय देखो **विच्चामेलिय**; (विसे १४८१)।

वच्चास पुं [**व्यत्यास**] विपर्यास, विपर्यय; (ओघ २७१; कम्म ५, ८९)।

वच्चासिय वि [**व्यत्यासित**] उलटा किया हुआ; (विसे ८५३)।

वच्चीसग पुं [**वच्चीसक**] वाद्य-विशेष; (अनु)।

वच्चो° देखो **वच्च=वर्चस्**; (सुर ६, २८)।

वच्छ न [**दे**] पार्श्व, समीप; (दे ७, ३०)।

वच्छ पुंन [**वक्षस्**] छाती, सीना; (हे २, १७; संक्षि १५; प्राप्र; गा ३५१; कुमा)। °**त्थल** न [°**स्थल**] उरःस्थल, छाती; (कुमा; महा)। °**सुत्त** न [°**सूत्र**] आभूषण-विशेष, वक्षःस्थल में पहनने की सँकली; (भग ६, ३३ टी—पत्र ४७७)।

वच्छ पुं [**वृक्ष**] पेड़, शाखी, द्रुम; (प्राप्र; कुमा; हे २, १७; पाअ)।

वच्छ पुं [**वत्स**] १ बछडा; (सुर २, ६५; पाअ)। २

शिशु, बच्चा; ३ वत्सर, वर्ष; ४ वक्षःस्थल, छाती; (प्राप्र)। ५ ज्योतिषशास्त्र-प्रसिद्ध एक चक्र; (गण १६)। ६ देश-विशेष; (ती १०)। ७ विजय-क्षेत्र-विशेष; (ठा २, ३—पत्र ८०)। ८ न. गोत्र-विशेष; ९ वि. उस गोत्र में उत्पन्न; (ठा ७—पत्र ३६०; कप्प)। °**दर** पुंस्त्री [°**तर**] १ क्षुद्र वत्स; २ दमनीय बछडा आदि; स्त्री—°री; (प्राकृ २३)। °**मित्ता** स्त्री [°**मित्रा**] १ अधोलोक में रहने वाली एक दिक्कुमारी देवी; (ठा ८—पत्र ४३७; इक)। २ ऊर्ध्वलोक में रहने वाली एक दिक्कुमारी देवी; (इक; राज)। °**यर** देखो °**दर**; (दे २, ६; ७, ३७)। °**राय** पुं [°**राज**] एक राजा; (ती १०)। °**वाल** पुंस्त्री [°**पाल**] गोप, ग्वाला; (पाअ), स्त्री—°ली; (आवम)।

वच्छगावई स्त्री [**वत्सकावती**] एक विजय-क्षेत्र; (ठा २, ३—पत्र ८०; इक)।

वच्छर पुंन [**वत्सर**] साल, वर्ष; (प्राप्र; सिरि ६३५)।

वच्छल वि [**वत्सल**] स्नेही, स्नेह-युक्त; (गा ३; कुमा; सुर ६, १३७)।

वच्छल्ल न [**वात्सल्य**] स्नेह, अनुराग, प्रेम; (कुमा; पडि)।

वच्छा स्त्री [**वत्सा**] १ विजय-क्षेत्र विशेष; २ एक नगरी; (इक)। ३ लड़की; (कप्पू)।

वच्छाण पुं [**उक्षन्**] बैल, बलीवर्द; "उक्खा वसहा य वच्छाणा" (पाअ)।

वच्छावई स्त्री [**वत्सावती**] विजय-क्षेत्र विशेष; (जं ४)।

वच्छि° देखो **वय=वच्**।

वच्छिउड पुं [**दे**] गर्भाशय; (दे ७, ४४ टी)।

वच्छिम पुंस्त्री [**वृक्षत्व**] वृक्षपन; (षड्)।

वच्छिमय पुं [**दे**] गर्भ शय्या; (दे ७, ४४)।

वच्छीउत्त पुं [**दे**] नापित, हजाम; (दे ७, ४७; पाअ; स ७५)।

वच्छीव पुं [**दे**] गोप, ग्वाला; (दे ७, ४१; पाअ)।

वच्छुद्दलिअ वि [**दे**] प्रत्युद्धत; (षड्)।

वच्छोम न [**वत्सोम**] नगर-विशेष, कुन्तल देश की प्राचीन राजधानी; (कप्पू)।

वच्छोमी स्त्री [**दे**] काव्य की एक रीति; (कप्पू)।

वज्ज अक [**त्रस्**] डरना। वज्जइ, वज्जए; (हे ४, १९८; प्राकृ ७५; धात्वा १५१)।

वज्ज देखो **वच्च=व्रज्**। वज्जइ; (नाट—मृच्छ १६३), वज्जसि; (पि ४८८)।

वज्ज सक [**वर्जय्**] त्याग करना। कवकृ—**वज्जिज्जंत**; (पंचा १०, २७)। संकृ—**वज्जिय, वज्जेवि, वज्जिऊण, वज्जेत्ता**; (महा; काल; पंचा १२, ६)। कृ—**वज्ज, वज्जणिज्ज, वज्जेयव्व**; (पिंड ५६१; भग; पण्ह २, ४; सुपा ४८५; महा; पण्ह १, ४; सुपा ११०; उप १०३७)।

वज्ज अक [**वद्**] बजना, वाद्य आदि का आवाज होना। वज्जइ; (हे ४, ४०६; सुपा ३३४)। वकृ—**वज्जंत, वज्जमाण**; (सुर ३, ११५; सुपा ६५६)।

वज्ज न [**वाद्य**] बाजा, वादित्र; (दे ३, ५८; गा ४२०)।

वज्ज वि [**वर्य**] १ श्रेष्ठ, उत्तम; (सुर १०, २)। २ प्रधान, मुख्य; (हे २, २४)।

वज्ज वि [**वर्ज**] १ रहित, वर्जित; "जिणवज्जदेवयाणं न नमइ जो तस्स तणुसुद्धी" (श्रा ६), "सहजनिओगजवज्जा पायं न घडंति आगारा" (चेइय ४७१), "लोयववहारवज्जा तुब्भे परमत्थमूढा य" (धर्मवि ८४५; विसे २८४७; श्रावक ३०७; सुर १४, ७८)। २ न. छोड़कर, बिना, सिवाय; (श्रा ६; दं १७; कम्म ४, ३४; ५३)। ३ पुं. हिंसा, प्राण-वध; (पण्ह १, १—पत्र ६)।

वज्ज देखो **अवज्ज**; (सूअ १, ४, २, १९; बृह १)।

वज्ज देखो **वइर=वज्र**; (कुमा; सुर ४, १५२; गु ५; हे १, १७७; २, १०५; षड्; कम्म १, ३९; जीवस ४९; सम २५)। १७ पुं. विद्याधर-वंश का एक राजा; (पउम ५, १६; १७; ८, १३३)। १८ हिंसा, प्राण-वध; (पण्ह १, १—पत्र ६)। १९ कन्द-विशेष; (पण्ण १—पत्र ३६; उत्त ३६, ९९)। २० न. कर्म-विशेष, बँधाता हुआ कर्म; (सूअ २, २, ६५; ठा ४, १—पत्र १९७)। २१ पाप; (सूअ १, ४, २, १९)। °**कंठ** पुं [°**कण्ठ**] वानर-द्वीप का एक राजा; (पउम ६, ६०)। °**कंत** न [°**कान्त**] एक देव-विमान; (सम २५)। °**कंद** पुं [°**कन्द**] एक प्रकार का कन्द, वनस्पति-विशेष; (श्रा २०)। °**कूड** न [°**कूट**] एक देव-विमान; (सम २५)। °**क्ख** पुं [°**ाक्ष**] एक विद्याधर-वंशीय राजा; (पउम ८, १३२)। °**चूड** पुं [°**चूड**] विद्याधर-वंश का एक राजा; (पउम ५, ४६)। °**जंघ** पुं [°**जङ्घ**] विद्याधर-वंशीय एक नरेश; (पउम ५, १५)। °**णाभ** पुं [°**नाभ**] भगवान् अभिनन्दन-स्वामी के प्रथम गणधर; (सम १५२)। देखो °**नाभ**।

°**दत्त** पुं [°**दत्त**] १ विद्याधर-वंश का एक राजा; (पउम ५, १५)। २ एक जैन मुनि; (पउम २०, १८)। °**झय** पुं [°**ध्वज**] एक विद्याधर-वंशीय राजा; (पउम ५, १५)। °**धर** देखो °**हर**; (पउम १०२, १५६; विचार १००)। °**नागरी** स्त्री [°**नागरी**] एक जैन मुनि-शाखा; (कप्प)। °**नाभ** पुं [°**नाभ**] एक जैन मुनि; (पउम २०, १६)। देखो °**णाभ**। °**पाणि** पुं [°**पाणि**] १ इन्द्र; (उत्त ११, २३; देवेन्द्र २८३; उप २११ टी)। २ एक विद्याधर-नरपति; (पउम ५, १७)। °**प्पभ** न [°**प्रभ**] एक देव-विमान; (सम २५)। °**बाहु** पुं [°**बाहु**] एक विद्याधर-वंशीय राजा; (पउम ५, १६)। °**भूमि** स्त्री [°**भूमि**] लाट देश का एक प्रदेश; (आचा १, ६, ३, १)। °**म** (अप) देखो **मय**; (हे ४, ३६५)। °**मज्झ** पुं [°**मध्य**] १ राक्षस-वंश का एक राजा, एक लंकेश; (पउम ५, २६३)। २ रावणाधीन एक सामन्त राजा; (पउम ८, १३२)। °**मज्झा** स्त्री [°**मध्या**] एक प्रतिमा, व्रत-विशेष; (औप २४)। °**मय** वि [°**मय**] वज्र का बना हुआ; (पउम ६२, १०), स्त्री—°**मई**; (नाट—उत्तर ४५)। °**रिसहनाराय** न [°**ऋषभनाराच**] संहनन-विशेष, शरीर का एक तरह का सर्वोत्तम बन्ध; (कम्म १, ३८)। °**रूव** न [°**रूप**] एक देव-विमान; (सम २५)। °**लेस** न [°**लेश्य**] एक देव-विमान; (सम २५)। °**वँ** (अप) देखो °**म**; (हे ४, ३६५)। °**वण्ण** न [°**वर्ण**] एक देव-विमान; (सम २५)। °**वेग** पुं [°**वेग**] एक विद्याधर का नाम; (महा)। °**सिंखला** स्त्री [°**श्रृङ्खला**] एक विद्या-देवी; (संति ५)। °**सिंग** न [°**श्रृङ्ग**] एक देव-विमान; (सम २५)। °**सिट्ठ** न [°**सृष्ट**] एक देव-विमान; (सम २५)। °**सुंदर** पुं [°**सुन्दर**] विद्याधर-वंश में उत्पन्न एक राजा; (पउम ५, १७)। °**सुजण्हु** पुं [°**सुजह्नु**] विद्याधर-वंश का एक राजा; (पउम ५, १७)। °**सेण** पुं [°**सेन**] १ एक जैन मुनि जो भगवान् ऋषभदेव के पूर्व जन्म में गुरू थे; (पउम २०, १७)। २ विक्रम की चौदहवीं शताब्दी के एक जैन आचार्य; (सिरि १३४०)। °**हर** पुं [°**धर**] १ इन्द्र, देव-राज; (स १५, ४८; उव)। २ वि. वज्र को धारण करने वाला; (सुपा ३३४)। °**उह** पुं [°**युध**] १ इन्द्र; (पउम ३, १३७; ५१, १८)। २ विद्याधर-वंश का एक राजा; (पउम ५, १६)। °**भ** पुं [°**भ**] एक विद्याधर-वंशीय राजा; (पउम ५, १६)। °**वत्त** न [°**वर्त**] एक देव-विमान; (सम २५)। °**स** पुं [°**श**] एक विद्याधर-राजा; (पउम ५, १७)।

वज्जंक पुं [**वज्राङ्क**] विद्याधर-वंश का एक राजा; (पउम ५, १६)।

वज्जंकुसी स्त्री [**वज्राङ्कुशी**] एक विद्या-देवी; (संति ५)।

वज्जंत देखो **वज्ज**=वद्।

वज्जंधर पुं [**वज्रन्धर**] विद्याधर-वंश का एक राजा; (पउम ५, १६)।

वज्जघट्टिता स्त्री [**दे**] मन्द-भाग्य स्त्री; (संक्षि ४७)।

वज्जण न [**वर्जन**] परित्याग, परिहार; (सुर ४, ८२; स २७१; सुपा २४५; श्रु ६)।

वज्जणअ (अप) वि [**वदितृ**] बजने वाला; "पडहु वज्जणउ" (हे ४, ४४३)।

वज्जणया } स्त्री [**वर्जना**] परित्याग; (सम ४४; उत्त **वज्जणा** } १६, ३०; उव)।

वज्जमाण देखो **वज्ज**=वद्।

वज्जय वि [**वर्जक**] त्यागने वाला; (उवा)।

वज्जर सक [**कथय्**] कहना, बोलना। वज्जरइ, वज्जरेइ; (हे ४, २; षड्; महा)। वकृ—**वज्जरंत**; (हे ४, २; चेइय १४६)। संकृ—**वज्जरिऊण**; (हे ४, २)। कृ—**वज्जरिअव्व**; (हे ४, २)।

वज्जर देखो **वंजर**=मार्जार; (चंड)।

वज्जर पुं [**वर्जर**] १ देश-विशेष; २ वि. देश-विशेष में उत्पन्न; "परिवाहिया य तेणं बहवे वल्हीयतुरुक्कवज्जराइया आसा" (स १३)।

वज्जरण न [**कथन**] उक्ति, वचन; (हे ४, २)।

वज्जरा स्त्री [**दे**] तरंगिणी, नदी; (दे ७, ३७)।

वज्जरिअ वि [**कथित**] कहा हुआ, उक्त; (हे ४, २; सुर १, ३२; भवि)।

वज्जा स्त्री [**दे**] अधिकार, प्रस्ताव; (दे ७, ३२; वज्जा २)।

वज्जाव (अप) सक [**वाचय्**] बचवाना, पढ़ाना। वज्जावइ; (प्राकृ १२०)।

वज्जाव सक [**वादय्**] बजाना। वज्जावइ; (भवि)।

वज्जाविय वि [**वादित**] बजाया हुआ; (भवि)।

वज्जि पुं [**वज्रिन्**] इन्द्र; (संबोध ८)।

वज्जिअ वि [**दे**] अवलोकित, दृष्ट; (दे ७, ३९; महा)।

वज्जिअ वि [**वादित**] बजाया हुआ; (सिरि ५२५)।

वज्जिअ वि [**वर्जित**] रहित; (उवा; औप; महा; प्रासू ७६)।
वज्जियावण पुं [**दे**] इक्षु, ऊख; (वव १)।
वज्जिर वि [**वदितृ**] बजने वाला; (सुर ११, १७२; सुपा ४५; ८७; सिरि १५५; सण), "गहिरव(?रव)ज्जिराउज्ज-गज्जिजज्जरियबंभंडभंडोयरो" (कुप्र २२४)।
वज्जुत्तरवडिंसग न [**वज्रोत्तरावतंसक**] एक देव-विमान; (सम २५)।
वज्जोयरी स्त्री [**वज्रोदरी**] विद्या-विशेष; (पउम ७, १३८)।
वज्झ वि [**वध्य**] वध के योग्य; (सुपा २४८; गा २६; ४६६; दे ८, ४६)। °**नेवत्थिय** वि [°**नैपथ्यिक**] मृत्यु-दंड-प्राप्त को पहनाया जाता वेष वाला; (पराह १, ३—पत्र ५४)। °**माला** स्त्री [°**माला**] वध्य को पहनाई जाती माला, कनेर के फूलों की माला; (भत्त १२०)।
वज्झ वि [**वाह्य**] १ वहन करने योग्य; (प्राप्र; उप १५० टी)। २ न. अश्व आदि यान; (स ६०३)। °**खेड्ड** न [°**खेल**] कला-विशेष, यान की सवारी का इल्म; (स ६०३)।
वज्झा स्त्री [**हत्या**] वध, घात; (सुख ४, ६; महा)।
वज्झियायण न [**वध्यायन**] गोत्र-विशेष; (सुज्ज १०, १६)।
वञ (अप) देखो **वच्च=व्रज्**। वञइ, वञदि; (षड्)।
वट्ट सक [**वृत्**] १ बरतना, होना। २ आचरण करना। वट्टइ, वट्टए, वट्टंति; (सुर ३, ३६; उवा; कप्प)। वकृ—**वट्टंत, वट्टमाण**; (गा ४१०; कम्म ३, २०; चेइय ७१३; भवि; उवा; पडि; कप्प; पि ३५०)। हेकृ—**वट्टिउं**; (चेइय ३६८)। कृ—**वट्टियव्व**; (उव)।
वट्ट सक [**वर्तय्**] १ बरताना। २ पिंड रूप से बाँधना। ३ परोसना। ४ ढकना, आच्छादन करना। वट्टंति; (पिंड १३६)। कवकृ—**वट्टिज्जमाण**; (औप)।
वट्ट वि [**वृत्त**] १ वर्तुल, गोलाकार; (सम ६३; औप; उवा)। २ अतीत, गुजरा हुआ; ३ मृत; ४ संजात, उत्पन्न; ५ अधीत; ६ दृढ़; ७ पुं. कूर्म, कछुआ; (हे २, २६)। ८ न. वर्तन, वृत्ति, प्रवृत्ति; (सूत्र १, ४, २, २)। °**क्खुर**, °**खुर** पुं [°**खुर**] श्रेष्ठ अश्व; (ओघ ४३८; राज)। °**खेड**, °**खेड्ड** स्त्रीन [°**खेल**] कला-विशेष; (णाया १, १—पत्र ३८; स ६०३; अंत ३१ टि); देखो **वत्थ-खेड्ड**। देखो **वत्त, वित्त=वृत्त**।
वट्ट पुंन [**वर्त्मन्**] बाट, मार्ग, रास्ता; "पडिसोएण पवट्टा चत्ता अणुसोअगामिणो वट्टा" (सार्ध ११८; सुर १०, ४; सुपा ३३०), " वट्टं " (प्राकृ २०)। °**वाडण** न [°**पातन**] मुसाफिरों को रास्ते में लुटना; "परदोहवट्टवाडण-बंदग्गहखत्तखणणपमुहाइं" (कुप्र ११३), "सो वट्टपाडणेहिं बंदग्गहणेहिं खत्तखणणेहिं" (धर्मवि १२३)। °**वेयड्ड** पुं [°**वैताढ्य**] पर्वत-विशेष; (ठा १०)।
वट्ट पुंन [**दे**] १ प्याला, गुजराती में 'वाटको'; "पढमघुंटम्मि खलिया जीहा, हत्थाउ निवडियं वट्टं" (सुपा ४६६)। २ पुं. हानि, नुकसान, गुजराती में 'वट्टो'; "अन्नह उवक्खएणवि मूला वट्टो इहं होही" (सुपा ४४५)। ३ लोष्टक, शिला-पुत्रक; "वट्टावरएणं" (भग १६, ३—पत्र ७६६)। ४ खाद्य-विशेष, गाढ़ी कढ़ी; (पराह २, ५—पत्र १४८)।
वट्ट पुं [**वर्त**] देश-विशेष; (सत्त ६७ टी)।
°**वट्ट** पुं [**पट्ट**] प्रवाह; (कुमा)। देखो **पट्ट**; (से ५, १४; भवि; गउड)।
वट्टंत देखो **वट्ट=वृत**।
वट्टक } देखो **वट्टय=वर्तक**; (पराह १, १—पत्र ८; विपा
वट्टग } १, ७—पत्र ७५; सूत्र २, २, १०; २६; ४३)।
वट्टणा देखो **वत्तणा**; (राज)।
वट्टमग न [**वर्त्मक**] मार्ग, रास्ता; (आचा; औप)।
वट्टमाण देखो **वट्ट=वृत**।
वट्टमाण न [**दे**] १ अंग, शरीर; २ गन्ध-द्रव्य का एक तरह का अधिवास; (दे ७, ८७)।
वट्टय देखो **वट्ट=दे**; (पउम १०२, १२०)।
वट्टय पुं [**वर्तक**] १ पक्षि-विशेष, बटेर; (सूत्र १, २, १, २; उवा)। २ बालकों को खेलने का एक तरह का कपड़े का बना हुआ गोल खिलौना; (अनु ५; णाया १, १८—पत्र २३५)।
°**वट्टय** देखो **पट्ट**; (गउड)।
वट्टा स्त्री [**दे. वर्त्मन्**] देखो **वट्ट=वर्त्मन्**; (दे ७, ३१)।
वट्टा स्त्री [**वार्ता**] बात, कथा; (कुमा)।
वट्टाव सक [**वर्तय्**] बरताना, काम में लगाना। वट्टावेइ; (उव)।
वट्टावण न [**वर्तन**] बरताना, कार्य में लगाना; (उव)।
वट्टावय वि [**वर्तक**] बरताने वाला, प्रवर्तक; (उव; णाया १, १४—पत्र १८६)।
वट्टि स्त्री [**वर्ति**] १ बत्ती, दीपक में जलने वाली बाती; २ सलाई, आँख में सुरमा लगाने की सली; ३ शरीर पर किया

जाता एक तरह का लेप; ४ लेख, लिखना; ५ कलम, पीछी; (हे २, ३०)। देखो **वत्ति, वित्ति**।

वट्टिअ वि [**वर्तित**] १ परिवर्तित; (दे ५, २७)। २ वलित; (पव २१६ टी)। ३ वर्तुल, गोल; (पण्ह १, ४—पत्र ७८; तंदु २०)। ४ प्रवर्तित; (भवि)।

वट्टिआ स्त्री [**वर्तिका**] देखो **वट्टि**; (अभि २१७; नाट—रत्ना २१; स ३३६)।

वट्टिम वि [**दे**] अतिरिक्त; (दे ७, ३४)।

वट्टिव न [**दे**] पर-कार्य; (दे ७, ४०)।

वट्टी स्त्री [**वर्ती**] देखो **वट्टि**; (हे २, ३०)।

°**वट्टी** स्त्री [**पट्टी**] पट्टा; "ताव य कडिवट्टीओ पडिया रयणा-वली भत्ति" (सुपा ३४४; १५४)।

वट्टु न [**दे**] पात्र-विशेष; (बृह १)। °**कर** पुं [°**कर**] यक्ष-विशेष; (राज)। °**करी** स्त्री [°**करी**] विद्या-विशेष; (राज)।

वट्टुल वि [**वर्तुल**] १ गोल, वृत्ताकार; (पाअ)। २ पलाण्डु के समान एक तरह का कन्द-मूल; (हे २, ३०; प्राकृ)।

°**वट्ठ** देखो **पट्ठ**=पृष्ठ; (गउड; गा १५०; हे १, ८४; १२६)।

°**वट्ठि** देखो **सट्ठि**; "बा-वट्ठी" (सम ७५; पंच ५, १८; पि २६५; ४४६)।

वड पुं [**दे**] १ द्वार का एक देश, दरवाजे का एक भाग; २ खेत; (दे ७, ८२)। ३ मत्स्य की एक जाति; (पण्ण १—पत्र ४७)। ४ विभाग; (निचू २)। देखो **वडु**; "वडसफरपवहणाणं" (सिरि ३८२)।

वड पुं [**वट**] १ वृक्ष-विशेष, बड़ का पेड़; (पण्ण १—पत्र ३१; गा ६४; कप्पू)। २ न. वस्त्र-विशेष; "वडजुगपट्टजु-गाइं" (णाया १, १ टी—पत्र ४३)। °**नयर** न [°**नगर**] नगर-विशेष; (पउम १०५, ८८)। °**वद्द** न [°**पद्र**] १ गुजरात का एक नगर, जो आज कल 'बडौदा' नाम से प्रसिद्ध है; (उप ५१६)। २ एक गोकुल; (उप ५६७ टी)। °**सावित्ती** स्त्री [°**सावित्री**] एक देवी; (कप्पू)।

वड देखो **पड**=पत्। वकृ—"उअहिम्मि उअ वडंता" (से ७, ७)।

°**वड** देखो **पड**=पट; "पवणाहयवडचंचलाओ लच्छीओ तह य मणुयाणं" (सुर ४, ७६; से १०, १६; सुर १, ६१; ३, ६७; गा ३२६)।

वडग न [**वटक**] खाद्य-विशेष, बड़ा; (पिंड ६३७)।

वडग देखो **वड**=वट; (अंत)।

°**वडण** देखो **पडण**; (गा ५६७; गउड; महा)।

वडप्प न [**दे**] १ लता-गहन; २ निरन्तर वृष्टि; (दे ७, ८४)।

वडभ वि [**वडभ**] १ वामन, ह्रस्व; (ओघभा ८२)। २ जिसका पृष्ठ-भाग बाहर निकल आया हो वह; (आचा)। ३ नाभि के ऊपर का भाग जिसका टेढ़ा हो वह; (पण्ह १, १—पत्र २३)। ४ पीछे का या आगे का अंग जिसका बाहर निकल आया हो वह; (पव ११०)। ५ जिसका पेट बड़ा हो कर आगे निकल आया हो वह; स्त्री—°**भी**; (णाया १, १—पत्र ३७; औप; पि ३८७)।

वडय देखो **वडग**=वटक; (सुपा ४८५)।

°**वडल** देखो **पडल**; (गउड)।

वडवग्गि पुं [**वडवाग्नि**] वडवानल, समुद्र के भीतर की आग; (गा ४०३)।

वडवड अक [**वि+लप्**] विलाप करना। वडवडइ; (हे ४, १४८), वडवडंति; (कुमा)।

वडवा स्त्री [**वडवा**] घोड़ी; (पाअ; धर्मवि १४५)। °**णल**, °**नल** पुं [°**नल**] समुद्र के भीतर की आग, वडवाग्नि; (पि २४०; श्रा १६)। °**मुह** न [°**मुख**] १ वही अर्थ; (से १, ८)। २ एक महा-पाताल; (इक)। °**हुआस** पुं [°**हुताश**] वडवानल; (समु १५४)।

वडह देखो **वडभ**; (आचा १, २, ३, २)।

वडह पुं [**दे**] पक्षि-विशेष; (दे ७, ३३)।

°**वडह** देखो **पडह**; (से १२, ४७)।

वडही देखो **वलही**; (गउड)।

°**वडाआ** देखो **पडाया**; (गा १२०)।

वडालि स्त्री [**दे**] पंक्ति, श्रेणि; (दे ७, ३६)।

°**वडाहा** देखो **पडाया**, "धवलधयवडाहो" (महा)।

°**वडिअ** देखो **पडिअ**; (से ५, १०; कुप्र १८१; उवा)।

वडिअ वि [**गृहीत**] ग्रहण किया हुआ; (सुर ७, १६६)।

वडिंस पुं [**वतंस**] १ मेरु पर्वत; (सुज्ज ५ टी—पत्र ७८)। २ भूषण; "रायकुलवडिंसगा वि मुणिवसभा" (उव; कप्प)। ३ एक दिग्हस्ति-कूट; (इक)। ४ प्रधान, मुख्य; ५ श्रेष्ठ, उत्तम; (कप्प; महा)। ६ कर्णपूर, कान का आभू-षण; (णाया १, १—पत्र ३१)। देखो **वडेंस**, **अवयंस**।

वडिणाय पुं [**दे**] घर्घर कण्ठ, बैठा हुआ गला; (षड्)।

वडिया स्त्री [**वृत्तिता**] वर्तन; "भयवंतदंसणवडियाए" (स ६८३; आचा २, ७, १)।
°**वडिया** देखो **पडिया**=प्रतिज्ञा; (आचा २, ७, १)।
वडिसर न [**दे**] चूल्ली-मूल, चूल्हे का मूल; (दे ७, ४८)।
वडिवस्सअ वि [**वरिवस्यक**] पूजक, पूजा करने वाला; (चारु १)।
वडिसाअ वि [**दे**] स्रुत, टपका हुआ; (षड्)।
वडी स्त्री [**दे**] बड़ी, एक प्रकार का खाद्य; (पव ३८)।
वडुमग } देखो **वट्टमग**; (औप; आचा)।
वडूमग }
वडेंस पुं [**वतंस**] शेखर, मुकुट; (भग; णाया १, १ टी—पत्र ५)। देखो **वडिंस**।
वडेंसा स्त्री [**वतंसा**] किंनर-नामक किन्नरेन्द्र की एक अग्र-महिषी; (ठा ४, १—पत्र २०४; णाया २—पत्र २५२)।
वडेंसिया स्त्री [**वतंसिका**] अवतंस की तरह करना, मुकुट-स्थानापन्न करना; "अट्ठारसवंजणाउलं भोयणं भोयावेत्ता जाव-ज्जीवं पिट्ठिवडेंसियाए परिवहेज्जा" (ठा ३, १—पत्र ११७)।
वड्ड वि [**दे**] बड़ा, महान्; (दे ७, २९; तंदु ५५; सुपा १२४; णाया २—पत्र २४८; सम्मत्त १७३; भवि; हे ४, ३६६; ३६७; ३७१)। °**त्थरग** पुं [°**आस्तरक**] ऊँट की पीठ पर रखा जाता आसन; (पव ८४ टी)। °**त्तण** न [°**त्व**] बड़प्पन, महत्ता; (हे ४, ३८४; कप्पू)। °**प्पण** (अप) न [°**त्व**] वही; (हे ४, ३६६; ४३७; पि ३००)। °**यर** वि [°**तर**] विशेष बड़ा; (हे २, १७४)।
वड्डवास पुं [**दे**] मेघ, अभ्र; (दे ७, ४७; कुमा)।
वड्डहुल्लि पुं [**दे**] मालाकार, माली; (दे ७, ४२)।
वड्डार (अप) देखो **वड्ड-यर**; (भवि)।
वड्डिम वि [**दे**] स्रुत, टपका हुआ; (षड्)।
वड्डिल [**दे**] देखो **वड्ड**;

"नयणाण पडउ वज्जं अहवा वज्जस्स वड्डिलं किंपि।
अमुणियजणेवि दिट्ठे अणुबंधं जाणि कुव्वंति"
(सुर ४, २०; वज्जा ६२)।

वड्डुअर देखो **वड्ड-यर**; (षड्)।
वड्ढ अक [**वृध्**] बढ़ना। वड्ढइ; (हे ४, २२०; महा; काल)। भूका—वड्ढित्था; (कप्प)। वकृ—**वड्ढंत, वड्ढमाण**; (सुर १, ११९; महा; गा ११३)। हेकृ—**वड्ढिउं**; (महा)।
वड्ढ सक [**वर्धय्**] १ बढ़ाना, विस्तारना। २ बधाई देना। वड्ढंति; (उव)। वकृ—**वड्ढअंत**; (नाट—मृच्छ १८)। कर्म—वड्ढिज्जंति; (सिरि ४२४)। देखो **वद्ध**=वर्धय्।
वड्ढइ पुं [**वर्धकि**] बढ़ई, सुतार; (सम २७; उप पृ १५३; पाअ; धर्मसं ४८६; दे ७, ४४)।
वड्ढइअ पुं [**दे**] चर्मकार, मोची; (दे ७, ४४)।
वड्ढण न [**वर्धन**] १ वृद्धि, बढ़ाव; (कप्पू)। २ वि. वृद्धि-जनक; (महा; सुर १३, १३९)।
वड्ढणमिर वि [**दे**] पीन, पुष्ट; (दे ७, ५१)।
वड्ढणसाल वि [**दे**] जिसका पूँछ कट गया हो वह; (दे ७, ४९)।
वड्ढमाण देखो **वड्ढ**=वृध्।
वड्ढमाण } न [**वर्धमान**, °**क**] १ गुजरात का एक नगर
वड्ढमाणय } जो आजकल 'वढवाण' के नाम से प्रसिद्ध है; "सिरिवड्ढमाणनयरं पत्ता गुज्जरधरावलयं" (सम्मत्त ७५)। २ अवधिज्ञान का एक भेद, उत्तरोत्तर बढता जाता एक प्रकार का परोक्ष रूपी द्रव्यों का ज्ञान; (ठा ६—पत्र ३७०; कम्म १, ८)। ३ पुं. भगवान् महावीर; (भवि)। देखो **वद्धमाण**।
वड्ढय देखो **वट्ट**=दे; "पायभरियं वड्ढयं पियावयणसमप्पियं पीयमाणं पि तीए सुट्ठुयरं भरियमंसुएहिं" (स ३८२)।
वड्ढव सक [**वर्धय्, वर्धापय्**] १ बढ़ाना, वृद्धि करना। २ बधाई देना, अभ्युदय का निवेदन करना। वड्ढवइ; (प्राकृ ६०)।
वड्ढवअ वि [**वर्धक**] १ बढाने वाला; २ बधाई देने वाला; (प्राकृ ६१)।
वड्ढवण न [**दे**] वस्त्र का आहरण; (दे ७, ८७)।
वड्ढवण न [**दे, वर्धापन**] बधाई, अभ्युदय-निवेदन; (दे ७, ८७)।
वड्ढविअ वि [**वर्धित, वर्धापित**] जिसको बधाई दी गई हो वह; (दे ६, ७४)।
वड्ढार (अप) सक [**वर्धय्**] बढ़ाना, गुजराती में 'वधारवुं'। वड्ढारइ; (भवि)।
वड्ढाव देखो **वड्ढव**। वड्ढावेमि; (प्राकृ ६१; पि ५५२)।
वड्ढावअ देखो **वड्ढवअ**; (प्राकृ ६१; कप्पू; उवा)।
वड्ढाविअ वि [**दे**] समापित, समाप्त किया हुआ; (दे ७, ४५)।
वड्ढि वि [**वर्धिन्**] बढ़ने वाला; (से १, १)।

वड्ढि स्त्री [**वृद्धि**] बढ़ाव; (उवा; देवेन्द्र ३६७; जीवस १७४)।

वड्ढिअ वि [**वृद्ध**] बढ़ा हुआ; (कुमा ७, ५८; गा ४१०; महा)।

वड्ढिअ वि [**वर्धित**] १ बढ़ाया हुआ; "महिवीढे नइवड्ढिय-नीरो उयहिव्व वित्थरइ" (सिरि ६२७)। २ खण्डित किया हुआ, काटा हुआ; (से १, १)।

वड्ढिआ स्त्री [**दे**] कूपतुला, ढेंकुवा; (दे ७, ३६)।

वड्ढिम पुंस्त्री [**वृद्धिमन्**] वृद्धि, बढ़ाव; "पत्ता दिवं वड्ढिमा" (प्राकृ ३३; कप्पू)।

वढ देखो **वड**=वट; (हे २, १७४; पि २०७)।

वढ वि [**दे**] मूक, वाक्-शक्ति से रहित; (संक्षि ३६)।

वढर } पुं [**बठर**] १ मूर्ख छात्र; २ ब्राह्मण पुरुष और
वढल } वैश्य स्त्री से उत्पन्न संतान, अम्बष्ठ; ३ वि. शठ, धूर्त; ४ मन्द, अलस; (हे १, २५४; षड्)।

वण सक [**वन्**] माँगना, याचना करना। वणेइ; (पिंड ४४३)।

वण पुं [**दे**] १ अधिकार; २ श्वपच, चाँडाल; (दे ७, ८२)।

वण पुंन [**व्रण**] घाव, प्रहार, क्षत; "जस्सेअ वणो तस्सेअ वेअणा" (काप्र ८७१; गा ३८१; ४२७; पाअ)। °**वट्ट** पुं [°**पट्ट**] घाव पर बाँधी जाती पट्टी; (गा ४५८)।

वण न [**वन**] १ अरण्य, जंगल; (भग; पाअ; उवा; कुमा; प्रासू ६२; १४५)। २ पानी, जल; (पाअ; वज्जा ८८)। ३ निवास; ४ आलय; (हे ३, ८८; प्राप्र)। ५ वनस्पति; (कम्म ४, १०; १६; ३६; दं १३)। ६ उद्यान, बगीचा; (उप ६८६ टी)। ७ पुं. देवों की एक जाति, वानव्यंतर देव; (भग; कम्म ३, १०)। ८ वृक्ष-विशेष; (राय)। °**कम्म** पुंन [°**कर्मन्**] जंगल को काटने या बेचने का काम; (भग ८, ५—पत्र ३७०; पडि)। °**कम्मंत** न [°**कर्मान्त**] वनस्पति का कारखाना; (आचा २, २, २, १०)। °**गय** पुं [°**गज**] जंगली हाथी; (से ३, ६३)। °**ग्गि** पुं [°**ग्नि**] दावानल; (पाअ)। °**चर** वि [°**चर**] वन में रहने वाला, जंगली; (पण्ह १, १—पत्र १३); स्त्री—°**री**; (रयण ६०); देखो °**यर**। °**छिंद** वि [°**च्छिद्**] जंगल काटने वाला; (कुप्र १०४)। °**त्थली** स्त्री [°**स्थली**] अरण्य-भूमि; (से ३, ६३)। °**दव** पुं [°**दव**] दवानल; (णाया १, १—पत्र ६५)। °**पव्वय** पुंन [°**पर्वत**] वनस्पति से व्याप्त पर्वत; "वणाणि वा वणपव्वयाणि वा" (आचा २, ३, ३, २)। °**बिराल** पुं [°**बिडाल**] जंगली बिल्ला; (सण)। °**माल** न [°**माल**] एक देव-विमान; (सम ४१)। °**माला** स्त्री [°**माला**] १ पैर तक लटकने वाली माला; (औप; अच्चु ३६)। २ एक राज-पत्नी; (पउम ११, १४)। ३ रावण की एक पत्नी; (पउम ३६, ३२)। °**य** वि [°**ज**] वन में उत्पन्न, जंगली; (वज्जा १२८)। °**यर** वि [°**चर**] १ वन में रहने वाला, बनैला; (णाया १, १—पत्र ६२; गउड)। २ पुंस्त्री. व्यन्तर देव; (विसे ७०७; पव १६०); स्त्री—°**री**; (उप पृ ३३०)। °**राइ** स्त्री [°**राजि**] तरु-पंक्ति, वृक्ष-समूह; (चंड; सुर ३, ४२; अभि ५५)। °**राज, °राय** पुं [°**राज**] १ विक्रम की आठवीं शताब्दी का गुजरात का एक प्रसिद्ध राजा; (मोह १०८)। २ सिंह, केसरी; (चंड)। °**लइया, °लया** स्त्री [°**लता**] १ एक स्त्री का नाम; (महा)। २ वह वृक्ष जिसको एक ही शाखा हो; (कप्प; राय)। °**वाल** वि [°**पाल**] उद्यान-पालक, माली; (उप ६८६ टी)। °**वास** पुं [°**वास**] अरण्य में रहना; (पि ३५१)। °**वासी** स्त्री [**वासी**] नगरी-विशेष; (राज)। °**विदुग्ग** न [°**विदुर्ग**] नानाविध वृक्षों का समूह; (सुअ २, २, ८; भग)। °**विरोहि** पुं [°**विरोहिन्**] आषाढ मास; (सुज्ज १०, १६)। °**संड** पुंन [°**षण्ड**] अनेकविध वृक्षों की घटा—समूह; (ठा २, ४; भग; णाया १, २; औप)। °**हत्थि** पुं [°**हस्तिन्**] जंगल का हाथी; (से ८, ३६)। °**ालि, °ोलि** स्त्री [°**ालि**] वन-पंक्ति; (गा ५७६; हे २, १७७)।

वणइ स्त्री [**दे**] वन-राजि, वृक्ष-पंक्ति; (दे ७, ३८; षड्)।

वणण न [**वनन**] बछड़े को उसकी माता से भिन्न दूसरी गो से लगाना; (पण्ह १, २—पत्र २६)।

वणद्धि स्त्री [**दे**] गो-वृन्द, गो-समूह; (दे ७, ३८)।

वणनत्तडिअ वि [**दे**] पुरस्कृत, आगे किया हुआ; (षड्)।

वणपक्कसावअ पुं [**दे**] शरभ, श्वापद-विशेष; (दे ७, ५२)।

वणप्फइ पुं [**वनस्पति**] १ वृक्ष-विशेष, फूल के बिना ही जिसमें फल लगता हो वह वृक्ष; (हे २, ६६; कुमा)। २ लता, गुल्म, वृक्ष आदि कोई भी गाछ, पेड़ मात्र; (भग)। ३ न. फल; (कुमा ३, २६)। °**काइअ** वि [°**कायिक**]

वनस्पति का जीव; (भग) ।

वणय पुं [**वनक**] दूसरी नरक-पृथिवी का एक नरक-स्थान; (देवेन्द्र ६) ।

वणरसि (अप) देखो **वाणारसी**; (पिंग; पि ३५४) ।

वणव पुं [**दे**] दावानल; (दे ७, ३७) ।

वणलवाई स्त्री [**दे**] कोकिला, कोयल; (दे ७, ५२; पाभ) ।

वणस्सइ देखो **वणप्फइ**; (हे २, ६९; जी २; उव; पराग १) ।

वणाय वि [**दे**] व्याध से व्याप्त; (दे ७, ३५) ।

वणार पुं [**दे**] दमनीय बछड़ा; (दे ७, ३७) ।

वणि वि [**व्रणिन्**] घाव वाला, जिसको घाव हुआ हो वह; (दे ६, ३९; पंचा १६, ११) ।

वणि } पुं [**वणिज्**] बनिया, व्यापारी, वैश्य; (औप;
वणिअ } उप ७२८ टी; सुर १४, ६६; सुपा २७६; सुर १, ११३; प्रासू ८०; कुमा; महा) ।

वणिअ वि [**व्रणित**] व्रण-युक्त, घाव वाला; (गा ४५८; ६४६; पउम ७५, १३) ।

वणिअ पुं [**वनीपक**] भिक्षुक, भिखारी; "वणि जायणि त्ति वणिओ पायप्पाणं वणेइत्ति" (पिंड ४४३) ।

वणिअ न [**वणिज**] ज्योतिष-प्रसिद्ध एक करण; (विसे ३३४८; सुज्ज ११) ।

वणिआ स्त्री [**वनिका**] वाटिका, बगीचा; "असोयवणिआइ मज्झयारम्मि" (भाव ७; उवा) ।

वणिआ स्त्री [**वनिता**] स्त्री, महिला, नारी; (गा १७; कुमा; तंदु ५०; सम्मत्त १७५) ।

वणिज देखो **वणिअ**=वणिज्; (चारु ३४) ।

वणिज } न [**वाणिज्य**] व्यापार, बेपार; "एत्तियकालं
वणिज्ज } हट्टे जइ तं चिट्ठेसि वणिजकए" (सुपा ५१०; २५२), "उज्जेणी-आगओ वणिज्जेणं" (पउम ३३, ६६; स ४४३; सुर १, ६०; कुप्र ३६५; सुपा ३८४; प्रासू ८०; भवि; श्रा १२) । °**रय** वि [°**कारक**] व्यापारी; (सुपा ३४३; उप पृ १०४) ।

वणी स्त्री [**वनी**] १ भीख से प्राप्त धन; (ठा ५, ३—पत्र ३४१) । २ फली-विशेष, जिससे कपास निकलता है; (राज) ।

वणीमग } पुं [**वनीपक**] याचक, भिक्षुक, भिखारी; (ठा
वणीमय } ५, ३; सुपा १६८; सरा; ओघ ४३६) ।

वणे अ. इन अर्थों का सूचक अव्यय;—१ निश्चय; (हे २, २०६; कुमा) । २ विकल्प; ३ अनुकम्पनीय; ४ संभावना; (हे २, २०६) ।

वणेचर देखो **वण-यर**; (रयण ५९) ।

वण्ण सक [**वर्णय्**] १ वर्णन करना । २ प्रशंसा करना । ३ रँगना । वण्णआमो; (पि ४९०) । कर्म—**वण्णिज्जइ**; (सिरि १२८८), वणिज्जइ (अप); (हे ४, ३४५) । वकृ—**वण्णंत**; (गा ३५०) । हेकृ—**वण्णिउं**; (पि ५७३) । कृ—**वण्णणिज्ज, वण्णेअव्व**; (हे ३, १७९; भग) ।

वण्ण पुं [**वर्ण**] १ प्रशंसा, श्लाघा; (उप ९०७) । २ यश, कीर्ति; (ओघ ६०) । ३ शुक्ल आदि रँग; (भग; ठा ४, ४; उवा) । ४ अकार आदि अक्षर; ५ ब्राह्मण, वैश्य आदि जाति; ६ गुण; ७ अंगराग; ८ सुवर्ण, सोना; ९ विलेपन की वस्तु; १० व्रत-विशेष; ११ वर्णन; १२ विलेपन-क्रिया; १३ गीत का क्रम; १४ चित्र; (हे १, १७७; प्राप्र) । १५ कर्म-विशेष, शुक्ल आदि वर्ण का कारण-भूत कर्म; (कम्म १, २४) । १६ संयम; १७ मोक्ष, मुक्ति; (आचा) । १८ न. कुंकुम; (हे १, १४२) । °**णाम**, °**नाम** पुंन [°**नामन्**] कर्म-विशेष; (राज; सम ६७) । °**मंत** वि [°**वत्**] प्रशस्त वर्ण वाला; (भग) । °**वाइ** वि [°**वादिन्**] श्लाघा-कर्ता, प्रशंसक; (वव १) । °**वाय** पुं [°**वाद**] प्रशंसा, श्लाघा; (पंचा ९, २३) । °**ावास** पुं [°**ावास**] वर्णन-प्रकरण, वर्णन-पद्धति; (जीव ३; उवा) । °**ावास** पुं [°**व्यास**] वर्णन-विस्तार; (भग; उवा) ।

वण्ण वि [**दे**] १ अच्छ, स्वच्छ; २ रक्त; (दे ७, ८३) ।

°**वण्ण** देखो **पण्ण**; (गा ६०१; गउड) ।

वण्णग देखो **वण्णय**; (उवा; औप) ।

वण्णण न [**वर्णन**] १ श्लाघा, प्रशंसा; (कप्पू) । २ विवेचन, विवरण, निरूपण; (रयण ४) ।

वण्णणा स्त्री [**वर्णना**] ऊपर देखो; (दे १, २१; सार्ध ४५) ।

वण्णय पुंन [**दे, वर्णक**] १ चन्दन, श्रीखण्ड; (दे ७, ३७; पंचा ८, २३) । २ पिष्टातक-चूर्ण, अंगराग; (हे ७, ३७; स्वप्न ६१) ।

वण्णय पुं [**वर्णक**] वर्णन-ग्रन्थ, वर्णन-प्रकरण; (विपा १, १; उवा; औप) ।

वण्णिअ वि [**वर्णित**] जिसका वर्णन किया गया हो वह;

(महा)।

वण्णिआ देखो **वन्निआ**; (गा ६२०)।

वण्हि पुं [**वृष्णि**] १ एक राजा, जो अन्धक-वृष्णि नाम से प्रसिद्ध था; "वण्हि पिया धारिणी माया" (अंत ३)। २ एक अन्तकृद् महर्षि; "अक्खोभ पसेणई वण्ही" (अंत)। ३ अन्धकवृष्णि-वंश में उत्पन्न, यादव; (णंदि)। °**दसा** स्त्री. ब. [°**दशा**] एक जैन आगम-ग्रन्थ; (निर ५)। °**पुंगव** पुं [°**पुंगव**] यादव-श्रेष्ठ; (उत्त २२, १३; णाया १, १६—पत्र २११)।

वण्हि पुं [**वह्नि**] १ अग्नि, आग; (पाअ; महा)। २ लोकान्तिक देवों की एक जाति; (णाया १, ८—पत्र १५१)। ३ चित्रक वृक्ष; ४ भिलावाँ का पेड़; ५ नीबू का गाछ; (हे २, ७५)।

वत देखो **वय**=व्रत; (चंड)।

वति देखो **वइ**=व्रतिन्; (उप ३८१)।

वति देखो **वइ**=वृति; (चंड)।

वतु पुं [**दे**] निवह, समूह; (दे ७, ३२)।

वत्त देखो **वट्ट**=वृत। वत्तइ; (भवि), वत्तदि (शौ); (स्वप्न ६०)।

वत्त देखो **वट्ट**=वर्तय्। वत्तइ; (भवि)। वत्तेज्ज; (आचा २, १५, ४२)। वत्तेज्जासि, वत्तेहामि; (उवा; पि ५२८)।

वत्त न [**वार्त**] आरोग्य; (उत्त १८, ३८)।

वत्त वि [**व्याप्त**] फैला हुआ, भरपूर; (कप्प; विसे ३०३६)।

वत्त देखो **वट्ट**=वृत्त; (स ३०८; महा; सुर १, १७८; ३, ७६; औप; हे १, १४५)।

वत्त वि [**व्यक्त**] प्रकट, खुला; (धर्मसं ५५५)।

वत्त न [**वक्त्र**] मुख, मुँह; (हे १, १८; भवि)।

°**वत्त** देखो **पत्त**=पत्र; (गा ६०४; हेका ५०; गउड)।

°**वत्त** देखो **पत्त**=पात्र; (गउड; गा ३००)।

वत्त° देखो **वत्ता**; (भवि)। °**यार** वि [°**कार**] वार्ता कहने वाला; (भवि)।

वत्तअ पुं [**व्यत्यय**] १ विपर्यय, विपर्यास; २ व्यतिक्रम, उल्लंघन; (प्राकृ २१)।

वत्तप देखो **वय**=वच्।

वत्तडिआ } (अप) देखो **वत्ता**; (कुमा; हे ४, ४३२;
वत्तडी } सण)।

वत्तण न [**वर्तन**] १ जीविका, निर्वाह; "किं न तुमं मच्छएहिं कुडुंबवत्तणं करेसि" (कुप्र २८)। २ आकृति, परावर्तन; (पंचा १२, ४३)। ३ स्थिति; ४ स्थापन; ५ वर्तन, होना; ६ वि. वृत्ति वाला; ७ रहने वाला; (संक्षि १०)।

वत्तणा स्त्री [**वर्तना**] ऊपर देखो; "वत्तणालक्खणो कालो" (उत्त २६, १०; आवम)।

वत्तणी स्त्री [**वर्तनी**] मार्ग, रास्ता; (पण्ह १, ३—पत्र ५४; विसे १२०७; सुअनि ६१ टी; सुपा ५१८)।

वत्तद्ध वि [**दे**] १ सुन्दर; २ बहु-शिक्षित; (दे ७, ८४)।

वत्तमाण पुं [**वर्तमान**] १ काल-विशेष, चलता काल; (प्राप्र; संक्षि १०)। २ वर्तमान-कालीन, विद्यमान; ३ विद्यमानता; (धर्मसं ५७३)।

°**वत्तरि** देखो **सत्तरि**; (सम ८३; प्रासू १२६; पि ४४६)।

वत्तव्व देखो **वय**=वच्।

वत्ता स्त्री [**दे**] सूत्र-वलनक, सूत्र-वेष्टन-यंत्र; (पण्ह १, ४—पत्र ७८; तंदु २०)। देखो **वत्ता**=(दे)।

वत्ता स्त्री [**वार्ता**] १ बात, कथा; (से ६, ३८; सुपा ३८७; प्रासू १; कुमा)। २ वृत्तान्त, हकीकत; (पाअ)। ३ वृत्ति; ४ दुर्गा; ५ कृषि-कर्म, खेती; ६ जनश्रुति, किंवदन्ती; ७ गन्ध का अनुभव; ८ काल-कर्तृक भूत-नाश; (हे २, ३०)। °**लाव** पुं [°**लाप**] बातचीत; (सिरि १८२)।

वत्तार वि [**दे**] गर्वित, गर्व-युक्त; (दे ७, ४१)।

वत्ति स्त्री [**दे**] सीमा; (दे ७, ३१)।

वत्ति देखो **वट्टि**; (गा २३२; ६५८; विसे ११३६८)।

वत्ति वि [**वर्तिन्**] वर्तने वाला; (महा)।

वत्ति स्त्री [**वृत्ति**] प्रवृत्ति; (सूअ २, ४, २)। देखो **वित्ति**।

वत्ति स्त्री [**व्यक्ति**] अमुक एक वस्तु, एकाकी वस्तु। °**पइट्ठा** स्त्री [°**प्रतिष्ठा**] प्रतिष्ठा-विशेष, जिस समय में जो तीर्थंकर विद्यमान हों उसके बिम्ब की विधि-पूर्वक स्थापना; (चेइय ३५)।

वत्तिअ वि [**वार्तिक**] कथाकार; "वत्तिओ" (हे २, ३०)। २ पुंन. टीका की टीका; (सम ४६; विसे १४२२)। ३ ग्रन्थ की टीका—व्याख्या; (विसे १३८५)।

वत्तिअ वि [**वर्तित**] १ वृत्त—गोल किया हुआ; (णाया १, ७)। २ आच्छादित; (पडि)।

°**वत्तिअ** देखो **पच्चय**=प्रत्यय; (औप)।

वत्तिआ देखो **वट्टिआ**; (प्राप्र)।

वत्तिणी स्त्री [**वर्तिनी**] मार्ग, रास्ता; (पाअ; स ४; सुर १२, १३६) ।

°**वत्ती** देखो **पत्ती**=पत्नी; (गा ७६; १०६; १७३) ।

वत्तुं देखो **वय**=वच् ।

वत्तुकाम वि [**वक्तुकाम**] बोलने की चाह वाला; (स ३१८; अभि ४४; स्वप्न १०; नाट—विक्र ४०) ।

वत्तुल देखो **वट्टुल**; (राज) ।

वत्थ पुंन [**वस्त्र**] कपड़ा; (आचा २, १४, २२; उवा; पराह १,१; उप पृ ३३३; सुपा ७२; ४६१; कुमा; सुर ३,७०) । °**खेड्ड** न [°**खेल**] कला-विशेष; (जं २ टी - पत्न १३७)। °**धोव** वि [°**धाव**] वस्त्र धोने वाला; (सूअ १, ४, २, १७) । °**पूस** पुं [°**पुष्य**] एक जैन मुनि; (कुलक २२)। °**पूसमित्त** पुं [°**पुष्यमित्र**] एक जैन मुनि; (ती ७) । °**विज्जा** स्त्री [**विद्या**] विद्या-विशेष, जिसके प्रभाव से वस्त्र-स्पर्श कराने से ही बिमार अच्छा हो जाय; (वव ५)। °**सोहग** वि [°**शोधक**] वस्त्र धोने वाला; (स ४१) ।

वत्थ वि [**व्यस्त**] पृथग्, भिन्न, जुदा; (सुर १६, ५५) ।

वत्थउड पुं [**दे. वस्त्रपुट**] तंबू, कपड-कोट, वस्त्र-गृह; (दे ७, ४५) ।

वत्थए देखो **वस**=वस् ।

वत्थंग पुं [**वस्त्राङ्ग**] कल्पवृक्ष की एक जाति, जो वस्त्र देने का काम करता है; (पउम १०२, १२१) ।

°**वत्थर** देखो **पत्थर**=प्रस्तर; (गा ५५१) ।

वत्थलिज्ज न [**वस्त्रलिय**] दो जैन मुनि-कुलों के नाम; (कप्प) ।

वत्थव्व वि [**वास्तव्य**] रहने वाला, निवासी; (पिंड ४२७; सुर ३, ६१; सुपा ३६५; महा) ।

वत्थाणी स्त्री [**दे**] वल्ली-विशेष; (पराग १ —पत्न ३३) ।

वत्थाणीअ पुंन [**दे**] खाद्य-विशेष; "हत्थेगा वत्थाणीएग भोच्चा कज्जं साधेंति" (सुज्ज १०, १७) ।

वत्थि पुं [**वस्ति**] १ दृति, मसक; (भग १, ६; १८, १०; णाया १, १८), "वत्थिव्व वायपुराणो अलुक्करिसेगा जहा तहा लवइ" (संबोध १८) । २ अपान, गुदा; "वत्थी अवाणं" (पाअ; पराह १, ३ —पत्न ५३) । ३ छाते में शलाका—सली—बैठाने का स्थान, छत्र का एक अवयव; (औप) । °**कम्म** न [°**कर्मन्**] १ सिर आदि में चर्म-वेष्टन द्वारा किया जाता तैल आदि का पूरण; २ मल साफ करने के लिए गुदा में बत्ती आदि का किया जाता प्रक्षेप; (विपा १, १—पत्न १४; णाया १, १३) । °**पुडग** पुंन [°**पुटक**] पेट का भीतरी प्रदेश; (निर १, १) ।

वत्थिय पुं [**वास्त्रिक**] वस्त्र बनाने वाला शिल्पी; (अणु) ।

वत्थी स्त्री [**दे**] उटज, तापसों की पर्ण-कुटी; (दे ७, ३१)।

वत्थु न [**वस्तु**] १ पदार्थ, चीज; (पाअ; उवा; सम्म ८; सुपा ४०१; प्रासू ३०; १६१; ठा ४, १ टी —पत्न १८८)। २ पुंन. पूर्व-ग्रन्थों का अध्ययन—प्रकरण, परिच्छेद; (सम २५; णंदि; अणु; कम्म १, ७) । °**पाल**, °**वाल** पुं [°**पाल**] राजा वीरधवल का एक सुप्रसिद्ध जैन मंत्री; (ती २; हम्मीर १२) ।

वत्थु न [**वास्तु**] १ गृह, घर; "खेत्तवत्थुविहिपरिमाणं करेइ" (उवा) । २ गृहादि-निर्माण-शास्त्र; (णाया १, १३) । ३ शाक-विशेष; (उवा) । °**पाढग** वि [°**पाठक**] वास्तु-शास्त्र का अभ्यासी; (णाया १, १३; धर्मवि ३३) । °**विज्जा** स्त्री [°**विद्या**] गृह-निर्माण-कला; (औप; जं २)।

वत्थुल पुं [**वस्तुल**] गुच्छ और हरित वनस्पति-विशेष, शाक-विशेष; (पराग १—पत्न ३२; ३४; पव २५६) ।

वत्थूल पुं [**वस्तूल**] ऊपर देखो; "वत्थु(? त्थु)ला येग-पल्लंका" (जी ६) ।

वद देखो **वय**=वद् । वदसि, वदह; (उवा; भग; कप्प) । भूका—वदासी; (भग) । हेकृ—**वदित्तए**; (कप्प) ।

वद देखो **वय**=व्रत; (प्राकृ १२; नाट—विक्र ६६) ।

वदिंसा देखो **वडेंसा**; (इक) ।

वदिकलिअ वि [**दे**] वलित, लौटा हुआ; (दे ७, ५०) ।

वदूमग देखो **वडुमग**; (आचा) ।

वद्दल न [**दे. वार्दल**] १ बद्दल, बादल, मेघ-घटा, दुर्दिन; (दे ७, ३५; हे ४, ४०१; सुपा ६५५; गाय; आवम; ठा ३, ३—पत्न १४१) । २ पुं. छठवीं नरक का दूसरा नरके-न्द्रक—नरक-स्थान; (देवेन्द्र १२) ।

वद्दलिया स्त्री [**दे. वार्दलिका**] बदली, छोटा बद्दल, दुर्दिन; (भग ६, ३३—पत्न ४६७; औप) ।

वद्ध देखो **वड्ढ**=वर्धय् । कर्म—वद्धसि; (सुपा ६०) ।

वद्ध पुंन [**वर्ध्र**] चर्म-रज्जु; "वज्जो वद्धो (? वज्झो बद्धो)" (पाअ; दे ६, ८८; पव ८३; सम्मत्त १७४) ।

वद्ध देखो **विद्ध**=वृद्ध; (प्राप्र; प्राकृ ७) ।

वद्धण न [**वर्धन**] १ वृद्धि, बढ़ती; (णाया १, १; कप्प) । २ वि. बढ़ाने वाला; (उप ६७३; महा) ।

वद्धणिआ } स्त्री [**वर्धनिका, °नी**] संमार्जनी, झाड़ू; (दे
वद्धणी } ८, १७; ७, ४१ टी)।

वद्धमाण पुं [**वर्धमान**] १ भगवान् महावीर; (आचा २, १५, १०; सम ४३; अंत; कप्प; पडि)। २ एक प्रसिद्ध जैनाचार्य; (सार्ध ६३; विचार ७६; ती १५; गु ८)। ३ स्कन्धारोपित पुरुष, कन्धे पर चढ़ाया हुआ पुरुष; (अंत; औप)। ४ एक शाश्वत जिन-देव; ५ एक शाश्वती जिन-प्रतिमा; (पव ५९)। ६ न. गृह-विशेष; (उत्त ६, २४)। ७ राजा रामचन्द्र का एक प्रेक्षा-गृह —नाट्य-शाला; (पउम ८०, ५)। देखो **वड्ढमाण**।

वद्धमाणग } पुं [**वर्धमानक**] १ अठासी महाग्रहों में एक
वद्धमाणय } महाग्रह, ज्योतिष्क देव-विशेष; (ठा २, ३ —पत्र ७८)। २ एक देव-विमान; (देवेन्द्र १४०)। ३ न. पात्र-विशेष, शराव; (णाया १, १—पत्र ५४; पउम १०२, १२०)। ४ पुरुष पर आरूढ़ पुरुष, पुरुष के कन्धे पर चढ़ा हुआ पुरुष; ५ स्वस्तिक-पञ्चक; ६ प्रासाद-विशेष; एक तरह का महल; (णाया १, १—पत्र ५४; टी—पत्र ५७)। ७ एक गाँव का नाम, अस्थिक ग्राम; "अट्ठियगामस्स पढमं वद्धमाणयं ति नामं होत्था" (आवम)। ८ वि. कृताभिमान, अभिमानी, गर्वित; (औप)।

वद्धय वि [**दे**] प्रधान, मुख्य; (दे ७, ३६)।

वद्धार सक [**वर्धय्**] बढ़ाना, गुजराती में 'वधारवुं'। वकृ—**वद्धारंत**; (सट्ठि १२; संबोध ४; ब्र ८)।

वद्धारिय वि [**वर्धित**] बढ़ाया हुआ; (भवि)।

वद्धाव सक [**वर्धय्, वर्धापय्**] बधाई देना। वद्धावेइ, वद्धावेंति, (कप्प)। कर्म—वद्धावीअसि; (रंभा)। वकृ—**वद्धाविंत**; (सुपा २२०)। संकृ—**वद्धावित्ता**; (कप्प)।

वद्धावण न [**वर्धन, वर्धापन**] बधाई, अभ्युदय-निवेदन; (भवि; सुर ३, २४; महा; सुपा १२२; १३४)।

वद्धावणिया स्त्री [**वर्धनिका, वर्धापनिका**] ऊपर देखो; (सिरि १३१६)।

वद्धावय वि [**वर्धक, वर्धापक**] बधाई देने वाला; (सुर १५, ७६; स ५७०; सुपा ३६१)।

वद्धाविअ वि [**वर्धित, वर्धापित**] जिसको बधाई दी गई हो वह; (सुपा १२२; १६५)।

वद्धिअ पुं [**दे**] १ षण्ढ, नपुंसक; (दे ७, ३७)। २ नपुंसक-विशेष, छोटी उम्र में ही छेद दे कर जिसका अण्डकोष गलाया गया हो वह; (पव १०९ टी)।

वद्धिअ देखो **वड्ढिअ**=वृद्ध; (भवि)।

वद्धी स्त्री [**दे**] अवश्य-कृत्य, आवश्यक कर्तव्य; (दे ७, ३०)।

वद्धीसक } पुंन [**दे. वद्धीसक**] वाद्य-विशेष, एक प्रकार
वद्धीसग } का बाजा; (पगह २, ५—पत्र १४९; अनु ६)।

वध देखो **वह**=वध; (कुमा)।

वधय देखो **वहय**; (भग)।

वधू देखो **वहू**; (औप)।

वन्न देखो **वण्ण**=वर्णय्। वन्नेहि; (कुमा; उव)। हेकृ—**वन्निउं**; (कुमा)। कृ—**वन्नणिज्ज**; (सुर २, ६७; रयण ५४)।

वन्न देखो **वण्ण**=वर्ण; (भग; उव; सुपा १०३; सत्त ५६; कम्म ४, ४०; ठा ५, ३)।

वन्नग देखो **वण्णय**; (कप्प; श्रा २३)।

वन्नण देखो **वण्णण**; (उप ७६८ टी; सिरि ७२७)।

वन्नणा देखो **वण्णणा**; (रंभा)।

वन्नय देखो **वण्णय**; (पिंड ३०८; कप्प)।

वन्निअ देखो **वण्णिअ**; (भग)।

वन्निआ स्त्री [**वर्णिका**] १ बानगी, नमूना; "मगहस्स वन्निया मिव नयरं इह अत्थि पाडलीपुत्तं" (धर्मवि ६४)। २ लाल रँग की मिट्टी; (जी ३)।

वन्हि देखो **वण्हि**=वृष्णि; (उत्त २२, १३)।

वन्हि देखो **वण्हि**=वह्नि; (चंड)।

वप्प सक [**त्वच्** ?] ढकना, आच्छादन करना। वप्पइ; (धात्वा १५१)।

वप्प पुं [**वप्र**] १ विजयक्षेत्र-विशेष, जंबूद्वीप का एक प्रान्त जिसकी राजधानी विजया है; (ठा २, ३—पत्र ८०; जं ४)। २ पुंन. किला, दुर्ग, कोट; (ती ८)। ३ केदार, खेत; "केआरा वप्पिणा वप्पा" (पाअ; आचा २, १, ५, २; दे ७, ८३ टी)। ४ तट, किनारा; "रोहो वप्पो य तडो" (पाअ)। ५ उन्नत भू-भाग, ऊँची जमीन; "वप्पाणि वा फलिहाणि वा पागाराणि वा" (आचा २, १, ५, २)।

वप्प वि [**दे**] १ तनु, कृश; २ बलवान्, बलिष्ठ; ३ भूत-गृहीत, भूताविष्ट; (दे ७, ८३)।

वप्पइराय देखो **व-प्पइराय**।

वप्पगा देखो **वप्पा**; (राज)।

वप्पगावई स्त्री [**वप्रकावती**] जंबूद्वीप का एक विजय-क्षेत्र, जिसकी राजधानी का नाम अपराजिता है; (ठा २, ३—पत्र ८०; इक)।

वप्पा स्त्री [**वप्रा**] १ भगवान् नमिनाथजी की माता का नाम; (सम १५१)। २ दशवें चक्रवर्ती राजा हरिषेण की माता का नाम; (पउम ८, १४४; सम १५२)।
वप्पिअ पुं [**दे**] १ केदार, खेत; (षड्)। २ नपुंसक-विशेष; (पुप्फ १२६)। ३ वि. रक्त, राग-युक्त; (षड्)।
वप्पिण पुंन [**दे**] १ केदार, खेत; (दे ७, ८५; ओप; णाया १, १ टी— पत्र ३; पाअ; पउम २, १२; पगह १, १; २, ५)। २ वि. उषित, जिसने वास किया हो वह; (दे ७, ८५)।
वप्पीअ पुं [**दे**] चातक पक्षी; (दे ७, ३३)।
वप्पीडिअ न [**दे**] क्षेत्र, खेत; (दे ७, ४८)।
वप्पीह पुं [**दे**] स्तूप, मिट्टी आदि का कूट; (दे ७, ४०)।
वप्पे अ [**दे**] इन अर्थों का सूचक अव्यय; —१ उपहास-युक्त उल्लापन; २ विस्मय, आश्चर्य; (संक्षि ४७)।
वप्फाउल देखो **बप्फाउल**; (दे ६, ६२ टी)।
वफर न [**दे**] शस्त्र-विशेष; (सुर १३, १६६)।
वब्भ° देखो **वह=वह्** ।
वब्भ पुं [**वभ्र**] पशु-विशेष; (स ४३७)।
वब्भय न [**दे**] कमलोदर, कमल का मध्य भाग; (दे ७, ३८)।
वभिचरिअ वि [**व्यभिचरित**] व्यभिचार दोष से दूषित; (श्रा १४)।
वभिचार देखो **वहिचार**; (स ७११)।
वभिचारि वि [**व्यभिचारिन्**] १ न्याय-शास्त्रोक्त दोष-विशेष से दूषित, एकान्तिक; (धर्मसं १२२७; पंचा २, ३७)। २ पुं. परस्त्री-लम्पट; (वव ६; ७)।
वभियार देखो **वहिचार**; (उवर ७६)।
वम सक [**वम्**] उलटी करना। वकृ— **वमंत, वममाण**; (गउड; विपा १, ७)। संकृ—**वंता**; (आचा; सुअ १, ६, २६)। कृ—**वम्म**; (उर १, ७)।
वमग वि [**वामक**] उलटी करने वाला; (चेइय १०३)।
वमण न [**वमन**] उलटी, वान्ति, कै; (आचा; णाया १, १३)।
वमाल सक [**पुञ्जय्**] १ इकट्ठा करना। २ विस्तारना। वमालइ; (हे ४, १०२; षड्)।
वमाल पुं [**दे**] कलकल, कोलाहल; (दे ६, ९०; पाअ; स ४३५; ५२०; भवि)।
वमाल पुं [**पुञ्ज**] राशि, ढग; (सण)।
वमालण न [**पुञ्जन**] १ इकट्ठा करना; २ विस्तार; ३ वि. इकट्ठा करने वाला; ४ विस्तारने वाला; (कुमा)।
वम्म पुंन [**वर्मन्**] कवच, संनाह, बख्तर; (प्राप्र; कुमा)।
वम्म देखो **वम** ।
वम्मथ } पुं [**मन्मथ**] कामदेव, कंदर्प; (चंड; प्राप्र; हे १,
वम्मह } २४२; २, ६१; पाअ)।
वम्मा देखो **वामा**; (कप्प; पउम २०, ४६; सुख २१, १; पव ११)।
वम्मिअ वि [**वर्मित**] कवचित, संनाह-युक्त; (विपा १, २— पत्र २३)।
वम्मिअ } पुं [**वल्मीक**] कीट-विशेष-कृत मिट्टी का स्तूप;
वम्मीअ } (सुअ २, १, २६; हे १, १०१; षड्; पाअ; स १२३; सुपा ३१७)।
वम्मीइ पुं [**वाल्मीकि**] एक प्रसिद्ध ऋषि, रामायण-कर्ता मुनि; (उत्तर १०३)।
वम्मीसर पुं [**दे**] काम, कन्दर्प; (दे ७, ४२)।
वम्ह न [**दे**] वल्मीक; (दे ७, ३१)।
वम्ह पुं [**ब्रह्मन्**] १ वृक्ष-विशेष, पलाश का पेड़; "नग्गोह-वम्हा तरू" (पउम ५३, ७६)। २—देखो **बंभ**; (प्राप्र)।
वम्हल न [**दे**] केसर, किंजल्क; (दे ७, ३३; हे २, १७४)।
वम्हाण देखो **बंभण**; (कुमा)।
वय सक [**वच्**] बोलना, कहना। वअइ, वअए; (षड्)। भवि— वच्छिहिइ, वच्छिइ, वच्छिहिंति, वच्छिंति, वोच्छिइ, वोच्छिहिइ, वोच्छिंति, वोच्छिहिंति, वोच्छं; (संक्षि ३२; षड्; हे ३, १७१; कुमा)। कर्म— वुच्चइ; (कुमा)। कर्म— भवि— वकृ —**वक्खमाण**; (विसे १०५३)। संकृ— **वइत्ता, वच्चा, वोत्तूण**; (ठा ३,१— पत्र १०८; सुअ २, १, ६; हे ४, २११; कुमा)। हेकृ —**वत्तए, वत्तुं, वोत्तुं**; (आचा; अभि १७२; हे ४, २११; कुमा)। कृ—**वच्च, वत्तव्व, वोत्तव्व**; (विसे २; उप १३६ टी; ६४८ टी; ७६८ टी; पिंड ८७; धर्मसं ६२१; सुर ४, ६७; सुपा १५०; ओप; उवा; हे ४, २११), देखो **वयणिज्ज**।
वय सक [**वद्**] बोलना, कहना। वयइ, वयसि; (कस; कप्प), वइज्जा, वएज्जा; (कप्प)। भूका—**वयासि, वयासी**; (ओप; कप्प; भग; महा)। वकृ—**वयंत, वयमाण, वएमाण**; (कप्प; काल; ठा ४,४ —पत्र २७४; सम्म ६६; ठा ७)। संकृ —**वइत्ता**; (आचा)। हेकृ—**वइत्तए**; (कप्प)।

वय सक [**व्रज्**] जाना, गमन करना। वयइ; (सुर १, २४८)। वयउ; (महा), वइउज; (गच्छ २, ६१)। कृ—**वयंत**; (सुर ३, ३७; सुपा ४३२)। कृ—**वइयव्व**; (राज)।

वय पुं [**वृक**] पशु-विशेष, भेड़िया; (पउम ११८, ७)।

वय पुं [**दे**] गृध्र पक्षी; (दे ७, २६; पाअ)।

वय पुं [**वज**] १ संस्कार-करण; २ गमन; (श्रा २३)।

वय पुं [**व्रज**] १ देश-विशेष; (गा ११२)। २ गोकुल, दस हजार गौओं का समूह; (णाया १, १ टी—पत्र ४३; श्रा २३)। ३ मार्ग, रास्ता; ४ संस्कार-करण; ५ गमन, गति; श्रा २३)। ६ समूह, यूथ; (श्रा २३; स २६७; सुपा १८८; ती ३)।

वय पुं [**व्यय**] १ खर्च; (स ५०३)। २ हानि, नुकशान; (उव; प्रासू १८१)। देखो **विअ**=व्यय।

वय न [**वचस्**] वचन, उक्ति; (सुअ १, १, २, २३; १, २, २, १३; सुपा १६४; भास ६१; दं २२)। °**समिअ** वि [°**समित**] वचन का संयमी; (भग)।

वय पुं [**वद**] कथन, उक्ति; (श्रा २३)।

वय पुंन [**व्रत**] नियम, धार्मिक प्रतिज्ञा; (भग; पंचा १०, ८; कुमा; उप २११ टी; ओघभा २; प्रासू १५४)। °**मंत** वि [°**वत्**] व्रती; (आचा २, १, ६, १)।

वय पुंन [**वयस्**] १ उम्र, आयु; (ठा ३, ३; ४, ४; गा २३२; उप पृ १८; कुमा; प्रासू ४८; श्रा १४)। २ पक्षी; (गउड; उप पृ १८)। °**त्थ** वि [°**स्थ**] तरुण, युवा; (सुख १, १६)। °**परिणाम** पुं [°**परिणाम**] वृद्धता, बुढ़ापा; (से ४, २३; पाअ)।

°**वय** पुं [**पच**] पचन, पाक; (श्रा २३)।

°**वय** देखो **पय**=पद; (स ३४५; श्रा २३; गउड; कप्पू; से १, २४)।

°**वय** देखो **पय**=पयस्; (कुमा)।

वयंग न [**दे**] फल-विशेष; (सिरि ११६८)।

वयंतरिअ वि [**वृत्यन्तरित**] बाड़ से तिराहित; (दे २, ६३)।

वयंस पुं [**वयस्य**] समान उमर वाला मित्र; (ठा ३, १—पत्र ११४; हे १, २६; महा)।

वयंसि देखो **वच्चंसि**=वचस्विन्; (राज)।

वयंसी स्त्री [**वयस्या**] सखी, सहेली; (कप्पू)।

वयड पुं [**दे**] वाटिका, बगीचा; (दे ७, ३५)।

वयण न [**दे**] १ मन्दिर, गृह; २ शय्या, बिछौना; (दे ७, ८५)।

वयण पुंन [**वदन**] १ मुख, मुँह; "वअणो, वअणं" (प्राकृ ३३; पि ३५८; सुर २, २४३; ३, ४४; प्रासू ६२)। २ न. कथन, उक्ति; (विसे २७६४)।

वयण पुंन [**वचन**] १ उक्ति, कथन; "वयणा, वयणाइं" (हे १, ३३; पव २; सुर ३, ६४; प्रासू १४; १३४; १५०; कुमा)। २ एकत्व आदि संख्या का बोधक व्याकरण-शास्त्रोक्त प्रत्यय; (पण्ह २, २ टी—पत्र ११८)।

वयणिज्ज वि [**वचनीय**] १ वाच्य, कथनीय, अभिधेय; "वत्थुं दव्वट्ठिअस्स वयणिज्जं" (सम्म ८; सुअ २, १, ६०)। २ निन्दनीय; (सुपा ३००)। ३ उपालम्भनीय, उलहना देने योग्य; (कुप्र ३)। ४ न. वचन, शब्द; (से ४, १३; सम्म ५३; काप्र ८६६)। ५ लोकापवाद, निन्दा; (स ५३२)।

वयर वि [**दे**] चूर्णित; (दे ७, ३४)।

वयर देखो **वइर**=वज्र; (कप्प; उव; ओघभा ८; सार्ध ३५; भग; औप)।

°**वयर** देखो **पयर**=प्रकर; (से १, २२)।

वयराड देखो **वइराड**; (सत्त ६७ टी)।

वयल वि [**दे**] १ विकसता, खिलता; (दे ७, ८४)। २ पुं. कलकल, कोलाहल; (दे ७, ८४; पाअ)।

वयली स्त्री [**दे**] लता-विशेष, निद्राकरी लता; (दे ७, ३४; पाअ)।

°**वयस** देखो **वय**=वयस्; "सवयसं" (आचा १, ८, २, २)।

वयस्स देखो **वयंस**; (स ३१४; मोह ४७; अभि ५५; स्वप्न ७६)।

वया स्त्री [**वपा**] १ विवर, छिद्र; २ मेद, चरबी; (श्रा २३)।

वया स्त्री [**वचा**] १ ओषधि-विशेष; २ मैना, सारिका; (श्रा २३)। देखो **वचा**।

वया स्त्री [**व्यजा**] १ मार्ग-विशेष, कूप को खींचने के लिए रज्जु-बद्ध घट आदि डालने का मार्ग; २ प्रेरण-दण्ड; (श्रा २३)।

वर सक [**वृ**] १ सगाई करना, संबन्ध करना। २ आच्छादन करना, ढकना। ३ याचना करना। ४ सेवा करना। वरइ; (हे ४, २३४; सुज्ज १६; प्राप्र; षड्), "वरं वरेहि", (कुप्र ८०), "वरं वरसु इच्छिअं" (श्रा १२)। भवि—वरिस्सइ; (सिरि ८१६)। कृ—**वरणीअ**; (पउम २८, १०४)।

वर सक [**वरय्**] १ प्राप्त करने की इच्छा करना। २ संसृष्ट करना। **वरइ,** वरयति; (भवि; सुज्ज ७), "के सूरियं वरयते" (सुज्ज १, १)। वकृ—**वरिंत**: (सुज्ज ७)।

वर पुं [**वर**] १ पति, स्वामी, दुलहा; (स ७८; स्वप्न ४१; गा ४०४; ४७६; भवि)। २ वरदान, देव आदि का प्रसाद; (कुमा; श्रा १२: २७; कुप्र ८०; भवि)। ३ वि. श्रेष्ठ, उत्तम; (कप्प; महा; कुमा; प्रासू ५२: १७५)। ४ अभीष्ट; (श्रा १२; कुप्र ८०)। ५ न. कुछ अभीष्ट, अच्छा; "वरं मे अप्पा दंतो" (उत्त १, १६; प्रासू २२; ३८; १०६)। °**दत्त** पुं [°**दत्त**] १ भगवान् नेमिनाथजी का प्रथम शिष्य; (सम १५२; कप्प)। २ एक राज-कुमार; (विपा २, १; १०)। °**दाम** न [°**दामन्**] एक तीर्थ; (ठा ३, १—पत्र १२२: इक; सण)। °**धणु** पुं [°**धनुष्**] एक मन्त्रि-कुमार, ब्रह्मदत्त चक्रवर्ती का बाल-मित्र; (महा)। °**पुरिस** पुं [°**पुरुष**] वासुदेव; (पणण १७—पत्र ५२६; राय; आवम; जीव ३)। °**माल** पुं [°**माल**] एक देव-विमान; (देवेन्द्र १३३)। °**माला** स्त्री [°**माला**] वर को पहनायी जाती माला, वरत्व-सूचक माला; (कुप्र ४०७)। °**रुइ** पुं [°**रुचि**] राजा नन्द के समय का एक विद्वान् ब्राह्मण; (कुप्र ४४७)। °**वरिया** स्त्री [°**वरिका**] अभीष्ट वस्तु माँगने के लिए की जाती घोषणा, ईप्सित वस्तु के दान देने की घोषणा; (णाया १, ८—पत्र १५१; आवम; स ४०१; सुर १६, १८; सुपा ७२)। °**सरक** न [°**सरक**] खाद्य-विशेष; (पण्ह २, ५ —पत्र १४८)। °**सिट्ठ** पुंन [°**शिष्ट**] यम लोकपाल का एक विमान; (भग ३, ७—पत्र १६७; देवेन्द्र २७०)।

वर देखो **वार**। °**विलया** स्त्री [°**वनिता**] वेश्या; (कुमा)।

°**वर** देखो **पर**; "जीवाणमभयदाणं जा देइ दयावरो नरो निच्चं" (कुप्र १८२)।

वरइअ वि [**दे**] धान्य-विशेष; (दे ७, ४६)।

वरइत्त पुं [**दे. वरयितृ**] अभिनव वर, दुलहा; (दे ७, ४४; षड्; भवि)।

वरई देखो **वरय**=वराक।

वरउप्फ वि [**दे**] मृत; (दे ७, ४७)।

वरं देखो **परं**=परम्; "अदो वरं विरुद्धमम्हाण इत्थ अवत्थाणं" (मोह ६२; स्वप्न २०६)।

वरंड पुं [**वरण्ड**] १ दीर्घ काष्ठ, लम्बी लकड़ी; २ भित्ति, भींत; (मृच्छ ६)।

वरंड पुं [**दे**] १ तृण-पुञ्ज, तृण-संचय; (वाब ३)। २ प्राकार, किला; (दे ७, ८६; षड्)। ३ कपोतपाली, गाल पर लगाई जाती कस्तूरी आदि की छटा; (दे ७, ८६)। ४ समूह; (गा ६३०)।

वरंडिया स्त्री [**दे**] छोटा बरंडा, बरामदा, दालान; (सुपा २०३)।

वरक्ख न [**वराख्य**] गन्ध-द्रव्य विशेष, सिल्हक; (से ६, ४४)।

वरक्ख पुं [**वराक्ष**] १ योगी; २ यक्ष; ३ वि. श्रेष्ठ इन्द्रिय वाला; (से ६, ४४)।

वरक्खा स्त्री [**वराख्या**] त्रिफला; (से ६, ४४)।

वरट्ट पुं [**दे**] धान्य-विशेष; (पव १५४)।

वरडा } स्त्री [**दे. वरटा**] १ तैलाटी, कीट-विशेष, गंधोली; २ दंश-भ्रमर, जन्तु-विशेष; (मृच्छ १२; दे ७, ८४)।
वरडी }

वरण न [**वरण**] १ सगाई, विवाह-संबन्ध; (सुपा ३५४; सुर १, १२६; ४,१०)। २ तट, किनारा; (गउड)। ३ पुल, सेतु; (ओघ ३०)। ४ प्राकार, किला; (गा २५५)। ५ स्वीकार, ग्रहण; (राज), देखो **वीर-वरण**। ६ पुं. देश-विशेष, एक आर्य-देश; "वइराड वच्छ वरणा अच्छा" (सुअनि ६६ टी; इक), देखो **वरुण**।

वरणय न [**वरणक**] तृण-विशेष; (गउड)।

वरणसि (अप) देखो **वाराणसी**; (पि ३५४)।

वरणा स्त्री [**वरणा**] १ काशी की एक नदी; (राज)। २ अच्छ देश की प्राचीन राजधानी; (सुअनि ६६ टी), देखो **वरुणा**।

वरणीअ देखो **वर**=वृ।

वरत्त वि [**दे**] १ पीत; २ पतित; ३ पंटित, संहृत; (षड्)।

वरत्ता स्त्री [**वरत्रा**] रज्जु, रस्सी; (पाअ; विपा १, ६; सुपा ५६२)।

वरय पुं [**वरक**] सगाई करने वाला, विवाह का प्रार्थक पुरुष; (सुर ६, ११५)।

वरय पुं [**दे**] शालि-विशेष, एक तरह का धान्य; (दे ७, ३६)।

वरय वि [**वराक**] दीन, गरीब, बिचारा, रंक; (पाअ; सुर २, १३; ६, १६५; सुपा ६३; गा ५३३), स्त्री—°**रई**; (संक्षि २; पि ८०)।

वरला स्त्री [**वरला**] हंसी, हंसपक्षी की मादा; (पाअ)।
वरलि देखो **वरिसि**; (मोह ३०)।
वरहाड अक [**निर्+सृ**] बाहर निकलना। वरहाडइ; (हे ४, ७६)।
वरहाडिअ वि [**निःसृत**] बाहर निकला हुआ, निर्गत; (कुमा)।
वराअ देखो **वराय**; (रंभा)।
वराड, **वराडअ**, **वराडय** पुं [**वराट**, °**क**] १ दक्षिण का एक देश, जो आजकल भी 'बरार' नाम से प्रसिद्ध है; (कुप्र २५५; मुद्रा १८, ३५; राज)। २ कपर्दक, कौड़ा; (उत्त ३६, १३०; ओघ ३३४; श्रा १)। ३ न. कौड़ियों का जूआ जिसे बालक खेलते हैं; (मोह ८६)।
वराडिया स्त्री [**वराटिका**] कपर्दिका, कौड़ी; (सुपा २०३)।
वराय देखो **वरय**=वराक; (गा ६१; ६६; १४१; महा)। स्त्री—°**राइआ**, °**राई**; (गा ४६२; पि ३५०)।
वरावड पुं. ब. [**वरावट**] देश-विशेष; (पउम ६८, ६४)।
वराह पुं [**वराह**] १ शूकर, सूअर; (पाअ)। २ भगवान् सुविधिनाथ का प्रथम शिष्य; (सम १५२)।
वराही स्त्री [**वराही**] विद्या-विशेष; (विसे २४५३)।
वरि अ [**वरम्**] अच्छा, ठीक;

"वरि मरणं मा विरहो, विरहो अइदूसहो म्ह पडिहाइ।
वरि एक्कं चिय मरणं, जेण समप्पंति दुक्खाइं॥"
(सुर ४, १८२; भवि)।

वरिअ देखो **वज्ज**=वर्य; (हे २, १०७; षड्)।
वरिअ वि [**वृत**] १ स्वीकृत; (से १२, ८८)। २ सेवित; (भवि)। ३ जिसकी सगाई की गई हो वह; (वसु; महा)। ४ न. सगाई करना; "सुवरियं ति" (उप ६४८ टी)।
वरिट्ठ पुं [**वरिष्ठ**] १ भरत-क्षेत्र का भावी बारहवाँ चक्रवर्ती राजा; (सम १५४)। २ अति-श्रेष्ठ; (औप; कप्प; उप पृ ३८४; सुपा ४०३; भवि)।
वरिल्ल न [**दे**] वस्त्र-विशेष; (कप्पू)।
वरिस सक [**वृष्**] बरसना, वृष्टि करना। वरिसइ; (हे ४, २३५; प्राप्र)। वकृ—**वरिसंत**, **वरिसमाण**; (सुपा ६२४; ६२३)। हेकृ—**वरिसिउं**; (पि १३५)।
वरिस पुंन [**वर्ष**] १ वृष्टि, वर्षा; (कुमा; कप्पू; भवि)। २ संवत्सर, साल; (कुमा; सुपा ४५२; नव ६; दं २७; कप्पू; कम्म १, १८)। ३ जंबू-द्वीप; ४ जंबूद्वीप का अंश-विशेष, भारत आदि क्षेत्र; ५ मेघ; (हे २, १०५)। °**अ** वि [°**ज**] वर्षा में उत्पन्न; (षड्)। °**कण्ह** न [°**कृष्ण**] १ एक गोत्र; २ पुंस्त्री. उस गोत्र में उत्पन्न; (ठा ७—पत्र ३६०)। °**धर** पुं [°**धर**] अन्तःपुर-रक्षक षण्ढ-विशेष; (णाया १, १—पत्र ३७; कप्पू; औप ५५ टि)। °**वर** पुं [°**वर**] वही अनन्तरोक्त अर्थ; (औप)। देखो **वास**=वर्ष।
वरिसविअ वि [**वर्षित**] बरसाया हुआ; (सुपा २२३)।
वरिसा स्त्री [**वर्षा**] १ वृष्टि, पानी का बरसना; (हे २, १०५)। २ वर्षा-काल, श्रावण और भादों का महीना; (प्रयौ ७४)। °**काल** पुं [°**काल**] वर्षा ऋतु, प्रावृष्; (कुप्र ७५)। °**रत्त** पुं [°**रात्र**] वही अर्थ; (ठा ६; णाया १, १—पत्र ६३)। °**ल** देखो °**काल**; (पव ८५; महा)। देखो **वासा**।
वरिसि वि [**वर्षिन्**] बरसने वाला; (वेणी ११९)।
वरिसिणी स्त्री [**वर्षिणी**] विद्या-विशेष; (पउम ७, १४२)।
वरिसोलक पुं [**दे**. **वर्षोलक**] पक्वान्न-विशेष, एक प्रकार का खाद्य; (पव ४ टी)।
°**वरिहरिअ** देखो **परिहरिअ**; (से ७, ३८)।
वरु, **वरुअ** पुंन [**दे**] देखो **वरुअ**; "चंपयतरुणा वरुणा फुल्लंति सुरहिजलसिचा(?त्ता)" (संबोध ४७)।
वरुंट पुं [**वरुण्ट**] एक शिल्पि-जाति; (राज)।
वरुड पुं [**वरुड**] एक अन्त्यज-जाति; (दे २, ८४)।
वरुण पुं [**वरुण**] १ चमर आदि इन्द्रों का पश्चिम दिशा का लोकपाल; (ठा ४, १—पत्र १९७; १९८; इक)। २ बलि-आदि इन्द्रों का उत्तर दिशा का लोकपाल; (ठा ४, १)। ३ लोकान्तिक देवों की एक जाति; (णाया १, ८—पत्र १५१)। ४ भगवान् मुनिसुव्रत का शासनाधिष्ठायक यक्ष; (संति ८)। ५ शतभिषक् नक्षत्र का अधिष्ठाता देव; (सुज्ज १०, १२)। ६ एक देव-विमान; (देवेन्द्र १३१)। ७ वृक्ष की एक जाति; (पव ४)। ८ अहोरात्र का पनरहवाँ मुहूर्त; (सुज्ज १०, १३; सम ५१)। ९ एक विद्याधर-नरपति; (पउम ६, ४४; १६, १२)। १० एक श्रेष्ठि-पुत्र; (सुपा ५५६)। ११ छन्द-विशेष; (पिंग)। १२ वरुण-वर द्वीप का एक अधिष्ठाता देव; (जीव ३—पत्र ३४८)। १३ पुं. ब. एक आर्य-देश; (पव २७५)। °**काइय** पुं [°**कायिक**] वरुण लोकपाल के भृत्य-स्थानीय देवों की एक जाति; (भग ३, ७—पत्र १९९)। °**देवकाइय** पुं [°**देव-कायिक**] वही अर्थ; (भग ३, ७)। °**प्पभ** पुं [°**प्रभ**] १ वरुणवर द्वीप का एक अधिष्ठायक देव; (जीव ३—पत्र

३४८)। २ वरुण लोकपाल का उत्पात-पर्वत; (ठा १०—पत्र ४८२)। °प्पभा स्त्री [°प्रभा] वरुणप्रभ पर्वत की दक्षिण दिशा में स्थित वरुण लोकपाल की एक राजधानी; (दीव)। °वर पुं [°वर] एक द्वीप का नाम; (जीव ३—पत्र ३४८; सुज्ज १६)।

वरुणा स्त्री [**वरुणा**] १ अच्छ देश की प्राचीन राजधानी; (पव २७५)। २ वरुणप्रभ पर्वत की पूर्व दिशा में स्थित वरुण-नामक लोकपाल की एक राजधानी; (दीव)। ३ एक राज-पत्नी; (पउम ७, ४४)।

वरुणी स्त्री [**वरुणी**] विद्या-विशेष; (पउम ७, १४०)।

वरुणोअ } पुं [**वरुणोद**] एक समुद्र; (ठा ७—पत्र ४०५;
वरुणोद } इक; सुज्ज १६)।

वरुल पुं. ब. [**वरुल**] देश-विशेष; (पउम ६८, ६४)।

वरूहिणी स्त्री [**वरूथिनी**] सेना, सैन्य; (पाअ)।

वरेइत्थ न [**दे**] फल; (दे ७, ४७)।

वल अक [**वल्**] १ लौटना, वापिस आना; २ मुड़ना, टेढ़ा होना; गुजराती में 'वळवुं'। ३ उत्पन्न होना। ४ सक. ढकना। ५ जाना, गमन करना। ६ साधना। वलइ; (हे ४, १७६; षड्; गा ४४६; धात्वा १५२)। भवि—वलिस्सं; (महा)। वकृ—वलंत, वलय, वलाय, वलमाण; (हे ४, ४२२; गा २५; से ५, ४७; ५, ४२; औप; ठा २, ४; पत्र १५७)। कवकृ—वलिज्जंत; (से ४, २६)। संकृ—वलिऊण; (काल)। हेकृ—वलिउं; (गा ४८४; पि ५७६)। कृ—वलियव्व; (महा; सुपा ६०१)।

वल सक [**आ + रोपय्**] ऊपर चढ़ाना। वलइ; (हे ४, ४७; दे ७, ८६)।

वल सक [**ग्रह्**] ग्रहण करना। वलइ; (हे ४, २०६; दे ७, ८६)। कृ—**वलणिज्ज**; (कुमा)।

वल पुं [**वल**] रस्सी आदि को मजबूत करने के लिए दिया जाता बल; (उत्त २६, २५)।

वलअंगी स्त्री [**दे**] वृति वाली, बाड़ वाली; (दे ७, ४३)।

वलइय वि [**वलयित**] १ वलय की तरह गोलाकार किया हुआ, वलय की तरह मुड़ा हुआ; (पउम २८, १२४; कप्पू)। २ वेष्टित; (कप्पू)।

वलंगणिआ स्त्री [**दे**] बाड वाली; (दे ७, ४३)।

वलक्खिअ वि [**दे**] उत्संगित, उत्संग-स्थित; (षड् १८३)।

वलक्ख वि [**वलक्ष**] श्वेत, सफेद; (पाअ)।

वलक्ख न [**वलाक्ष**] आभूषण-विशेष, एक तरह का गले में पहनने का गहना; (औप)।

वलग्ग सक [**आ + रुह्**] आरोहण करना, चढ़ना। गुजराती में 'वळगवुं'। वलग्गइ; (हे ४, २०६; षड्; भवि)।

वलग्ग वि [**आरूढ**] जिसने आरोहण किया हो वह, चढ़ा हुआ; (पाअ)।

वलग्गंगणी स्त्री [**दे**] वृति, बाड; (दे ७, ४३)।

वलग्गिअ देखो **वलग्ग=**आरूढ; (कुमा)।

वलण न [**वलन**] १ मोड़ना, वक्र करना; (से १, ४२)। २ प्रत्यावर्तन, पीछे लौटना; (से ८, ६; गउड)। ३ बाँक, वक्रता; (हे ४, ४२२)।

वलण (शौ. मा) देखो **वरण**; (प्राकृ ८५; हे ४, २६३)।

वलणा स्त्री [**वलना**] देखो **वलण=**वलन; (गउड)।

वलत्थ वि [**दे**] पर्यस्त; (भवि)।

वलमय न [**दे**] शीघ्र, जल्दी; "वच्च वलमयं तत्थ" (दे ७, ४८)।

वलय पुंन [**वलय**] १ कंकण, कड़ा; (औप; गा १३३; कप्पू; हे ४, ३५२)। २ पृथिवी-वेष्टन, घनवात आदि; (ठा २, ४—पत्र ८६)। ३ वेष्टन, बेठन; ४ वर्तुल, गोलाकार; (गउड; कप्पू; ठा ५, १)। ५ नदी आदि के बाँक से वेष्टित भू-भाग; (सुअ २, २, ८; भग)। ६ माया, प्रपंच; (सुअ १, १२, २२; सम ७१)। ७ असत्य वचन, मृषा, झूठ; (पण्ह १, २—पत्र २६)। ८ वलयाकार वृक्ष, नालिकेर आदि; (पण्ण १; उत्त ३६, ६६; सुख ३६, ६६)। °आर, °रअ पुं [°कार, °कारक] कंकण बनाने वाला शिल्पी; (दे ७, ५४)।

वलय वि [**वलक**] मोड़ने वाला; "छगलग-गल-वलया" (पिंड ३१४)।

वलय न [**दे**] १ क्षेत्र, खेत; २ गृह, घर; (दे ७, ८५)।

वलय देखो **वल=**वल्। °मयग वि [°मृतक] १ संयम से भ्रष्ट होकर जिसका मरण हुआ हो वह; २ भूख आदि से तड़फता हुआ जो मरा हो वह; (औप)। °मरण न [°मरण] संयम से च्युत होने वाले का मरण; (भग २, १)।

वलयणी स्त्री [**दे**] वृति, बाड़; (दे ७, ४३)।

वलयबाहा } स्त्री [**दे**] १ दीर्घ काष्ठ, जिस पर ध्वजा आदि
वलयबाहु } बाँधा जाता है वह लम्बा काष्ठ; "संसारियासु वलयबाहासु ऊसिएसु सिएसु झयग्गेसु" (णाया १, ८—पत्र १३३)। २ हाथ का एक आभूषण, चूड़ा; (दे ७, ५२; पाअ)।

वलया देखो **वडवा**। °**णल** पुं [°**नल**] वडवाग्नि; (हे १, १७७; षड्)। °**मुह** न [°**मुख**] १ वडवानल; (हे १, २०२; प्राकृ; पि २४०)। २ पुं. एक बड़ा पाताल-कलश; (ठा ४, २ —पत्र २२६; टी —पत्र २२८; सम ७१)।

वलया स्त्री [**दे**] वेला, समुद्र-कूल। °**मुह** न [°**मुख**] वेला का अग्र भाग;

"ति वलागमुहुम्मुक्को, निक्खुत्तो वलयामुहे।
ति सत्तक्खुत्तो जालेणं, सइ छिन्नोदए दहे॥
एयारिसं ममं सत्तं, सढं घट्टियघट्टणं।
इच्छसि गलेण घेत्तुं, अहो ते अहिरीयया॥"
(पिंड ६३२; ६३३)।

वलयाइअ वि [**वलयायित**] जो वलय की तरह गोल हुआ हो वह; (कुमा)।

वलवट्टि [**दे**] देखो **वलवट्टि**; (दे ६, ६१)।

वलवा देखो **वडवा**; "गोमहिसिवलवपुणगा" (पउम २,२; दे ७, ४१; इक; पि २४०)।

वलवाडी स्त्री [**दे**] वृति, बाड़; (दे ७, ४३)।

वलविअ न [**दे**] शीघ्र, जल्दी; (दे ७, ४८)।

वलहि स्त्री [**दे**] कर्पास, कपास; (दे ७, ३२)।

वलहि } स्त्री [**वलभि**, °**भी**] १ गृह-चूडा, छज्जा, बरा-
वलही } मदा; २ महल का अग्रस्थ भाग; (प्राप्र)। ३ काठियावाड़ का एक प्राचीन नगर, जिसको आजकल 'वळा' कहते हैं; (ती १५; सम्मत्त ११६)।

वलाअ देखो **पलाय**=परा+अय्। वकृ—"दीमइ वि **वला-अंतो**" (से ६, ८६)।

वलाअ देखो **पलाव**=प्रलाप; (से ६, ४६)।

°**वलाअ** देखो **वल**=वल्। °**मरण** देखो **वलय-मरण**; "संजमजोग-विसन्ना मरंति जे तं वलयमरणं तु" (पव १५७; ठा २, ४—पत्र ६३)।

वलि स्त्री [**वलि**] १ पेट का अवयव-विशेष; "उयरवलिमंसेहिं" (निर १, १)। २ त्रिवलि, नाभि के ऊपर पेट की तीन रेखाएँ; (गा ४२५; भवि)। ३ जरा आदि से होती शिथिल चमड़ी; (णाया १, १—पत्र ६६)।

वलिअ वि [**दे**] भुक्त, भक्षित; (दे ७, ३५)।

वलिअ वि [**वलित**] १ मुड़ा हुआ; (गा ६; २७०; औप)। २ जिसको बल चढ़ाया गया हो वह; (रस्सि आदि); (उत्त २६, २५)।

वलिअ देखो **विलिअ**=व्यलीक; (प्राप्र)।

वलिआ स्त्री [**दे**] ज्या, धनुष की डोरी; (दे ७, ३४)।

°**वलिच्छन्न** देखो **परिच्छन्न**; (औप)।

वलिज्जंत देखो **वल**=वल्।

°**वलित्त** देखो **पलित्त**; (उप ७२८ टी)।

वलिमोडय पुं [**वलिमोटक**] वनस्पति में ग्रन्थि का चक्राकार वेष्टन; (पराण १—पत्र ४०)।

वलिर वि [**वलितृ**] लौटने वाला; (सुपा ५६)।

वली स्त्री [**वली**] देखो **वलि**; (निर १, १)।

वलुण देखो **वरुण**; (हे १, २५४)।

वले अ. संबोधन-सूचक अव्यय; (प्राकृ ८०)। २-३ देखो **बले**; (षड्)।

वल्ल देखो **वल**=वल्। वल्लइ; (धात्वा १५२)।

वल्ल अक [**वल्ल्**] चलना, हिलना; (कुप्र ८४)।

वल्ल पुं [**दे**] शिशु, बालक; (दे ७, ३१)।

वल्ल पुं [**दे. वल्ल**] अन्न-विशेष, निष्पाव; गुजराती में 'वाल'; (सुपा १३; ६३१; सम्मत्त ११८; सण)।

वल्लई स्त्री [**वल्लवी**] गोपी; (दे ७, ३६ टी)।

वल्लई स्त्री [**दे**] गो, गैया; (दे ७, ३६)।

वल्लई } स्त्री [**वल्लकी**] वीणा; (पाअ; दे ७, ३६ टी;
वल्लकी } णाया १, १७—पत्र २२६)।

वल्लट्ट त्रि [**दे**] पुनरुक्त, फिर से कहा हुआ; (षड्)।

वल्लभ देखो **वल्लह**; (गा ६०४)।

वल्लर न [**दे. वल्लर**] १ वन, गहन; (दे ७, ८६; पाअ; उत्त १६, ८१)। २ क्षेत्र, खेत; (दे ७, ८६; पराह १, १—पत्र १४)। ३ अरण्य-क्षेत्र; (पाअ)। ४ वालुका-युक्त क्षेत्र; (गा ८१२)।

वल्लर न [**दे**] १ अरण्य, अटवी; २ निर्जल देश; ३ पुं. महिष, भैंसा; ४ समीर, पवन; ५ वि युवा, तरुण; (दे ७, ८६)। ६ वेष्टन-शील; ७ वेष्टित-नामक आलिंगन-विशेष करने की आदत वाला; स्त्री —°**री**; (गा ५३४)।

वल्लरी स्त्री [**वल्लरी**] वल्ली, लता; (पाअ; गउड; सुपा ५३६)।

वल्लरी स्त्री [**दे**] केश, बाल; (दे ७, ३२)।

वल्लव पुंस्त्री [**वल्लव**] गोप, अहीर, ग्वाला; (पाअ)। स्त्री—°**वी**; (गा ८६)।

वल्लवाय न [**दे**] क्षेत्र, खेत; (दे ६, २६)।

वल्लविअ वि [**दे**] लाक्षा से रँगा हुआ; (षड्)।

वल्लह पुं [**वल्लभ**] १ दयित, पति, भर्ता; (गउड; कप्पू;

गा १२३; हे ४, ३८३)। २ वि. प्रिय, स्नेह-पात्र; "अहं जाया वल्लहा अईव पिउणो" (महा; गा ४२; ६७; कुमा; पउम १५, ७३; रयण ७६)। °राय पुं [°राज] १ गुजरात का एक चौलुक्य-वंशीय राजा; (कुप्र ४)। २ दक्षिण के कुन्तल देश का एक राजा; (कप्पू)।

वल्लहा स्त्री [**वल्लभा**] दयिता, पत्नी; (गा ७१)।

वल्लादय न [**दे**] आच्छादन, ढकने का वस्त्र; (दे ७, ४५)।

वल्लाय पुं [**दे**] १ श्येन पक्षी; २ नकुल, न्यौला; (दे ७, ८४)।

वल्लि स्त्री [**वल्लि**] लता, बेल; (कुमा)।

वल्लिर वि [**वल्लितृ**] हिलने वाला; "न विरायइ वल्लिर-पल्लवा वि वल्लिव्व फलहीणा" (कुप्र ८४)।

वल्ली स्त्री [**वल्ली**] लता, बेल; (कुमा; पि ३८७)।

वल्ली स्त्री [**दे**] केश, बाल; (दे ७, ३२)।

वल्हीअ पुं [**वाह्लीक**] १ देश-विशेष; (स १३; नाट)। २ त्रि. वाह्लीक देश में उत्पन्न, वाह्लीक देश का; (स १३)।

वव सक [**वप्**] बोना। "जे सत्तखित्तेसु ववंति वित्तं" (सत्त ७२)। वकृ—**ववंत**; (आत्महि ७)। कवकृ—**वविज्जंत**; (गा ३५८)।

ववइस सक [**व्यप+दिश्**] १ कहना, प्रतिपादन करना। २ व्यवहार करना। ववइसंति; (धर्मसं ४५२; सुअनि १४१),

"अन्ने अकालमरणस्सभावओ वहनिवित्तिओ मोहा।
वंझासुअपिसियासणनिवित्तितुल्लं ववइसंति॥"
(श्रावक १६२)।

ववएस पुं [**व्यपदेश**] १ कथन, प्रतिपादन; २ व्यवहार; (से ३, २६)। ३ कपट, बहाना, छल; (महा)।

ववगम पुं [**व्यपगम**] नाश; (आवम)।

ववगय वि [**व्यपगत**] १ दूर किया हुआ; (सुपा ४१)। २ मृत; (पराह १, ५—पत्र १४८)। ३ नाश-प्राप्त, नष्ट; "ववगयविग्घा सिग्घं पत्ता हिमइच्छिअं ठाणं" (धामि ११; औप; कप्प)।

ववट्ठंभ पुं [**व्यवष्टम्भ**] अवलम्बन, सहारा; (से ४, ४६)।

ववट्ठावण देखो **ववत्थावण**; (राज)।

ववट्ठिअ वि [**व्यवस्थित**] व्यवस्था-प्राप्त; (से १२, ५२)।

ववण न [**वपन**] बोना; (वव १; श्रु ६)।

ववण स्त्रीन [**दे**] कार्पास, तूला, रूई; "पलही ववणं तूलो रूवो" (पाम); स्त्री—°**णी**; (दे ६, ८२; ७, ३२)।

ववत्थंभ पुं [**दे**] बल, पराक्रम; (दे ७, ४६)।

ववत्था स्त्री [**व्यवस्था**] १ मर्यादा, स्थिति; (स १३; कुप्र ११४)। २ प्रक्रिया, रीति; ३ इन्तेजाम; (सुपा ४१)। ४ निर्णय; (स १३)। °**पत्तय** न [°**पत्रक**] दस्तावेज; (स ४१०)।

ववत्थावण न [**व्यवस्थापन**] व्यवस्था करना; "जीव-ववत्थावणादिणा" (धर्मसं ५२०)।

ववत्थावणा स्त्री [**व्यवस्थापना**] ऊपर देखो; (धर्मसं ५२०)।

ववत्थिअ वि [**व्यवस्थित**] व्यवस्था-युक्त; (स ४६; ७२७; सुर ७, २०५; सण)।

ववदेस देखो **ववएस**; (उवा; स्वप्न १३२)।

ववदेसि वि [**व्यपदेशिन्**] व्यपदेश करने वाला; (नाट—शकु ६६)।

ववधाण न [**व्यवधान**] अन्तर, दो पदार्थों के बीच का अन्तर; (अभि २२२)।

ववरोव सक [**व्यप+रोपय्**] विनाश करना, मार डालना। ववरोवेसि, ववरोवेउजसि, ववरोवेज्जा; (उत्ता)। कर्म—ववरोविज्जसि; (उवा)। संकृ—**ववरोवित्ता**; (उवा)।

ववरोवण न [**व्यपरोपण**] विनाश, हिंसा; (सण)।

ववरोविअ वि [**व्यपरोपित**] विनाशित, मार डाला गया; "जीविआओ ववरोविआ" (पडि)।

ववस सक [**व्यव+सो**] १ प्रयत्न करना, चेष्टा करना। २ निर्णय करना। ववसइ; (स २०२)। वकृ—**ववसंत**, **ववसमाण**; (सुपा २३८; स ५६२)। संकृ—**ववसिऊण**; (सुपा ३३६)। कवकृ—**ववसिज्जमाण**; (पउम ५७, ३६)। हेकृ—**ववसिउं** (शौ); (नाट—शकु ७१)।

ववसाय पुं [**व्यवसाय**] १ निर्णय, निश्चय; २ अनुष्ठान; (ठा ३, ३—पत्र १५१; वांदि)। ३ उद्यम, प्रयत्न; (से ३, १४; सुपा ३५२; स ६८३; हे ४, ३८५; ४२२; कुप्र २६)। ४ व्यापार, कार्य, काम; (औप; राय)।

ववसिअ न [**दे**] बलात्कार; (दे ७, ४२)।

ववसिअ } **ववस्सिअ** } वि [**व्यवसित**] १ उद्यत, उद्यम-युक्त; "सेणिओ नाम राया पयासुहे सुहं ववसिओ" (वसु; उत्त २२, ३०; उव)। २ त्यक्त; "अवि जीवियं ववसियं न चेव गुरुपरिभवो सहिओ" (उव)। ३ निश्चय वाला; ४ पराक्रमी; (ठा ४, १—पत्र १७६)। ५ न. व्यवसाय, कर्म; (णाया १, १—पत्र ५०)। ६ चेष्टित; (स

७५६)। ७ उद्यम, प्रयत्न, (से ३, २२)।

ववहर सक [व्यव+हृ] १ व्यापार करना। २ अक. वर्तना, आचरण करना। ववहरइ, ववहरए; (उत्त १७, १८; स १०८; विसे २२१२)। वकृ—**ववहरंत, ववहरमाण**; (उत्त २१, २; ३; भग ८, ८; सुपा १५; ४४६)। हेकृ—**ववहरिउं**; (स १०५)। कृ—**ववहरणिज्ज, ववहरियव्व**; (उप २११ टी; वव १; सुपा ५८५)।

ववहरग वि [व्यवहारक] व्यापार करने वाला, व्यापारी; (कुप्र २२४)।

ववहरण न [व्यवहरण] व्यवहार; (गाया १, ८—पत्र १३५; स ५८५; उप ५३० टी; सुपा ४६७; विसे २२१२)।

ववहरय देखो **ववहरग**; (सुपा ५७८)।

ववहरियव्व देखो **ववहर**।

ववहार पुं [व्यवहार] १ वर्तन, आचरण; (वव १; भग ८, ८; विसे २२१२; ठा ५, २; पव १२६)। २ व्यापार, धन्धा, रोजगार; (सुपा ३३४)। ३ नय-विशेष, वस्तु-परीक्षा का एक दृष्टि-कोण; (विसे २२१२; ठा ७—पत्र ३९०)। ४ मुमुक्षु की प्रवृत्ति-निवृत्ति का कारण-भूत ज्ञान-विशेष; (भग ८, ८—पत्र ३८३; वव १; पव १२६; द्र ४६)। ५ जैन आगम-ग्रन्थ विशेष; (वव १)। ६ दोष के नाशार्थ किया जाता प्रायश्चित्त; "आयारे ववहारे पन्नत्ती चेव दिट्ठिवाए य" (दसनि ३)। ७ विवाद, मामला, मुकद्दमा; "ववहारवियारणं कुणइ" (पउम १०५, १००; स ४६०; चेइय ५६०; उप ५९७ टी)। ८ विवाद-निर्णय, फैसला, चुकादा; (उप पृ २८३)। ९ व्यवस्था; (सूअ २, ५, ३)। १० काम, काज; (विसे २२१२; २२१४)। ११ जीवराशि-विशेष; (सिक्खा ९)। °**व** वि [°वत्] व्यवहार-युक्त; (द्र ४६)। °**रासिय** वि [°राशिक] जीवराशि-विशेष में स्थित; (सिक्खा ९)।

ववहारि पुं [व्यवहारिन्] १ ऐरवत क्षेत्र में उत्पन्न एक जिन-देव; (सम १५३)। २ वि. व्यापारी, वणिक्; (मोह ६४; श्रा १४; सुपा ३३४)। ३ व्यवहार-क्रिया-प्रवर्तक; (वव १)।

ववहारिअ वि [व्यावहारिक] व्यवहार-संबन्धी; (ओघ २८१; अणु)।

ववहिअ वि [व्यवहित] व्यवधान-युक्त; (अणु; आवम)।

ववहिअ वि [दे] मत्त, उन्मत्त; (दे ७, ४१)।

ववाँल देखो **बवाल**; (सण)।

वविअ वि [उप्त] बोया हुआ; (उप ७२८ टी; प्रासू ६)।

वविज्जंत देखो **वव**।

ववेअ वि [व्यपेत] व्यपगत; (सूअ २, १, ४७)।

ववेक्खा स्त्री [व्यपेक्षा] विशेष अपेक्षा, परवा; (धर्मसं ११९७)।

वव्वय पुं [वल्वज] तृण-विशेष; "मूययवक्क (? व्व) यपुप्फफल—" (पराह २, ३—पत्र १२३; कस २, ३०)।

वव्वर वि [वर्वर] १ पामर; २ मूर्ख; (कुमा)।

वव्वा° देखो **वव्वय**; (कस २, ३०)।

वव्वाड पुं [दे] अर्थ, धन; (दे ७, ३९)।

वव्वीस देखो **वच्चीसग, वद्धीसक**; (पउम ११३, ११)।

वशधि (मा) देखो **वसहि**=वसति; (प्राकृ १०१)।

वश्च (मा) देखो **वच्छ**=वृक्ष; (प्राकृ १०१)।

वस अक [वस्] १ वास करना, रहना। २ सक. बाँधना। वसइ; (कप्प; महा)। भूका—वसीय; (उत्त १३, १८)। वकृ—**वसंत, वसमाण**; (सुर २, २१९; ६, १२०; कुप्र १४; कप्प)। संकृ—**वसित्ता, वसित्ताणं**; (आचा; कप्प; पि ५८३)। हेकृ—**वत्थए, वसिउं**; (कप्प; पि ५७८; राज)। कृ—**वसियव्व**; (ठा ३, ३; सुर १४, ८७; सुपा ४३८)।

वस वि [वश] १ आयत्त, अधीन; (आचा; से २, ११)। २ पुंन. अधीनता, परतन्त्रता; (कुमा; कम्म १, ४४)। ३ प्रभुत्व, स्वामित्व; ४ आज्ञा; (कुमा)। ५ बल, सामर्थ्य; (गाया १, १७; ओप)। °**अ, °ग** वि [°ग] वशीभूत, पराधीन; (पउम ३०, २०; अच्चु ६१; सुर २, २३१; कुमा; सुपा २५७)। °**ट्ट** वि [°र्त] पराधीनता से पीड़ित, इन्द्रिय आदि की परवशता के कारण दुःखित; (आचा; विपा १, १—पत्र ८; ओप)। °**ट्टमरण** न [°र्तमरण] इन्द्रियादि-परवश की मौत; (ठा २, ४—पत्र ९३; भग)। °**वत्ति** वि [°वर्तिन्] वशीभूत, अधीन; (उप १३९ टी; सुपा २३८)। °**इत्त** वि [°ायत्त] अधीन, परतंत्र; (धर्मवि ३१)। °**णुग** वि [°ानुग] वही अर्थ; (पउम १४, ११)।

वस पुं [वृष] १ धर्म; (चेइय ५४१)। २ बैल, वृषभ; (स ६५४; कम्म १, ४३)। देखो **विस**=वृष।

वसइ स्त्री [वसति] १ स्थान, आश्रय; (कुमा)। २ रात्रि, रात; (दे ७, ४१)। ३ गृह, घर; (गा १६९)। ४ वास, निवास; (हे १, २१४)।

वसंत देखो **वस**=वस्।

वसंत पुं [**वसन्त**] १ ऋतु-विशेष, चैत्र और वैशाख मास का समय; (णाया १, १—पत्र ६४; पाअ; सुर ३, ३६; कुमा; कप्पू; प्रासू ३४; ६२) । २ चैत्र मास; (सुज्ज १०, १६) । °**उर** न [°**पुर**] नगर-विशेष; (महा) । °**तिलअ** पुं [°**तिलक**] १ हरिवंश में उत्पन्न एक राजा; (पउम २२, ६८) । २ न. एक उद्यान, जहाँ भगवान् ऋषभदेव ने दीक्षा ली थी; (पउम ३, १३४) । °**तिलआ** स्त्री [°**तिलका**] छन्द-विशेष; (पिंग) ।

वसंवय वि [**वशंवद**] निज को अधीन कहने वाला; (धर्मवि ६) ।

वसण न [**वसन**] १ वस्त्र, कपड़ा; (पाअ; सुपा २४४; चेइय ४८२; धर्मवि ६) । २ निवास, रहना; (कुप्र ४८) ।

वसण पुं [**वृषण**] अण्ड-कोश, पोता; (सम १२५; भग; पण्ह १, ३; विपा १, २; औप; कुप्र ३६५) ।

वसण न [**व्यसन**] १ कष्ट, विपत्ति, दुःख; (पाअ; सुर ३, १६२; महा; प्रासू २३) । २ राजादि-कृत उपद्रव; (णाया १, २) । ३ खराब आदत—द्यूत, मद्य-पान आदि खोटी आदत; (बृह १) ।

वसणि वि [**व्यसनिन्**] खोटी आदत वाला; (सुपा ४८८)।

वसभ पुं [**वृषभ**] १ ज्योतिष-प्रसिद्ध राशि-विशेष, वृष राशि; (पउम १७, १०८)। २ भगवान् ऋषभदेव; (चेइय ५४१)। ३ एक जैन मुनि, जो चतुर्थ बलदेव के पूर्व जन्म में गुरु थे; (पउम २०, १६२) । ४ गीतार्थ मुनि, ज्ञानी साधु; (बृह १; ३) । ५ बैल, बलीवर्द; (उव) । ६ उत्तम, श्रेष्ठ; "मुणिवसभा" (उव) । °**करण** न [°**करण**] वह स्थान जहाँ बैल बाँधे जाते हों; (आचा २, १०, १४) । °**क्खेत्त** न [°**क्षेत्र**] स्थान-विशेष, जहाँ पर वर्षा-काल में आचार्य आदि रहते हों वह स्थान; (वव १०; निचू १७) । °**ग्गाम** पुं [°**ग्राम**] ग्राम-विशेष, कुत्सित देश में नगर-तुल्य गाँव; "अत्थि हु वसभग्गामा कुदेसनगरोवमा सुहविहारा" (वव १०)। °**णुजाय** पुं [°**ानुजात**] ज्योतिषशास्त्र-प्रसिद्ध दश योगों में प्रथम योग, जिसमें चन्द्र, सूर्य और नक्षत्र बैल के आकार से स्थित होते हैं; (सुज्ज १२—पत्र २३३) । देखो **उसभ**, **रिसभ**, **वसह** ।

वसभुअ पुं [**दे**] काक, कौआ; (दे ७, ४६) ।

वसम देखो **वसिम**; (महा) ।

वसमाण देखो **वस**=वस् ।

वसल वि [**दे**] दीर्घ, लम्बा; (दे ७, ३३) ।

वसह पुं [**वृषभ**] वैयावृत्य करने वाला मुनि; (ओघ १४०)। २ लक्ष्मण का एक पुत्र; (पउम ९१, २०) । ३ बैल, साँढ; (पाअ) । ४ कान का छिद्र; ५ औषध-विशेष; (प्राप्र) । °**इंध** पुं [°**चिह्न**] शंकर, महादेव; (गउड) । °**केउ** पुं [°**केतु**] इक्ष्वाकु-वंश का एक राजा; (पउम ५, ७) । °**वाहण** पुं [°**वाहन**] १ ईशान देवलोक का इन्द्र; (जं २—पत्र १५७) । २ महादेव, शंकर; (वज्जा ६०) । °**वीही** स्त्री [°**वीथी**] शुक्र ग्रह का एक क्षेत्र-भाग; (ठा ९—पत्र ४६८) ।

वसहि देखो **वसइ**; (हे १, २१४; कुमा; गा ५८२; पि ३८७) ।

वसा स्त्री [**वसा**] १ शरीरस्थ धातु-विशेष; "मेयवसामंस—" (पण्ह १, १—पत्र १४; णाया १, १२) । २ मेद, चरबी; (आचा) ।

°**वसारअ** वि [**प्रसारक**] फैलाने वाला; (से ६, ४०) ।

°**वसारअ** देखो **पसाहय**; (से ६, ४०) ।

°**वसाहा** स्त्री [**प्रसाधा**] अलंकार, आभूषण; (से १, १६)।

वसि देखो **वसइ**; " जत्थ न नज्जइ पहि पहिं अडविवसिठाणयविसेसो" (सुर १, ५२) ।

वसिअ वि [**उषित**] १ रहा हुआ, जिसने वास किया हो वह; (पाअ; स २६५; सुपा ४२१; भत्त ११२; वै ७) । २ बासी, पर्युषित; " अवणेइ रयणिवसियं निम्मल्लं लोमहत्थेण " (संबोध ६) ।

वसिट्ठ पुं [**वशिष्ठ**] १ भगवान् पार्श्वनाथ का एक गणधर; (ठा ८—पत्र ४२९; सम १३) । २ एक ऋषि; (नाट—उत्तर ८२) ।

वसिट्ठ पुं [**वशिष्ठ**] द्वीपकुमार देवों का उत्तर दिशा का इन्द्र; (इक) ।

वसित्त न [**वशित्व**] योग की एक सिद्धि, योग-जन्य एक ऐश्वर्य; "साहुवसित्तगुणेणं पसमं कूरावि जंतुणो जंति " (कुप्र २७७) ।

वसिम न [**दे. वसिम**] वसति वाला स्थान; (सुर १, ५२; सुपा १६४; कुप्र २२४; महा) ।

वसियव्व देखो **वस**=वस् ।

वसिर वि [**वसितृ**] वास करने वाला, रहने वाला; (सुपा ६४७; सम्मत्त २१७) ।

वसीकय वि [**वशीकृत**] वश में किया हुआ, अधीन किया हुआ; (सुपा ५६०; महा) ।

वसीकरण न [**वशीकरण**] वश में करने के लिए किया जाता मन्त्र आदि का प्रयोग; (गाया १, १४; प्रासू १४; महा)।

वसीयरणी स्त्री [**वशीकरणी**] वशीकरण-विद्या; (सुर १३, ८१)।

वसीहूअ वि [**वशीभूत**] जो अधीन हुआ हो वह; (उप ६८६ टी)।

वसु न [**वसु**] १ धन, द्रव्य; (आचा; सूअ १, १३, १८; कुमा)। २ संयम, चारित्र; (आचा; सूअ १, १३, १८)। ३ पुं. जिनदेव; ४ वीतराग, राग-रहित; ५ संयत, संयमी, साधु; (आचा १, ६, २, १)। ६ आठ की संख्या; (विवे १४४; पिंग)। ७ धनिष्ठा नक्षत्र का अधिपति देव; (ठा २, ३; सुज्ज १०, १२)। ८ एक राजा का नाम; (पउम ११, २१; भत्त १०१)। ९ एक चतुर्दश-पूर्वी जैन महर्षि; (विसे २३३४)। १० एक छन्द का नाम; (पिंग)। ११ स्त्री. ईशानेन्द्र की एक पटरानी; (इक)। १२ न. लोकान्तिक देवों का एक विमान; (इक)। १३ सुवर्ण, सोना; (कप्प ६८; भग १५; उत्त १२, ३६)। °**गुत्ता** स्त्री [°**गुप्ता**] ईशानेन्द्र की एक पटरानी; (ठा ८—पत्र ४२६; इक; गाया २—पत्र २५३)। °**देव** पुं [°**देव**] नववें वासुदेव श्रीकृष्ण और बलदेव का पिता; (ठा ६; सम १५२; अंत; उव)। °**नंदय** पुं [°**नन्दक**] एक तरह की उत्तम तलवार; (सुर २, २२; भवि)। °**पुज्ज** पुं [°**पूज्य**] एक राजा, भगवान् वासुपूज्य का पिता; (सम १५१)। °**बल** पुं [°**बल**] इक्ष्वाकु वंश में उत्पन्न एक राजा; (पउम ५, ४)। °**भाग** पुं [°**भाग**] एक व्यक्ति-वाचक नाम; (महा)। °**भागा** स्त्री [°**भागा**] ईशानेन्द्र की एक पटरानी; (इक)। °**भूइ** पुं [°**भूति**] एक जैन मुनि का नाम; (पउम २०, १७६; आवम)। °**म, °मंत** वि [°**मत्**] १ द्रव्यवान्, धनी, श्रीमंत; (सूअ १, १३, ८; १, १५, ११; आचा)। २ संयमी, साधु; (सूअ १, १३, ८; आचा)। °**मित्ता** स्त्री [°**मित्रा**] १ ईशानेन्द्र की एक अग्र-महिषी; (ठा ८—पत्र ४२६; गाया २; इक)। °**सद्द** पुं [°**शब्द**] छन्द-विशेष; (पिंग)। °**हारा** स्त्री [°**धारा**] १ आकाश से देव-कृत सुवर्ण-वृष्टि; (भग १५; कप्प ६८; उत्त १२, ३६; विपा १, १०)। २ एक श्रेष्ठिनी; (उप ७२८ टी)।

वसुआ, **वसुआअ** अक [**उद्+वा**] शुष्क होना, सूखना। वसुआइ, वसुआअइ; (हे ४, ११; ३, १४५; प्राकृ ७४)। वकृ—**वसुअंत**; (कुमा)। प्रयो—कवकृ—**वसुआइज्जमाण**; (गउड)।

वसुआअ वि [**उद्वात**] शुष्क; (पाअ; से १, २०; गउड; प्राकृ ७७)।

वसुआइअ वि [**उद्वापित**] शुष्क किया गया, सुखाया गया; (से ६, २५)।

वसुआइज्जमाण देखो **वसुआ**।

वसुंधर पुं [**वसुन्धर**] एक जैन मुनि; (पउम २०, १६१)।

वसुंधरा स्त्री [**वसुन्धरा**] १ पृथिवी, धरती; (पाअ; धर्मवि ४१; प्रासू १४२)। २ ईशानेन्द्र की एक अग्र-महिषी; (ठा ८—पत्र ४२६; गाया २; इक)। ३ चमरेन्द्र के सोम आदि चारों लोकपालों की एक पटरानी का नाम; (ठा ४, १—पत्र २०४; इक)। ४ एक दिक्कुमारी देवी; (ठा ८—पत्र ४३६; इक)। ५ नववें चक्रवर्ती राजा की पटरानी; (सम १५२)। ६ रावण की एक पत्नी; (पउम ७४, १०)। ७ एक श्रेष्ठि-पत्नी; (उप ७२८ टी)। °**वइ** पुं [°**पति**] राजा, भू-पति; (सुपा १८८)।

वसुधा (शौ) देखो **वसुहा**; (स्वप्न ६८)।

वसुपुज्ज देखो **वासुपुज्ज**; "वसुपुज्जमल्ली नेमी पासो वीरो कुमारपव्वइया" (विचार ११५; पंचा १६, १३; १७), "वसुपुज्जजिणो जगुत्तमो जाओ" (पव ३५)।

वसुमइ°, **वसुमई** स्त्री [**वसुमती**] १ पृथिवी, धरती; (उप ७६८ टी; पाअ; सुपा २६०; ४७१)। २ भीम-नामक राक्षसेन्द्र की एक अग्र-महिषी, एक इन्द्राणी; (ठा ४, १—पत्र २०४; गाया २—पत्र २५२; इक)। °**णाह**, °**नाह** पुं [°**नाथ**] राजा; (उप ७६८ टी; पउम ७४, २६)। °**भवण** न [°**भवन**] भूमि-गृह, भोंयरा; (सुख ४, ६)। °**वइ** पुं [°**पति**] राजा; (पउम ६६, २)।

वसुल पुंस्त्री [**दे. वृषल**] १ निष्ठुरता-बोधक आमन्त्रण-शब्द; "होलि त्ति वा गोलि त्ति वा वसुलि त्ति वा" (आचा २, ४, १, ३), "तहेव होले गोलि त्ति साणे वा वसुलि त्ति य" (दस ७, १४)। २ गौरव और कुत्सा-बोधक आमन्त्रण-शब्द; "होल वसुल गोल णाह दइय पिय रमण" (णाया १, ६—पत्र १६५); स्त्री—°**ली**; (दस ७, १६; आचा २, ४, १, ३)।

वसुहा स्त्री [**वसुधा**] पृथिवी, धरती; (पाअ; कुमा)। °**हिव** पुं [°**धिप**] राजा; (सुपा ८७)।

वसू स्त्री [**वसू**] ईशानेन्द्र की एक पटरानी; (ठा ८—पत्र ४२६; इक; णाया २—पत्र २५३)।

वसेरी स्त्री [**दे**] गवेषणा, खोज; (सुपा ४७३)।

वस्स (शौ) देखो **वरिस**। वस्सदि; (नाट—मृच्छ १५५)।

वस्स वि [**वश्य**] अधीन, आयत्त; (विसे ८७५)।

वस्सोक न [**दे**] एक प्रकार की क्रीडा; "अन्नया य वस्सोकेण रमंति गय(? या)णं राणियाउ पोत्तेण वाहिंति" (श्रावक ६३ टी)।

वह सक [**वह्**] १ पहुँचाना। २ धारण करना। ३ ले जाना, ढोना। ४ अक. चलना। "परिमलबहलो वहइ पवणो" (कुमा; उव; महा), "गंगा वहइ पाडलं" (सुख २, ४५), वहमि; (हे २, १९४)। कर्म—**वहिज्जइ, वब्भइ, वुब्भइ**; (कुमा; धात्वा १५१; पि ५४१; हे ४, २४५)। वकृ—**वहंत, वहमाण**; (महा; सुर ३, ११; औप)। कवकृ—**उज्झमाण**; (उत्त २३, ६५; ६८)। हेकृ—**वहिउं, वहित्तए, वोढुं**; (धात्वा १५२; कस; सा १५)। कृ—**वहिअव्व, वोढव्व**; (धात्वा १५२; प्रवि ३)।

वह सक [**वध्, हन्**] मार डालना। वहेइ, वहंति; (उत्त १८, ३; ५; स ७२८; संबोध ४१)। कर्म—वहिज्जंति; (कुप्र २५)। वकृ—**वहंत, वहमाण**; (पउम २६, ७७; सुपा ६५१; श्रावक १३६)। कवकृ—**वहिज्जंत, वज्झमाण**; (पउम ४६, २०; आचा)। संकृ—**वहिऊण**; (महा)।

वह सक [**व्यथ्**] १ पीड़ा करना। २ प्रहार करना। कृ—**वहेयव्व**; (पराह २, १—पत्र १००)।

वह (अप) देखो **वरिस=वृष्**। वहदि; (प्राकृ १२१)।

वह पुंस्त्री [**वध**] घात, हत्या; (उवा; कुमा; हे ३, १३३; प्रासू १३६; १५३); स्त्री—°**हा**; (सुख १, ३; स २७)। °**कारी** स्त्री [°**करी**] विद्या-विशेष; (पउम ७, १३७)।

वह पुं [**दे**] १ कन्धे पर का व्रण; २ व्रण, घाव; (दे ७, ३१)।

वह पुं [**वह**] १ वृष-स्कन्ध, बैल का कन्धा; (विपा १, २—पत्र २७)। २ परीवाह, पानी का प्रवाह; (दे १, ५५)।

वह पुं [**व्यथ**] लकुट आदि का प्रहार; (सूअ १, ५, २, १४; उत्त १, १६)।

°**वह** देखो **पह=पथिन्**; (से १, ६१; ३, १४; कुमा)।

वहइअ वि [**दे**] पर्याप्त; (षड् १७७)।

वहग वि [**वधक**] घातक, हिंसक, मार डालने वाला; (उव; स २१३; सुपा ५६४; उप पृ ७०; श्रावक २१२; श्रा १३)।

वहग वि [**व्यथक**] ताड़ना करने वाला; (जं २)।

वहड पुं [**दे**] दमनीय बछड़ा; (दे ७, ३७)।

वहढोल पुं [**दे**] वात्या, वात-समूह; (दे ७, ४२)।

वहण न [**वधन**] वध, घात, हत्या; "अजओ छज्जीवकायवहणम्मि" (सुपा ५२२; धर्मवि १७; मोह १०१; महा; श्रावक १४४; २३७; उप पृ ३५७; सुपा १८४; पउम ४३, ४६)।

वहण न [**वहन**] १ ढोना; (धर्मवि ७२)। २ पोत, जहाज, यानपात्र; (पाअ; उप ५६६; कुम्मा १५)। ३ शकट आदि वाहन; (उत्त २७, २; सुपा १८२)। ४ वि. वहन करने वाला; (से ३, ६; ती ३)।

वहण (शौ) देखो **पगय=प्रकृत**; (प्राकृ ६७)।

वहण (अप) देखो **वसण=वसन**; (भवि)।

वहणया स्त्री [**वहना**] निर्वाह; (णाया १, २—पत्र ६०)।

वहणा स्त्री [**वधना**] वध, घात, हिंसा; (पराह १, १—पत्र ५)।

वहण्णु पुं [**व्यधज्ञ**] एक नरक-स्थान; "उव्वेयणए विज्जलविमुहे तह विच्छवी वि(?व)हण्णू य" (देवेन्द्र २८)।

वहय देखो **वहग=वधक**; (सूअ २, ४, ४; पउम २६, ४७; श्रावक २०८; सण)।

वहलीअ देखो **बहलीय**; (इक)।

वहा देखो **वह=वध**।

वहाव सक [**वाहय्**] वहन कराना। कर्म—वहाविज्जइ; (श्रावक २५८ टी)।

वहाविअ वि [**वधित**] मरवाया हुआ; (स्वा २४)।

°**वहाविअ** देखो **पहाविअ**; (से ६, १)।

वहिअ वि [**व्यथित**] पीडित; (पंचा ५, ४४)।

वहिअ वि [**ऊढ**] वहन किया हुआ; (धात्वा १५२)।

वहिअ वि [**वधित**] जिसका वध किया गया हो वह; (श्रावक १७०; पउम ५, १६५; विपा १, ५; उव; स्वा २३; २४)।

वहिअ वि [**दे**] अवलोकित, निरीक्षित; "तेलोक्कवहियमहियपूइए" (उवा)।

वहिइअ देखो **वहइअ**; (षड्)।

वहिचर अक [**व्यभि+चर्**] १ पर-पुरुष या पर-स्त्री से संभोग करना। २ सक. नियम-भंग करना। वकृ—**वहि-**

चरंत; (स ७११)।
वहिचार पुं [**व्यभिचार**] १ पर-स्त्री या पर-पुरुष से संभोग; (स ७११)। २ न्यायशास्त्र-प्रसिद्ध एक हेतु-दोष; (धर्मसं ६३)।
वहिज्जंत देखो **वह**=वध्।
वहिया स्त्री [**दे**] बही, हिसाब लिखने की किताब; (सम्मत्त १४२; सुपा ३८५; ३८६; ३८७; ३६१)।
वहियाली देखो **वाहियाली**; "गुरुउज्जाणतडिट्ठियवहियालिं नेइ तं निवई" (धर्मवि ४)।
वहिलग पुं [**दे, वहिलक**] ऊँट, बैल आदि पशु; (राज)।
वहिल्ल वि [**दे**] शीघ्र, शीघ्रता-युक्त; गुजराती में 'वहेलो'; (हे ४, ४२२; कुमा; वज्जा १२८)।
वहु पुंस्त्री [**दे**] चिविडा, गन्ध-द्रव्य विशेष; (दे ७, ३१)।
वहु° देखो **वहू**; (हे १, ४; षड्; प्राप्र)।
वहुधारिणी स्त्री [**दे**] नवोढा, दुलहिन; (दे ७, ५०)।
वहुण्णी स्त्री [**दे**] ज्येष्ठ-भार्या, पति के बड़े भाई की वहू; (दे ७, ४१)।
वहुमास पुं [**दे**] रमण-विशेष, क्रीड़ा-विशेष, जिसमें खेलता हुआ पति नवोढा के घर से बाहर नहीं निकलता है; (दे ७, ४६)।
वहुरा स्त्री [**दे**] शिवा, सियार; (दे ७, ४०)।
वहुलिआ (अप) स्त्री [**वधूटिका**] अल्प वय वाली स्त्री; (पिंग)।
वहुव्वा स्त्री [**दे**] छोटी सास; (दे ७, ४०)।
वहुहाडिणी स्त्री [**दे**] एक स्त्री के रहते हुए ब्याही जाती दूसरी स्त्री; (दे ७, ५०; षड्)।
वहू स्त्री [**वधू**] वहू, भार्या, नारी; (स्वप्न ४२; पाअ; हे १, ४)।
वहोल पुं [**दे**] छोटा जल-प्रवाह, गुजराती में 'वहेळो'; (दे ७, ३७)।
वा सक [**वा**] गति करना, चलना। वाइ; (से ६, ५१; गा ५४३; कुमा)।
वा अक [**वै, म्लै**] सूखना। वाइ; (से ६, ५२; हे ४, १८)।
वा सक [**व्ये**] बुनना। कृ—**वाइम**; "गंथिमपूरिमवेढिमवाइमसंघाइमं छेज्जं" (दसनि २)।
वा अ [**वा**] इन अर्थों का सूचक अव्यय;—१ विकल्प, अथवा, या; (आचा; कुमा)। २ समुच्चय, और, तथा; (उत ८, १२; सुख ८, १२)। ३ अपि, भी; (कुमा; कप्प; सुख ५, २१)। ४ अवधारण, निश्चय; (ठा ८)। ५ सादृश्य, समानता; (विसे १८६४)। ६ उपमा; "कप्पद्दुमं तलेणेव कामकवड्डेण कामधेणुं वा" (हि १७; सूअ १, ४, २, १५; सुख २, ६; वव १)। ७ पाद-पूर्ति; (उत्त १८, १८)।

वाअड पुं [**दे**] शुक, तोता; (षड्)।
वाअड देखो **वावड**=व्यापृत; "रइवाअडा रमंतं पिअंपि पुत्तं सवइ माआ" (गा ४००)।
वाइ वि [**वादिन्**] १ बोलने वाला, वक्ता; (आचा; भग; उव; ठा ४, ४)। २ वाद-कर्ता, शास्त्रार्थ में पूर्वपक्ष का प्रतिपादन करने वाला; (सम १०२; विसे १७२१; कुप्र ४४०; चेइय १२८, सम्मत्त १४१; श्रा ६)। ३ दार्शनिक, तीर्थिक, इतर धर्म का अनुयायी; (ठा ४, ४)।
वाइ वि [**वाचिन्**] वाचक, अभिधायक, कहने वाला; (विसे ८७४)।

वाइ देखो **वाजि**; (राज)।
वाइअ वि [**वाचिक**] वचन-संबन्धी; (औप; श्रा ३४; पडि)।
वाइअ वि [**वाचित**] १ पाठित, पढ़ाया हुआ; (उत्त १७, १४; विसे २३५८)। २ पढ़ा हुआ; "नाममिम वाइए तत्थ" (सुपा २७०), "अलाहि किं वाइएण लेहेण" (हे २, १८९)।
वाइअ वि [**वातिक**] १ वात से उत्पन्न, वायु-जन्य (रोग आदि); (भग; णाया १, १—पत्र ५०; तंदु १६)। २ वायु से फूला हुआ, वात-रोग वाला; (विसे २५७६ टी; पव ६१)। ३ उत्कर्ष वाला; "सपरक्कमराउलवाइएण सीसे पलीविए नियए" (उव), "चिंतइ सूरी एसो निवमन्नो वाइउव्व दुम्मणो" (धर्मवि ७६)। ४ पुं. नपुंसक का एक भेद; (पुप्फ १२७; धर्म ३)।
वाइअ वि [**वादित**] १ बजाया हुआ; (गा ५५७; कुमा २, ८; ६६; ७०)। २ वन्दित, अभिवादित; "चलणेसु निवडिऊणं वाइआ अंभणा" (स २६०)।
वाइअ न [**वाद्य**] १ बाजा, वादित्र; (कप्प)। २ बाजा बजाने की कला; (सम ८३; औप)।
वाइअ वि [**वात**] बहा हुआ, चला हुआ; "मुचकुंदकुडयसंदियरमणिज्जवाइयसमीरो" (सुर २, ७६)।

वाइंगण न [दे] बैंगन, वृन्ताक, भंटा; (उप ५९७ टी; दे ७, ३६)।

वाइंगणी } स्त्री [दे] बैंगन का गाछ, वृन्ताकी; (राज; **वाईंगिणी** } पराण १७—पत्र ५२७)।

वाइगा (दे) देखो **वाइया**; (उप १०३१ टी)।

वाइज्जंत देखो **वाए**=वाचय्।

वाइज्जंत देखो **वाए**=वादय्।

वाइत्त न [**वादित्र**] वाद्य, बाजा; (कुप्र ११०; भवि)।

वाइद्ध वि [**व्याविद्ध**] विपर्यय से उपन्यस्त, उलट-पुलट रखा हुआ; (विसे ८५३)।

वाइद्ध वि [**व्यादिग्ध**] १ उपदिग्ध, उपलिप्त; २ वक्र, टेढ़ा; (भग १६, ४—पत्र ७०४)।

वाइम देखो **वा**=व्ये।

वाइयव्व देखो **वाय**=वादय्।

वाईकरण देखो **वाजीकरण**; (राज)।

वाउ पुं [**वायु**] १ पवन, वात; (कुमा)। २ वायु-शरीर वाला जीव; (अणु; जी २; दं १३)। ३ मुहूर्त-विशेष; (सम ५१)। ४ सौधर्मेन्द्र के अश्व-सैन्य का अधिपति देव; (ठा ५, १—पत्र ३०२)। ५ नक्षत्र-देव विशेष, स्वाति-नक्षत्र का अधिपति देवता; (ठा २, ३—पत्र ७७; सुज्ज १०, १२ टी)। °**आय** पुं [°**काय**] १ प्रचण्ड पवन; (ठा ३, ३—पत्र १४१)। २ वायु शरीर वाला जीव; (भग)। °**काइय** पुं [°**कायिक**] वायु शरीर वाला जीव; (ठा ३, १—पत्र १२३; पि ३५५)। °**काय** देखो °**आय**; (जी ७; पि ३५५)। °**कुमार** पुं [°**कुमार**] १ एक देव-जाति, भवनपति देवों की एक अवान्तर जाति; (भग)। २ हनूमान का पिता; (पउम १६, २)। °**कलिया** स्त्री [°**उत्कलिका**] वायु-विशेष, नीचे बहने वाला वायु; (पराण १—पत्र २६)। °**क्काइय** देखो °**काइय**; (भग)। °**क्काय** देखो °**आय**; (राज)। °**त्तरवडिंसग** पुंन [°**उत्तरावतंसक**] एक देव-विमान; (सम १०)। °**पवेस** पुं [°**प्रवेश**] गवाक्ष, वातायन; (ओघभा ५८)। °**प्पइट्ठाण** वि [°**प्रतिष्ठान**] वायु के आधार से रहने वाला; (भग)। °**भूइ** पुं [°**भूति**] भगवान् महावीर का एक गणधर—मुख्य शिष्य; (कप्प)।

वाउ पुं [दे] इक्षु, ऊख; (दे ७, ५३)।

°**वाउड** वि [**प्रावृत**] १ आच्छादित, ढका हुआ; (भग २, १; पव ६१)। २ न. कपड़ा, वस्त्र; (ठा ५, १—पत्र २६६)।

वाउत्त पुं [दे] १ विट; २ जार, उपपति; (दे ७, ८८)।

वाउप्पइया स्त्री [दे. **वातोत्पतिका**] भुज-परिसर्प की एक जाति, हाथ से चलने वाले जन्तु की एक जाति; "वाउलसरड-जाहगमुगुंसखाडहिलवाउप्पि(?प्पइ)यघीरोलियसिरीसिवगणे य" (पराह १, १—पत्र ८)।

वाउब्भाम पुं [**वातोद्भ्राम**] अनवस्थित पवन; "वाउ-उब्भा(?ब्भा)मे वाउक्कलिया" (पराण १—पत्र २६)।

वाउय वि [**व्यापृत**] किसी कार्य में लगा हुआ; (णाया १, ८—पत्र १४६; औप)।

वाउरा स्त्री [**वागुरा**] मृग-बन्धन, पशु फँसाने का जाल, फन्दा; (पउम ३३, ६७; हेका ३१; गा ६५७)। देखो **वग्गुरा**।

वाउरिय वि [**वागुरिक**] जाल में फँसाने का काम करने वाला, व्याध; (पराह १, १; विपा १, ५—पत्र ६४)।

वाउल वि [**व्याकुल**] १ घबड़ाया हुआ; (उव; उप पृ २२०; कप्पू ३४; हे २, ६६)। २ पुं. क्षोभ; (पराह १, ३—पत्र ४४) °**हूअ** वि [°**भूत**] व्याकुल बना हुआ; (उप २२० टी)।

वाउल वि [**वातूल**] १ वात-रोगी, उन्मत्त; २ पुं. वात-समूह; (हे १, १२१; प्राकृ ३०)।

वाउलग्ग न [दे] सेवा, भक्ति; "निच्चं चिय वाउलग्गं कुणंति" (राज)।

वाउलणा स्त्री [**व्याकुलना**] व्याकुल करना; (वव ४)।

वाउलिअ वि [**व्याकुलित**] १ व्याकुल बना हुआ; (सण)। २ विलोलित, क्षोभ-प्राप्त; (पराह १, ३—पत्र ४५)।

वाउलिआ स्त्री [दे] छोटी खाई; (गा ६२६)।

वाउल्ल देखो **वाउल**=व्याकुल; (हे २, ६६; षड्)।

वाउल्ल वि [दे. **वातूल**] वाचाट, प्रलाप-शील, बकवादी; (दे ७, ५६; पाम; षड्)।

वाउल्लअ पुंन [दे] पूतला, गुजराती में 'बावलुं'; "आ-लिहिअभित्तिवाउल्लआ व्व ण परम्मुहं ठाइ" (गा २१७), "आलिहियभित्तिवाउल्लयं व न परम्मुहं ठाइ" (वज्जा १४)।

वाउल्लआ } स्त्री [दे] देखो **वाउल्लया**, **वाउल्ली**; **वाउल्ली** } "आलिहिअभित्तिवाउल्लअ व्व ण संमुहं ठाइ" (गा २१७ अ; दे ६, ६१)।

वाऊल देखो **वाउल**=वातूल; "अभिवायवाऊलो हसिज्जए

नयरलोएण" (धर्मवि १११; प्राकृ ३०)।
वाऊल देखो **वाउल**=व्याकुल; (प्राकृ ३०)।
वाए सक [**वादय्**] बजाना। वाएइ; (महा)। वकृ—**वाएंत**; (महा)। कवकृ—**वाइज्जंत**; (कुप्र १६)। हेकृ—**वाइउं**; (महा)।
वाए सक [**वाचय्**] १ पढ़ाना। २ पढ़ना। वाएइ, वाएंति; (भग; कप्प)। कवकृ—**वाइज्जंत**; (सुपा ३३८; कुप्र १६)।
वाएरिअ वि [**वातेरित**] पवन-प्रेरित; (गा १७६)।
वाएसरी स्त्री [**वागीश्वरी**] सरस्वती देवी; "वाएसरी पुत्थय-वग्गहत्था" (पडि; सम्मत्त २१५)।
वाओलि } स्त्री [**वातालि, °ली**] पवन-समूह; "किं भय-
वाओली } लो चालिज्जइ पयंडवाउ(?आ)लिसएहिंवि" (धर्मवि १७; गउड; णाया १, १—पत्र ६३)।
वाक } देखो **वक्क**=वल्क; (औप; विसे ६७; विपा १,
वाग } ६—पत्र ६६)।
वागड पुं [**वागड**] गुजरात का एक प्रान्त, जो आजकल भी 'वागड' नाम से ही प्रसिद्ध है; (कुप्र ६)।
वागर सक [**व्या + कृ**] प्रतिपादन करना, कहना। वागरेइ, वागरेज्जा; (कप्प; पि ५०६)। वकृ—**वागरमाण, वागरेमाण**; (सुर ७, ४१; सुपा ५११; औप)। संकृ—**वागरित्ता**; (सम ७२)। हेकृ—**वागरिउं, वागरित्तए**; (कुप्र २३८; उवा)।
वागरण न [**व्याकरण**] १ कथन, प्रतिपादन, उपदेश; (विसे ५५०; कुप्र ३; पण्ह १, १ टी)। २ निर्वचन, उत्तर; (औप; उवा; कप्प)। ३ शब्दशास्त्र; (धर्मवि ३८; मोह ३)।
वागरणि वि [**व्याकरणिन्**] प्रतिपादन करने वाला; (सम्म ३)।
वागरणी स्त्री [**व्याकरणी**] भाषा का एक भेद, प्रश्न के उत्तर की भाषा, उत्तर रूप वचन; (ठा ४, १—पत्र १८३)।
वागरिय वि [**व्याकृत**] उक्त, कथित; (उवा; अंत ६; उप १४२ टी; पव ७३ टी)। देखो **वायड**=व्याकृत।
वागल न [**वल्कल**] वृक्ष की छाल; (णाया १, १६—पत्र २१३)।
वागल वि [**वाल्कल**] वृक्ष की त्वचा से बना हुआ; "वागलवत्थनियत्थे" (भग ११, ६—पत्र ५१६)।
वागली स्त्री [**दे**] वल्ली-विशेष; (पण्ण १—पत्र ३३)।
वागिल्ल वि [**वाग्मिन्**] बहु-भाषी, वाचाल; (वव ७)।
वागुर पुं [**वागुरा**] मृग-बन्धन, फन्दा; "रे रे रएह वागुरे" (मोह ७६)।
वागुरि } वि [**वागुरिन्, °रिक**] देखो **वाउरिय**; गुज-
वागुरिय } राती में 'वाघरी'; "ससयपसयगोहिए य साहिंति वागुरा(?री)णं" (पण्ह १, २—पत्र २६; सूअ २, २, ३६; विपा १, ८—पत्र ८३)।
वाघाइअ वि [**व्याघातिक**] व्याघात से उत्पन्न; (जं ७—पत्र ५३१)।
वाघाइम वि [**व्याघातिम**] व्याघात से होने वाला; (सुज्ज १८—पत्र २६५)। २ न. मरण-विशेष—सिंह, दावानल आदि से होने वाली मौत; (औप)।
वाघाय पुं [**व्याघात**] १ स्खलना; (सुज्ज १८)। २ विनाश; (उव ६७६)। ३ प्रतिबन्ध, रुकावट; (भग; ओघभा १८)। ४ सिंह, दावानल आदि से अभिभव; (औप)।
वाघारिय वि [**व्याघारित**] प्रलम्ब, लम्बा; (पंचा १८, १८; पव ६७)।
वाघुण्णिय वि [**व्याघूर्णित**] दोलायमान, डोलता; (णाया १, १—पत्र ३१)।
वाघेल पुं [**दे**] एक क्षत्रिय-वंश; (ती २६)।
वाच देखो **वाय**=वाचय्। कवकृ—**वाचीअमाण**; (नाट—मालवि ६१)। संकृ—**वाचिऊण**; (हम्मीर १७)।
वाचय देखो **वायग**=वाचक; (द्रव्य ४६)।
वाचिय देखो **वाइअ**=वाचित; (स ६२१)।
वाज देखो **वाय**=व्याज; (कुप्र २०१)।
वाजि पुं [**वाजिन्**] अश्व, घोड़ा; (विपा १, ७)।
वाजीकरण न [**वाजीकरण**] १ वीर्य-वर्धक औषध-विशेष; २ उसका प्रतिपादक शास्त्र, आयुर्वेद का एक अंग; (विपा १, ७—पत्र ७५)।
वाड पुं [**वाट**] १ बाड, कंटक आदि से की जाती गृहादि-परिधि; (उत्त २२, १४; माल १६५)। २ बाड़ा, बाड वाली जगह, वृति वाला स्थान; "निव्वाणमहावाडं साहत्थिं संपावेइ" (उवा; गा २२७; दे ७, ५३ टि; गउड), "अंते सो साहूणं गोवाडनिरोहणं करेऊणं" (विचार ५०६)। ३ वृति आदि से परिवेष्टित गृह-समूह, रथ्या, मुहल्ला; (उत्त ३०, १८), "अहो गणिआवाडस्स सस्सिरीअआ" (चारु ७६)।
वाडंतरा स्त्री [**दे**] कुटीर, झोंपड़ा; (दे ७, ५८)।

वाडग देखो **वाड**; (पिंड ३३४; विपा १, ४—पत्र ५५; उप पृ २८६) ।
°**वाडण** देखो **पाडण**; "परदोहवट्टवाडणबंदग्गहखत्तखणणपमुहाइं" (कुप्र ११३) ।
वाडव पुं [**वाडव**] वडवानल, समुद्र-स्थित अग्नि; (सण) ।
वाडहाणग पुंन [**वाटधानक**] १ एक छोटा गाँव; २ वि. उस गाँव का निवासी; "ताहे तेण वाडहाणगा हरिएसा धिज्जाइया कया" (सुख ६, १; महा) ।
वाडि° देखो **वाडी**=वाटी; (गा ८; णाया १, ७—पत्र ११६) ।
वाडिआ स्त्री [**वाटिका**] बगीचा, उद्यान; "सणवाडिआ" (गा ६; चारु ५६; दे ७, ३५; रंभा) ।
वाडिम पुं [**दे**] पशु-विशेष, गण्डक, गेंडा; (दे ७, ५७) ।
वाडिल्ल पुं [**दे**] कृमि, कीट; (दे ७, ५६) ।
वाडी स्त्री [**दे**] वृति, वाड; "घरवारं कारिया कंटएहिं वाडी" (कुप्र २६; दे ७, ४३; ५८; षड्) ।
वाडी स्त्री [**वाटी**] बगीचा, उद्यान; (धर्मसं ४१) ।
वाढि, **वाढिअ** } पुं [**दे**] वणिक्-सहाय, वैश्य-मित्र; (दे ७, ५३) ।
वाण सक [**वि+नम्**] विशेष नमना—नत होना । वाणइ(?); (धात्वा १५२) ।
वाण वि [**वान**] वन में उत्पन्न, वन-संबन्धी; (औप; सम १०३) । °**पत्थ**, °**प्पत्थ** पुं [°**प्रस्थ**] वन में रहने वाला तापस, तृतीय आश्रम में स्थित पुरुष; (औप; उप ३७७) । °**मंत**, °**मंतर**, °**वंतर** पुंस्त्री [°**व्यन्तर**] देवों की एक जाति; (भग; ठा २, २; सुर १, १३७; औप; जी २४; महा; पि २५१), स्त्री—°**री**; (पगण १७—पत्र ४६६; जीव २) । °**वासिआ** स्त्री [°**वासिका**] छन्द-विशेष; (अजि ३३) ।
°**वाण** देखो **पाण**=पान । °**वत्त** न [°**पात्र**] पीने का प्याला; (से १, १८) ।
वाणय पुं [**दे**] वलयकार, कंकण बनाने वाला शिल्पी; (दे ७, ५४) ।
वाणर पुंन [**वानर**] १ बन्दर, कपि, मर्कट; (पण्ह १, १; पाअ) । २ विद्याधर मनुष्यों का एक वंश; ३ वानर-वंश में उत्पन्न मनुष्य; (पउम ६, १) । °**उरी** स्त्री [°**पुरी**] किष्किन्धा-नामक एक भारतीय प्राचीन नगरी; (से १४, ५०) । °**केउ** पुं [°**केतु**] वानरवंश का कोई भी राजा; (पउम ८, २३५) । °**दीव** पुं [°**द्वीप**] एक द्वीप; (पउम ६,३४) । °**द्धय** पुं [°**ध्वज**] हनूमान्; (पउम ५३, ४३) । °**वइ** पुं [°**पति**] सुग्रीव, रामचन्द्र का एक सेनापति; (से २, ४१; ३, ५२) । देखो **वानर** ।
वाणरिंद पुं [**वानरेन्द्र**] वानर-वंशीय पुरुषों का राजा, वाली; (पउम ६, ४०) ।
वाणवाल पुं [**दे**] इन्द्र, पुरन्दर; (दे ७, ६०) ।
वाणहा देखो **पाणहा**, **वाहणा**=उपानह्; (पि १४१) ।
वाणा देखो **वायणा**=वाचना । °**यरिअ** पुं [°**चार्य**] अध्यापन करने वाला साधु, शिक्षक; "एसो च्चिय ता कीरउ वाणायरिओ, तओ गुरू भणइ" (उप १४२ टी) ।
वाणारसी स्त्री [**वाराणसी**] भारत वर्ष की एक प्राचीन नगरी, जो आज कल 'बनारस' नाम से प्रसिद्ध है; (हे २, ११६; णाया १, ४; उवा; इक; उव; धर्मवि ५; पि ३८५) ।
वाणि देखो **वणि**=वणिज्; (भवि) । °**उत्त**, °**पुत्त** पुं [°**पुत्र**] वैश्य-कुमार, बनिया का लड़का; (कुप्र ३६; ८८; २२१; ४०४; सिरि ३८४; धर्मवि १०४) ।
वाणि स्त्री [**वाणि**] देखो **वाणी**; (संति ४) ।
वाणिअ पुं [**वाणिज**] १ बनिया, व्यापारी, वैश्य; (श्रा १२; सुर १, २४८; १३, २६; नाट—मृच्छ ५५; वसु; सिरि ४०) । २ एक गोत्र का नाम; (उवा; अंत; विपा १, १) ।
वाणिअ (अप) देखो **वाणिज्ज**; (सण) ।
°**वाणिअ** देखो **पाणिअ**=पानीय; (गा ६८२; सिरि ४०; सुपा २२६) ।
वाणिअय पुं [**वाणिजक**] बनिया, वैश्य, व्यापारी; (पाअ; काप्र ८६३; गा ६५१; उव; सुपा २२६; २७५; प्रासू १८१) ।
वाणिज्ज न [**वाणिज्य**] १ व्यापार, बेपार; (सुपा ३४३; पडि) । २ एक जैन मुनि कुल का नाम; (कप्प) ।
वाणिज्जा स्त्री [**वणिज्या**] व्यापार; "अहिच्छत्तं नगरं वाणिज्जाए गमित्तए" (णाया १, १५) ।
वाणिज्जिय वि [**वाणिजिक**] वाणिज्य-कर्ता, व्यापारी; (भवि) ।
वाणी स्त्री [**वाणी**] १ वचन, वाक्य; (पाअ) । २ वाग्देवता, सरस्वती देवी; (कुमा; संति ४) । ३ छन्द-विशेष; (पिंग) ।
°**वाणीअ** देखो **पाणीअ**; (काप्र ६२५) ।
वाणीर पुं [**दे**] जम्बू वृक्ष, जामू का पेड़; (दे ७, ५६) ।
वाणीर पुं [**वानीर**] वेतस-वृक्ष; (पाअ; गा ५६६) ।

वाणुंजुअ पुं [दे] वणिक्, वैश्य; "एसो हला नवल्लो दीसइ वाणुंजुओ कोवि" (उप ७२८ टी) ।
वात देखो **वाय**=वात; (ठा २, ४—पत्र ८६) ।
वातिक } देखो **वाइअ**=वातिक; (पराह १, ३—पत्र ५४;
वातिय } ओघ ७२२) ।
वाद देखो **वाय**=वाद; (राज) ।
वादि देखो **वाइ**=वादिन्; (उवा) ।
वानर देखो **वाणर**; (विपा १, २—पत्र ३६; विसे ८६३; सुपा ६१८), "पुव्वभववानराणि व ताइं विलसंति सिच्छाए" (धर्मवि १३१) ।
वापंफ देखो **वावंफ** । वापंफइ; (षड्) ।
वापिद (शौ) देखो **वावड**=व्यापृत; (नाट—वेणी ६७)
वाबाहा स्त्री [व्याबाधा] विशेष पीड़ा; (गाया १, ४; चेइय ३५५) ।
वाम सक [वमय्] वमन कराना । वामेइ, वामेज्ज (भग; पिंड ६४६) । संकृ—**वामेत्ता**; (भग; उवा) ।
वाम वि [दे] १ मृत; (दे ७, ४७) । २ आक्रान्त; (षड्) ।
वाम वि [वाम] १ सव्य, बाँया; (ठा ४, २—पत्र २१६; कुमा; सुर ४, ५; गउड) । २ प्रतिकूल, अननुकूल; (पाअ; पराह १, २—पत्र २८; गउड ८८०; ६६४; कुमा) । ३ सुन्दर, मनोहर; "वामलोअणा" (पाअ) । ४ न. सव्य पक्ष; "वामत्थो" (पउम ५५, ३१) । ५ बाँया शरीर; (गा ३०३) । °**लोअणा** स्त्री [°लोचना] सुन्दर नेत्र वाली स्त्री, रमणी; (पाअ) । °**लोकवादि**, °**लोगवादि** पुं [°लोकवादिन्] दार्शनिक-विशेष, जगत् को असद् मानने वाले मत का प्रतिपादक दार्शनिक; (पराह १, २—पत्र २८) । °**वट्ट** वि [°वर्त] प्रतिकूल आचरण करने वाला; (बृह १) । °**ावत्त** वि [°ावर्त] वही अर्थ; (ठा ४, २—पत्र २१६) ।
वाम पुं [व्याम] परिमाण-विशेष, नीचे फैलाए हुए दोनों हाथों के बीच का अन्तराल; (पव २१२; औप) ।
वामण पुंन [वामन] १ संस्थान-विशेष, शरीर का एक तरह का आकार, जिसमें हाथ, पैर आदि अवयव छोटे हों और छाती, पेट आदि पूर्ण या उन्नत हों वह शरीर; (ठा ६—पत्र ३५७; सम १४६; कम्म १, ४०) । २ वि. उक्त आकार के शरीर वाला, ह्रस्व, खर्व; (पव ११०; से २, ६; पाअ); स्त्री—°**णी**; (औप; गाया १, १—पत्र ३७) । ३ पुं. श्रीकृष्ण का एक अवतार; (से २, ६) । ४ देव-विशेष, एक यक्ष-देवता; (सिरि ६६७) । ५ न. कर्म-विशेष, जिसके उदय से वामन शरीर की प्राप्ति हो वह कर्म; (कम्म १, ४०) । °**थली** स्त्री [°स्थली] देश-विशेष; (ती १५) ।
वामणिअ वि [दे] नष्ट वस्तु—पलायित—को फिर से ग्रहण करने वाला; (दे ७, ५६) ।
वामणिआ स्त्री [दे] दीर्घ काष्ठ की बाड; (दे ७, ५८) ।
वामद्दण न [व्यामर्दन] एक तरह का व्यायाम, हाथ आदि अंगों का एक दूसरे से मोड़ना; (गाया १, १—पत्र १६; कप्प; औप) ।
वामरि पुं [दे] सिंह, मृगेन्द्र; (दे ७, ५४) ।
वामलूर पुं [वामलूर] वल्मीक; (पाअ; गउड) ।
वामा स्त्री [वामा] भगवान् पार्श्वनाथजी की माता का नाम; (सम १५१) ।
वामिस्स देखो **वामीस**; (पउम ६३, ३६) ।
वामी स्त्री [दे] स्त्री, महिला; (दे ७, ५३) ।
वामीस वि [व्यामिश्र] मिश्रित, युक्त, सहित; (पउम ७२, ४; तंदु ४४) ।
वामीसिय वि [व्यामिश्रित] ऊपर देखो; (भवि) ।
वामुत्तय वि [व्यामुक्तक] १ परिहित, पहना हुआ; २ प्रलम्बित, लटका हुआ; (औप) ।
वामूढ वि [व्यामूढ] विमूढ, भ्रान्त; (सुर ६, १२६; १२, १४३; सुपा ७०) ।
वामोह पुं [व्यामोह] मूढता, भ्रान्ति; (उप पृ ३३६; सुपा ६५; भवि) ।
वामोहण वि [व्यामोहन] भ्रान्ति-जनक; (भवि) ।
वाय सक [वाचय्] १ पढ़ना । २ पढ़ाना । वाएइ, वाएसि; (कुप्र १६६), "सावक्का सुयजणणी पासत्था गहिय वायए लेहं" (धर्मवि ४७), "सुत्तं वाए उवज्झाओ" (संबोध २५) । वकृ—**वायंत**; (सुपा २२३) । संकृ—**वाइऊण**; (कुप्र १६६) । कृ—**वायणिज्ज**; (ठा ३, ४) ।
वाय सक [वा] बहना, गति करना, चलना । वायंति; (भग ५, २) । वकृ—**वायंत**; (पिंड ८२; सुर ३, ४०; सुपा ४५०; दस ५, १, ८) ।
वाय अक [वै, म्लै] सूखना । वाअइ; (संक्षि ३६; प्राप्र) । वकृ—**वायंत**; (गउड ११६५) ।
वाय सक [वादय्] बजाना । वकृ—**वायंत**, **वायमाण**; (सुपा २६३; ४३२) । कृ—**वाइयव्व**; (स ३१४) ।
वाय वि [वान] शुष्क, सूखा, म्लान; (गउड; से ५, ५७; [illegible] कुमा) ।

वाय पुं [**दे**] १ वनस्पति-विशेष; (सूम २, ३, १६)। २ न. गन्ध; (दे ७, ५३)।

वाय पुं [**व्रात**] समूह, संघ; (श्रा २३; भवि)।

वाय वि [**व्यातृ**] संवरण करने वाला; (श्रा २३)।

वाय वि [**व्यागस्**] प्रकृष्ट अपराधी; (श्रा २३)।

वाय पुं [**वातृ**] १ पवन, वायु; २ कपड़ा बुनने वाला, जुलाहा; (श्रा २३)।

वाय वि [**व्याप**] प्रकृष्ट विस्तार वाला; (श्रा २३)।

वाय पुं [**वाक**] ऋग्वेद आदि वाक्य; (श्रा २३)।

वाय पुं [**व्याय**] १ गति, चाल; २ पवन, वायु; ३ पक्षी का आगमन; ४ विशिष्ट लाभ; (श्रा २३)।

वाय पुं [**व्याच**] वंचन, ठगाई; (श्रा २३)।

वाय पुं [**वाज**] १ पक्ष, पँख; २ मुनि, ऋषि; ३ शब्द, आवाज; ४ वेग; ५ न. घृत, घी; ६ पानी, जल; ७ यज्ञ का धान्य; (श्रा २३)।

वाय न [**वाच**] शुक-समूह; (श्रा २३)।

वाय वि [**वाज्**] १ फेंकने वाला; २ नाशक; (श्रा २३)।

वाय पुं [**व्याज**] १ कपट, माया; २ बहाना, छल; ३ विशिष्ट गति; (श्रा २३)।

वाय देखो **वाग**=वल्क; (विपा १, ६—पत्र ६६)।

वाय पुं [**व्राय**] विवाह, शादी; (श्रा २३)।

वाय पुं [**व्यात**] विशिष्ट गमन; (श्रा २३)।

वाय पुं [**वाप**] १ बपन, बोना, २ क्षेत्र, खेत; (श्रा २३)।

वाय पुं [**वाय**] १ गमन, गति; २ सूँघना; ३ जानना, ज्ञान; ४ इच्छा; ५ खाना, भक्षण; ६ परिणयन, विवाह; (श्रा २३)।

वाय वि [**व्याद**] विशेष ग्रहण करने वाला; (श्रा २३)।

वाय वि [**वाच्**] वक्ता, बोलने वाला; (श्रा २३)।

वाय पुं [**वात**] १ पवन, वायु; (भग; णाया १, ११; जी ७; कुमा)। २ उत्कर्ष; (उव ५५ टि)। ३ पुंन. एक देव-विमान; (सम १०)। °**कंत** पुंन [°**कान्त**] एक देव-विमान; (सम १०)। °**कम्म** न [°**कर्मन्**] अपान वायु का सरना, पर्दन; (ओघ ६२२ टी)। °**कूड** पुंन [°**कूट**] एक देव-विमान; (सम १०)। °**खंध** पुं [°**स्कन्ध**] घनवात आदि वायु; (ठा २, ४—पत्र ८६)। °**ज्झय** पुंन [°**ध्वज**] एक देव-विमान; (सम १०)। °**णिसग्ग** पुं [°**निसर्ग**] अपान वायु का स[illegible]र्दन; (पडि)। °**पलिक्खोभ** पुं [°**परिक्षोभ**[illegible] काले पुद्गलों की रेखा; (भग ६, ५—पत्र २७१)। °**प्पभ** पुंन [°**प्रभ**] देव-विमान विशेष; (सम १०)। °**फलिह** पुं [°**परिघ**] वही अर्थ; (भग ६, ५)। °**रुह** पुं [°**रुह**] वनस्पति-विशेष; (पगण १—पत्र ३६)। °**लेस्स** पुंन [°**लेश्य**] एक देव-विमान; (सम १०)। °**वण्ण** पुंन [°**वर्ण**] एक देव-विमान; (सम १०)। °**सिंग** पुंन [°**शृङ्ग**] एक देव-विमान; (सम १०)। °**सिट्ठ** पुंन [°**सृष्ट**] एक देव-विमान; (सम १०)। °**वत्त** पुंन [°**वर्त**] एक देव-विमान; (सम १०)।

वाय पुं [**वाद**] १ तत्त्व-विचार, शास्त्रार्थ; (ओघभा १७; धर्मवि ८०; प्रासू ६३)। २ उक्ति, वचन; (औप)। ३ नाम, आख्या; "वल्लहवाएण अलं मम" (गा ११३)। ४ बजाना; "मद्दलवायचउप्फललोयं" (सिरि १५७)। ५ स्थैर्य, स्थिरता; (श्रा २३)। °**त्थ** पुं [°**ार्थ**] तत्त्व-चर्चा; "तेहि समं कुणइ वायत्थं" (पउम ४१, ५७)। °**त्थि** वि [°**ार्थिन्**] शास्त्रार्थ की चाह वाला; (पउम १०५, २६)।

°**वाय** पुं [**पाक**] १ रसोई; २ बालक; ३ दैत्य, दानव; (श्रा २३)। देखो **पाग**।

°**वाय** पुं [**पात**] १ पतन; (स ६५७; कुमा)। २ गमन; ३ उत्पतन, कूदना; (से १, ५५)। ४ पक्षी; ५ न. पक्षि-समूह; (श्रा २३)।

°**वाय** वि [**पातृ**] १ रक्षा करने वाला; २ पीने वाला; ३ सूखने वाला; (श्रा २३)।

विणिवार सक [**विनि + वारय्**] रोकना, निवारण करना, निषेध करना। विणिवारइ; (भवि)। कवकृ —**विणिवारीअंत**; (नाट—मृच्छ १५४)।

विणिवारण न [**विनिवारण**] १ निवारण, प्रतिषेध; २ वि. निवारण करने वाला ; (पंचा ७, ३१)।

विणिवारि वि [**विनिवारिन्**] निवारण-कर्ता; (पंचा ७, ३१)।

विणिवारिय वि [**विनिवारित**] प्रतिषिद्ध, निवारित; (महा)।

विणिविट्ठ वि [**विनिविष्ट**] १ उपविष्ट, स्थित; (कुप्र १५१), "सकम्मविणिविट्ठसरिसकयचेट्ठो" (उव ; वै ६०)। २ आसक्त, तल्लीन; (आचा)।

विणिवित्त देखो **विणियट्ट**; (उप ७८६)।

विणिवित्ति देखो **विणियत्ति**; (विसे २६३६ ; उवर १२७ ; श्रावक २५१ : २५२ ; पंचा १, १७)।

विणिवुड्ड वि [**विनिमग्न**] निमग्न, बुड़ा हुआ, तराबोर, सराबोर ; "तइया ठिमा मि जं किर पलाइसरंभसेमविणिवुड्डो" (गउड ४६०)।

विणिवेइअ वि [**विनिवेदित**] जनाया हुआ, ज्ञापित; (से १४, ४०)।

विणिवेस पुं [**विनिवेश**] १ स्थिति, उपवेशन; २ विन्यास, रचना; (गउड)।

विणिवेसिअ वि [**विनिवेशित**] स्थापित, रखा हुआ; (गा ६७४; सुर ३, ६५)।

विणिव्वर न [**दे**] पश्चात्ताप, अनुशय; (दे ७, ६८)।

विणिव्ववण न [**विनिर्वपन**] शान्ति, दाहोपशम ; (गउड)।

विणिस्सरिय वि [**विनिःसृत**] बाहर निकला हुआ; (सण)।

विणिस्सह वि [**विनिस्सह**] श्रान्त, थका हुआ ; "कइ-शावि धणुपरिस्समविणिस्सहो दीहियासु मज्जेइ" (सुपा ५६)।

विणिह देखो **विणिहण**।

विणिहट्टु देखो **विणिहा**।

विणिहण सक [**विनि + हन्**] मार डालना। **विणिह-**णेज्जा, विणिहंति ; (गम्र १, ११, ३७ ; १, ७, १६)। कर्म—विणिहम्मंति ; (उत्त ३, ६)।

विणिहय वि [**विनिहत**] जो मार डाला गया हो, व्यापादित; (महा)।

विणिहा सक [**विनि + धा**] १ व्यवस्था करना। २ स्थापन करना। संकृ -**विणिहट्टु**, **विणिहाय**, **विणिहित्तु**; (चेइय २६८; सुअ १, ७, २१; कप्प)।

विणिहाय देखो विणिघाय; (णाया १, १४—पत्र १८६)।

विणिहिअ } **विणिहित्त** } वि [**विनिहित**] स्थापित; (गा ३६१; सुपा ६२)।

विणिहित्तु देखो **विणिहा**।

विणी अक [**विनिर् + इ**] बाहर निकलना। विणिंति, **विणेंति**; (गा ६५४; पि ४६३)। वकृ **विणिंत**; (गउड १३८)।

विणी सक [**वि + नी**] १ दूर करना, हटाना। २ विनय-ग्रहण कराना, सिखाना। विणिंति; (णाया १, १—पत्र २६; ३०), विणिज्जामि,, विणइज्ज, विणएज्ज, विणेउ; (णाया १, १—पत्र २६; सूम १, १३, २१; पि ४६०; णाया १, १—पत्र ३२)। भूका—विणइंसु; (सूम १, १२, ३)। भवि—विणेहिइ; (पि ५२१)। वकृ—**विणेमाण**; (णाया १, १—पत्र ३३)। कवकृ—**विणिज्जमाण**; (णाया १, १—पत्र २६)। हेकृ—**विणएत्तु**; (आचा १, ५, ६, ४; पि ५७७)।

विणीअ वि [**विनीत**] १ अपनीत, दूर किया हुआ, हटाया हुआ; (णाया १, १-पत्र ३३), "सव्वदव्वेसु विणीयतण्हे" (उत्त २६, १३)। २ विनय-युक्त, नम्र, शिष्ट; (ठा ४, ४—पत्र २८५; सुपा ११६; उव)। ३ शिक्षित; "भद्दा विणीअवि-णआ" (उव ६)।

विणीआ स्त्री [**विनीता**] अयोध्या नगरी; (सम १५१; कप्प; पउम ३२, ५०; ती १)।

विणील वि [**विनील**] विशेष हरा रँग का; (गउड)।

विणु (अप) देखो **विणा**; (हे ४, ४२६; षड्; हम्मीर २८; कुलक १२; भवि; कम्म २, ६; २६; २७; ३, ५; कुमा)।

विणेअ वि [**विनेय**] शिक्षणीय, शिष्य; अन्तेवासी, चेला; (सार्ध ७०; उप १०३१ टी)।

विणेमाण देखो **विणी**=वि + नी।

विणोअ सक [**वि + नोदय्**] १ खण्डित करना। २ दूर करना, हटाना। ३ खेल करना। ४ कुतूहल करना। विणोएइ, विणोयंति; (गउड), विणोदेमि (शौ); (स्वप्न ५१)। भवि—विणोदइस्सामो (शौ); (पि ५२८)। वकृ—**विणोदअंत** (शौ); (नाट—उत्तर ६५)। कवकृ—**विणोदीअमाण** (शौ); (नाट—मालवि ४५?)।

विणोअ पुं [**विनोद**] १ खेल, क्रीड़ा; २ कौतुक, कुतूहल; (गउड; सिरि ५६; सुर ४, २१६; हे १, १४६)।

विणोइअ वि [**विनोदित**] विनोदित-युक्त किया हुआ; (सुर ११, २३८; सण)।

विणोदअंत देखो **विणोअ**=वि+नोदय्।

विणोयक } **विणोयग** } वि [**विनोदक**] कुतूहल-जनक; (रंभा)।

विणोयण न [**विनोदन**] १ अपनयन, दूर करना; "परिस्सम-विणोयणत्थं" (उप १०३१ टी; कुप्र १४७)। २ कुतूहल, कौतुक; (गा ४८७)।

विण्ण देखो **विण्णु**; (संक्षि १६)।

विण्णइदव्व देखो **विण्णव**।

विण्णत्त वि [**विज्ञप्त**] निवेदित; (सुपा २२)।

विण्णत्ति स्त्री [**विज्ञप्ति**] १ निवेदन, प्रार्थना; (कुमा)। २ ज्ञान; (सूम १, १२, १७)।

विण्णय देखो **विणइय**; (ठा १०—पत्र ५१६)।

विण्णय देखो **विण्ण**; (विपा १, २—पत्र ३६; १, ८—पत्र ८४)।

विण्णव सक [**वि + ज्ञपय्**] १ विनती करना, प्रार्थना करना। २ मालूम करना, विदित करना। ३ कहना। विण्णवइ, विण्णवेमि, विण्णवेमो; (पि ५५३; ५५१)। भवि—विण्ण-विस्सं; (रुक्मि ४१)। वकृ **विण्णवंत**; (काल)। संकृ—**विण्णविअ**; (नाट—मृच्छ २६४)। हेकृ—**विण्ण-विदुं** (शौ); (अभि ५३)। कृ—**विण्णइदव्व** (शौ); (पि ५५१)।

विण्णवणा स्त्री [**विज्ञापना**] विज्ञापन, निवेदन; (उवा)। देखो **विन्नवणा**।

विण्णा सक [**वि + ज्ञा**] जानना। संकृ—**विण्णाय**; (दस ८, ५६)। कृ—**विण्णेय**; (काल)।

विण्णाउ देखो **विन्नाउ**; (राज)।

विण्णाण देखो **विन्नाण**; (उवा; महा; षड्)।

विण्णाणि वि [**विज्ञानिन्**] निपुण, विचक्षण; (कुमा)।

विण्णाय वि [**विज्ञात**] १ जाना हुआ, विदित; (पाअ; गउड १२०)। २ न. विज्ञान; (कप्प)।

विण्णाव देखो **विण्णव**। विण्णावेमि, विण्णावेहि; (मा ३८; ३६)।

विण्णास वि [**वि + न्यासय्**] स्थापन करना, रखना। वकृ—**विण्णासंत**; (पउम ४३, २६)।

विण्णास देखो **विन्नास**; (मा ५१)।

विण्णासणा स्त्री [**विन्यासना**] स्थापना; (उप ३५४)।

विण्णु } **विण्णुअ** } वि [**विज्ञ**] पण्डित, जानकार, विद्वान्; (भग; प्राकृ १८)।

विण्णेय देखो **विण्णा**।

विण्हावणक न [**विस्नापनक**] मन्त्र आदि द्वारा संस्कृत जल से कराया जाता स्नान; (पण्ह १, २—पत्र ३०)।

विण्हि देखो **वण्हि**=वृष्णि; (राज)।

विण्हु पुं [**विष्णु**] १ भगवान् श्रेयांसनाथ के पिता का नाम; (सम १५१)। २ श्रवण नक्षत्र का अधिपति देव; (ठा २,

३—पत्र ७७)। ३ यदुवंश के राजा अन्धकवृष्णि का नववाँ पुत्र; (अंत ३)। ४ एक जैन मुनि, विष्णुकुमार-नामक मुनि; (कुलक ३३)। ५ एक श्रेष्ठी; (उप १०१४)। ६ वासुदेव, नारायण, श्रीकृष्ण; ७ व्यापक; ८ वह्नि, अग्नि; ९ शुद्ध; १० एक स्मृति-कर्ता मुनि; (हे २, ७५)। ११ आर्य जेहिल के शिष्य एक जैन मुनि; (राज)। १२ स्त्री. ग्यारहवें जिनदेव की माता का नाम; (सम १५१)। °कुमार पुं [°कुमार] एक विख्यात जैन मुनि; (पडि)। °सिरी स्त्री [°श्री] एक सार्थवाह-पत्नी; (महा)। देखो **विन्हु**।

वितंड देखो **वितड्ड**; (आचा)।

वितण्ह वि [**वितृष्ण**] तृष्णा-रहित, निःस्पृह; (उप २६४ टी)।

वितत पुं [**वितत**] १ वाद्य का एक प्रकार का शब्द; (ठा २, ३—पत्र ६३)। २ एक महाग्रह; (सुज्ज २०—पत्र २६५), देखो **विअत्त**। ३ देखो **विअय**=वितत; (ठा ४, ४—पत्र २७१)।

वितत न [**दे**] कार्य, काम, काज; (दे ७, ६४)।

वितत्त वि [**वितृप्त**] विशेष तृप्त; (पण्ह १, ३—पत्र ६०)।

वितत्थ पुं [**वित्रस्त**] १ एक महाग्रह, ज्योतिष्क देव-विशेष; (ठा २, ३—पत्र ७८)। २ वि. भय-भीत, डरा हुआ; (महा)।

वितत्था स्त्री [**वितस्ता**] एक महा-नदी; (ठा ५, ३—पत्र ३५१)।

वितद्द वि [**वितर्द**] १ हिंसक; २ प्रतिकूल; (आचा)।

वितर देखो **विअर**=वि+तॄ। वितराम, वितरामो; (पि १०; ४५५)।

वितर (अप) सक [**वि+स्तारय्**] विस्तार करना। वितर; (पिंग)।

वितरण देखो **विअरण**=वितरण; (राज)।

वितल वि [**वितल**] शबल, चितकबरा; (राज)।

वितह वि [**वितथ**] मिथ्या, असत्य, झूठा; (आचा; कप्प; सण)।

वितिकिच्छिअ वि [**विचिकित्सित**] फल की तरफ संदेह वाला; (भग)।

वितिकिण्ण देखो **विइकिण्ण**; (निचू १६)।

वितिक्कंत देखो **विइक्कंत**; (भग)।

वितिगिंछ सक [**वि+चिकित्स्**] १ विचार करना, विमर्श करना। २ संशय करना। ३ निन्दा करना। वितिगिंछइ; (सूअ २, २, ४६; ५०; पि ७४; २१५)।

वितिगिंछा देखो **वितिगिच्छा**; (आचा १, ३, ३, १; १, ५, ५, २; पि ७४)।

वितिगिंछिय देखो **वितिकिच्छिअ**; (पि ७४; २१५)।

वितिगिच्छ देखो **वितिगिंछ**। वितिगिच्छामि; (पि २१५; ३२७)।

वितिगिच्छा स्त्री [**विचिकित्सा**] १ संशय, शंका, वहम; (सूअ १, ३, ३, ५; पि ७४)। २ चित्त-विप्लव, चित्त-भ्रम; ३ निन्दा; (सूअ १, १०, ३; पि ७४)।

वितिगिच्छिअ देखो **वितिकिच्छिअ**; (भग)।

वितिगिद्ध देखो **विइगिद्ध**; (राज)।

वितिमिर वि [**वितिमिर**] १ अन्धकार-रहित, विशुद्ध, निर्मल; (सम १३७; पण्ण १७—पत्र ५१६; ३६—पत्र ८४७; कप्प)। २ अज्ञान-रहित; (औप)। ३ पुं. ब्रह्म-देवलोक का एक विमान-प्रस्तट; (ठा ६—पत्र ३६७)।

वितिरिच्छ वि [**वितिर्यञ्च्**] वक्र, टेढ़ा; (स ३३५; पि १५१; भग ३, २—पत्र १७३)।

वित्त वि [**दे**] दीर्घ, लम्बा; (दे ७, ३३)।

वित्त न [**वित्त**] १ द्रव्य, धन; (पात्र; सूअ १, २, १, २२; औप)। २ वि. प्रसिद्ध, विख्यात; (सूअ २, ७, २; उत्त १, ४४)। °म वि [°वत्] धनी; (द ५)।

वित्त न [**वृत्त**] १ छन्द, पद्य, कविता; (सुअनि ३८; सम्मत्त ८३)। २ चरित, आचरण; (सिरि १०६३)। ३ वृत्ति, वर्तन; (हे १, १२८)। ४ वि. उत्पन्न, संजात; (स ७३७; महा)। ५ अतीत, गुजरा हुआ; (महा)। ६ दृढ़, मजबूत; ७ वर्तुल, गोल; ८ अधीत, पठित; ९ मृत; (हे १, १२८)। १० संसिद्ध, पूर्ण; (सुर ४, ३६; महा)। °प्पाय वि [°प्राय] पूर्ण-प्राय; (सुर ७, ८४)। देखो **वट्ट**=वृत्त।

वित्त देखो **वेत्त**=वेत्र; (सुअनि १०८)।

वित्त देखो **पित्त**; (उप ५२२)।

वित्तइ वि [**दे**] १ गर्वित, अभिमानी; २ पुं. विलसित, विलास; ३ गर्व, अहंकार; (दे ७, ६१)।

वित्तंत पुं [**वृत्तान्त**] समाचार, खबर; (पउम १३, १८; सुपा २०४; भवि)।

वित्तत्थ देखो **वितत्थ**; (सुख ६, १; नाट—वेणी २६)।

वित्तय देखो **वट्टिअ**, **वत्तिअ**=वर्तित; (भवि)।

वित्तास सक [**वि+त्रासय्**] भय-भीत करना, डराना।

विसासए; (उत्त २, २०)। वकृ— **विसासंत**; (पउम २८, २६)।

विसास पुं [**विशास**] भय, त्रास, डर; (सुपा ४४१)।

विसासण न [**विशासन**] भय-प्रदर्शन; (श्राव)।

विसासिअ वि [**विशासित**] डरा कर भगाया हुआ; (सुपा ६५२)।

वित्ति पुं [**वेत्रिन्**] दरवान, प्रतीहार; (कम्म १, ६)।

वित्ति स्त्री [**वृत्ति**] १ जीविका, निर्वाह-साधन; (णाया १, १—पत्र ३७; स ६७६; सुर १, ४६)। २ टीका, विवरण; (सम ४६; विसे १४२२; सार्ध ७३)। ३ वर्तन, आचरण; ४ स्थिति; ५ कौशिकी आदि रचना-विशेष; ६ अन्तःकरण आदि का एक तरह का परिणाम; (हे १, १२८)। °अ वि [°द] वृत्ति देने वाला; (औप; अंत; णाया १, १ टी—पत्र ३)। °आर वि [°कार] टीकाकार, विवरण-कर्ता; (कप्पू)। °च्छेय, °छेय पुं [°च्छेद] जीविका-विनाश; (आचा; सूअ १, ११, १०)। देखो **वित्ती°**=वृत्ति।

वित्तिअ वि [**वित्तिक**] वित्त से युक्त, धन वाला, वैभवशाली; (औप; अंत; णाया १, १ टी—पत्र ३)।

वित्ती° देखो **वित्त**=वृत्त। °कप्प वि [°कल्प] सिद्ध-प्राय, पूर्ण-प्राय; (तंदु ७)।

वित्ती° देखो **वित्ति**=वृत्ति। °संखेव पुं [°संक्षेप] बाह्य तप का एक भेद—खाने, पीने और भोगने की चोजों को कम करना; (सम ११)। °संखेवण न [°संक्षेपण] वही अर्थ; "वित्तीसंखेवणं रसच्चाओ" (नव २८; पडि)।

वित्तेस पुं [**वित्तेश**] धनी, श्रीमंत; (उप ७२८ टी)।

वित्थ पुंन [**वित्त**] सुवर्ण, सोना; (से १, १)।

वित्थक्क अक [**वि+स्था**] १ स्थिर होना। २ विलम्ब करना। ३ विरोध करना। वकृ—**वित्थक्कंत**; (से ३, ४; १३, ७०; ७४)।

वित्थक्क देखो **विथक्क**; (स ६३४ टि)।

वित्थड } वि [**विस्तृत**] १ विस्तार-युक्त, विशाल;
वित्थय } (भग; औप; पाअ; वसु; भवि; गा ४०७)। २ संबद्ध, घटित; (से १, १)।

वित्थर अक [**वि+स्तृ**] १ फैलना। २ बढ़ना। वित्थरइ; (प्राकृ ७६; स २०१; ६८४; सिरि ६२७; मन २५)। वकृ—**वित्थरंत**; (से ३, ३१; गा ६८६)। हेकृ—**वित्थरिउं**; (पि ५०५)।

वित्थर पुंन [**विस्तर**] १ विस्तार, प्रपञ्च; (गउड)। २ शब्द-समूह; (गउड ८६)।

वित्थर देखो **वित्थड**; "तत्थ वित्थरा कज्जधुरा" (से ४, ४६), "वित्थरं च तलवट्टं" (वज्जा १०४)।

वित्थरण वि [**विस्तरण**] १ फैलाने वाला; २ वृद्धि-जनक; (कुमा)।

वित्थरिअ देखो **वित्थड**; (सुर ३, ५४; सुपा ३६८; पि ५०५; भवि; सण)।

वित्थार सक [**वि+स्तारय्**] फैलाना। वित्थारइ; (भवि), वित्थारेदि(शौ); (नाट—शकु १०६)।

वित्थार पुं [**विस्तार**] फैलाव, प्रपञ्च; (गउड; हे ४, ३६५; नाट—शकु ६)। °रुइ वि [°रुचि] सम्यक्त्व-विशेष वाला, सर्व पदार्थों को विस्तार से जानने की चाह वाला सम्यक्त्वी; (पव १४६)।

वित्थारइत्तअ (शौ) वि [**विस्तारयितृ**] फैलाने वाला; (अभि २८; पि ६००)।

वित्थारग वि [**विस्तारक**] फैलाने वाला; (रंभा)।

वित्थारण न [**विस्तारण**] फैलाव; "सोगमइवित्थारणमित्तत्थोयं कआ समुल्लावो" (सम्म १२२; सिरि १२०७)।

वित्थारिय वि [**विस्तारित**] फैलाया हुआ; (सण; दे)।

वित्थिण्ण } वि [**विस्तीर्ण**] विस्तार-युक्त, विशाल;
वित्थिन्न } (नाट—मृच्छ ५४; पाअ; भवि)।

वित्थिय देखो **वित्थड**; (स ६६७; गा ४०७ अ)।

वित्थिर न [**दे**] विस्तार, फैलाव; (षड्)।

वित्थुय देखो **वित्थड**; (स ६१०)।

विथक्क वि [**विस्थित**] जो विरोध में खड़ा हुआ हो, विरोधी बना हुआ; (स ४६७; ६३४)।

विद देखो **विअ**=विद्। वकृ—**विदंत**; (उप २८० टी)। संकृ—**विदित्ता, विदित्ताणं**; (सूअ १, ६, २८; पि ५८३)।

विदंड पुं [**विदण्ड**] कक्षा तक लम्बी लट्ठी; (पव ८१)।

विदंसग देखो **विदंसय**; (पण्ह १, १ टी—पत्र १५)।

विदंसण न [**विदर्शन**] अन्धकार-स्थित वस्तु का प्रकाशन; (पण्ह १, १—पत्र ८)। देखो **विदरिसण**।

विदंसय वि [**विदंशक**] श्येन आदि हिंसक पक्षी; (उत्त १६, ६५; सुख १६, ६५)।

विदड्ड } वि [**विदग्ध**] १ पण्डित, विचक्षण; (संक्षि
विदड्ढ } ८)। २ विशेष दग्ध; (पव १२५)। ३ अजीर्ण का एक भेद; (राज)। देखो **विद्दड्ड**।

विदब्भ पुंस्त्री [**विदर्भ**] १ देश-विशेष; "इओ य विदब्भ-देसमंडणं कुंडिणं नयरं" (कुप्र ४८ ; गा ८६) । २ भगवान् सुपार्श्वनाथ के गणधर—मुख्य शिष्य—का नाम; (सम १५२) । ३ पुंस्त्री. विदर्भ देश की प्राचीन राजधानी, कुण्डिनपुर, जो आजकल 'नागपुर' के नाम से प्रसिद्ध है; "दूरे विदब्भा" (कुप्र ७०) ।

विदरिसण वि [**विदर्शन**] जिसके देखने से भय उत्पन्न हो वह वस्तु, विरूप आकार वाली बिभीषिका आदि; "एस णं तए विदरिसणे दिट्ठे" (उवा) । देखो **विदंसण** ।

विदल न [**विदल**] वंश, बाँस; (सुज्ज १०, १; ठा ४, ४—पत्र २७१) ।

विदल न [**द्विदल**] १ चना आदि वह शुष्क धान्य जिसके दो टुकड़े समान होते हैं;

"जम्मि हु पीलिज्जंते नेहो न हु होइ बिंति तं विदलं ।
विदलेवि हु उप्पन्नं नेहजुयं होइ नो विदलं" (संबोध ४४)।

२ वि. जिसके दो टुकड़े किए गए हों वह; (सुअनि ७१) ।

विदलिद (शौ) वि [**विदलित**] खण्डित, चूर्णित; (नाट—वेणी २६) ।

विदाअ देखो **विद्दाय**=विद्रुत; (से १३, २५) ।

विदारग } वि [**विदारक**] विदारण-कर्ता; "कम्मरय-
विदारय } विदारगाइं" (पण्ह २, १—पत्र ६६; राज) ।

विदालण न [**विदारण**] विविध प्रकार से चीरना, फाड़ना; (पण्ह १, १—पत्र १४) ।

विदिअ देखो **विइअ**; (अभि १२३; पउम ३६, ६८) ।

विदिण्ण देखो **विइण्ण**=वितीर्ण; (विपा १, २—पत्र २२) ।

विदिण्ण वि [**विदीर्ण**] फाड़ा हुआ, चीरा हुआ; (नाट—मृच्छ २५५) ।

} देखो **विद**=विद् ।
विदित्ताणं }

विदिन्न देखो **विदिण्ण**=वितीर्ण; (विपा १, २ टी—पत्र २२; सुर ५, १८७) ।

विदिस (अप) स्त्री [**विदिशा**] एक नगरी का नाम; (भवि) ।

विदिसा } स्त्री [**विदिश्**] १ विदिशा, उपदिशा, कोण;
} (आचा; पि ४१३; पण्ण १—पत्र ६६) ।
२ विपरीत दिशा, अ-संयम; (आचा) ।

विदु देखो **विउ**; (पंचा १६, ७) ।

विदुगुंछा देखो **विउच्छा**; (राज) ।

विदुग्ग न [**विदुर्ग**] समुदाय; (भग १, ८) ।

विदुस वि [**विद्वस्**] विद्वान्, जानकार; (सुअ १, १, ३, १७) ।

विदुर वि [**विदुर**] १ विचक्षण, विज्ञ; (कुमा) । २ धीर; ३ नागर, नागरिक; (हे १, १७७) । ४ पुं. कौरवों के एक प्रख्यात मन्त्री; (णाया १, १६—पत्र २०८) ।

विदुलतंग न [**विद्युल्लताङ्ग**] संख्या-विशेष, हाहाहूहू को चौरासी लाख से गुनने पर जो संख्या लब्ध हो वह; (इक) ।

विदुलता स्त्री [**विद्युल्लता**] संख्या-विशेष, विद्युल्लतांग को चौरासी लाख से गुनने पर जो संख्या लब्ध हो वह; (इक) ।

विदुस देखो **विदु**; "ण पमाणं अत्थि विदुसाणं" (धर्मसं ८८०) ।

विदूसग } पुं [**विदूषक**] मसखरा, राजा के साथ रहने
विदूसय } वाला मुसाहब; (सार्ध ६५; सम्मत्त ३०) ।

विदेस देखो **विएस**=विदेश; (णाया १, २—पत्र ७६; औप; पउम १, ६६; विसे १६७१; कुमा; प्रासू ४४) ।

विदेसि वि [**विदेशिन्**] परदेशी; (सुपा ७२) ।

विदेसिअ वि [**वैदेशिक**] ऊपर देखो; (सिरि ३६४) ।

विदेह पुं [**विदेह**] १ राजा जनक; (ती ३) । २ पुं. ब. देश-विशेष; बिहार का उत्तरीय प्रदेश जो आजकल तिर्हुत के नाम से प्रसिद्ध है; "इहेव भारहे वासे पुव्वदेसे विदेहा णामं जणवया" (ती १७; अंत) । ३ पुंन. वर्ष-विशेष, महा-विदेह-क्षेत्र; (पव १६३) । ४ वि. विशिष्ट शरीर वाला; ५ निर्लेप, लेप-रहित; ६ पुं. अनंग, कामदेव; ७ गृह-वास; (कप्प ११०) । ८ निषध पर्वत का एक कूट; १० नील-वंत पर्वत का एक कूट; (ठा ६—पत्र ४५४) । °**जंबू** स्त्री [°**जम्बू**] जम्बूवृक्ष-विशेष, जिसके नाम से यह जम्बू-द्वीप कहलाता है; (जं ४; इक) । °**जच्च** पुं [°**जात्य**, °**यात्य**] भगवान् महावीर; (कप्प ११०) । °**दिन्ना** स्त्री [°**दत्ता**] भगवान् महावीर की माता, रानी त्रिशला; (कप्प)। °**दुहिआ** स्त्री [°**दुहितृ**] राजा जनक की पुत्री, सीता; (ती ३) । °**पुत्त** पुं [°**पुत्र**] राजा कूणिक; (भग ७, ८) ।

विदेहदिन्न पुं [**वैदेहदत्त**] भगवान् महावीर; (कप्प ११० टी) ।

विदेहा स्त्री [**विदेहा**] १ भगवान् महावीर की माता, त्रिशला

देवी; (कप्प ११० टी)। २ जानकी, सीता; (पउम ४६, १०)।

विदेहि पुं [**वैदेहिन्**] विदेह देश का अधिपति, निहुंन का राजा; (सूत्र १, ३, ४, २)।

विदेही स्त्री [**विदेही**] राजा जनक की पत्नी, सीता की माता; (पउम २६, २)।

विद्दंडिअ त्रि [**दे**] नाशित, नष्ट किया हुआ; (दे ७, ७०)।

विद्दड्ड पुं [**विदग्ध**] एक नरक-स्थान; (देवेन्द्र २७)।

विद्दव सक [**वि+द्रावय्**] १ विनाश करना। २ हैरान करना, उपद्रव करना। ३ दूर करना, हटाना। ४ झरना, टपकना। विद्दवई; (कुप्र २८०)। वकृ—**विद्दवयंत**; (रयण ७२)। कवकृ—"रज्जं रक्खइ न परेहिं **विद्दविज्जंतं**" (कुप्र २७; सुर १३, १७०)।

विद्दव पुं [**विद्रव**] १ उपद्रव, उपसर्ग; "परचक्कचरडचोराइविद्दवा दूरमुवगया सव्वे" (कुप्र २०)। २ विनाश; (णाया १, ६—पत्र १५७; धर्मवि २३)।

विद्दविअ वि [**विद्रवित**] १ विप्लावित; (से ४, ६०)। २ दूर किया हुआ, हटाया हुआ; (गा ८८)। ३ विनाशित; (भवि; सण)।

विद्दा अक [**वि+द्रा**] खराब होना। विद्दाइ; (से ४, २६)।

विद्दाण वि [**विद्राण**] १ म्लान, निस्तेज, फीका; "विद्दाणमुहा ससोगिल्ला" (सुर ६, १२४), "अदीणविद्दाणमुहकमलो" (यति ४३), "दारिद्दमविद्दाणं नज्जइ आयारमित्तओ तुज्झ" (कुप्र १६५)। २ शोकातुर, दिलगीर; "विद्दाणो परियणो" (स ४७३; उप ६०४; उप ३२० टी)।

विद्दाय वि [**विद्रुत**] १ विनष्ट; (कुमा)। २ पलायित; ३ द्रव-युक्त, द्रव-प्राप्त; (हे १, १०७; षड्)।

विद्दाय अक [**विद्वस्य्**] खुद को विद्वान् मानना। वकृ—**विद्दायमाण**; (आचा)।

विद्दारण (अप) वि [**विदारण**] चीरने वाला, फाड़ने वाला; स्त्री—°**णी**; (भवि)।

विद्दाविय देखो **विद्दविअ**; (भवि)।

विद्दुम पुं [**विद्रुम**] १ प्रवाल, मूँगा; (से २, २६; गउड; जी ३)। २ उत्तम वृक्ष; (से २, २६)। °**ाभ** पुं [°**ाभ**] नववें बलदेव का पूर्व-जन्म का गुरु; (पउम २०, १६३)।

विद्दुय वि [**विद्रुत**] अभिभूत, पीड़ित; "अग्गिभयविद्दु(द्दु)या" (णाया १, १—पत्र ६५)।

विद्दूणा स्त्री [**दे**] लज्जा, शरम; (दे ७, ६५)।

विद्देस पुं [**विद्वेष**] द्वेष, मत्सर; (पण्ह १, २—पत्र २६)।

विद्देस वि [**विद्वेष्य**] द्वेष-योग्य, अप्रिय; (पण्ह १, २—पत्र २६)।

विद्देसण न [**विद्वेषण**] एक प्रकार का अभिचार-कर्म, जिससे परस्पर में शत्रुता होती है; (स ६७८)।

विद्देसि वि [**विद्वेषिन्**] द्वेष-कर्ता; (कुप्र ३६७)।

विद्देसिअ देखो **विदेसिअ**; (श्रा १२)।

विद्देसिअ वि [**विद्वेषित**] द्वेष-युक्त; (भवि)।

विद्ध सक [**व्यध्**] वींधना, छेद करना। विद्धइ; (धात्वा १५३; नाट—रत्ना ७)। कवकृ—**विद्धिज्जंत**; (वे ८८)। संकृ—**विद्धूण**; (सूत्र १, ५, १, ६)।

विद्ध वि [**विद्ध**] वींधा हुआ, वेध किया हुआ; (से १, १३; भवि)।

विद्ध देखो **वुड्ढ**=वृद्ध; (उत्त ३२, ३; हे १, १२८; भवि)।

विद्धंस अक [**वि+ध्वंस्**] विनष्ट होना। विद्धंसइ; (ठा ३, १—पत्र १२३)। वकृ—**विद्धंसमाण**; (सूत्र १, १५, १८)।

विद्धंस सक [**वि+ध्वंसय्**] विनष्ट करना। भवि—विद्धंसेहिंति; (भग ७, ६—पत्र ३०५)।

विद्धंस पुं [**विध्वंस**] १ विनाश; (सुर १, १२)। २ वि. विनाश-कर्ता; " जहा से तिमिरविद्धंसे उत्तिट्ठंते दिवायरे" (उत्त ११, २४)।

विद्धंसण न [**विध्वंसन**] विनाश; (णाया १, १—पत्र ४८; पण्ह १, ३—पत्र ५५; सूत्र १, २, २, १०; चेइय ६६४; उप पृ १८७)।

विद्धंसणया स्त्री [**विध्वंसना**] विनाश; (भग)।

विद्धंसित वि [**विध्वंसित**] विनाशित; (चंड ३, ५)।

विद्धंसिय } वि [**विध्वस्त**] विनष्ट; (पउम ८, २३७; **विद्धत्थ** } १६, ३०; पव १५५)।

विद्धि स्त्री [**वृद्धि**] १ बढ़ाव, बढ़ती; (उप ७२८ टी; सुर ४, ११५)। २ समृद्धि; (ठा १०—पत्र ५२५; विसे ३४०८)। ३ अभ्युदय; ४ संपत्ति; ५ अहिंसा; (पण्ह २, १—पत्र ६६)। ६ कलान्तर, सुद; (विपा १, १—पत्र ११)। ७ व्याकरण-प्रसिद्ध स्वर का विकार; (विसे ३४८२)। ८ ओषधि-विशेष; (राज)।

विधूण देखो **विहूण**=व्यय् ।
विधम्म देखो **विहम्म**; (राज) ।
विधम्मिय वि [**विधर्मित**] तिरस्कृत; (विसे २३४६) ।
विधवा देखो **विहवा**; (निचू ८) ।
विधा अ [**वृथा**] मुधा, निरर्थक, व्यर्थ; (धर्मसं ४११) ।
विधाण देखो **विहाण**=विधान; (बृह १) ।
विधाय देखो **विहाय**=विधातृ; (राज) ।
विधार सक [**वि+धारय्**] निवारण करना। संकृ—**विधारेउं**; (पिंड १०२) ।
विधि (शौ) देखो **विहि**; (हे ४, २८१; ३०२) ।
विधुर वि [**विधुर**] १ व्याकुल, विह्वल; "नहि विधुरसहावा हुंति दुत्थेवि धीरा" (कुप्र ५४) । २ विषम, असमान; (धर्मसं १२२३; १२२४) । देखो **विहुर** ।
विधुव (शौ) देखो **विहुण**=वि+धू। विधुवेदि; (पि ५०३) ।
विधूण देखो **विहुण**=वि+धू। संकृ —**विधूणित्ता**; (सूअ १, ४, १०) ।
विधूम पुं [**विधूम**] अग्नि, वह्नि; (सूअ १, ५, २, ८; वसु) ।
विधूय वि [**विधूत**] सुष्पष्ट, सम्यक् स्पृष्ट; "विधूयकप्पे" (आचा १, ३, ३, ३; १, ६, ३, १) । देखो **विहुअ** ।
विनड देखो **विणड** । विनडइ; (भवि), "अइ हिअअ पसिअ विरमसु दुल्लहपेम्मेण किं नु विनडसि" (रुक्मि ५८) । कवकृ —**विनडिज्जंत, विनडिज्जमाण**; (सुपा ६५५; १३४) ।
विनडण न [**विनटन**] १ व्याकुल करना; २ विडम्बना; (सुपा २०८) ।
विनडिअ वि [**विनटित**] १ व्याकुल बना हुआ; २ विडम्बित; "तण्हाछुहाविनडिओ फलजलरहियम्मि सेलम्मि" (सम्मत्त १५६; सुपा २६०) ।
विनमि पुं [**विनमि**] भगवान् ऋषभदेव का एक पौत्र; (धण १४) ।
विनास देखो **विणास**=वि+नाशय् । विनासए; (महा) ।
विनिबद्ध वि [**विनिबद्ध**] संबद्ध, बँधा हुआ; (महा) ।
विनिमय पुं [**विनिमय**] व्यत्यय; "इअ सव्वभासविनिमयपरिहिं" (कुमा) ।
विनियट्ट देखो **विणिवट्ट**। वकृ—**विनियट्टमाण**; (आचा १, ५, ४, ३) ।
विनियट्टण न [**विनिवर्तन**] निवृत्ति, विराम; (आचा) ।
विनिरय वि [**विनिरत**] लीन, आसक्त; (कुप्र ६६) ।
विनिहन्न सक [**विनि+हन्**] मार डालना, विनाश करना। विनिहन्निज्जा; (उत्त २, १७) ।
विनिहाय देखो **विणिघाय**; (विपा १, २—पत्र ३१) ।
विनीय देखो **विणीअ**; (कस) ।
विन्नत्त देखो **विण्णत्त**; (काल) ।
विन्नत्ति देखो **विण्णत्ति**; (दं ४७; कुमा) ।
विन्नप्प देखो **विन्नव** ।
विन्नव देखो **विण्णव** । विन्नवइ, विन्नवेइ; (पउम ३६, ११४; महा), विन्नवेज्जा; (कप्प) । वकृ—**विन्नवेमाण**; (कप्प) । संकृ—**विन्नविउं, विन्नवित्ता**; (सुपा ३२३; पि ५८२) । कृ—**विन्नप्प, विन्नवणीय, विन्नवियव्व**; (पउम ४६, ४६; मोह ८२; सुपा १६२; २१६; ३२१) ।
विन्नवण न [**विज्ञपन**] निवेदन, विज्ञापन; (सुपा २६७) ।
विन्नवणा स्त्री [**विज्ञापना**] १ प्रार्थना, विनती; (सूअ १, ३, ४, १०) । २ महिला, नारी; (सूअ १, २, ३, २) । देखो **विण्णवणा** ।
विन्नविय वि [**विज्ञापित**] निवेदित; (महा) ।
विन्ना देखो **विण्णा**=वि+ज्ञा। कृ—**विन्नेय**; (भग; उप ३३६ टी) ।
विन्ना देखो **बिन्ना** । °यड न [°**तट**] एक नगर का नाम; (उप पृ ११२) ।
विन्नाउ वि [**विज्ञातृ**] जानने वाला; (आचा) ।
विन्नाण न [**विज्ञान**] १ सद्बोध, ज्ञान; (भग; आचा) । २ कला, शिल्प; "तं नत्थि किंपि विन्नाणं जेण धरिज्जइ काया" (वै ७), "कुसुमविन्नाणं" (कुमा; प्रासू ४३; ११२) । ३ मेधा, मति, बुद्धि; "मेहा मई मणीसा विन्नाणं धी चिई बुद्धी" (पाअ) ।
विन्नाणिय } देखो **विण्णाय**; (उप १५० टी; सुर २,
विन्नाय } १३१; पि १०६; पाअ) ।
विन्नाविय देखो **विन्नविय**; (सुपा १४४) ।
विन्नास पुं [**विन्यास**] १ रचना, विच्छित्ति; "विन्नासो विच्छित्ती" (पाअ), "वयणविन्नासो" (स ३०१; सुपा १७; २६६; महा) । २ स्थापना; (भवि) ।
विन्नासण न [**विन्यासन**] संस्थापन; (स ३१८) ।
विन्नासिअ वि [**विन्यासित**] संस्थापित; (स ५६०) ।
विन्नासिअ (अप) देखो **विणासिअ**; (हे ४, ४१८) ।

विन्नु देखो **विण्णु**; (आचा), "णगा विन्नू" (ठा १— पत्र १६)।

विन्नेय देखो **विन्ना**=वि + ज्ञा।

विन्हु पुं [**विष्णु**] एक जैन मुनि, जो आर्य-जेहिल के शिष्य थे, (कप्प)। देखो **विण्हु**। °**पअ** न [°**पद**] आकाश; (समु १५०)। °**पदी** स्त्री [°**पदी**] गंगा नदी; (समु १५०)।

विपंची स्त्री [**विपञ्ची**] वाद्य-विशेष, वीणा; (पण्ह १, ४— पत्र ६८; २, ५—पत्र १४६)।

विपक्क वि [**विपक्व**] पका हुआ; (उप पृ २११)। देखो **विवक्क**।

विपक्ख देखो **विवक्ख**; " निज्जियविपक्खलक्खो " (सुपा १०३; २४०)।

विपक्खिय वि [**विपक्षिक**] विरोधी, दुश्मन; (संबोध ५६)।

विपच्चइय न [**विप्रत्ययिक**] बारहवें जैन अंग-ग्रन्थ का सूत्र-विशेष; (सम १२८)।

विपच्चमाण वि [**विपच्यमान**] १ जो पकाया जाता हो वह; (श्रा २०; सं ८६), " आमासु अप्पक्कासु विपच्चमाणासु मंसपेसीसु " (संबोध ४४)। २ दग्ध होना, जलना; " तब्बिरहानलजालाविपच्चमाणस्स मह निच्चं " (रयण ४१)।

विपज्जय देखो **विवज्जय**; (राज)।

विपज्जास देखो **विवज्जास**; (नाट—मृच्छ २२६)।

विपडिवत्ति देखो **विप्पडिवत्ति**; (विसे २६१४; सम्मत्त २२८)।

विपडिसेह सक [**विप्रति + सिध्**] निषेध करना। कृ— **विपडिसेहेयव्व**; (भग ५, ७—पत्र २३४)।

विपणोल्ल सक [**विप्र + नोदय्**] प्रेरणा करना। विपणोल्लए; (आचा १, ५, २, २; पि २४४)।

विपण्ण देखो **विवण्ण**=विपन्न; (चारु ८)।

विपत्ति देखो **विवत्ति**=विपत्ति; (गा २८२ अ; राज)।

विपत्थाविद (शौ) वि [**विप्रस्तावित**] आरब्ध, जिसका प्रारंभ किया गया हो वह; "एदाए चोरिआए एसम्ह घरे कलहो विपत्थाविदो" (हास्य १२१)।

विपरामुस सक [**विपरा + मृश्**] १ समारम्भ करना, हिंसा करना। २ पीड़ा उपजाना, हैरान करना। ३ अक. उत्पन्न होना, उपजना। विपरामुसइ, विपरामुसंति, विपरामुसह; (आचा; पि ४७१)। देखो **विप्परामुस**।

विपराहुत्त वि [**विपराङ्मुख**] विशेष पराङ्मुख, अतिशय उदासीन; (पउम ११५, २२)।

विपरिकुंचि वि [**विपरिकुञ्चिन्**] विपरिकुंचित-नामक वन्दन-दोष वाला; "देसकहावित्तंतं कहेइ दरवंदिए विपरिकुंची" (बृह ३)।

विपरिकुंचिय देखो **विप्पलिउंचिय**; (राज)।

विपरिखल अक [**विपरि + स्खल्**] १ स्खलित होना, गिरना। २ भूल करना। वकृ—**विपरिखलंत**; (अच्चु २२)।

विपरिणम अक [**विपरि + णम्**] १ बदलना, रूपान्तर को प्राप्त होना। २ विपरीत होना, उलटा होना। विपरिणमे; (पिंड ३२७)। वकृ—**विपरिणममाण**; (भग ७, १०—पत्र ३२५)।

विपरिणय वि [**विपरिणत**] रूपान्तर को प्राप्त; (पिंड २६५)।

विपरिणाम सक [**विपरि + णमय्**] १ विपरीत करना, उलटा करना। २ बदलवाना, रूपान्तर को प्राप्त करना। विपरिणामेइ; (स ५१२) हेकृ—**विपरिणामित्तए**; (उवा)।

विपरिणाम पुं [**विपरिणाम**] १ रूपान्तर-प्राप्ति; (आचा; औप)। २ उलटा परिणाम, विपरीत अध्यवसाय; (धर्मसं ५११)।

विपरिणामिय वि [**विपरिणमित**] रूपान्तर को प्राप्त; (भग ६, १ टी—पत्र २५१)।

विपरिधाव सक [**विपरि + धाव्**] इधर उधर दौड़ना। विपरिधावई; (उत्त २३, ७०)।

विपरियास देखो **विप्परियास**; (राज)।

विपरिवसाव सक [**विपरि + वासय्**] रखना। विपरिवसावेइ; (णाया १, १२—पत्र १७५)। वकृ—**विपरिवसावेमाण**; (णाया १, १२)।

विपरीअ देखो **विवरीअ**; (सुअ १, १, ४, ५; गा ५४ अ)।

विपलाअ अक [**विपरा + अय्**] दूर भागना। वकृ— **विपलाअंत**; (गा २६१)।

विपल्हत्थ देखो **विवल्हत्थ**; (पि २८५)।

विपस्सि वि [**विदर्शिन्**] देखने वाला; (आचा)।

विपाग देखो **विवाग**; (राज)।

विपिक्ख देखो **विप्पेक्ख**। वकृ—**विपिक्खंत**; (राज)।

विपिण देखो **विविण**; (कुमा)।

विपिस वि [**दे**] विकसित, खिला हुआ; (दे ७, ६१)।

विपुल देखो **विउल**; (णाया १, १—पत्र ७५; कप्प; पण्ह २, १—पत्र ६६)। °**वाहण** पुं [°**वाहन**] भारतवर्ष में होने वाला बारहवाँ चक्रवर्ती राजा; (सम १५४)।

विप्प न [**दे**] पुच्छ, दुम, पूँछ; (दे ७, ५७)।

विप्प पुं [**विप्र**] ब्राह्मण, द्विज; (हे १, १७७; महा)।

विप्प पुं [**विप्रुष्, विप्र**] १ मूत्र और विष्ठा के बिन्दु; २ विष्ठा और मूत्र; "मुत्तपुरीसाण विप्पुसा विप्पा अन्ने विडित्ति विट्ठा भासंति य पत्ति पासवणं" (विसे ७८१; औप; महा)।

विप्पइट्ठ देखो **विप्पगिट्ठ**; (राज)।

विप्पइण्ण वि [**विप्रकीर्ण**] बिखरा हुआ, इधर उधर पटका हुआ; (से २, ५; कस)।

विप्पइर सक [**विप्र + कृ**] इधर उधर पटकना, बिखरना। विप्पइरामि; (उवा)। वकृ —**विप्पइरमाण**; (णाया १, ६—पत्र १५७)।

विप्पउंज सक [**विप्र + युज्**] १ विरुद्ध प्रयोग करना। २ विशेष रूप से जोड़ना। "अदुवा वायाओ विप्पउंजंति" (आचा १, ८, १, ३)।

विप्पओअ } पुं [**विप्रयोग**] अलहदगी, जुदाई, विरह,
विप्पओग } वियोग; (उत्त १५; स २८१; चंड; पउम ४५, ४६; जी ४३; उत्त १३, ८; महा)।

विप्पकड वि [**विप्रकट**] विशेष रूप से प्रकट; (भग ७, १०—पत्र ३२४)।

विप्पकिर देखो **विप्पइर**। वकृ **विप्पकिरेमाण**; (णाया १, १—पत्र ३६)।

विप्पक्ख देखो **विपक्ख**; (पि १९६)।

विप्पगब्भिय वि [**विप्रगल्भित**] अत्यन्त धृष्ट; (सुअ १, १, २, ५)।

विप्पगरिस पुं [**विप्रकर्ष**] दूरी, आसन्नता का अभाव; "देसाइविप्पगरिसा" (धर्मसं १२१७)।

विप्पगाल सक [**नाशय्, विप्र + गालय्**] नाश करना। विप्पगालइ; (हे ४, ३१; पि ५५३)।

विप्पगालिअ वि [**नाशित, विप्रगालित**] नाशित; (कुमा)।

विप्पगिट्ठ वि [**विप्रकृष्ट**] १ दूरवर्ती, दूरी पर स्थित; (स ३२६)। २ दीर्घ, लम्बा; "गाइविप्पगिट्ठेहिं अद्धाणेहिं" (णाया १, १५)।

विप्पचय सक [**विप्र + त्यज्**] छोड़ना, त्याग करना। कृ—**विप्पचइयव्व**; (तंदु ३५)।

विप्पच्चय पुं [**विप्रत्यय**] १ संदेह, संशय; (उत्त २३, २४)। २ वि प्रत्यय-रहित, अ-विश्वसनीय; (उव)।

विप्पजढ वि [**विप्रहीण**] परित्यक्त; (णाया १, २—पत्र ८४; पंचा १४, ६; पव १२३)।

विप्पजह सक [**विप्र + हा**] परित्याग करना, छोड़ देना। विप्पजहइ, विप्पजहंति, विप्पजहे; (कप्प; उवा; सुप १, १, ३८; उत्त ८, ४)। भवि —विप्पजहिस्सामो; (पि ५३०)। वकृ —**विप्पजहमाण**; (ठा २, २—पत्र ५६; पि ५००)। संकृ — **विप्पजहित्ता, विप्पजहाय**; (उत्त २६, ७३; भग)। कृ —**विप्पजहणिज्ज, विप्प-जहियव्व**; (णाया १, १—पत्र ४८; पि ५७१; णाया १, १८—पत्र २४१)।

विप्पजह न [**विप्रहाण**] परित्याग। °**सेणिआ** स्त्री [°**श्रेणिका**] बारहवें जैन अंग-ग्रन्थ का एक परिकर्म—अंश-विशेष; (सम १२८)।

विप्पजहणा } स्त्री [**विप्रहाणि**] प्रकृष्ट त्याग, परित्याग;
विप्पजहन्ना } (उत्त २६, ७३; औप; विसे ३०८६; पण्ण ३६—पत्र ८४७)।

विप्पजहिय वि [**विप्रहीण**] परित्यक्त; (पि ५६५)।

विप्पजोग देखो **विप्पओअ**; (चंड)।

विप्पडिइ अक [**विपरि + इ**] विपरीत होना, उलटा होना। विप्पडिएइ; (सुअ १, १२, १०)।

विप्पडिघाय पुं [**विप्रतिघात**] प्रतिबन्ध, अटकायत; (णाया १, १६—पत्र २४५)।

विप्पडिपह पुं [**विप्रतिपथ**] विपरीत मार्ग; (उप १०३१ टी)।

विप्पडिवण्ण देखो **विप्पडिवन्न**; (पव ७३ टी)।

विप्पडिवत्ति स्त्री [**विप्रतिपत्ति**] १ विरोध; (विसे २४८०)। २ प्रतिज्ञा-भंग; (उप ५१६)।

विप्पडिवन्न वि [**विप्रतिपन्न**] १ जिसने विशेष रूप से स्वीकार किया हो वह; "मिच्छत्तपज्जवेहिं परिवड्ढमाणेहिं २ मिच्छत्तं विप्पडिवन्ने जाए यावि होत्था" (णाया १, १३—पत्र १७८)। २ विरोध-प्राप्त, विरोधी बना हुआ; (आचा १, ८, १, ३; सुअ १, ३, १, ११)।

विप्पडिवेअ } सक [**विप्रति + वेदय्**] १ जानना। २
विप्पडिवेद } विचारना। विप्पडिवेएइ; (आचा १, ५, ४, ४), विप्पडिवेदेंति; (सुअ २, १, १५)।

विप्पडिसिद्ध वि [**विप्रतिषिद्ध**] आपस में असंगत; (उवर ३)।
विप्पडीव वि [**विप्रतीप**] प्रतिकूल; (माल १७७)।
विप्पणट्ठ वि [**विप्रनष्ट**] पलायित, नाश-प्राप्त; (स ३५३; उवा)।
विप्पणम } सक [**विप्र+णम्**] १ नमना। २ अक.
विप्पणव } तत्पर होना। विप्पणवंति; (सूअ १, १२, १७)। वकृ—**विप्पणमंत**; (राज)।
विप्पणस्स अक [**विप्र+नश्**] नष्ट होना, विनाश-प्राप्त होना। विप्पणस्सइ; (कस)। भवि—विप्पणस्सिहिइ; (महानि ४)।
विप्पणास पुं [**विप्रणाश**] विनाश; (धर्मवि ५७)।
विप्पतार सक [**विप्र+तारय्**] ठगना। विप्पतारसि; (धर्मवि १४७)। कर्म—विप्पतारीअदि (शौ); (नाट—शकु ७५)।
विप्पदीअ } (शौ) देखो **विप्पडीव**; (नाट—मालती
विप्पदीव } १०६; ११६; मृच्छ ४८)।
विप्पमाय पुं [**विप्रमाद**] विविध प्रमाद; (सूअ १, १४, १)।
विप्पमुंच सक [**विप्र+मुच्**] छोड़ना, मुक्त करना। कर्म—विप्पमुच्चइ; (उत्त २५, ४१)।
विप्पमुक्क वि [**विप्रमुक्त**] विमुक्त; (औप; सुर २, २३७; सुपा ४४५)।
विप्पय न [**दे**] १ खल-भिक्षा; २ दान; ३ वि. वापित; ४ पुं. वैद्य; (दे ७, ८६)।
विप्पयार सक [**विप्र+तारय्**] ठगना। विप्पयारंति, विप्पआरेमि; (कुप्र ६; सि ८८)। कर्म—विप्पयारीअइ; (कुप्र ४४)। संकृ—**विप्पआरिअ**; (सि ८८)।
विप्पयारणा स्त्री [**विप्रतारणा**] वंचना, ठगाई; (कुप्र ४४; मोह ६४)।
विप्पयारिअ वि [**विप्रतारित**] वञ्चित, ठगा हुआ; (मोह १०१)।
विप्परद्ध वि [**दे**] विशेष पीड़ित; "करचरणदंतमुसलप्पहारेहिं विप्परद्धं समाणे तं चेव महइहं पाणीयं पादेउं (?पाउं) समोयरंति" (णाया १, १—पत्र ६४)। देखो **परद्ध**।
विप्परामुस देखो **विपरामुस**; "आवंती केयावंती लोगंसि विप्परामुसंति अट्ठाए अणट्ठाए वा, एएसु चेव विप्परामुसंति" (आचा)।
विप्परिणम देखो **विपरिणम**। भवि—विप्परिणमिस्सति; (भग)।
विप्परिणय देखो **विपरिणय**; (भग ५, ७ टी—पत्र २३६; काल)।
विप्परिणाम देखो **विपरिणाम**=विपरि+णमय्। विप्परिणामंति, विप्परिणामेंति; (आचा)। संकृ—**विप्परिणामइत्ता**; (भग)।
विप्परिणाम देखो **विपरिणाम** = विपरिणाम; (आचा; भग ५, ७ टी—पत्र २३६)।
विप्परिणामिय देखो **विपरिणामिय** ; (भग ६, १—पत्र २५०)।
विप्परियास सक [**विपरि+आसय्**] व्यत्यय करना, उलटा करना। विप्परियासेइ; (निचू ११)। वकृ—**विप्परियासंत**; (निचू ११)।
विप्परियास पुं [**विपर्यास**] १ व्यत्यय, विपरीतता; (आचा ; सूअ १, ७, ११)। २ परिभ्रमण ; (सूअ १, १२, १३ ; १, १३, १२)।
विप्परियासणा स्त्री [**विपर्यासना**] व्यत्यय करना; (निचू ११)।
विप्परुद्ध वि [**विप्ररुद्ध**] तिरस्कृत ; "हयनिहयविप्परुद्धो दूमो" (पउम ८, ८५)।
विप्पल देखो **विप्प**=विप्र; (प्राकृ ३७)।
विप्पलंभ सक [**विप्र+लभ्**] ठगना। विप्पलंभेमि; (स ५०६)।
विप्पलंभ पुं [**विप्रलम्भ**] १ वञ्चना, ठगाई; (उप २४)। २ शृंगार की एक अवस्था ; (सुपा १६४)। ३ विपर्यास, व्यत्यय, वैपरीत्य ; (धर्मसं ३०४)। ४ विरह, वियोग; (कप्पू)।
विप्पलंभअ वि [**विप्रलम्भक**] प्रतारक, ठगने वाला; (मृच्छ ४७)।
विप्पलंभिअ वि [**विप्रलम्भित**] १ प्रतारित; २ विरहित; (सुपा ३१६)।
विप्पलद्ध वि [**विप्रलब्ध**] वञ्चित, प्रतारित ; (वाद ४५ ; स ४१८ ; ६८०)।
विप्पलय पुंन [**दे**] विविधता, विचित्रता; "तं दट्ठुं सो सव्वं जाणइ संबंधविप्पलयं" (धर्मवि १२७)।
विप्पलविद (शौ) न [**विप्रलपित**] निरर्थक वचन, बकवाद ; (स्वप्न ८१)।

विप्पलाअ देखो **विपलाअ**। भूका—विप्पलाइत्था; (विपा १, २—पत्र २६)। वकृ—**विप्पलायमाण**; (णाया १, १—पत्र ६५)।

विप्पलाअ } पुं [**विप्रलाप**] १ परिदेवन, रोना, कन्दन;
विप्पलाव } "अविओगो विप्पलाओ" (तंदु ८७; रयण; ६४)। २ निरर्थक वचन, बकवाद; (उत्त १३, ३३)। ३ विरहालाप; (पउम ४४, ६८)।

विप्पलिउंचिय न [**विपरिकुञ्चित**] गुरु-वन्दन का एक दोष, संपूर्ण वन्दन न करके बीच में बातचीत करने लग जाना; (पव २—गाथा १५२)।

विप्पलुंपग वि [**विप्रलोपक**] लूटने वाला, लुटेरा; (पण्ह १, ३—पत्र ४४)।

विप्पलोहण वि [**विप्रलोभन**] लुभाने वाला; (स ७६३)।

विप्पव पुं [**विप्लव**] १ देश का उपद्रव, क्रान्ति; २ दूसरे राजा के राज्य आदि से भय; (हे २, १०६)। ३ शरीर की विसंस्थुलता, अ-स्वस्थता; (कुमा)।

विप्पवर न [**दे**] भल्लातक, भिलाँवा; (दे ७, ६६)।

विप्पवस अक [**विप्र+वस्**] प्रवास में जाना, देशान्तर जाना। संकृ—**विप्पवसिय**; (आचा २, ५, २, ३)।

विप्पवसिय वि [**विप्रोषित**] देशान्तर में गया हुआ, प्रवास में गया हुआ; (णाया १, २—पत्र ७६; १, ७—पत्र ११५)।

विप्पवास पुं [**विप्रवास**] प्रवास, देशान्तर-गमन; (प्रति १००)।

विप्पसन्न वि [**विप्रसन्न**] १ विशेष प्रसन्न, खुश; २ प्रसन्न-चित्त का मरण; (उत्त ५, १८)।

विप्पसर अक [**विप्र+सृ**] फैलना। भूका—"बहवे हत्थी......दिसो दिसं विप्पसरित्था" (पि ५१७)।

विप्पसाय सक [**विप्र+सादय्**] प्रसन्न करना। विप्पसायए; (आचा १, ३, ३, १)।

विप्पसीअ अक [**विप्र+सद्**] प्रसन्न होना। विप्पसीएज्ज; (उत्त ५, ३०; सुख ५, ३०)।

विप्पहय वि [**विप्रहत**] आहत, जखमी; (सुर ६, २२१)।

विप्पहाइय वि [**विप्रभाजित**] विभक्त, बँटा हुआ; (औप)।

विप्पहीण } वि [**विप्रहीण**] रहित, वर्जित; (सं ७७;
विप्पहूण } भ १६१; पि १२०; ५०३)।

विप्पावग वि [**दे**] हास्य-कर्ता, उपहास करने वाला; (सुज्ज १, १३)।

विप्पिअ पुंन [**विप्रिय**] १ अप्रिय, अनिष्ट; (णाया १, १८—पत्र २१३; गा ३५०; से ४, ३६; हे ४, ४२३)। २ अपराध, गुन्हा; (पाअ)। °**आरय** वि [°**कारक**] १ अप्रिय-कर्ता; २ अपराध-कर्ता; (हे ४, ३४३)।

विप्पिंडिअ वि [**दे**] नाशित; (दे ७, ७०)।

विप्पीइ स्त्री [**विप्रीति**] अप्रीति; (पण्ह १, ३—पत्र ४२)।

विप्पु स्त्री [**विप्रुष्**] बिन्दु, अवयव, अंश; "मुत्तपुरीसाण विप्पुओ विप्पा" (औप; विसे ७८१)।

विप्पुअ वि [**विप्लुत**] उपद्रुत, उपद्रव-युक्त; (से ६, ७६)।

विप्पुस पुंन. देखो **विप्पु**; "असुइस्स विप्पुसेणवि" (पिंड १६५)।

विप्पेक्ख सक [**विप्र+ईक्ष्**] निरीक्षण करना, देखना। वकृ—**विप्पेक्खंत**; (पण्ह १, १—पत्र १८)।

विप्पेक्खिअ वि [**विप्रेक्षित**] निरीक्षित; (पण्ह २, ४—पत्र १३१; भग ६, ३३—पत्र ४६६)।

विप्पोसहि स्त्री [**विप्रौषधि**] आध्यात्मिक शक्ति-विशेष, जिसके प्रभाव से योगी के विष्ठा और मूत्र के बिन्दु ओषधि का काम करता है; (पण्ह २, १—पत्र ६६; औप; विसे ७७६; संति २)।

विप्फंद अक [**वि+स्पन्द्**] इधर उधर चलना, तड़फना। वकृ—**विप्फंदमाण**; (आचा)।

विप्फंदिअ वि [**विस्पन्दित**] इधर उधर भटका हुआ, परिभ्रान्त;

"खउजंतण जलथले सकम्मविप्फंडि(? दि)एण जीवेणं।
तिरियभवे दुक्खाइं छुहतण्हाईणि भुत्ताइं॥"
(पउम ६५, ५२)।

विप्फारस पुं [**विस्पर्श**] विरुद्ध स्पर्श; (प्राप्र)।

विप्फाडग वि [**विपाटक**] चीरने वाला, विदारक; (पण्ह १, ४—पत्र ७२)।

विप्फाडिअ वि [**दे, विपाटित**] नाशित; (दे ७, ७०)।

विप्फारिय वि [**विस्फारित**] १ विस्तारित; (उप पृ १५२)। २ विकाशित; (सुपा ८३)।

विप्फाल सक [**दे**] पूछना, पृच्छा करना। **विप्फालेइ**; (वव १)।

विप्फाल देखो **विफाल**। कृ—**विप्फालिय**; (राज)।

विप्फालिय देखो **विप्फारिय**, (राज)।

विप्फुड वि [**विस्फुट**] स्पष्ट, व्यक्त; (रंभा)।

विप्फुर अक [**वि+स्फुर्**] १ होना। २ विकसना। ३ तड़फड़ना। ४ फरकना, हिलना। विफुरइ; (संबोध ३४; काल; भवि)। वकृ—**विप्फुरंत**; (उत्त १६, ५४; पउम ६३, ३)।

विप्फुरण न [**विस्फुरण**] १ विजृम्भण, विकास; (श्रावक २४५; सुर २, २३७)। २ स्पन्दन, हिलन; (गउड)।

विप्फुरिय वि [**विस्फुरित**] विजृम्भित; (सुपा २०४; सण)।

विप्फुल्ल वि [**विफुल्ल**] विकसित, प्रफुल्ल; "तह तह सुण्हा विप्फुल्लगंडविवरंमुही हसइ" (वज्जा ४४)।

विप्फोडअ पुं [**विस्फोटक**] फोड़ा; (नाट—शकु २७; पि ३११; प्राप)।

विफंद देखो **विप्फंद**। वकृ—**विफंदमाण**; (आचा १, ६, ३, ३)।

विफाल सक [**वि+पाटय्**] १ विदारण करना। २ उखेड़ना। संकृ —**विफालिय**; (आचा २, ३, २, ६)।

विफुट्ट अक [**वि+स्फुट्**] फटना। वकृ—चिंतंति किं **विफुट्टंत**चंडबंभंडयस्स रवो"। (सुपा ५५)।

विफुरण देखो **विप्फुरण**; (सुपा २५)।

विबंधग वि [**विबन्धक**] विशेष रूप से बाँधने वाला; (पंच २, १)।

विबद्ध वि [**विबद्ध**] १ विशेष बद्ध; २ मोहित; (सुअ १, ३, २, ६)।

विबाहग वि [**विबाधक**] विरोधी, बाधक; (धर्मसं ४६६)।

विबुद्ध वि [**विबुद्ध**] जागृत; (सिरि ६१५)।

विबुध (शौ) नीचे देखो; (पि ३६१)।

विबुह पुं [**विबुध**] १ देव, त्रिदश; (पाअ; सुर १, ४५)। २ पण्डित, विद्वान्; (सुर १, ४५)। °**चंद** पुं [°**चन्द्र**] एक प्रसिद्ध जैनाचार्य; (सुपा ६५८)। °**पहु** पुं [°**प्रभु**] इन्द्र; (सुर १, १७२)। °**पुर** न [°**पुर**] स्वर्ग; (सम्मत्त १७५)।

विबुहेसर पुं [**विबुधेश्वर**] इन्द्र; (श्रावक ५६)।

विबोह पुं [**विबोध**] जागरण; (पंचा १, ४२)।

विबोहग देखो **विबोहय**; (कप्प)।

विबोहण न [**विबोधन**] ज्ञान कराना; "अबुहजणविबोहण-करस्स" (सम १२३)।

विबोहय वि [**विबोधक**] १ विकासक; "कुमुयवणविबोहयं" (कप्प ३८ टि)। २ ज्ञान-जनक; (विसे १७४)।

विब्बोअ पुं [**विब्बोक**] विलास, लीला; "हेला ललिअं लीला विब्बोआ विब्भमो विलासो य" (पाअ)। देखो **बिब्बोअ**।

विब्भंग देखो **विभंग**; (भग; पव २२६; कम्म ४, १४; ४०)।

विब्भंगि वि [**विभङ्गिन्**] विभंग-ज्ञान वाला; (भग)।

विब्भंत वि [**विभ्रान्त**] १ विशेष भ्रान्त, चक्कर में पड़ा हुआ; (आचा १, ६, ४, ३)। २ पुं. प्रथम नरक-भूमि का सातवाँ नरकेन्द्रक—स्थान-विशेष; (देवेन्द्र ४)।

विब्भंस पुं [**विभ्रंश**] अतिपात, हिंसा, प्राण-वियोजन; (राज)।

विब्भट्ठ वि [**विभ्रष्ट**] विशेष भ्रष्ट; (प्रति ४०)।

विब्भम पुं [**विभ्रम**] १ विलास; (पाअ; गउड ५५; १६७; कुमा)। २ स्त्री की शृंगार के अंग-भूत चेष्टा-विशेष; (गउड; गा ५)। ३ चित्त-भ्रम, पागलपन; (राय)। ४ शृंगार-संबन्धी मानसिक अशान्ति; (कप्पू)। ५ विशेष भ्रान्ति; (सुपा ३२७; गउड)। ६ संदेह; ७ आश्चर्य; ८ शोभा; (गउड)। ९ भूषणों का स्थान-विपर्यय; (कुमा)। १० रावण का एक सुभट; (पउम ५६, २६)। ११ मैथुन, अ-ब्रह्म; १२ काम-विकार; (पगह १, ४ पत्र ६६)।

विब्भल वि [**विह्वल**] १ व्याकुल, व्यग्र; (सुर ८, ५७; १२, १६८)। २ व्यासक्त, तल्लीन; ३ पुं. विष्णु, नारायण; (षड् ४०; हे २, ५८)।

विब्भलिअ वि [**विह्वलित**] व्याकुल किया हुआ; (कुमा)।

विब्भवण न [**दे**] उपधान, ओसीसा; (दे ७, ६८)।

विब्भाडिय वि [**दे**] नाशित; (भवि)।

विब्भार देखो **वेब्भार**; (पि २६६)।

विब्भिडि पुं [**दे**] मत्स्य की एक जाति; (विपा १, ८ टी — पत्र ८३)।

विब्भेइअ वि [**दे**] सूई से विद्ध; (दे ७, ६७)।

विभंग पुं [**विभङ्ग**] १ विपरीत अवधिज्ञान, वितथ अवधि-ज्ञान, मिथ्यात्व-युक्त अवधिज्ञान; (पव २२६ टी)। २ ज्ञान-विशेष; (सुअ २, २, २५)। ३ विराधना, खण्डन; ४ मैथुन, अ-ब्रह्म; (पगह १, ४—पत्र ६६)। देखो **विहंग**=विभंग।

विभंगु पुंस्त्री [**दे**] तृण-विशेष; "एरंड कुरुविंदे करकरसुंठे तहा विभंगू य" (पराण १—पत्र ३३) ।

विभंगुर वि [**विभङ्गुर**] विनश्वर; (सुपा ६०५; प्रासू ६६; पुप्फ २२०) ।

विभंज सक [**वि + भञ्ज्**] भाँग डालना, तोड़ना । संकृ— **विभंजिऊण**; (काल) ।

विभंतडी (अप) स्त्री [**विभ्रान्ति**] विशिष्ट भ्रम; (हे ४, ४१४) ।

विभग्ग वि [**विभग्न**] भाँगा हुआ, खण्डित; (पउम ११३, २६) ।

विभज सक [**वि + भज्**] १ बाँटना, विभाग करना । २ विकल्प से प्राप्त करना, पक्षतः प्राप्ति करना—विधान और निषेध करना । कर्म—विभज्जंति; (तंदु २) । कवकृ— **विभज्जमाण**; (णाया १, १—पत्र ६०; उप २६४ टी) । संकृ—**विभजिऊण**; (धर्मवि १०५), देखो **विभज्ज** ।

विभजण न [**विभजन**] विभाग, भाग-बँटाई; (पव ३८) ।

विभज्ज देखो **विभज** । विभज्ज; (कम्म ६, १०) ।

विभज्जवाद } पुं [**विभज्यवाद**] स्याद्वाद, अनेकान्त-वाद,
विभज्जवाय } जैन दर्शन; (धर्मसं ६२१; सूत्र १, १४, २२; उवर ६६) ।

विभत्त वि [**विभक्त**] १ विभाग-युक्त, बाँटा हुआ; (नाट—शकु ४६; कप्प) । २ भिन्न, अलग, जुदा; "विभत्तं धम्मं झोसेमाणे" (आचा; कप्प; महा) । ३ न. विभाग; (राज) ।

विभत्ति स्त्री [**विभक्ति**] १ विभाग, भेद; (भग १२, ५—पत्र ५७४; सुज्ञनि ६६; उत्तनि ३६), "लोगस्स पएसेसु अणंतरपरंपराविभत्तीहिं" (पंच २, ३६; ४०; ४१) । २ व्याकरण-प्रसिद्ध प्रत्यय-विशेष; (ओघभा ४; चेइय २६८; सुज्ञनि ६६) ।

विभमण न [**दे**] उपधान, ओसीसा; (दे ७, ६८ टी) ।

विभय देखो **विभज** । विभए, विभयंति; (कम्म ६, ३१; आचा; उत्त १३, २३) ।

विभयणा स्त्री [**विभजना**] विभाग; (सम्म १०१) ।

विभर सक [**वि + स्मृ**] विस्मरण करना, भूल जाना । विभरइ; (पि ३१३) ।

विभव देखो **विहव**; (उव; महा) ।

विभवण न [**विभवन**] विरूप-करण, खराब करना; (राज) ।

विभाइम वि [**विभाज्य**] विभाग-योग्य; (ठा ३, २—पत्र १३४) ।

विभाइम वि [**विभागिम**] विभाग से बना हुआ; (ठा ३, २—पत्र १३४) ।

विभाग पुं [**विभाग**] अंश, बाँट; (काल; सण) ।

विभागिम देखो **विभाइम**=विभागिम; (उप पृ १४१) ।

विभाय देखो **विभाग**; (रंभा) ।

विभाय न [**विभात**] प्रकाश, कान्ति, तेज; (सण) ।

विभाय पुं [**विभाव**] परिचय; "कस्स विसमदसाविभाओ न होइ" (स १६८) ।

विभाव सक [**वि + भावय्**] १ विचार करना, ख्याल करना । २ विवेक से ग्रहण करना । ३ समझना । वकृ— **विभावंत, विभावेंत, विभावेमाण**; (सुपा ३७७; उप ५६७ टी; कप्प) । कवकृ—**विभाविज्जंत, विभाविज्जमाण**; (से ८, ३१; स ७५०) । हेकृ—**विभावेत्तए**; (कस) । कृ—**विभावणीय**; (पुप्फ २५४) ।

विभाव देखो **विभव**; "नमो महाविभावेणं पूइऊण पेसिया गया य" (महा) ।

विभावसु पुं [**विभावसु**] १ सूर्य, रवि; २ रविवार; (पउम १७, १७७) । देखो **विहावसु** ।

विभाविय वि [**विभावित**] विचारित; (सण) ।

विभास सक [**वि + भाष्**] १ विशेष रूप से कहना, स्पष्ट कहना । २ व्याख्या करना । ३ विकल्प से विधान करना । विभासइ; (पव ७३ टी) । कृ—**विभासियव्व**; (उत्तनि ३६; पिंड १२४) । हेकृ—**विभासिउं**; (विसे १०८५) ।

विभासण न [**विभाषण**] व्याख्या, व्याख्यान; (विसे १४२८) ।

विभासय वि [**विभाषक**] व्याख्याता, व्याख्या-कर्ता; (विसे १४२५) ।

विभासा स्त्री [**विभाषा**] १ विकल्प-विधि, पाक्षिक प्राप्ति, भजना, विधि और निषेध का विधान; (पिंड १४३; १४४; १४५; २३५; ३०२; उप ४१५ टी; द्र १६) । २ व्याख्या, विवरण, स्पष्टीकरण; (विसे १३८५; १४२१; पिंड ६३७) । ३ विज्ञापन, निवेदन; (उप ६८०) । ४ विविध भाषण; (पिंड ४१८) । ५ विशेषोक्ति; (देवेन्द्र ३६७) । ६ परिभाषा, संकेत; (कम्म १, २८; २६) । ७ एक महानदी; (ठा ५, ३—पत्र ३५१) ।

विभासिय वि [**विभासित**] प्रकाशित, उद्द्योतित; (सम्मत्त ६१)।

विभिण्ण } देखो **विहिण्ण**=विभिन्न; (गउड ५७०; **विभिन्न** } ११८०; उत्त १६, ५५)।

विभीसण पुं [**विभीषण**] १ रावण का एक छोटा भाई; (पउम ८, ६२)। २ विदेह-वर्ष का एक वासुदेव; (राज)।

विभीसावण वि [**विभीषण**] भय-जनक, भयंकर; (भवि)।

विभीसिया स्त्री [**विभीषिका**] भय-प्रदर्शन; (उव)।

विभु पुं [**विभु**] १ प्रभु, परमेश्वर; (पउम ५, ११२)। २ नाथ, स्वामी, मालिक; (पउम ७०, १२)। ३ इक्ष्वाकु वंश के एक राजा का नाम; (पउम ५, ७)। ४ वि. व्यापक; (विसे १६८५)।

विभूइ स्त्री [**विभूति**] १ ऐश्वर्य, वैभव; (उव; ग्रौप)। २ ठाटबाट, धामधूम; "महाविभूईए चलिश्रो जिणजत्ताए" (सुर ३, ६२; महा)। ३ अहिंसा; (पण्ह २, १--पत्र ६६)।

विभूसण न [**विभूषण**] १ अलंकार, गहना; २ शोभा; "दिव्वालंकारविभूसणाइं" (उव; ग्रौप)।

विभूसा स्त्री [**विभूषा**] १ सिंगार की सजावट, शरीर पर अलंकार-वस्त्र आदि की सजावट; (आचा १, २, १, ३; ग्रौप; जीव ३)। २ शरीर-शोभा; "नेहुणाश्रो उवसंतस्स किं विभूसाइ कारिश्रं" (दस ६, २, ६५; ६६; ६७; उत्त १६, ६)।

विभूसिय वि [**विभूषित**] विभूषा-युक्त, अलंकृत, शोभित; (भग; उत्त १६, ६; महा; विपा १, १--पत्र ७)।

विभेद } पुं [**विभेद**] १ भेदन, विदारण; (धर्मसं ८२६), **विभेय** } "जयवारणकुंभविभेयक्खमे" (गउड; उप ७२८ टी)। २ भेद, प्रकार; "उड्ढाहोतिरियविभेयं तिहुयणंपि" (चेइय ६६४)।

विभेयग वि [**विभेदक**] भेदन-कर्ता; "परमम्मविभेयगो" (धर्मवि ७६)।

विमइ स्त्री [**विमति**] छन्द-विशेष; (पिंग)।

विमउअ वि [**दे**] भर्त्सित, तिरस्कृत; (दे ७, ७१)।

विमउल वि [**विमुकुल**] विकसित, खिला हुआ; (णाया १, १ टी--पत्र ३; ग्रौप)।

विमंतिय वि [**विमन्त्रित**] जिसके बारे में मसलहत की गई हो वह; (सुर १२, ६७)।

विमंसिअ वि [**विमृष्ट, विमर्शित**] विचारित, पर्यालोचित; (सिरि १०४५)।

विमग देखो **विमय**; (राज)।

विमग्ग सक [**वि+मार्गय्**] १ विचार करना। २ अन्वेषण करना, खोजना। ३ प्रार्थना करना, माँगना। ४ इच्छा करना, चाहना। विमग्गइ, विमग्गहा; (उव; उत्त १२, ३८)। वकृ—**विमग्गंत, विमग्गमाण**; (गा ३५१; सुर २, १७; से ४, ३६; महा)।

विमग्गिअ वि [**विमार्गित**] १ याचित, माँगा हुआ; (सिरि १२७; सुर ४, १०७)। २ अन्वेषित, गवेषित; (पाअ)।

विमज्झ न [**विमध्य**] अन्तराल; (राज)।

विमण वि [**विमनस्**] १ विषण्ण, खिन्न, शोक-संतप्त; (कप्प; सुर ३, १६८; महा)। २ शून्य-चित्त, सुन्न चित्त वाला; (विपा १, २--पत्र २७)। ३ निराश, हताश; (गा ७६)। ४ जिसका मन अन्यत्र गया हो वह; (से ४, ३१; गउड)।

विमद्द सक [**वि+मर्दय्**] १ संघर्ष करना। २ मर्दन करना। कवकृ—**विमद्दिज्जमाण**; (सिरि १०३८)।

विमद्द पुं [**विमर्द**] १ विनाश; "आसत्तपुरिससंतइदालिद्दविमद्दसंजणयं" (सुपा ३८; गउड)। २ संघर्ष; (स ७२१; कुप्र ४६)।

विमद्दण न [**विमर्दन**] ऊपर देखो; (भवि)।

विमन्न सक [**वि+मन्**] मानना, गिनना। वकृ—"सव्वं सुविणं व तं **विमन्नंतो**" (सुर ४, २४४)।

विमय पुं [**दे**] पर्व-वनस्पति विशेष; (पण्ण १--पत्र ३३)।

विमर (अप) नीचे देखो। **विमरइ**; (पिंग)।

विमरिस सक [**वि+मृश्**] विचारना। कृ—**विमरिसिदव्व** (शौ); (अभि १८४)।

विमरिस पुं [**विमर्श**] विकल्प, विचार; (राज)।

विमल वि [**विमल**] १ मल-रहित, विशुद्ध, निर्मल; (कप्प; ग्रौप; से ८, ४६; पउम ५१, २७; कुमा; प्रासू २; १५७; १६१)। २ पुं. इस अवसर्पिणी-काल में उत्पन्न तेरहवें जिनदेव; (सम ४३; पडि)। ३ भारतवर्ष में होने वाले बाईसवें जिन-भगवान्; (सम १५४)। ४ एक प्राचीन जैन आचार्य और कवि जिन्होंने विक्रम की प्रथम शताब्दी में 'पउम चरिश्र'-नामक जैन रामायण बनाई है; (पउम ११८, ११८)। ५ एक महाग्रह, ज्योतिष्क देव-विशेष; (ठा २, ३--पत्र ७८)। ६ भगवान् अजितनाथ का पूर्वजन्मीय नाम; (सम १५१)। ७ पुंन. सहस्रार देवलोक के इन्द्र

का एक पारियानिक विमान; (ठा ८—पत्र ४३७)। ८ ब्रह्म-देवलोक में स्थित एक देव-विमान; (सम १३; देवेन्द्र १४०)। ९ एक ग्रैवेयक देव-विमान; (सम ४१; देवेन्द्र १४१)। १० लगातार छह दिनों का उपवास; ११ लगातार सात दिनों का उपवास; (संबोध ५८)। १२ पुं. अहिंसा, दया; (पराह २, १—पत्र ९९)। °घोस पुं [घोष] एक कुलकर पुरुष; (सम १५०)। °चंद पुं [चन्द्र] एक जैन आचार्य; (महा)। °प्पहा स्त्री [प्रभा] भगवान शीतल-नाथजी की दीक्षा शिबिका ; (विचार १२९)। °वर पुं [वर] आनत-प्राणत देवलोक के इन्द्र का एक पारियानिक विमान; (ठा १०—पत्र ५१८)। °वाहण पुं [वाहन] १ भारत-वर्ष के भावी प्रथम जिनदेव, जिनके दूसरे नाम देवसेन तथा महापद्म होंगे; (ठा ९—पत्र ४५९)। २ कुलकर पुरुष-विशेष; (सम १०४; १५०; १५३; पउम ३, ५५)। ३ भारतवर्ष का एक भावी चक्रवर्ती राजा; (सम १५४)। ४ एक जैन मुनि, जो भगवान् अभिनन्दन के पूर्व जन्म में गुरु थे; (पउम २०, १२; १७)। ५ भगवान संभवनाथ का पूर्व-जन्मीय नाम; (सम १५१)। °सामि पुं [स्वामिन्] सिद्धचक्रजी का अधिष्ठायक देव; (सिरि २०४)। °सुंदरी स्त्री [सुन्दरी] षष्ठ वासुदेव की पटरानी; (पउम २०, १८६)।

विमलण न [विमर्दन] मांग आदि को शाण पर घिसना, घर्षण; (दे १, १६८)।

विमलहर पुं [दे] कलकल, कोलाहल; (दे ७, ७२)।

विमला स्त्री [विमला] १ ऊर्ध्व दिशा; (ठा १०—पत्र ४७८)। २ धरणेन्द्र के लोकपालों की अग्र-महिषिओं के नाम; (ठा ४, १—पत्र २०४)। ३ गीतरति और गीतयश नाम के गन्धर्वेन्द्रों की अग्र-महिषिओं के नाम; (ठा ४, १—पत्र २०४)। ४ चौदहवें जिनदेव की दीक्षा-शिबिका; (सम १५१)।

विमलिअ वि [विमर्दित] जिसका मर्दन किया गया हो वह, घृष्ट; (से ९, ७)।

विमलिअ वि [दे] १ मत्सर से उक्त; २ शब्द-सहित, शब्द वाला; (दे ७, ७२)।

विमलेसर पुं [विमलेश्वर] सिद्धचक्रजी का अधिष्ठायक देव; (सिरि ७७३)।

विमलोत्तर पुं [विमलोत्तर] ऐरवत वर्ष का एक भावी जिनदेव; (सम १५४)।

विमहिद (शौ) वि [विमथित] जिसका मथन किया गया हो वह; (नाट—मालवि ४०)।

विमाउ स्त्री [विमातृ] सौतेली मा; (सत्त ३५; १७१)।

विमाण सक [वि+मानय्] अपमान करना, तिरस्कार करना। विमाणेजह; (महा ५९)।

विमाण पुंन [विमान] १ देव का निवास-भवन; (सम २; ८; ९; १०; १२; ठा ८; १०; उवा; कप्प; देवेन्द्र २५१; २५३; पराह १, ४—पत्र ६८; ति१२)। २ देव-यान, आकाश-यान, आकाश में गति करने में समर्थ रथ; (से ६, ७२; कप्पू)। ३ अपमान, तिरस्कार; ४ वि. मान-रहित, प्रमाण-शून्य; (से ६, ७२)। °पविभत्ति स्त्री [प्रविभक्ति] जैन ग्रन्थ-विशेष; (सम ६६)। °भवण न [भवन] विमानाकार गृह; (कप्प)। °वासि पुं [वासिन्] देवों की एक उत्तम जाति, वैमानिक देव; (पराह १, ४—पत्र ६८; ति १२)।

विमाणणा स्त्री [विमानना] अवगणना, तिरस्कार; (चेइय १३२)।

विमाणिअ वि [विमानित] अपमानित; (पिंड ४१३; कप्प ; महा)।

विमिस्स अ [विमृश्य] विचार करके। °गारि वि [कारिन्] विचार-पूर्वक करने वाला; (स १८४; ३२४)।

विमिस्स वि [विमिश्र] मिश्रित, मिला हुआ, युक्त; (पंच २, ७ ; महा)।

विमिस्सण न [विमिश्रण] मिश्रण, मिलावट; (सम्मत्त १७१)।

विमीसिय वि [विमिश्रित] विमिश्र, मिश्रित ; (भवि)।

विमुउल देखो **विमउल**; (राज)।

विमुंच सक [वि+मुच्] १ छोड़ना, बन्धन-मुक्त करना। २ परित्याग करना। विमुंचइ; (सण)। कर्म—विमुच्चई; (आचा २, १, ६, ९)। वकृ—**विमुंचंत**; (महा), **विमुच्च [? मुंच] माण**; (गाया १, ३—पत्र ९५)। कृ—**विमोत्तव्व**; (उप २६४ टी), **विमोय**; (ठा २, १—पत्र ४७)।

विमुकुल देखो **विमउल**; (पराह १, ४—पत्र ७२)

विमुक्क वि [**विमुक्त**] १ छुटा हुआ, छुट्टा, बन्धन-रहित; "जवविमुक्कंकेणा आसंणा" (महा ४६; पात्र; आचानि ३४३)। २ परित्यक्त; "विमुक्कजीयाणा" (महा ७७)। ३ निःसंग, संग-रहित; (आचा २, १६, ८)।

विमुक्ख पुं [**विमोक्ष**] छुटकारा, मुक्ति; (से ११, ५६; आचानि २५८; २५९; अजि ५)।

विमुक्खण देखो **विमोक्खण**; (उत्त १४, ४; कुप्र ३९६)।

विमुच्छिअ वि [**विमूर्च्छित**] मूर्छा-प्राप्त; (से ११, ५६)।

विमुत्त देखो **विमुक्क**; "मुत्तिविमुत्तमुवि" (पिंड ५६)।

विमुत्ति स्त्री [**विमुक्ति**] १ मोक्ष, मुक्ति; (आचानि ३४३; कुप्र १९)। २ आचारांग सूत्र का अन्तिम अध्ययन; (आचा २, १६, १२)। ३ अहिंसा; (पराह २, १ - पत्र ९९)।

विमुयण न [**विमोचन**] परित्याग; (संबोध १०)।

विमुह वि [**विमुख**] १ पराङ्मुख, उदासीन; (गउड; सुपा २८; भवि)। २ पुं. एक नरक-स्थान; (देवेन्द्र २८)। ३ पुंन. आकाश, गगन; (भग २०, २--पत्र ७७६)।

विमुह अक [**वि+मुह्**] घबराना, व्याकुल होना, बेचैन होना। वकृ---**विमुहिज्जंत**; (से २, ४६; ११, ४९)।

विमुहिअ वि [**विमुग्ध**] घबराया हुआ; (से ४, ४४; गा ७९२)।

विमुहिअ वि [**विमुखित**] पराङ्मुख किया हुआ; (पराह १, ३---पत्र ५३)।

विमूढ वि [**विमूढ**] १ घबराया हुआ; २ अस्फुट, अस्पष्ट; (गउड)।

विमूरण वि [**विभञ्जक**] तोड़ने वाला, खण्डन-कर्ता; "जं मंगलं बाहुबलिस्स आसि तेअस्सिणो माण-विमूरणस्स" (मंगल १०)।

विमोइय वि [**विमोचित**] छुड़ाया हुआ; (गाया १, २---पत्र ८८; सुपा)।

विमोक्ख देखो **विमुक्ख**; (से ३, ८)।

विमोक्खण न [**विमोक्षण**] १ छुटकारा, छुड़ाना, बन्धन-मोचन; (आचा; सूअ २, ७, १०; पउम १०२, १८८; स ९८; ७४२)। २ वि. छुड़ाने वाला, विमुक्त करने वाला; "सव्वदुक्खविमोक्खणं" (सूअ १, ११, २; २, ७, १०), स्त्री— **णी**; (उत्त २६, १)।

विमोक्खय वि [**विमोक्षक**] छुटकारा पाने वाला ; "ने दुक्ख-विमोक्खया" (सूअ १, १, २, ५)।

विमोडण न [**विमोटन**] मोड़ना; (दे)।

विमोत्तव्व देखो **विमुंच**।

विमोय सक [**वि+मोचय्**] छुड़ाना, मुक्त करना। संकृ—**विमोइऊण**; (सुपा)।

विमोय देखो **विमुंच**।

विमोयग वि [**विमोचक**] छोड़ने वाला, दूर करने वाला; "न ते दुक्खविमोयगा" (सूअ १, ९, ३)।

विमोयण न [**विमोचन**] १ छुटकारा, मुक्ति; २ वि. छुड़ाने वाला; "दुहसयविमोयणकाइं" (पराह २, १—पत्र ९९)।

विमोयणा स्त्री [**विमोचना**] छुटकारा; (सूअ १, १३, २१)।

विमोह सक [**वि + मोहय्**] मुग्ध करना, मोह उपजाना। विमोहेइ; (महा)। संकृ --**विमोहित्ता, विमोहेत्ता**; (भग १०, ३--पत्र ४९८)।

विमोह देखो **विमोक्ख**; (आचा)।

विमोह वि [**विमोह**] १ मोह-रहित; (उत्त ५, २६)। २ पुं. विशेष मोह, घबराहट; (सम्मत्त २२९)। ३ आचारांग सूत्र का एक अध्ययन; (सम १५; टा ९ टी - पत्र ४४५)।

विमोहण न [**विमोहन**] १ मोह उपजाना ; (सुर ६, ३८)। २ वि. मोह उपजाने वाला; (उप ७२८ टी)।

विमोहिअ वि [**विमोहित**] मोह-प्राप्त; (महा ७३; ५२)।

विम्ह न [**वेश्मन्**] गृह, घर; (राज)।

विम्हइअ वि [**विस्मित**] आश्चर्य-चकित, चमत्कृत; (सुर १, १६०)।

विम्हय अक [**वि + स्मि**] चमत्कृत होना, विस्मित होना, आश्चर्यान्वित होना। कृ- **विम्हयणिज्ज, विम्हयणीअ**; (हे १, २४८; अभि २०२)।

विम्हय पुं [**विस्मय**] आश्चर्य, चमत्कार; (हे २, ७४; षड् ; प्राप्र; उव; गउड; अवि १)।

विम्हर सक [**स्मृ**] याद करना। विम्हरइ; (हे ४, ७४)।

विम्हर सक [वि+स्मृ] विस्मरण करना, याद न आना, भूल जाना। विम्हरइ; (हे ४, ७५; प्राकृ ६३; षड्)। वकृ—**विम्हरंत**; (श्रा १६)।
विम्हरण न [विस्मरण] विस्मृति; (पव ६; संबोध ४३; सुक्त ८०)।
विम्हराइअ वि [दे] १ मूर्छित, मूर्छा-प्राप्त; २ विस्मापित; (से ६, ४१)।
विम्हरावण वि [स्मरण] स्मरण कराने वाला, याद दिलाने वाला; "ब्रावयणावीरकहविम्हरावणा" (कुमा)।
विम्हरिअ वि [विस्मृत] भुला हुआ, याद न किया हुआ; (कुमा; पाअ)।
विम्हल देखो **विब्भल**; (उप ५३० टी)।
विम्हलिअ देखो **विब्भलिअ**; (अच्चु २२)।
विम्हारिअ वि [विस्मारित] भुलाया हुआ; (कुमा; श्रा २८)।
विम्हारिअ (अप) देखो **विम्हरिअ**; (सण)।
विम्हाव सक [वि+स्मापय्] आश्चर्य-चकित करना। विम्हावेइ; (महा; निचू ११)। वकृ—**विम्हावेंत**; (उत्त ३६, २६७)।
विम्हावण न [विस्मापन] आश्चर्य उपजाना, विस्मय-करण; (ओप)।
विम्हावणा स्त्री [विस्मापना] ऊपर देखो; (निचू ११)।
विम्हावय वि [विस्मापक] विस्मय-जनक; (सम्मत्त १७४)।
विम्हाविअ वि [विस्मापित] आश्चर्यान्वित किया हुआ; (धर्मवि १४७)।
विम्हिअ वि [विस्मित] विस्मय प्राप्त, चमत्कृत; (श्रा २८—पव १६०; उव)।
विम्हिय (अप) देखो **विम्हय**। विम्हियइ; (सण)।
विम्हिर वि [विस्मेर] विस्मय पाने वाला, चमत्कृत होने वाला; (श्रा १२; २७)।
वियच्चा देखो **विअ-च्चा**।
वियद्द पुं [व्यर्द, व्यर्द्द] आकाश, गगन; (भग २०, २—पव ७७६)।
विर सक [भञ्ज्] भाँगना, तोड़ना। विरइ; (हे ४, १०६)।
विर अक [गुप्] व्याकुल होना। विरइ; (हे ४, १५०), विरंति; (कुमा)।
विर (अप) देखो **वीर**; (सण)।
विरइ स्त्री [विरति] १ विराम, निवृत्ति; २ सावद्य कर्म से निवृत्ति, संयम, त्याग; (उव; आचा)। ३ छन्दः-शास्त्र-प्रसिद्ध विश्राम-स्थान, यति; (चेइय ५०७)।
विरइअ वि [विरचित] १ कृत, निर्मित, बनाया हुआ; २ सजाया हुआ; (पाअ; ओप; कप्प; पउम ११८, १२१; कुमा; महा; रंभा; कप्पू)।
विरइअ देखो **विराइअ**; (कप्प)।
विरइयव्व देखो **विरय** = वि+रचय्।
विरंचि पुं [विरञ्चि] ब्रह्मा, विधाता; (कुप्र ४०३; ति ८७; सम्मत्त १६२)।
विरच्च } अक [वि+रञ्ज्] १ विरक्त होना, उदासीन होना। २ रँग-रहित होना। विरज्जइ; (उव; उत्त २९, २; महा)। वकृ—**विरज्जंत**, **विरच्चमाण**, **विरज्जमाण**; (से ४, १४; भवि; उत्त २९, २; गा १४६; २६६)।
विरज्ज }
सच्च न [सत्य] १ यथार्थ भाषण, अमृषा-कथन; (ठा १०—पत्र ४८६; कुमा; पराह २, ५—पत्र १४८; स्वप्न २२; प्रासू १५०; १७७)। २ शपथ, सोगन; ३ सत्य युग; ४ सिद्धान्त; (हे २, १३)। ५ वि. यथार्थ, सचा, वास्तविक; "सच्चपरक्कमे" (उत्त १८, ४६; श्रा १२; ठा ४, १—पत्र १६६; कुमा)। ६ पुं. संयम, चारित्र; (आचा; उत्त ६, २)। ७ जिनागम, जैन सिद्धान्त; (आचा)। ८ अहोरात्र का दसवाँ मुहूर्त; (सम ५१)। ९ एक वणिक्-पुत्र; (उप ५१६)। °उर न [°पुर] भारत का एक प्राचीन नगर, जो आजकल 'साचोर' नाम से मारवाड में प्रसिद्ध है; (ती ७; सिग्घ ७)। °उरी स्त्री [°पुरी] वही अर्थ; (पडि)। °णेमि, °नेमि पुं [°नेमि] भगवान् अरिष्टनेमि के पास दीक्षा ले मुक्ति पाने वाला एक मुनि जो राजा समुद्रविजय का पुत्र था; (अंत; अंत १४)। °प्पवाय न [°प्रवाद] छठवाँ पूर्व-ग्रन्थ; (सम २६)। °भामा स्त्री [°भामा] श्रीकृष्ण की एक पत्नी; (अंत १५)। °वाइ वि [°वादिन्] सत्य-वक्ता; (पउम ११, ३१)। °संध वि [°सन्ध] सत्य प्रतिज्ञा वाला, प्रतिज्ञा-निर्वाहक; (उप पृ ३३३; सुपा २८३)। °सिरी स्त्री [°श्री] पाँचवें आरे की अन्तिम श्राविका; (विचार ५३४)। °सेण पुं [°सेन] ऐरवत वर्ष में होने वाला एक जिनदेव; (सम १५४)। °हामा देखो °भामा; (पि १४)। °वाइ देखो °वाइ; (आचा १, ८, ६, ५; १, ८, ७, ५)।

सच्चइ पुं [सत्यकि] १ आगामी काल में बारहवाँ तीर्थंकर होने वाला एक साध्वी-पुत्र; (ठा ६—पत्र ४५७; सम १५४; पव ४६)। २ विषय-लम्पट एक विद्याधर; (उव; उर ७, १ टी)। ३ श्रीकृष्ण का संबन्धी एक व्यक्ति; (रुक्मि ४६)। °सुय पुं [°सुत] ग्यारह रुद्रों में अन्तिम रुद्र पुरुष; (विचार ४७३)।

सच्चंकार वि [सत्यंकार] सत्य साबित करने वाला, लेन-देन की सच्चाई के लिए दिया जाता बहाना; "गहिओ संजमभारो सच्चंकारु व्व सिद्धीए" (धर्मवि १४; आप ६६; रयण ३४)।

सच्चव सक [दृश्] देखना। सच्चवइ; (हे ४, १८१; षड्; सण)। कर्म—सच्चविज्जइ; (कुप्र ६८)।

सच्चव सक [सत्यापय्] सत्य साबित करना। सच्चवइ; (सुपा २६२)। कर्म—"अलिअंपि सच्चविज्जइ पहुत्तणं तेण रमणिज्जं" (सूक्त ८५)।

सच्चवण न [दर्शन] अवलोकन, निरीक्षण; (कुमा; सुपा २२६)।

सच्चवय वि [दर्शक] द्रष्टा; (संबोध २४)।

सच्चविअ वि [दृष्ट] देखा हुआ, विलोकित; (गा ५३६; ८०६; सुर ४, २२५; पात्र; महा)।

सच्चविअ वि [दे] अभिप्रेत, इष्ट; (दे ८, १७; भवि)।

सच्चा स्त्री [सत्या] १ सत्य वचन; (पराण ११—पत्र ३७६)। २ श्रीकृष्ण की एक पत्नी, सत्यभामा; (कुप्र २५८)। °मोस वि [°मृषा] मिश्र-भाषा, सत्य से मिला हुआ झूठ वचन; "सच्चामोसाणि भासइ" (सम ५०)।

सच्चित्त देखो **स-च्चित्त** = स-चित्त।

सच्चिल्लय वि [दे. सत्य] सचा, यथार्थ; (दे ८, १४)।

सब्बीसय पुं [दे. सब्बीसक] वाद्य-विशेष; (पउम १०२, १२३)। देखो **वब्बीसक**।

सच्चेविअ वि [दे] रचित, निर्मित; (दे ८, १८)।

सच्छ वि [**स्वच्छ**] अति निर्मल; (सुपा ३०)।

सच्छंद वि [**स्वच्छन्द**] १ स्वाधीन, स्व-वश; (उप ३३९ टी; सुर १४, ८५)। २ न. स्वेच्छानुसार; (णाया १, ८—पत्र १५२; औप; अभि ४६; प्रासू १७)। °**गामि** वि [°**गामिन्**] इच्छानुसार गमन करने वाला, स्वैरी; स्त्री—°णी; (सुपा २३५)। °**चारि**, °**यारि** वि [°**चारिन्**] स्वच्छन्दी, इच्छानुसार विहरण करने वाला, स्वैरी; स्त्री—°णी; (मं ३६; श्रा १६; गच्छ १, १०)।

सच्छर सक [**दृश्**] देखना; (संक्षि ३६)।

सच्छह वि [**दे. सच्छाय**] सदृश, समान, तुल्य; (दे ८, ६; गा ५; ४५; ३०८; ५३३; ५८०; ६८१; ७२१; सुर ३, २४६; धर्मवि ५७)।

सच्छाय वि [**सच्छाय**] १ समान छाया वाला, तुल्य; (गउड; कुप्र २३)। २ अच्छी कान्ति वाला; (कुमा)। ३ सुन्दर छाया वाला; ४ कान्ति-युक्त; ५ छाया-युक्त; (हे १, २४९)।

सच्छाह वि [**सच्छाय**] जिसकी छाँही सुन्दर हो वह; २ छाँही वाला; ३ समान छाया वाला, तुल्य, सदृश; (हे १, २४९)।

सछत्ता स्त्री [**सच्छत्रा**] वनस्पति-विशेष; (सूअ २, ३, १६)।

सजण देखो **स-जण**=स्व-जन।

सजिय देखो **सज्जीव**; (सुर १२, २१०)।

सजुत्त देखो **संजुत्त**; (पिंग)।

सजोइ देखो **स-जोइ**=स-ज्योतिष्।

सजोगि वि [**सयोगिन्**] १ मन आदि का व्यापार वाला; २ पुंन. तेरहवाँ गुण-स्थानक; (पि ४११; सम २६; कम्म २, २; २०)।

सजोणिय देखो **स-जोणिय**=स-योनिक।

सज्ज अक [**सञ्ज्**] १ आसक्ति करना। २ सक. आलिंगन करना। सजइ; (उत्त २५, २०), सजह; (णाया १, ८—पत्र १४८)। वकृ—**सज्जमाण**; (सूअ १, ७, २७; दसचू २, १०; उत्त १४, ६; उवर १२)। कृ—**सज्जियव्व**; (पण्ह २, ५—पत्र १४९)।

सज्ज अक [**सस्ज्**] १ तय्यार होना। २ सक. तय्यार करना, सजाना। सज्जेइ, सज्जेंति; (कुमा; णाया १, ८—पत्र १३२)। कर्म—सज्जीअंति; (कप्पू)। कवकृ—सज्जिज्जंत; (कप्पू)। संकृ—**सज्जिऊण**, **सज्जेउं**; (स ६४; महा)। कृ—**सज्जियव्व**, **सज्जेयव्व**; (सत्त ४०; स ७०)। प्रयो—संकृ—**सज्जावेऊण**; (महा)।

सज्ज पुं [**सर्ज**] वृक्ष-विशेष; (णाया १, १—पत्र २५; विसे २६८२; स १११; कुमा)।

सज्ज पुं [**षड्ज**] स्वर-विशेष; (कुमा)।

सज्ज वि [**सज्ज**] तय्यार, प्रगुण; (णाया १, ८—पत्र १४६; सुपा १२२; १९७; हेका ४६; पिंग)।

सज्ज } अ [**सद्यस्**] तुरंत, जल्दी, शीघ्र; "सजणायणं
सज्जं } से कम्मणजोगं पउंजामि" (स १०८; सुख ८, १३; गा ५९७ अ; कस)।

सज्जंभव पुं [**शय्यम्भव**] एक प्रसिद्ध जैन महर्षि; (सार्ध १२)।

सज्जण देखो **स-ज्जण**=सज्जन।

सज्जा देखो **सेज्जा**; (राज)।

सज्जिअ वि [**सज्जित**] सजाया हुआ, तय्यार किया हुआ; (औप; कुमा; महा)।

सज्जिअ वि [**सर्जित**] बनाया हुआ; (दे १, १३८)।

सज्जिअ पुं [**दे**] १ नापित, नाई; २ रजक, धोबी; ३ वि. पुरस्कृत, आगे किया हुआ; ४ दीर्घ, लम्बा; (दे ८, ४७)।

सज्जिआ स्त्री [**सर्जिका**] क्षार-विशेष, साजी खार; "वत्थं सज्जियाखारेण अणुलिंपति" (णाया १, ५—पत्र १०६)।

सज्जीव } देखो **स-ज्जीअ**=स-जीव।
सज्जीव }

सज्जीहव अक [**सज्जी+भू**] सज्ज होना, तय्यार होना। सज्जीहवेइ; (श्रा १४)।

सज्जो देखो **सज्ज**=सद्यस्; (सुपा ३९७)।

सज्जोक्क वि [**दे**] प्रत्यग्र, नूतन, ताजा; (दे ८, ३)।

सज्झ वि [**साध्य**] १ साधनीय, सिद्ध करने योग्य; २ वश में करने योग्य; "वक्खिओ हु इमो सत्तू ताव य सज्झो न पुरिसगारस्स" (सुर ८, २६; सा २४)। ३ तर्कशास्त्र-प्रसिद्ध अनुमेय पदार्थ, जैसे धूम से ज्ञातव्य वह्नि; (पंचा १४, ३५)। ४ पुं. साध्य वाला, पक्ष; (विसे १०७७)। ५ देव-गण विशेष; ६ योग-विशेष; ७ मन्त्र-विशेष; (हे २, २६)।

सज्झ पुं [**सह्य**] १ पर्वत-विशेष; (स ६७९)। २ वि.

सहन-योग्य; (हे २, २६; १२४)।

सज्झंतिय पुं [दे] ब्रह्मचारी; (राज)।

सज्झंतिया स्त्री [दे] भगिनी, बहिन; (राज)।

सज्झंतेवासि पुं [स्वाध्यायान्तेवासिन्] विद्या-शिष्य; (सुख २, १५)।

सज्झमाण वि [साध्यमान] जिसकी साधना की जाती हो वह; (रयण ४०)।

सज्झव सक [दे] ठीक करना, तंदुरस्त करना। सज्झवेहि, सज्झवेमि; (सुख २, १५)।

सज्झस न [साध्वस] भय, डर; (हे २, २६; कुमा)।

सज्झाइय वि [स्वाध्यायिक] १ जिसमें पठन आदि स्वाध्याय हो सके ऐसा शास्त्रोक्त देश, काल आदि; (ठा १०—पत्र ४७५)। २ न. स्वाध्याय, शास्त्र-पठन आदि; (पव २६८; गांदि २०७ टी)।

सज्झाय पुं [स्वाध्याय] शोभन अध्ययन, शास्त्र का पठन, आवर्तन आदि; (औप; हे २, २६; कुमा; नव २६)।

सज्झाराय वि [साह्यराज] सह्याचल के राजा से संबन्ध रखने वाला, सह्याद्रि के राजा का; (पउम ५५, १७)।

सज्झिलग पुं [दे] भ्राता, भाई; (उप २७५; ३७७; पिंड ३२४)।

सज्झिलगा स्त्री [दे] भगिनी, बहिन; (पिंड ३१६; उप २०७)।

सज्झिल्लग देखो **सज्झिलग**; (राज)।

सट्ट पुंस्त्री [दे] १ सट्टा, विनिमय, बदला; (सुपा २३३), स्त्री—°ट्टी; (सुपा २७५; वजा १४२) । २ वि. सटा हुआ; "पीणुण्णयथणसट्टइं...थणवट्टइं" (भवि)।

सट्ट } पुंन [सट्टक] १ एक तरह का नाटक; (कप्पू; **सट्टय** } रंभा १०); "रंभं तं परिणेदि अट्ठमतियं एयम्मि सट्टे वरे" (रंभा १०)। २ खाद्य-विशेष; (रंभा ३३)।

सट्ठ न [शाठ्य] शठता, धूर्तता; (उप ७२८ टी; गुभा २४)।

सट्ठ (शौ) देखो **छट्ठ**; (चारु ७; प्रबो ७३; पि ४४९)।

सट्ठि स्त्री [षष्टि] १ संख्या-विशेष, साठ, ६०; २ साठ संख्या वाला; (सम ७४; कप्प; महा; पि ४४८)। °तंत, °यंत न [°तन्त्र] शास्त्र-विशेष, सांख्य-शास्त्र; (भग; णाया १, ५—पत्र १०५; औप; अणु ३६)। °म वि [°तम] साठवाँ; (पउम ६०, १०)।

सट्ठिक्क } वि [षष्टिक] १ साठ वर्ष की वय वाला; **सट्ठिय** } (तंदु १७; राज)। २ एक प्रकार का चावल; **सट्ठीअ** } (राज; श्रा १८)।

सड अक [सद्] १ सड़ना। २ विषाद करना, खिन्न होना। ३ सक. गति करना, जाना। सडइ; (हे ४, २१९; प्राप्र; षड्; धात्वा १५५)।

सड अक [शट्] १ सड़ना। २ खेद करना। ३ रोगी होना। ४ सक. जाना। सडइ; (विपा १, १—पत्र १६)।

सडंग न [षडङ्ग] शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छन्द और ज्योतिष। °वि वि [°विद्] छह अंगों का जानकार; (भग; औप; पि ३४१)।

सडण न [शटन] विशरण, सड़ना; (पण्ह १, १—पत्र २३; णाया १, १—पत्र ४८)।

सडा देखो **सढा**; (से १, ५०; पि २०७)।

सडिअ वि [सन्न, शटित] सड़ा हुआ, विशीर्ण; (विपा १, ७—पत्र ७३; श्रा १४; कुमा)।

सडिअग्गिअ वि [दे] १ वर्धित, बढ़ाया हुआ; २ प्रेरित; (षड्)।

सड्ड सक [शद्] १ विनाश करना। २ कृश करना। सड्डइ; (धात्वा १५५)।

सड्ड पुंस्त्री [श्राद्ध] १ श्रावक, जैन गृहस्थ; (ओघ ६३; महा); स्त्री—°ड्डी; (सुपा ६५४)। २ वि. श्रद्धेय वचन वाला, जिसका वचन श्रद्धेय हो वह; (ठा ३, ३—पत्र १३९)। देखो **सद्ध**=श्राद्ध।

सड्ड देखो **स-ड्ड**=सार्ध।

सड्डइ पुं [श्राद्धकिन्] वानप्रस्थ तापस की एक जाति; (औप)।

सड्डा स्त्री [श्रद्धा] १ स्पृहा, अभिलाष, वांछा; (विपा १, १—पत्र २)। २ धर्म आदि में विश्वास, प्रतीति; ३ आदर, संमान; ४ शुद्धि; ५ चित्त की प्रसन्नता; (हे २, ४१; षड्)। देखो **सद्धा**।

सड्डि वि [श्रद्धिन्] १ श्रद्धालु, श्रद्धावान; (ठा ६—पत्र ३५२; उत्त ५, ३१; पिंडभा ३३)। २ पुं. श्रावक, जैन गृहस्थ; (कप्प)।

सड्डिअ वि [श्राद्धिक] देखो **सड्ड**=श्राद्ध; (पि ३३३; राज)।

सड्डी देखो **सड्ड**=श्राद्ध।

सढ वि [शठ] १ धूर्त, मायावी, कपटी; (कुमा; उप

२६४ टी; ओघभा ५८; भग; कम्म १, ५८)। २ कुटिल, वक्र; (पिंड ६३३) । ३ पुं. धत्तूरा; ४ मध्यस्थ पुरुष; (हे १, १६६; संक्षि ८) ।

सढ पुं [**दे**] १ पाल, जहाज का बादवान, गुजराती में 'सढ' (सिरि ३८७) । २ केश, बाल; (दे ८, ४६) । ३ स्तम्ब, गुच्छा; (दे ८, ४६; पाअ) । ४ वि. विषम; (दे ८, ४६) ।

सढय न [**दे**] कुसुम, फूल; (दे ८, ३) ।

सढा स्त्री [**सटा**] १ सिंह आदि की केसरा; २ जटा; ३ व्रती का केश-समूह; ४ शिखा; (हे १, १९६) ।

सढाल पुं [**सटाल**] सटा वाला, सिंह; (कुमा) ।

सढि पुं [**दे. सटिन्**] सिंह; (दे ८, १) ।

सढिल वि [**शिथिल**] ढीला; (हे १, ८९; कुमा) ।

सण पुंन [**शण**] १ धान्य-विशेष; (श्रा १८; पव १५४; पराह २, ५—पत्र १४८) । २ तृण-विशेष, पाट, जिसके तंतु रस्सी आदि बनाने के काम में लाये जाते हैं; (णाया १, १—पत्र २४; पराण १—पत्र ३२; कप्पू) । °**बंधण** न [°**बन्धन**] सन का पुष्प-वृन्त; (औप; णाया १, १ टी—पत्र ६) । °**वाडिआ** स्त्री [°**वाटिका**] सन का बगीचा; (गा ६) ।

सण पुं [**स्वन**] शब्द, आवाज; (स ३७२) ।

सणंकुमार पुं [**सनत्कुमार**] १ एक चक्रवर्ती राजा; (सम १५२) । २ तीसरा देवलोक; (अनु; औप) । ३ तीसरे देवलोक का इन्द्र; (ठा २, ३—पत्र ८५) । °**वडिंसय** पुंन [°**वतंसक**] एक देव-विमान; (सम १३) ।

सणप्पय / **सणप्फद** / **सणप्फय** देखो **स-णप्पय=स-नखपद** ।

सणा अ [**सना**] सदा, हमेशा । °**तण**, °**यण** वि [°**तन**] सदा रहने वाला, नित्य, शाश्वत; (सूअ २, ६, ४७), "सिद्धाण सणायणओ परियामिओ दव्वओवि गुणो" (संबोध २) ।

सणाण न [**स्नान**] नहाना, नहान, अवगाहन; (उवा) ।

सणाह देखो **स-णाह**=स-नाथ ।

सणाहि पुं [**सनाभि**] १ स्वजन, ज्ञाति; "बंधू समणो सणाही य" (पाअ) । २ समान, सदृश; (रंभा) ।

सणि पुं [**शनि**] १ ग्रह-विशेष, शनैश्चर; (पउम १७ ८१) । २ शनिवार; (सुपा ५३२) ।

सणिअ पुं [**दे**] १ साक्षी, गवाह; २ ग्राम्य, ग्रामीण; (दे ८, ४७) ।

सणिअं अ [**शनैस्**] धीरे, हौले; (णाया १, १६—पत्र २२६; गा १०३; हे २, १६८; गउड; कुमा) ।

सणिचर पुं [**शनैश्चर**] ग्रह-विशेष, शनि-ग्रह; (पि ८४) । °**संवच्छर** पुं [°**संवत्सर**] वर्ष-विशेष; (ठा ५, ३—पत्र ३४४) ।

सणिचरि / **सणिचारि** पुं [**शनैश्चारिन्**] युगलिक मनुष्यों की एक जाति; (इक; भग ६, ७—पत्र २७६) ।

सणिच्चर / **सणिच्छर** देखो **सणिचर**; (ठा २, ३—पत्र ७७; हे १, १४९; औप; कुमा; सुज १०, २०; २०) ।

सणिद्ध देखो **सिणिद्ध**; (हे २, १०९; कुमा) ।

सणिप्पवाय पुं [**शनैःप्रपात**] जीवों से भरी हुई पौद्गलिक वस्तु-विशेष; (ठा २, ४—पत्र ८६) ।

सणेह पुं [**स्नेह**] १ प्रेम, प्रीति; (अभि २७; कुमा) । २ घृत, तैल आदि स्निग्ध रस; ३ चिकनाई, चिकनाहट; (प्राप्र; हे २, १०२) ।

सण्ण देखो **सन्न**; (से १३, ७२) ।

सण्णज्ज न [**सान्नाय्य**] मन्त्र आदि से संस्कारा जाता घृत आदि; (प्राकृ १६) ।

सण्णत्तिअ वि [**दे**] परितापित; (दे ८, २८) ।

सण्णविअ वि [**दे**] १ चिन्तित; २ न. सांनिध्य, मदद के लिए समीप-गमन; (दे ८, ५०) ।

सण्णिअ वि [**दे**] आर्द्र, गिला; (दे ८, ५) ।

सण्णिर देखो **सन्निर**; (राज) ।

सण्णुमिअ वि [**दे**] १ संनिहित; २ मापित, नापा हुआ; ३ अनुनीत, अनुनय-युक्त; (दे ८, ४८) ।

सण्णुमिअ देखो **सन्नुमिअ**; (दे ८, ४८ टी) ।

सण्णेज्झ पुं [**दे**] यक्ष-देवता; (दे ८, ६) ।

सण्ह वि [**श्लक्ष्ण**] १ मसृण, चिकना; (कप्प; औप) । २ छोटा, बारीक; (विपा १, ८—पत्र ८३) । ३ न. लोहा; (हे २, ७५; षड्) । ४ पुं. वृक्ष-विशेष; (पराण १—पत्र ३१) । °**करणी** स्त्री [°**करणी**] पीसने की शिला; (भग १६, ३—पत्र ७६६) । °**मच्छ** पुं [°**मत्स्य**] मछली की एक जाति; (विपा १, ८—पत्र ८३; पराण १—पत्र ४७) । °**सण्हिआ** स्त्री [°**श्लक्ष्णिका**] आठ उच्छ्लक्ष्णश्लक्ष्णिका का एक नाप; (इक) ।

सण्ह वि [**सूक्ष्म**] १ छोटा, बारीक; (कुमा)। २ न. कैतव, कपट; ३ अध्यात्म; ४ अलंकार-विशेष; (हे २, ७५)। देखो **सुहम, सुहुम**।

सण्हाई स्त्री [**दे**] दूती; (दे ८, ६)।

सत देखो **सय** = शत; (गा ३)। °**क्कतु** पुं [°**क्रतु**] इन्द्र; (कप्प)। °**ग्घी** स्त्री [°**घ्नी**] अस्त्र-विशेष; (पराह १, १—पत्र ८; वसु)। °**द्दु** स्त्री [°**द्रु**] एक महा-नदी; (ठा ५, ३—पत्र ३५१)। °**भिसया** स्त्री [°**भिषज्**] नक्षत्र-विशेष; (सम २६)। °**रिसभ** पुं [°**ऋषभ**] अहो-रात्र का इक्कीसवाँ मुहूर्त; (सम २१)। °**वच्छ** पुं [°**वत्स**] पक्षि-विशेष; (पराग १—पत्र ५४)। °**वाइया** स्त्री [°**पादिका**] त्रीन्द्रिय जंतु की एक जाति; (पराग १—पत्र ४५)।

सत देखो **सत्त** = सप्तन्; (पिंग)। °**र** त्रि [°**दशन्**] सतरह, १७; "जं चायांतगुणांपि हु वग्गिग्गाजइ सतरभेअदस-भेअं" (सिरि १२८८; कम्म २, ११; १६)। °**रसय** न [°**दशशत**] एक सौ सतरह; (कम्म २, १३)।

सतंत देखो **स-तंत**=स्व-तन्त्र।

सतत देखो **सयय** = सतत; (राज)।

सतय देखो **सयय** = शतक; (सम १५४)।

सतर न [**सतर**] दधि, दही; (ओघ ४८)।

सति देखो **सइ**=स्मृति; (ठा ४, १—पत्र १८७; औप)।

सतो देखो **सई** = सती; (कुप्र ६०)।

सतीणा देखो **सईणा**; (ठा ५, ३—पत्र ३४३)।

सतेरा स्त्री [**शतेरा**] विदिग् रुचक पर रहने वाली एक विद्युत्कुमारी देवी; (ठा ४, १—पत्र १९८; इक)।

सत्त वि [**शक्त**] समर्थ; (हे २, २; षड्)।

सत्त वि [**शप्त**] शाप-ग्रस्त, जिस पर आक्रोश किया गया हो वह; (पउम ३५, ६०; पव १०६ टी; प्रति ८६)।

सत्त देखो **सच्च**=सत्य; (अभि १८६; पिंग)।

सत्त वि [**सक्त**] आसक्त, गृद्ध, लोलुप; (सूअ १, १, १, ६; सुर ८, १३६; महा)।

सत्त पुंन [**सत्र**] १ सदाव्रत, जहाँ हमेशा अन्न आदि का दान दिया जाता हो वह स्थान; (कुप्र १७२)। २ यज्ञ; (अजि ८)। °**साला** स्त्री [°**शाला**] सदाव्रत-स्थान, दान-खेत्र; (सण)। °**ागार** न [°**ागार**] वही अर्थ; (धर्मवि २६)।

सत्त वि [**दे**] गत, गया हुआ; (षड्)।

सत्त पुंन [**सत्त्व**] १ प्राणी, जीव, चेतन; (आचा; सुर २, १३६; सुपा १०३; धर्मसं ११८६)। २ अहोरात्र का दूसरा मुहूर्त; (सम ५१)। ३ न. बल, पराक्रम; ३ मानसिक उत्साह; (पिंड ६३३; अणु; प्रासू ७१)। ५ विद्यमानता; (धर्मसं १०५)। ६ लगातार सात दिनों का उपवास; (संबोध ५८)।

सत्त वि [**सप्तन्**] सात संख्या वाला, सात; (विपा १, १—पत्र २; कप्प; कुमा; जी ३३; ४१)। °**क्खित्तो**, °**खेत्ती** स्त्री [°**क्षेत्री**] जिन-चैत्य, जिन-बिम्ब, जैन आगम, साधु, साध्वी, श्रावक और श्राविका ये सात धन-व्यय-स्थान; (ती ८; श्रु १२६; राज)। °**ग** न [°**क**] सात का समुदाय; (दं ३५; कम्म २, २६; २७; ६, १३)। °**चत्ताल** वि [°**चत्वारिंश**] सैंतालीसवाँ, ४७ वाँ; (पउम ४७, ५८)। °**चत्तालीस** स्त्रीन [°**चत्वारिंशत्**] सैंतालीस, ४७; (सम ६७)। °**च्छय** पुं [°**च्छद**] वृक्ष-विशेष, सतवन का पेड़, सतौना; (पाअ; से १, २३; णाया १, १६—पत्र २११; सण)। °**ट्ठि** स्त्री [°**षष्टि**] १ संख्या-विशेष, सड़सठ, ६७; २ सड़सठ संख्या वाला; (सम १०६; कम्म १, २३; ३२; २, ६)। °**ट्ठिधा** अ [°**षष्टिधा**] सड़सठ प्रकार का; (सुज्ज १२—पत्र २२०)। °**णउइ** देखो °**ाणउइ**; (राज)। °**तीसइम** वि [°**त्रिंशत्तम**] सइतीसवाँ, ३७ वाँ; (पउम ३७, ७१)। °**तंतु** पुं [°**तन्तु**] यज्ञ; (पाअ)। °**दस** त्रि [°**दशन्**] सतरह, १७; (पउम ११७, ४७)। °**पण्ण** देखो °**वण्ण**; (राज)। °**भूम** वि [°**भूम**] सात तला वाला प्रासाद; (श्रा १२)। °**भूमिय** वि [°**भूमिक**] वही पूर्वोक्त अर्थ; (महा)। °**म** वि [°**म**] सातवाँ, ७ वाँ; (कप्प), स्त्री—°**मा**; (जी २६)। °**मासिअ** वि [°**मासिक**] सात मास का; (भग)। °**मासिआ** स्त्री [°**मासिकी**] सात मास में पूर्ण होने वाली एक साधु-प्रतिज्ञा, व्रत-विशेष; (सम २१)। °**मिया**, °**मी** स्त्री [°**मिका**, °**मी**] १ सातवीं, ७वीं; (महा; सम २६; चारु ३०; कम्म ३, ६; प्रासू १२१)। २ सातवीं विभक्ति; (चेइय ६८२; राज)। °**य** देखो °**ग**; (कम्म ६, ६६ टी)। °**र** वि [°**त**] सत्तरवाँ, ७०वाँ; (पउम ७०, ७२)। °**र** त्रि [°**दशन्**] सतरह, १७; (कम्म २, ३)। °**रत्त** पुं [°**रात्र**] सात रात-दिन का समय; (महा)। °**रस** त्रि [°**दशन्**] सतरह, १७; (भग)। °**रस**, °**रसम** वि [°**दश**] सतरहवाँ;

(कम्म ६, १६; पउम १७, १२३; पव ४६)। °**रह** देखो °**रस**=°दशन; (षड्)। °**रि** स्त्री [°**ति**] सत्तर, ७०; (सम ८१; कप्प; षड्)। °**रिसि** पुं [°**ऋषि**] सात नक्षत्रों का मंडल-विशेष; (सुपा ३५४)। °**वण्ण**, °**वन्न** पुं [°**पर्ण**] १ वृक्ष-विशेष, सतौना; (औप; भग)। २ देव-विशेष; (राय ८०)। °**वन्नवडिंसय** पुं [°**पर्णाव-तंसक**] सौधर्म देवलोक का एक विमान; (राय ५६)। °**विह** वि [°**विध**] सात प्रकार का; (जी १६; प्रासू १०४; पि ४५१)। °**वोसइ, वीसा** स्त्री [°**विंशति**] सताईस, २७; (पि ४४५; भग)। °**सइय** वि [°**शतिक**] सात सौ की संख्या वाला; (णाया १, १—पत्र ६४)। °**सट्ठ** वि [°**षष्ट**] सडसठवाँ, ६७वाँ; (पउम ६७, ५१)। °**सट्ठि** देखो °**ट्ठि**; (सम ७६)। °**सत्तमिया** स्त्री [°**सप्त-मिका**] प्रतिज्ञा-विशेष, नियम-विशेष; (अंत)। °**सिक्खा-वइय** वि [°**शिक्षाव्रतिक**] सात शिक्षाव्रत वाला; (णाया १, १२; औप)। °**हत्तर** वि [°**सप्तत**] सतहत्तरवाँ, ७७वाँ; (पउम ७७, ११८)। °**हत्तरि** स्त्री [°**सप्तति**] १ संख्या-विशेष, सतहत्तर की संख्या, ७७; २ सतहत्तर संख्या वाला; (सम ८५; भग; श्रा २८)। °**हा** अ [°**धा**] सात प्रकार का, सप्तविध; (पि ४५१)। °**हुत्तरि** देखो °**हत्तरि**; (नव ८)। °**ाईस** (अप) देखो °**ावीसा**; (पि ४४५)। °**ाणउइ** स्त्री [°**नवति**] सतानवे, ९७; (सम ९८)। °**ाणउय** वि [°**नवत**] १ सतानवेवाँ, ९७ वाँ; (पउम ९७, ३०)। २ जिसमें सतानवे अधिक हो वह; "सत्ताणउयजोयणसए" (भग)। °**ारह** (अप) देखो °**रह** (पिंग)। °**ावण्ण**, °**ावन्न** स्त्रीन [°**पञ्चाशत्**] १ संख्या-विशेष, सतावन, ५७; २ सतावन संख्या वाला; (पडि; पिंग; सम ७३; नव २), स्त्री—°**ण्णा**, °**न्ना**; (पिंग; पि २६५; ४४७)। °**ावन्न** वि [°**पञ्चाश**] सतावनवाँ, ५७वाँ; (पउम ५७, ३७)। °**ावीस** न [°**विंशति**] १ संख्या-विशेष, सताईस; २ सताईस की संख्या वाला; "एवं सत्तावीसं भंगा णेयव्वा" (भग)। °**ावीसइ** स्त्री [°**विंशति**] वही पूर्वोक्त अर्थ; (कुमा)। °**ावीसइम** वि [°**विंशतितम**] सताईसवाँ, २७वाँ; (पउम २७, ४२)। °**ावीसइविह** वि [°**विंशतिविध**] सताईस प्रकार का; (पण्ण १७—पत्र ५३४)। °**ावीसा** स्त्री· देखो °**ावीस**; (हे १, ४; षड्)। °**ासाइ** स्त्री [°**शीति**] सतासी, ८७; (सम ९३)। °**ासाइम** वि [°**शीतितम**] सतासिवाँ, ८७ वाँ; (पउम ८७, २१)।

सत्तंग वि [**सप्ताङ्ग**] १ राजा, मन्त्री, मित्र, कोश-भंडार, देश, किला तथा सैन्य ये सात राज्याङ्ग वाला; (कुमा)। २ न. हस्ति-शरीर के ये सात अवयव—चार, पैर, सूँढ, पुच्छ और लिंग; "सत्तंगपइट्ठियं" (उवा १०१)।

सत्तण्ह देखो **स-तण्ह**=स-तृष्ण।

सत्तत्थ वि [**दे**] अभिजात, कुलीन; (दे ८, १०)।

सत्तम देखो **स-तम** = सत्-तम।

सत्तर देखो **स-त्तर** = स-त्वर।

सत्तर देखो **सत्त-र**=सप्त-दशन्, दश।

सत्तल न [**सप्तल**] पुष्प-विशेष; (गउड)।

सत्तला } स्त्री [**सप्तला**] लता-विशेष, नवमालिका का **सत्तली** } गाछ; (पाअ; गा ६१९; पउम ५३, ७९)।

सत्तल्ली स्त्री [**दे. सप्तला**] लता-विशेष, शेफालिका का गाछ; (दे ८, ४)।

सत्तवीसंजोयण देखो **सत्तावीसंजोअण**; (चंड)।

सत्ता स्त्री [**सत्ता**] १ सद्भाव, अस्तित्व; (णंदि १३९ टी)। २ आत्मा के साथ लगे हुए कर्मों का अस्तित्व, कर्मों का स्वरूप से अप्रच्यव—अवस्थान; (कम्म २, १; २५)।

सत्तावरी स्त्री [**शतावरी**] कन्द-विशेष; "सत्तावरी विराली कुमारि तह थोहरी गलोई य" (पव ४; संबोध ४४; श्रा २०)।

सत्तावीसंजोअण पुं [**दे**] चन्द्र, चन्द्रमा; (दे ८, २२); " सत्तावीसंजोअणाकरपसरो जाव अज्जवि न होइ" (वज्जा १५)।

सत्ति स्त्री [**दे**] १ तिपाई, तीन पाया वाला गोल काष्ठ-विशेष; २ घड़ा रखने का पलंग की तरह ऊँचा काष्ठ-विशेष; (दे ८, १)।

सत्ति स्त्री [**शक्ति**] १ अस्त्र-विशेष; (कुमा)। २ त्रिशूल; (पण्ह १, १—पत्र १८)। ३ सामर्थ्य; (ठा ३, १—पत्र १०६; कुमा; प्रासू २९)। ४ विद्या-विशेष; (पउम ७, १४२)। °**म**, °**मंत** वि [°**मत्**] शक्ति वाला; (ठा ६—पत्र ३५२; संबोध ८; उप १३९ टी)।

सत्ति पुं [**सप्ति**] अश्व, घोड़ा; (पाअ)।

सत्तिअ वि [**सात्त्विक**] सत्त्व-युक्त, सत्त्व-प्रधान; (सुपानि ६२; हम्मीर १६; स ४)।

सत्तिअणा स्त्री [**दे**] आभिजात्य, कुलीनता; (दे ८,

१६)।

सत्तिवण्ण } देखो **सत्त-वण्ण**; (सम १५२; पि १०३;
सत्तिवन्न } विचार १४८)।

सत्तु पुं [**शत्रु**] रिपु, दुश्मन, वैरी; (गाया १, १—पत्र ५२; कप्पू; सुपा ७)। °**इ** वि [°**जित्**] १ शत्रु को जीतने वाला; २ पुं. एक राजा का नाम; (प्राकृ ६५)। °**ग्घ** वि [°**घ्न**] १ रिपु को मारने वाला; (प्राकृ ६५)। २ पुं. रामचन्द्र का एक छोटा भाई; (पउम २५, १४)। °**निहण** [°**निघ्न**] वही पूर्वोक्त अर्थ; (पउम १०, ६६)। °**मद्दण** वि [°**मर्दन**] शत्रु का मर्दन करने वाला; (सम १५२)। °**सेण** पुं [°**सेन**] एक अन्तकृद् मुनि; (अंत ३)। °**हण** देखो °**ग्घ**; (पउम ८०, ३८)।

सत्तु } पुं [**सक्तु**] सत्तू, सतुआ, भुजे हुए यव आदि
सत्तुअ } का चूर्ण; (पि ३६७; निचू १; स २५३; सुर ५, २०६; सुपा ४०६; महा)।

सत्तुंज न [**शत्रुञ्ज**] १ एक विद्याधर-नगर; (इक)। २ पुं. रामचन्द्रजी का एक छोटा भाई, शत्रुघ्न; (पउम ३२, ४७)।

सत्तुंजय [**शत्रुञ्जय**] १ काठियावाड़ में पालीताना के पास का एक सुप्रसिद्ध पर्वत जो जैनों का सर्व-श्रेष्ठ तीर्थ है; (सुर ५, २०३)। २ एक राजा का नाम; (राज)।

सत्तुंदम पुं [**शत्रुन्दम**] एक राजा का नाम; (पउम ३८, ४५)।

सत्तुग देखो **सत्तुअ**; (कुप्र १२)।

सत्तुत्तरि स्त्री [**सप्तसप्तति**] सतहत्तर, ७७; (कम्म ६, ४८)।

सत्थ वि [**शस्त**] प्रशस्त, श्लाघनीय; (चेइय ५७२)।

सत्थ न [**शस्त्र**] हथियार, आयुध, प्रहरण; (आचा; उव; भग; प्रासू १०५)। °**कोस** पुं [°**कोश**] शस्त्र—औजार रखने का थैला; (गाया १, १३—पत्र १८१)। °**वज्झ** वि [°**वध्य**] हथियार से मारने योग्य; (गाया १, १६—पत्र १९९)। °**वाडण** न [°**वपाटन**] शस्त्र से चीरना; (गाया १, १६—पत्र २०२; भग)।

सत्थ वि [**दे**] गत, गया हुआ; (दे ८, १)।

सत्थ देखो **स-त्थ**=स्व-स्थ।

सत्थ न [**स्वास्थ्य**] स्वस्थता; (गाया १, ६—पत्र १६६)।

सत्थ पुं [**सार्थ**] १ व्यापारी मुसाफिरों का समूह; (गाया १, १५—पत्र १६३; उत्त ३०, १७; बृह १; श्रा; सुर १, २१४)। २ प्राणि-समूह; (कुमा; हे १, ६७)। ३ वि. अन्वर्थ, यथार्थ-नामा; (चेइय ५७२)। °**वह**, °**वाह** पुंस्त्री [°**वाह**] सार्थ का मुखिया, संघ-नायक; (श्रु ५५; उवा; विपा १, २—पत्र ३१); स्त्री—°**ही**; (उवा; विपा १, २—पत्र ३१)। °**वाहिक** पुं [°**वाहिन्**] वही पूर्वोक्त अर्थ; (भवि)। °**ह** देखो °**वाह**; (धर्मवि ४१; सण)। °**हिव** पुं [°**धिप**] सार्थ-नायक; (सुर २, ३२; सुपा ५६४)। °**हिवइ** पुं [°**धिपति**] वही अर्थ; (सुपा ५६४)।

सत्थ पुंन [**शास्त्र**] हितोपदेशक ग्रन्थ, हित-शिक्षक पुस्तक, तत्त्व-ग्रन्थ; (विसे १३८४; कुमा), "नाणासत्थे सुयांतोवि" (श्रा ४)। °**ण्णु** वि [°**ज्ञ**] शास्त्र का जानकार; "सुमिणसत्थयणू" (उप ९८६ टी; उप पृ ३२७)। °**गार** वि [°**कार**] शास्त्र-प्रणेता; (धर्मसं १००३; सिक्खा ३१)। °**त्थ** पुं [°**र्थ**] शास्त्र-रहस्य; (कुप्र ६; २०६; भवि)। °**यार** देखो °**गार**; (स ४; धर्मसं ९८२)। °**वि** वि [°**विद्**] शास्त्र-ज्ञाता; (स ३१२)।

सत्थइअ वि [**दे**] उत्तेजित; (दे ८, १३)।

सत्थर पुं [**दे**] निकर, समूह; (दे ८, ४)।

सत्थर } पुंन [**स्रस्तर**] शय्या, बिछौना; (दे ८, ४
सत्थरय } टी; सुपा ५८३; पाअ; पड्; हास्य १३६; सुर ४, २४४)।

सत्थव देखो **संथव**=संस्तव; (प्राकृ ३३; पि ७६)।

सत्थाम देखो **स-त्थाम**=स-स्थामन।

सत्थाव देखो **संथव**=संस्तव; (प्राकृ ३३)।

सत्थि अ. स्त्री [**स्वस्ति**] १ आशीर्वाद; "सत्थिं करेइ कविलो" (पउम ३५, ६२)। २ क्षेम, कल्याण, मंगल; ३ पुण्य आदि का स्वीकार; (हे २, ४५; संक्षि २१)। °**मई** स्त्री [°**मती**] १ एक विप्र-स्त्री, क्षीरकदम्बक उपाध्याय की स्त्री; (पउम ११, ६)। २ एक नगरी; (उप ६०२)। ३ संनिवेश-विशेष; (स १०३)। देखो **सोत्थि**।

सत्थिअ पुं [**स्वस्तिक**] १ माङ्गलिक विन्यास-विशेष, मंगल के लिए की जाती एक प्रकार की चावल आदि की रचना-विशेष; (श्रा २७; सुपा ५२)। २ स्वस्तिक के आकार का आसन-बन्ध; (बृह ३)। ३ एक देवविमान; (देवेन्द्र १४०)। °**पुर** न [°**पुर**] एक नगर का नाम;

(श्रा २७)। देखो सोत्थिअ
सत्थिअ वि [**सार्थिक**] १ सार्थ-संबन्धी, सार्थ का मनुष्य आदि; (कुप्र ६२; स १२६; सुर ६, १६६; सुपा ६५१; धर्मवि १२४)। २ पुं. सार्थ का मुखिया; (बृह १)।
सत्थिअ न [**सक्थिक**] ऊरु, जाँघ; (स २६२)।
सत्थिआ स्त्री [**शस्त्रिका**] छुरी; (प्राप)।
सत्थिग देखो **सत्थिअ**=स्वस्तिक; (पंचा ८, २३)।
सत्थिल्ल देखो **सत्थिअ**=सार्थिक; (सुर १०, २०८)।
सत्थिल्लय देखो **सत्थ**=सार्थ; (महा; भवि)।
सत्थु वि [**शास्तृ**] शास्ति-कर्ता, सीख देने वाला; (आचा; सूअ २, ५, ४; १, १३, २)।
सत्थुअ देखो **संथुअ**; (प्राकृ ३३; पि ७६)।
सदा देखो **सआ**=सदा; (राज)।
सदावरी देखो **सयावरी**=सदावरी; (उत्त ३६, १३६)।
सदिस (शौ) देखो **सरिस**=सदृश; (नाट—मृच्छ ११३)।
सद्द अक [**शब्दय्**] १ आवाज करना। २ सक. आह्वान करना, बुलाना। सद्दइ; (पिंग)।
सद्द पुंन [**शब्द**] १ ध्वनि, आवाज; (हे १, २६०; २, ७६; कुमा; सम १५) "सद्दाणि विरूवरूवाणि" (सूअ १, ४, १, ६), "सद्दाइं" (आचा २, ४, २, ४)। २ पुं. नय-विशेष; (ठा ७—पत्र ३६०; विसे २१८१)। ३ छन्द-विशेष; (पिंग)। ४ नाम, आख्या; (महा)। ५ प्रसिद्धि; (औप; णाया १, १ टी—पत्र ३)। °**वेहि** वि [°**वेधिन्**] शब्द के अनुसार निशाना मारने वाला; (णाया १, १८—पत्र २३६; गउड)। °**वाइ** पुं [°**पातिन्**] एक वृत्त वैताढ्य पर्वत; (ठा २, ३—पत्र ६६; ८०; ४, २—पत्र २२३; इक)।
सद्दल न [**शाद्वल**] हरित, हरा घास; (पाअ; णाया १, १—पत्र २४; गउड)।
सद्दलिय वि [**शाद्वलित**] हरा घास वाला प्रदेश; (गउड)।
सद्दह सक [**श्रद्+धा**] श्रद्धा करना, विश्वास करना, प्रतीति करना। सद्दहइ, सद्दहामि; (हे ४, ६; भग; उवा)। भवि—सद्दहिस्सइ; (पि ५३०)। वकृ—**सद्दहंत, सद्दहमाण, सद्दहाण**; (नव ३६; हे ४, ६; श्रु २३)। संकृ—**सद्दहित्ता**; (उत्त २६, १)। कृ—**सद्दहियव्व**; (उव; सं ८६; कुप्र १४६)।
सद्दहण देखो **सद्दहाण**; (हे ४, २३८; कुमा)।
सद्दहणया } स्त्री [**श्रद्धान**] श्रद्धा, विश्वास, प्रतीति; (ठा
सद्दहणा } ६—पत्र ३५५; पंचभा)।
सद्दहा देखो **सद्धा**=श्रद्धा; (सट्ठि १२७)।
सद्दहाण न [**श्रद्धान**] श्रद्धा, विश्वास; (श्रावक ६२; पव ११६; हे ४, २३८)।
सद्दहाण देखो **सद्दह**।
सद्दहिअ वि [**श्रद्धित**] जिस पर श्रद्धा की गई हो वह, विश्वस्त; (ठा ६—पत्र ३५५; पि ३३३)।
सद्दाइद (शौ) वि [**शब्दायित**] आहूत, बुलाया हुआ; (नाट—मृच्छ २८६)।
सद्दाण देखो **संदाण**। सद्दाणइ; (षड्)।
सद्दाल वि [**शब्दवत्**] शब्द वाला; (हे २, १५६; पउम २०, १०; प्राप्र; सुर ३, ६६; पाअ; औप)।
सद्दाल न [**दे**] नूपुर; (दे ८, १०; षड्)। °**पुत्त** पुं [°**पुत्र**] एक जैन उपासक; (उवा)।
सद्दाव सक [**शब्दय्, शब्दायय्**] आह्वान करना, बुलाना। सद्दावेइ, सद्दाविंति, सद्दावेंति; (औप; कप्प; भग)। सद्दावेहि; (स्वप्न ६२)। कर्म—सद्दावीअंति; (अभि १२८)। संकृ—**सद्दावित्ता, सद्दावेत्ता**; (पि ५८२; महा)।
सद्दाविय वि [**शब्दित, शब्दायित**] आहूत, बुलाया हुआ; (कप्प; महा; सुर ८, १३३)।
सद्दिअ वि [**शब्दित**] १ प्रसिद्ध; (औप; णाया १, १ टी—पत्र ३)। २ आहूत; (सुपा ४१३; महा)। ३ वार्तित, जिसको बात कही गई हो वह; (कुमा ३, ३४)।
सद्दिअ वि [**शाब्दिक**] शब्द-शास्त्र का ज्ञाता; (अणु २३४)।
सद्दूल पुं [**शार्दूल**] १ श्वापद पशु की एक जाति, बाघ; (पाअ; पयह १, १—पत्र ७; दे १, २४; अभि ५५)। २ छन्द-विशेष; (पिंग)। °**विक्कीडिअ** न [°**विक्रीडित**] उन्नीस अक्षरों के पाद वाला एक छन्द; (पिंग)। °**सट्ट** पुंन [°**साटक**] छन्द-विशेष; (पिंग)।
सद्ध देखो **स-द्ध**=सार्ध।
सद्ध न [**श्राद्ध**] १ पितरों की तृप्ति के लिए तर्पण, पिण्ड-दानादि; (अच्चु १७; पुप्फ १६७)। २ वि. श्रद्धा वाला, श्रद्धालु; (उप ८६८)। देखो **सड्ढ**=श्राद्ध; (उप

१६६)। °पक्ख पुं [°पक्ष] आश्विन मास का कृष्ण पक्ष; (दे ६, १२७)।

सद्ध देखो **सज्झ**=साध्य; (नाट—चैत ३५)।

सद्धड पुं [श्राद्ध] व्यक्ति-वाचक नाम; (महा)।

सद्धरा स्त्री [स्रग्धरा] एक्कीस अक्षरों के चरण वाला एक छन्द; (पिंग)।

सद्धल पुं [सद्धल] एक प्रकार का हथियार, कुन्त, बर्छी; (पगह १, १—पत्र १८)। देखो **सब्बल**।

सद्धस देखो **सज्झस**; (प्राकृ २१; प्राप)।

सद्धा देखो **सड्ढा**; (हे २, ४१; णाया १, १—पत्र ७४; प्रासू ४६; पात्र)। °ल वि [°वत्] श्रद्धा वाला; (चंड; श्रावक १७५)। °लु वि [°लु] वही अर्थ; (संबोध ८), स्त्री—°लुणी; (गा ४१५)।

सद्धिअ वि [श्राद्धिक] श्रद्धा वाला; (पगह १, ३—पत्र ४४; वसु; ओघभा १६ टी)।

सद्धिं अ [सार्धम्] सहित, साथ; (आचा; उवा; उत्त १६३)।

सद्धेय वि [श्रद्धेय] श्रद्धास्पद; (विसे ४८२)।

सधम्म वि [सधर्मन्] समान धर्म वाला; (स ७१२)।

सधम्मिअ देखो **स-धम्मिअ**=सद्-धार्मिक।

सधम्मिणी स्त्री [सधर्मिणी] पत्नी; (दे २, १०६; मण)।

सधवा देखो **स-धवा**=स-धवा।

सनय देखो **स-नय**=स-नय।

सन्न वि [सन्न] १ क्लान्त; (पात्र)। २ अवसन्न, मग्न; (सूअ १, २, १, १०)। ३ खिन्न; (पगह १, ३—पत्र ५५)।

सन्नाण देखो **स-न्नाण**=सज्ज्ञान।

सन्नाम सक [आ+दृ] आदर करना, संमान करना। सन्नामइ, सन्नामेइ; (षड्; हे ४, ८३)।

सन्नामिअ वि [आदृत] संमानित; (कुमा)।

सन्निअत्थ वि [दे] परिहित, पहना हुआ; (सुपा ३६)।

सन्निउ (अप) देखो **सणिअं**; (भवि)।

सन्निर न [दे] पत्र-शाक, भाजी; (दस ५, १, ७०)।

सन्नुम सक [छादय्] आच्छादन करना, ढाँकना। सन्नुमइ; (हे ४, २१)।

सन्नुमिअ वि [छादित] ढका हुआ; (कुमा)।

सन्ह देखो **सण्ह**=श्लक्ष्ण; (कप्प)।

सप देखो **सव**=शप्। सपइ; (विसे २२२७)।

सपक्ख देखो **स-पक्ख**=स-पक्ष।

सपक्ख देखो **स-पक्ख**=स्व-पक्ष।

सपक्खिं अ [सपक्षम्] अभिमुख, सामने; (अंत १४)।

सपक्खी स्त्री [सपक्षी] एक महौषधि; (ती ५)।

सपज्जा स्त्री [सपर्या] पूजा; (अच्चु ७०)।

सपडिदिसिं अ [सप्रतिदिक्] अत्यन्त संमुख, ठीक सामने; (अंत १४)।

सपत्तिअ वि [सपत्रित] बाण से अतिव्यथित; (दे १, १३५)।

सपह देखो **सवह**; (धर्मवि १२६)।

सपाग देखो **स-पाग**=श्व-पाक।

सपिसल्लग देखो **सप्पिसल्लग**; (पि २३२)।

सप्प सक [सृप्] १ जाना, गमन करना। २ आक्रमण करना। सप्पइ; (धात्वा १५५), "घोरविसा वि हु सप्पा सप्पंति न बद्धवयणाव्व" (सुर २, २४३)। वकृ—**सप्पंत, सप्पमाण**; (गउड; कप्प)। कृ—**सप्पणीअ**; (नाट—शकु १४७)।

सप्प पुंस्त्री [सर्प] १ साँप, भुजंगम; (उवा; सुर २, १४३; जी २१; प्रासू १६; ३८; ११२), स्त्री—°प्पी; (राज)। २ पुं. अश्लेषा नक्षत्र का अधिष्ठाता देव; (सुज्ज १०, १२, ठा २, ३—पत्र ७७)। ३ एक नरक-स्थान; (देवेन्द्र २७)। ४ छन्द-विशेष; (पिंग)। °सिर पुं [°शिरस्] हस्त-विशेष, वह हाथ जिसकी उंगलियाँ और अंगूठा मिला हुआ हो और तला नीचा हो; (दे ८, ७२)। °सुगंधा स्त्री [°सुगन्धा] वनस्पति-विशेष; (पगण १—पत्र ३६)।

सप्पभ देखो **स-प्पभ**=स्व-प्रभ, सत्-प्रभ, स-प्रभ।

सप्पमाण देखो **सप्प**=सृप्; **सव**=शप्।

सप्परिआव, **सप्परिताव** देखो **स-प्परिआव**=स-परिताप।

सप्पि न [सर्पिस्] घृत, घी; (पात्र; पव ४; सुपा १३; सिरि ११८४; सण)। °आसव, °यासव वि [°आस्रव] लब्धि-विशेष वाला, जिसका वचन घी की तरह मधुर होता है; (पगह २, १—पत्र १००)।

सप्पि वि [सर्पिन्] १ जाने वाला, गति करने वाला; (कप्प)। २ रोगि-विशेष, हाथ में लकड़ी के सहारे से चल सकने वाला रोगि-विशेष; (पगह २, ५—पत्र १००)।

सप्पिसल्लग देखो **स-प्पिसल्लग**=स-पिशाचक।

सप्पी देखो **सप्प**=सर्प।

सप्पुरिस देखो **स-प्पुरिस**=सत्-पुरुष।

सप्फ न [**शष्प**] बाल तृण, नया घास; (हे २, ५३; प्राप्र)।

सप्फ न [**दे**] कुमुद, कैरव; "चंदुजयं नु कुमुअं गद्दहयं केरवं सप्फं" (पाअ)।

सप्फंद देखो **स-प्फंद**=स-स्पन्द।

सप्फल देखो **स-प्फल**=स-फल।

सप्फल देखो **स-प्फल**=सत्-फल।

सफर देखो **सभर**=शफर; (वै २०)।

सफर पुंन [**दे**] मुसाफिरी; "वडसफरपवहणाणं" (सिरि ३८२)।

सफल देखो **स-फल**=स-फल।

सफल सक [**सफलय्**] सार्थक करना। वकृ—**सफलंत**; (सुपा ३७४)।

सफलिअ वि [**सफलित**] सफल किया हुआ; (सुपा ३५६; उव)।

सब (अप) देखो **सव्व**=सर्व; (पिंग)।

सबर पुं [**शबर**] १ एक अनार्य देश; २ उस देश में रहने वाली एक अनार्य मनुष्य-जाति, किरात, भील; (पण्ह १, १—पत्र १४; पाअ; औप; गउड)। °**णिवसण** न [°**निवसन**] तमाल-पत्र; (उत्तनि ३)। देखो **सवर**।

सबरी स्त्री [**शबरी**] १ भिल्ल जाति की स्त्री; (णाया १, १—पत्र ३७; अंत; गउड; चेइय ४८२)। २ कायोत्सर्ग का एक दोष, हाथ से गुह्य-प्रदेश को ढक कर कायोत्सर्ग करना; (चेइय ४८२)।

सबल पुं [**शबल**] १ परमाधार्मिक देवों की एक जाति; (सम २८)। २ कर्बुर, चितकबरा; (आचा; उप २८२; गउड)। ३ न. दूषित चारित्र; ४ वि. दूषित चारित्र वाला मुनि; (सम ३६)।

सबलिय वि [**शबलित**] कर्बुरित; (गउड)।

सबलीकरण न [**शबलीकरण**] सदोष करना, चारित्र को दूषित बनाना; (ओघ ७८८)।

सब्ब (अप) देखो **सव्व** = सर्व; (पिंग)।

सब्बल पुंन [**दे**] शस्त्र-विशेष; "सरभसरसत्तिसब्बल-करालकोंतेसु" (पउम ८, ६५; धर्मवि ५६)।

सब्बल देखो **स-ब्बल**=स-बल।

सब्भ वि [**सभ्य**] १ सभासद, सदस्य; (पाअ; सम्मत्त ११६)। २ सभोचित, शिष्ट; "असब्भभासी" (दस ६, २, ८; सुर ६, २१५; स ६५०)।

सब्भाव देखो **स-ब्भाव**=सद्-भाव।

सब्भाव देखो **स-ब्भाव**=स्व-भाव।

सब्भाविय वि [**साद्भाविक**] पारमार्थिक, वास्तविक; (दसनि १, १३५)।

सभ न. देखो **सभा**; "सभाणि" (आचा २, १०, २)।

सभर पुंस्त्री [**शफर**] मत्स्य, मछली; (कुमा), स्त्री—°री; (हे १, २३६; प्राकृ १४)।

सभर पुं [**दे**] गृध्र पक्षी; (दे ८, ३)।

सभराइअ न [**शफरायित**] जिसने मत्स्य की तरह आचरण किया हो वह; (कुमा)।

सभल देखो **स-भल**=स-फल।

सभा स्त्री [**सभा**] १ परिषद्; (उवा; रयण ८३; धर्मवि ६)। २ गाड़ी के ऊपर की छत—ढक्कन; (आ १२)।

सभाज सक [**सभाजय्**] पूजन करना। हेकृ—**सभाजइदुं** (शौ); (अभि १६०)।

सभाव देखो **स-भाव**=स्व-भाव।

सम अक [**शम्**] १ शान्त होना, उपशान्त होना। २ नष्ट होना। ३ आसक्त होना। समइ, समंति; (हे ४, १६७; कुमा), "जइ समइ सक्कराए पित्तं ता किं पटोलाए" (सिरि ६६६)। वकृ—**समेमाण**; (आचा १, ४, १, ३)।

सम सक [**शमय्**] १ उपशान्त करना, दबाना। २ नाश करना। वकृ—"दुट्ठदुरिए समंतो" (धर्मा ३)।

सम पुं [**श्रम**] १ परिश्रम, आयास; २ खेद, थकावट; (काप्र ८४; सम्मत्त ७७; दे १, १३१; उप पृ ३५; सुपा ५२५; गउड; सण; कुमा)। °**जल** न [°**जल**] पसीना; (पाअ)।

सम पुं [**शम**] शान्ति, प्रशम, क्रोध आदि का निग्रह; (कुमा)।

सम वि [**सम**] १ समान, तुल्य, सरिखा; (सम ७५; उव; कुमा; जी १२; कम्म ४, ४०; ६२)। २ तटस्थ, मध्यस्थ, उदासीन, राग-द्वेष से रहित; (सूअ १, १३, ६; ठा ८)। ३ सर्व, सब; (श्रु १२४)। ४ पुंन. एक देव-विमान; (सम १३; देवेन्द्र १४०)। ५ सामायिक; (संबोध ४५; विसे १४२१)। ६ आकाश, गगन; (भग २०, २—पत्र ७७५)। °**चउरंस** न [°**चतुरस्र**] संस्थान-

विशेष, चारों कोणों से समान शरीर की आकृति-विशेष; (ठा ६—पत्र ३५७; सम १४९; भग; कम्म १, ४०)। °चक्कवाल न [°चक्रवाल] वृत्त, गोलाकार; (सुज ४)। °ताल न [°ताल] १ कला-विशेष; (औप)। २ वि. समान ताल वाला; (ठा ७)। °धम्मिअ वि [°धर्मिक] समान धर्म वाला; (उप ५३० टी)। °पादपुत पुंन [°पादपुत] आसन-विशेष, जिसमें दोनों पैर मिला कर जमीन में लगाये जाते हैं वह आसन-बन्ध; (ठा ५, १—पत्र ३००)। °पासि वि [°दर्शिन्] तुल्य दृष्टि वाला, सम-दर्शी; (गच्छ १, २२)। °प्पभ पुंन [°प्रभ] एक देव-विमान; (सम १३)। °भाव पुं [°भाव] समता; (सुपा ३२०)। °या स्त्री [°ता] राग-द्वेष का अभाव, मध्यस्थता; (उत्त ४, १०; पउम १४, ४०; श्रा २७)। °वत्ति पुं [°वर्तिन्] यमराज, जम; (सुपा ४३३)। °सरिस वि [°सदृश] अत्यन्त तुल्य, सदृश, (पउम ४६, ५७)। °सहिय वि [°सहित] युक्त, सहित; (पउम १७, १०५)। °सुद्ध पुं [°शुद्ध] एक राजा जो छठवें केशव का पिता था; (पउम २०, १८२)।

समइअ वि [**सामयिक**] समय-संबन्धी, समय का; (भग)।

समइअ वि [**समयित**] संकेतित; (धर्मसं ५०५)।

समइअ न [**समयिक**] सामायिक-नामक संयम-विशेष; (कम्म ३, १८; ४, २१; २८)।

समइंछिअ देखो **समइच्छिअ**; (से १२, ७२)।

समइक्कंत वि [**समतिक्रान्त**] व्यतीत, गुजरा हुआ; (सुपा २३)।

समइच्छ सक [**समति+क्रम्**] १ उल्लंघन करना। २ अक. गुजरना, पसार होना। वकृ—**समइच्छमाण**; (औप; कप्प)।

समइच्छिअ वि [**समतिक्रान्त**] १ गुजरा हुआ; २ उल्लंघित; (उप ७२८ टी; दे ८, २०; स ४५)।

समईअ वि [**समतीत**] १ गुजरा हुआ; (पउम ५, १५२)। २ पुं. भूत काल; (जीवस १८१)।

समईअ देखो **समइअ**=समयिक; (कम्म ४, ४२)।

समउ (अप) नीचे देखो; (भवि)।

समं अ [**समम्**] साथ, सह; (गा १०२; १६४; २६५; उत्त १६, ३; महा; कुमा)।

समंजस वि [**समञ्जस**] उचित, योग्य; (आचा; गउड; भवि)।

समंत° देखो **समंता**; "वसिओ अंगेसु समंतपीयाकयाकब्बुरो सेओ" (गउड)।

समंत देखो **सामन्त**; (उप पृ ३२७)।

समंत (अप) देखो **समत्थ**=समस्त; (पिंग)।

समंतओ अ [**समन्ततस्**] सर्वतः, चारों तरफ; (गा ६७३; सुर २, २३८)।

समंता } अ [**समन्तात्**] ऊपर देखो; (पाअ; भग;
समंतेण } विपा १, २—पत्र २६; से ६, ५१; सुर २, २८; १३, १६५)।

समक्कंत वि [**समाक्रान्त**] १ जिस पर आक्रमण किया गया हो वह; (से ५, ५७)। २ अवरुद्ध, रोका हुआ; (से ८, ३३)।

समक्ख न [**समक्ष**] नजर के सामने, प्रत्यक्ष; (गा ३७०; सुपा १५०; महा)। देखो **समच्छ**।

समक्खाय } वि [**समाख्यात**] उक्त, कथित; (उप
समक्खिअ } २११ टी; ६६४; जी २५; श्रु १३३)।

समगं देखो **समयं**=समकम्; (पव २३२; सुपा ८७; सण)।

समग्ग वि [**समग्र**] १ सकल, समस्त; (सुपा ६६)। २ युक्त, सहित; (पण्ह १, ३—पत्र ४४; कुप्र ७)।

समग्गल वि [**समर्गल**] अत्यधिक; (सिरि ८६७; सुपा ३६७; ४२०)।

समग्गल (अप) देखो **समग्ग**; (पिंग)।

समग्घ वि [**समर्घ**] सस्ता, अल्प मूल्य वाला; (सुपा ४४५; ४४७; सम्मत्त १४१)।

समच्चण न [**समर्चन**] पूजन, पूजा; (सुपा ६)।

समच्चिअ वि [**समर्चित**] पूजित; (पउम ११६, ११)।

समच्छ अक [**सम्+आस्**] १ बैठना। २ सक. अवलम्बन करना। ३ अधीन रखना। वकृ—**समच्छेंत**; (उप ६६८ टी)।

समच्छ वि [**समक्ष**] प्रत्यक्ष का विषय; (संक्षि १५)। देखो **समक्ख**।

समच्छायग वि [**समाच्छादक**] ढकने वाला; (स ६६)।

समज्ज } सक [**सम्+अर्ज्**] पैदा करना, उपार्जन
समज्जिण } करना। समजइ, समजिणइ; (सण; पव १०; महा)। वकृ—**समज्जिणमाण**; (विपा १, १—पत्र १२)। संकृ—**समज्जिवि** (अप); (सण)।

समज्जिणिय } वि [**समर्जित**] उपार्जित; (सण; ठा
समज्जिय } ३, १—पत्र ११४; सुपा २०५; सण) ।
समज्झासिय वि [**समध्यासित**] अधिष्ठित; (सुज्ज १०, १) ।
समट्ठ वि [**समर्थ**] संगत अर्थ, व्याजबी, न्याय-युक्त; (णाया १, १—पत्र ६२; उवा) । देखो **समत्थ**= समर्थ ।
समण न [**शमन**] १ उपशमन, दबाना, शान्त करना; (सुपा ३६६) । २ पथ्यानुष्ठान; (उवर १४०) । ३ एक दिन का उपवास; (संबोध ५८) । ४ वि. उपशमन करने वाला, दबाने वाला; (उप ७८२; पंचा ४, २६; सुर ४, २३१) ।
समण देखो **स-मण** = स-मनस् ।
समण देखो **सवण**=श्रवण; (पउम १७, १०७; राज) ।
समण पुं [**समण**] सर्वत्र समान प्रवृत्ति वाला, मुनि, साधु; (अणु) ।
समण पुं [**श्रमण**] १ भगवान् महावीर; (आचा २, १५, ३) । २ पुंस्त्री. निर्ग्रन्थ मुनि, साधु, यति, भिक्षु, संन्यासी; तापस; "निग्गंथसक्कतावसगेरुयआजीवं पंचहा समणा" (पव ६४; अणु; आचा; उवा; कप्प; विपा १, १; भग २१; सुर १०, २२४), स्त्री—°णी; (भग; गच्छ १, १५) । °सीह पुं [°सिंह] १ एक जैन मुनि जो दूसरे बलदेव के पूर्वभवीय गुरू थे; (पउम २०, १९२) । २ श्रेष्ठ मुनि; (पण्ह २, ५—पत्र १४८) । °ोवासग, °ोवासय पुंस्त्री [°ोपासक] श्रावक, जैन गृहस्थ; (उवा), स्त्री—°सिया; (उवा; णाया १, १४—पत्र १८७) ।
समणंतर (अप) न [**समनन्तरम्**] अनन्तर, बाद में, पीछे; (सण) ।
समणक्ख देखो **स-मणक्ख**=स-मनस्क ।
समणुगच्छ } सक [**समनु+गम्**] १ अनुसरण करना ।
समणुगम } २ अच्छी तरह व्याख्या करना । ३ अक. संबद्ध होना, जुड़ जाना । वकृ—**समणुगच्छमाण**; (णाया १, १—पत्र २५) । कवकृ—**समणुगम्मंत, समणुगम्ममाण**; (औप; सूअ २, २, ७९; णाया १, १—पत्र ३२; कप्प) ।
समणुगय वि [**समनुगत**] १ अनुसृत; (स ७२०) । २ अनुविद्ध, जुड़ा हुआ; (पंचा ६, ४६) ।
समणुचिण्ण वि [**समनुचीर्ण**] आचरित, विहित; "नवो समणुचिपणो" (पउम ६, १६४) ।
समणुजाण सक [**समनु+ज्ञा**] १ अनुमोदन करना, अनुमति देना । २ अधिकार-प्रदान करना । समणुजाणइ, समणुजाणाइ, समणुजाणेज्जा; (आचा) । वकृ—**समणुजाणमाण**; (आचा) ।
समणुजाय वि [**समनुजात**] उत्पन्न, संजात; (पउम १००, २४; सुपा ५७८) ।
समणुनाय वि [**समनुज्ञात**] अनुमत, अनुमोदित; (पउम ८, ७) ।
समणुन्न वि [**समनुज्ञ**] अनुमोदन-कर्ता; (आचा १, १, १, ५) ।
समणुन्न वि [**समनोज्ञ**] १ सुन्दर, मनोहर; २ सुन्दर वेष आदि वाला; (आचा १, ८, १, १) । ३ संविग्न, संवेग-युक्त मुनि; (आचा १, ८, २, ६) । ४ समान सामाचारी वाला—सांभोगिक —मुनि; (ठा ३, ३—पत्र १३९; वव १) ।
समणुन्ना स्त्री [**समनुज्ञा**] १ अनुमति, संमति; २ अधिकार-प्रदान; (ठा ३, ३—पत्र १३९) ।
समणुन्नाय देखो **समणुनाय**; (आचा २, १, १०, ४) ।
समणुपत्त वि [**समनुप्राप्त**] संप्राप्त; (सुर १, १८३; १०, १२०; सिरि ४३०; महा) ।
समणुबद्ध वि [**समनुबद्ध**] निरन्तर रूप से व्याप्त; (णाया १, ३—पत्र ९१; औप; उव) ।
समणुभूअ वि [**समनुभूत**] अच्छी तरह जिसका अनुभव किया गया हो वह; (वे ६२) ।
समणुवत्त वि [**समनुवृत्त**] संवृत्त, संजात; (पउम १०, १) ।
समणुवास सक [**समनु+वासय्**] १ वासना-युक्त करना । २ सिद्ध करना । ३ परिपालन करना । "आयट्ठं सम्मं समणुवासेज्जासि" (आचा १, २, १, ५; १, २, ४, ४; १, ५, ४, ५; १, ६, १, ६) ।
समणुसट्ठ वि [**समनुशिष्ट**] अनुज्ञात, अनुमत; (आचा २, १, १०, ४) ।
समणुसास सक [**समनु+शासय्**] सम्यग् सीख देना, अच्छी तरह सीखाना । समणुसासयंति; (सूअ १, १४, १०) ।
समणुसिट्ठ वि [**समनुशिष्ट**] अच्छी तरह शिक्षित; (वसु) । देखो **समणुसट्ठ**; (आचा २, १, १०, ४) ।

समणुहो सक [समनु+भू] अनुभव करना। समणुहोइ; (वव १)।

समण्णागय वि [समन्वागत] १ समन्वित, सहित; "छत्तीसगुणसमण्णागएण" (गच्छ १, १२)। २ संप्राप्त; (राय)।

समण्णाहार पुं [समन्वाहार] समागमन; (राज)।

समण्णिय देखो **समन्निय**; (काल)।

समतिक्कंत देखो **समइक्कंत**; (णाया १, १—पत्र ६३)।

समतुरंग सक [समतुरंगाय्] समान अश्व की तरह आपस में आरोहण करना, आश्लेष करना। वकृ—**समतुरंगेमाण**; (णाया १, ८—पत्र १३४; पव १७४ टी)।

समत्त वि [समस्त] १ संपूर्ण; (पण्ह १, ४—पत्र ६८)। २ सकल, सब; (विसे ४७२)। ३ समास-युक्त; ४ मिलित, मिला हुआ; (हे २, ४५; षड्)।

समत्त वि [समाप्त] पूर्ण, पूरा, सिद्ध, जो हो चूका हो वह; (उवा; औप)।

समत्ति स्त्री [समाप्ति] पूर्णता; (उप १४२; ७२८ टी; विसे ४१५; पव—गाथा ६५; स ५३; सुपा २५३; ४३५)।

समत्थ सक [सम्+अर्थय्] १ साबित करना, सिद्ध करना। २ पुष्ट करना। ३ पूर्ण करना। कर्म—समत्थीअइ; (स १६५),

"उयहो त्ति समत्थिजइ दाहेण सरोरुहाण हेमंतो।
नरिएहिं याजइ जणो संगोवंतोवि अप्पाणं" (गा ७३०)।

समत्थ देखो **समत्त**=समस्त; (से ४, २८; सुर १, १८१; १६, ५५)।

समत्थ वि [समर्थ] शक्त, शक्तिमान; (पाअ; ठा ४, ४—पत्र २८३; प्रासू २३; १८२; औप)।

समत्थि वि [समर्थिन्] प्रार्थक, चाहने वाला; (कुप्र ३५१)।

समत्थिअ वि [समर्थित] १ पूर्ण, पूरा किया हुआ; (कुप्र ११५; सुपा २६६)। २ पुष्ट किया हुआ; (सुर १६, ६५)। ३ प्रमाणित, साबित किया हुआ; (अज्झ १२१)।

समद्धासिय वि [समाध्यासित] अधिष्ठित; (स ३५; ६७६)।

समद्धि देखो **समिद्धि**; (गा ४२६)।

समन्नागय देखो **समण्णागय**; (ओघ ७६४; णाया १, १—पत्र ६४; औप; महा; ठा ३, १—पत्र ११७)।

समन्नि सक [समनु+इ] १ अनुसरण करना। २ अक. एकत्रित होना, मिलना। समन्नेइ, समन्निंति; (विसे २५१७; औप)।

समन्निअ वि [समन्वित] युक्त, सहित; (हे ३, ४६; सुर ३, १३०; ४, २२०; गउड)।

समन्ने° देखो **समन्नि**।

समप्प सक [सम्+अर्पय्] अर्पण करना, दान करना, देना। समप्पेइ; (महा)। वकृ—**समप्पंत, समप्पअंत, समप्पेंत**; (नाट—मृच्छ १०५; रत्ना ५५; पउम ७३, १४)। संकृ—**समप्पिअ, समप्पिऊण**; (नाट—मृच्छ ३१५; महा)। हेकृ—**समप्पिउं**; (महा)। कृ—**समप्पियव्व**; (सुपा २५६)।

समप्प° देखो **समाव**=सम्+आप्।

समप्पण न [समर्पण] अर्पण, प्रदान; (सुर ७, २२; कुप्र १३; वज्जा ६६)।

समप्पणया स्त्री [समर्पणा] ऊपर देखो; (उप १७६)।

समप्पिय वि [समर्पित] दिया हुआ; (महा; काल)।

समब्भस सक [समभि+अस्] अभ्यास करना। समब्भसइ; (द्रव्य ४७)।

समब्भहिअ वि [समभ्यधिक] अत्यन्त अधिक; (से १५, ८५)।

समब्भास पुं [समभ्यास] निकट, पास; (पउम ३३, १७)।

समब्भिडिय वि [दे] भिड़ा हुआ, लड़ा हुआ; (पउम ८६, ४८)।

समभिआवण्ण वि [समभ्यापन्न] संमुख आया हुआ; (सूअ १, ४, २, १४)।

समभिजाण सक [समभि+ज्ञा] १ निर्णय करना। २ प्रतिज्ञा-निर्वाह करना। समभिजाणिया, समभिजाणाहि; (आचा)। वकृ—**समभिजाणमाण**; (आचा)।

समभिद्दव सक [समभि+द्रु] हैरान करना। समभिद्दवंति; (उत्त ३२, १०)।

समभिधंस सक [समभि+ध्वंसय्] नष्ट करना। समभिधंसेज, समभिधंसेति; (भग)।

समभिपड सक [समभि+पत्] आक्रमण करना। हेकृ—**समभिपडित्तए**; (अंत २१)।

समभिभूअ वि [**समभिभूत**] अत्यन्त पराभूत; (उवा; धर्मवि ३४)।
समभिरूढ पुं [**समभिरूढ**] नय-विशेष; (ठा ७—पत्र ३९०)।
समभिलोअ सक [**समभि+लोक्**] देखना, निरीक्षण करना। समभिलोएइ; (भग १५—पत्र ६७०)। वकृ—**समभिलोएमाण**; (पयण १७—पत्र ५१८)।
समभिलोइअ वि [**समभिलोकित**] विलोकित, दृष्ट; (भग १५—पत्र ६७०)।
समय अक [**सम्+अय्**] समुदित होना, एकत्रित होना। "सव्वे समयंति सम्मं चेगवसाओ नया विरुद्धावि" (विसे २२६७)।
समय पुं [**समय**] १ काल, वख्त, अवसर; (आचा; सूअनि २६; कुमा)। २ काल-विशेष, सर्व-सूक्ष्म काल, जिसका दूसरा हिस्सा न हो सके ऐसा सूक्ष्म काल; (अणु; इक; कम्म २, २३; २४; ३०)। ३ मत, दर्शन; (प्राप)। ४ सिद्धान्त, शास्त्र, आगम; (आचा; पिंड ६; सूअनि २६; कुमा; दं २२)। ५ पदार्थ, चीज, वस्तु; (सम्म १ टी—पृष्ठ ११४)। ६ संकेत, इसारा; (सूअनि २६; पिंड ६; प्राप; सं १, १६)। ७ समीचीन परिणति, सुन्दर परिणाम; ८ आचार, रिवाज; ९ एकवाक्यता; (सूअनि २६)। १० सामायिक, संयम-विशेष; (विसे १४२१)। °क्खेत्त, °खेत्त न [°क्षेत्र] कालोपलक्षित भूमि, मनुष्य-लोक, मनुष्य-क्षेत्र; (भग; सम ६८)। °ज्ज, °ण्ण, °न्न वि [°ज्ञ] समय का जानकार; (धण ३६; गा ४०५; पि २७६)।
समय देखो **स-मय**=स-मद।
समय) अ [**समकम्**] १ युगपत्, एक साथ; (पव
समयं) २१६ टी; विसे १६६६; १६६७; सुर १, ५; महा; गउड ११०६)। २ सह, साथ; (गा ६१)।
समया देखो **सम-या**।
समया अ [**समया**] पास, नजदीक; (सुपा १८८)।
समर सक [**स्मृ**] याद करना। कृ—**समरणीय**; (चउ २७; नाट—शकु ६), **समरियव्व**; (रयण २८)।
समर देखो **सबर**; (हे १, २५८; षड्), स्त्री—°री; (कुमा)।
समर पुंन [**समर**] १ युद्ध, लडाई; (से १३, ४७; उप ७२८ टी; कुमा)। २ छन्द-विशेष; (पिंग)। °ाइच्च पुं [°ादित्य] अवन्तीदेश का एक राजा; (स ५)।
समर न [**स्मार**] कामदेव-संबन्धी, कामदेव का (मन्दिर आदि); (उप ४५४)।
समरइत्तु वि [**स्मर्तृ**] स्मरण-कर्ता; (सम १५)।
समरण न [**स्मरण**] स्मृति, याद; (धर्मवि २०; आप ६८)।
समरसहहय पुं [**दे**] समान उम्र वाला; (दे ८, २२)।
समराइअ वि [**दे**] पिष्ट, पिसा हुआ; (षड्)।
समरी देखो **समर**=शबर।
समरेत्तु देखो **समरइत्तु**; (ठा ६— पत्र ४४४)।
समलंकर सक [**समलम्+कृ**] विभूषित करना। समलंकरेइ; (आचा २, १५, ५)। संकृ—**समलंकरेत्ता**; (आचा २, १५, ५)।
समलंकार सक [**समलम्+कारय्**] विभूषित करना, विभूषा-युक्त करना। समलंकारेइ; (औप)। संकृ—**समलंकारेत्ता**; (औप)।
समलद्ध (अप) वि [**समालब्ध**] विलिप्त; (भवि)।
समल्लिअ अक [**समा+ली**] १ संबद्ध होना। २ लीन होना। ३ सक आश्रय करना। समल्लियइ; (आक ४७)। वकृ—**समल्लिअंत**; (से १२, १०)।
समल्लीण वि [**समालीन**] अच्छी तरह लीन; (औप)।
समवइण्ण वि [**समवतीर्ण**] अवतीर्ण; (सुपा २२)।
समवट्ठाण न [**समवस्थान**] सम्यग् अवस्थिति; (अज्झ १४७)।
समवट्ठिइ स्त्री [**समवस्थिति**] ऊपर देखो; "केई विंति मुणीणं महावसमवट्ठिई हवे चरणं" (अज्झ १४६)।
समवत्ति देखो **सम-वत्ति**=सम-वर्तिन्।
समवय° देखो **समवे**।
समवसर देखो **समोसर**=समव+सृ; (प्रामा)।
समवसरण देखो **समोसरण**; (सूअनि ११६)।
समवसरिअ देखो **समोसरिअ**=समवसृत; (धर्मवि ३०)।
समवसेअ वि [**समवसेय**] जानने योग्य, ज्ञातव्य; (सा ४)।
समवाइ वि [**समवायिन्**] समवाय संबन्ध का, समवाय-संबन्धी; (विसे १६२६; धर्मसं ४८७)।
समवाय पुं [**समवाय**] १ संबन्ध-विशेष, गुण-गुणी आदि का संबन्ध; (विसे २१०८)। २ संबन्ध; (पउम ३६, २५; धर्मसं ४८९; विवे ११६)। ३ समूह, समुदाय;

(सूत्र २, १, २२; ओघ ४०७; अणु २७० टी; पिंड २; आरा २; विसे ३५६३ टी)। ४ एकत्र करना; "काउं तो संघसमवायं" (विसे २५४६)। ५ जैन अंग-ग्रन्थ विशेष, चौथा अंग-ग्रन्थ; (सम १)।

समवे अक [समव+इ] १ शामिल होना। २ संबद्ध होना। समवेदि (शौ); (मोह ६३), समवयंति; (विसे २१०६)।

समवेद (शौ) वि [समवेत] समुदित, एकत्रित; (मोह ७८)।

समसम अक [समसमाय्] 'सम्' 'सम्' आवाज करना। वकृ—**समसमंत**; (भवि)।

समसरिस देखो **सम-सरिस**।

समसाण देखो **मसाण**; "समसाणो मुन्नघरे देवउले वावि तं वससु" (सुपा ४०८)।

समसीस वि [दे] १ सदृश, तुल्य; २ निर्भर; (दे ८, ५०)। ३ न. स्पर्धा; (से ३, ८)।

समसीसिअ } स्त्री [दे] स्पर्धा, बराबरी; (सुपा ७; **समसीसी** } वज्जा २४; कप्पू; दे ८, १३; सुर १, ८; वज्जा ३२; १५४; विवे ४५; सम्मत्त १४५; कुप्र ३३४)।

समस्सअ सक [समा+श्रि] आश्रय करना। समस्सअइ; (पि ४७३)। संकृ—**समस्सइअ**; (पि ४७३)।

समस्सस अक [समा+श्वस्] आश्वासन प्राप्त करना, सान्त्वन मिलना। समस्ससध (शौ); (पि ४७१)। हेकृ—**समस्ससिदुं** (शौ); (नाट—शकु ११६)।

समस्ससिद (शौ) देखो **समासत्थ**; (नाट—मृच्छ २५८)।

समस्सा स्त्री [समस्या] बाकी का भाग जोड़ने के लिए दिया जाता श्लोक-चरण या पद आदि; (सिरि ८६८; कुप्र २७; सुपा १५५)।

समस्सास सक [समा+श्वासय्] सान्त्वन करना, दिलासा देना। समस्सासदि (शौ); (नाट)। वकृ—**समस्सासअंत**; (अभि २२२)। हेकृ—**समस्सासिदुं** (शौ); (नाट—मृच्छ ८१)।

समस्सास पुं [समाश्वास] आश्वासन; (विक्र ३५)।

समस्सासण न [समाश्वासन] ऊपर देखो; (मै ७५)।

समस्सिअ वि [समाश्रित] आश्रय में स्थित, आश्रित; (स ६३५; उप पृ ४७; सुर १३, २०४; महा)।

समहिअ वि [समधिक] विशेष ज्यादः; (प्रासू १७८; महा; कुमा; सुर ४, १६६; सण)।

समहिगय वि [समधिगत] १ प्राप्त, मिला हुआ; २ ज्ञात; (सण)।

समहिट्ठ सक [समधि+स्था] काबू में रखना, अधीन रखना। कवकृ—**समहिट्ठिज्जमाण**; (राय १३२)।

समहिट्ठाउ वि [समधिष्ठातृ] अध्यक्ष, मुखी, अधिपति; (आचा २, २, ३, ३; २, ७, १, २)।

समहिट्ठिअ वि [समधिष्ठित] आश्रित; (उप ७२८ टी; सुपा २०६)।

समहिड्डिय देखो **स-महिड्डिय** = स-महर्द्धिक।

समहिणंदिय वि [समभिनन्दित] आनन्दित, खुशी किया हुआ; (उप ५३० टी)।

समहिल वि [समखिल] सकल, समस्त; (गउड)।

समहुत्त वि [दे] संमुख, अभिमुख; (अणु २२२)।

समा स्त्री [समा] १ वर्ष, बारह मास का समय; (जी ४१)। २ काल, समय; (सम ६७; ठा २, १—पत्र ४७; कप्प)।

समाअम देखो **समागम**; (अभि २०२; नाट—मालती ३२)।

समाइच्छ सक [समा+गम्] १ सामने आना। २ समादर करना, सत्कार करना। संकृ—**समाइच्छिऊण**; (महा)।

समाइच्छिय वि [समागत] आदृत, सत्कृत; (स ३७२)।

समाइट्ठ वि [समादिष्ट] फरमाया हुआ; (महा)।

समाइद्ध वि [समाविद्ध] वेध किया हुआ; (से ६, ३८)।

समाइण्ण वि [समाकीर्ण] व्याप्त; (औप; सुर ४, २४१)।

समाइण्ण } वि [समाचीर्ण] अच्छी तरह आचरित; **समाइन्न** } (भग; उप ८१३; विचार ८६५)।

समाउट्ट अक [समा+वृत्] नम्र होना, नमना, अधीन होना। भूका—समाउट्टिंसु; (सूत्र २, १, १८)।

समाउट्ट वि [समावृत्त] विनम्र; (वव १)।

समाउत्त वि [समायुक्त] युक्त, सहित; (औप; सुपा ३०१)।

समाउल वि [समाकुल] १ संमिश्र, मिश्रित; (राय)। २ व्याप्त; (सुपा ३०५)। ३ आकुल, व्याकुल; (हे ४, ४४४; सुर ६, १७४)।

समाउलिअ वि [**समाकुलित**] व्याकुल बना हुआ; (स ६६)।

समाएस पुं [**समादेश**] १ आज्ञा, हुकुम; (उप १०२१ टी)। २ विवाह आदि के उपलक्ष में किए हुए जीमन में बचा हुआ वह खाद्य जिसको निर्ग्रन्थों में बाँटने का संकल्प किया गया हो; (पिंड २२६; २३०)।

समाएसण न [**समादेशन**] आज्ञा, हुकुम; (भवि)।

समाओग पुं [**समायोग**] स्थिरता; (तंदु १४)।

समाओसिय वि [**समानोषित**] संतुष्ट किया हुआ; (भवि)।

समाकरिस सक [**समा+कृष्**] खींचना। हेकृ— **समाकरिसिउं**; (पि ५७५)।

समाकरिसण न [**समाकर्षण**] खींचाव; (सुपा ४)।

समाकार सक [**समा+कारय्**] आह्वान करना, बुलाना। संकृ—**समाकारिय**; (सम्मत्त २२६)।

समागच्छ° देखो **समागम=समा+गम्**।

समागत देखो **समागय**; (सुर २, ८०)।

समागम सक [**समा+गम्**] १ सामने आना। २ आगमन करना। ३ जानना। समागच्छइ; (महा)। भवि— समागमिस्सइ; (पि ५२३)। संकृ—**समागच्छिअ**; (पि ५८१), "विन्नाणेण समागम्म; (उत्त २३, ३१)।

समागम पुं [**समा+गम्**] १ संयोग, संबन्ध; (गउड; महा)। २ प्राप्ति; (सूअ १, ७, ३०)।

समागमण न [**समागमन**] ऊपर देखो; (महा)।

समागय वि [**समागत**] आया हुआ; (पि ३६७ ए)।

समागूढ वि [**समागूढ**] समाश्लिष्ट, आलिंगित; (पउम ३१, १२२)।

समाज पुं [**समाज**] समूह, संघात; (धर्मवि १२३)। देखो **समाय**=समाज।

समाजुत्त न [**समायुक्त**] संयोजन, जोड़ना; (राय ४०)।

समाढत्त वि [**समारब्ध**] १ आरब्ध, जिसका प्रारंभ किया गया हो वह; (काल; पि २२३; २८६)। २ जिसने आरंभ किया हो वह; "एवं भणिउं समाढत्तो" (सुर १, ६६)।

समाण सक [**भुज्**] भोजन करना, खाना। समाणइ; (हे ४, ११०; कुमा)।

समाण सक [**सम्+आप्**] समाप्त करना, पूरा करना। समाणइ; (हे ४, १४२), समाणेमि; (स ३७६)।

समाण वि [**समान**] १ सदृश, तुल्य, सरिखा; (कप्प)। २ मान-सहित, अहंकारी; (से ३, ४६)। ३ पुंन. एक देव-विमान; (सम ३५)।

समाण वि [**सत्**] विद्यमान, होता हुआ; (उवा; विपा १, २—पत्र ३४), स्त्री—°णी; (भग; कप्प)।

समाण देखो **संमाण=संमान**; (से ३, ४६)।

समाणअ वि [**समापक**] समाप्त करने वाला; (से ३, ४६)।

समाणण न [**भोजन**] भक्षण, खाना; "तंबोलसमाणण-पज्जाउलवयणाए" (स ७२)।

समाणत्त वि [**समाज्ञप्त**] जिसको हुकुम दिया गया हो वह; (महा)।

समाणिअ देखो **संमाणिय**; (से ३, २४)।

समाणिअ वि [**समानीत**] जो लाया गया हो वह, आनीत; (महा; सुपा ५०५)।

समाणिअ वि [**समाप्त**] पूरा किया हुआ; (से ६, ६२; गाया १, ८—पत्र १३३; स ३७१; कुमा ६, ६५)।

समाणिअ वि [**दे**] स्थान किया हुआ, स्थान में डाला हुआ; "विलिएण तक्खणं चेव समाणिअं मंडलग्गं" (स २४२)।

समाणिअ वि [**भुक्त**] भक्षित, खाया हुआ; (स ३१५)।

समाणिआ स्त्री [**समानिका**] छन्द-विशेष; (पिंग)।

समाणी सक [**समा+नी**] ले आना। समाणेइ; (विसे १३२५)।

समाणी देखो **समाण**=सत्।

समाणु (अप) देखो **समं**; (हे ४, ४१८; कुमा)।

समादह सक [**समा+दह्**] जलाना, सुलगाना। वकृ— **समादहमाण**; (आचा १, ६, २, १४)।

समादा सक [**समा+दा**] ग्रहण करना। संकृ— **समादाय**; (आचा १, २, ६, ३)।

समादाण न [**समादान**] ग्रहण; (राज)।

समादिट्ठ वि [**समादिष्ट**] फरमाया हुआ; (माह ८६)।

समादिस सक [**समा+दिश्**] आज्ञा करना। संकृ— **समादिसिअ**; (नाट)।

समादेस देखो **समाएस**; (नाट—मालती ४६)।

समाधारणया स्त्री [**समाधारणा**] समान भाव से स्थापन; (उत्त २६, १)।

समाधि देखो **समाहि**; (ठा १०—पत्र ४७३)।
समापणा स्त्री [**समापना**] समाप्ति; (विसे ३५६५)।
समाभरिअ वि [**समाभरित**] आभरण-युक्त; (अणु २५३)।
समाय पुं [**समाज**] १ सभा, परिषत्; (उत्त ३०, १७; अच्चु ४)। २ पशु-भिन्न अन्यों का समूह, संघात; ३ हाथी; (षड्)।
समाय पुं [**समाय**] सामायिक, संयम-विशेष; (विसे १४२१)।
समाय देखो **समवाय**; "एते चेव य दोसा पुरिससमाएवि इत्थियाणंपि" (सूअनि ६३; राज)।
समायं देखो **समयं**; (भग २६, १—पत्र ६४०)।
समायण्ण सक [**समा+कर्णय**] सुनना। संकृ—**समायण्णिऊण**; (महा)।
समायण्णण न [**समाकर्णन**] श्रवण; (गउड)।
समायण्णिय वि [**समाकर्णित**] सुना हुआ; (काल)।
समायय सक [**समा+दा**] ग्रहण करना, स्वीकार करना। समाययंति; (उत्त ४, २)।
समायय देखो **समागय**; (भवि)।
समायर सक [**समा+चर्**] आचरण करना। समायरइ; (उवा; उव), समायरेसि; (निसा ५)। कृ—**समायरियव्व**; (उवा)।
समायरिय वि [**समाचरित**] आचरित; (गउड)।
समाया देखो **समादा**। संकृ—**समायाय**; (आचा १, ३, १, ४)।
समायाय वि [**समायात**] समागत; (उप ७२८ टी)।
समायार पुं [**समाचार**] १ आचरण; (विपा १, १—पत्र १२)। २ सदाचार; (अणु १०२)। ३ वि. आचरण करने वाला; (णंदि ५२)।
समार सक [**समा+रचय्**] १ ठीक करना, दुरुस्त करना। २ करना, बनाना। समारइ; (हे ४, ६५; महा)। भूका—समारीअ; (कुमा)। वकृ—**समारंत**; (पउम ६८, ४०)।
समार सक [**समा+रभ्**] प्रारंभ करना। समारइ; (षड्)।
समार वि [**समारचित**] बनाया हुआ; "अद्धसमारम्मि जरकुडीरम्मि" (सुर २, ६६)।
समारंभ सक [**समा+रभ्**] १ प्रारम्भ करना। २ हिंसा करना। समारंभेजा; (आचा)। वकृ—**समारंभंत, समारंभमाण**; (आचा)। प्रयो—समारंभावेजा; (आचा)।
धाडय वि [दे. धाटक] डाका डालने वाला; "धाडयपुरिसा हया तत्थ" (सिरि ११४६)।
धाम पुंन [धामन्] १ अहंकार, गर्व; २ रस आदि में लम्पटता; ३ वि. गर्व-युक्त; ४ रस आदि में लम्पट; (संबोध १६)।
धारणा स्त्री [धारणा] मकान का एक खंभा; (आचा २, २, ३, १ टी; पव १३३)।
धारा स्त्री [धारा] मालव देश की एक नगरी; (मोह ८८)।
धिइ स्त्री [धृति] तेला, लगातार तीन दिन का उपवास; (संबोध ५८)।
धी देखो **धीआ**; "जं मंगलं कुंभनिवस्स धीए मल्लीइ राईसरवंदिआए" (मंगल १२; २०)।
धीइ देखो **धिइ**; "तुच्छा गारवकलिया चलिंदिया दुब्बला य धीईए" (पव ६२ टी)।
धीमल न [धिङ्मल] निन्दनीय मैल; (तंदु ३८)।
धुअ वि [धूत] १ कम्पित; २ न. कम्प; (प्राकृ ७०)।
धुअण देखो **धुवण**; (पव १०१)।
धुक्क अक [क्षुध्] भूख लगना। धुक्कइ; (प्राकृ ६३)।
धुणा देखो **धुणणा**; (उत्त २६, २७)।
धुप्प देखो **धिप्प**। धुप्पइ; (प्राकृ ७०)।
धुरीण वि [धुरीण] धुरन्धर, मुखिया, अगुआ; (धर्मवि १३६; सम्मत्त ११८)।
धुवण पुंन [धूपन] १ धूप देना; २ धूम-पान; (दस ३, ६)।
धुविया स्त्री [ध्रुविता] कर्म-विशेष, ध्रुव-बन्धिनी कर्म-

प्रकृति; (पंच ५, ६६)।

धूअ न [**धूत**] पहले बँधा हुआ कर्म, पूर्व-कर्म; (सूअ २, २, ६५)।

धूम पुं [**धूम**] १ हींग आदि का बघार; (पिंड २५०)। २ क्रोध, गुस्सा; ३ वि. क्रोधी; (संबोध १६)।

धूमा देखो **धूमाअ**। धूमाइ; (प्राकृ ७१)।

धूयरा देखो **धूआ**; (सूअ १, ४, १, १३)।

धूलिहडो स्त्री [**दे**] पर्व-विशेष, होली; "धूलिहडोरायत्तणा-सरिसा सव्वेसिं हसणिज्जा" (कुलक ५)।

धेउल्लिया देखो **धीउल्लिया**; (सुख ३, १)।

धोवण देखो **धोअण**; (पिंड २३)।

——०००——

प

पअब्भ देखो **पगब्भ**=प्रगल्भ; (प्राकृ ७८)।

पइ अ [**प्रति**] १ अपेक्षा-सूचक अव्यय; (दसनि ३, १)। २ लक्ष्य, तर्फ; "भव्यचक्खं पइ नत्थिये" (सम्मत्त १४१; धर्मवि ५६)।

पइट्ठ देखो **पगिट्ठ**; (सट्टि ५ टी)।

पइट्ठ वि [**दे**] प्रेषित, भेजा हुआ; "जह अद्दकुमरमिच्छो अभयपइट्टं जिणस्स पडिबिंबं" (संबोध ३)।

पइट्ठव सक [**प्रति+स्थापय्**] मूर्ति आदि की विधि-पूर्वक स्थापना करना। पइट्टवेज्जा; (पंचा ७, ४३)।

पइट्ठा स्त्री [**प्रतिष्ठा**] १ धारणा, वासना; (णंदि १७६)। २ समाधान, शंका-निरास-पूर्वक स्वपक्ष-स्थापन; (चेइय ५३५)।

पइट्ठाण पुं [**प्रतिष्ठान**] मूल प्रदेश; (राय २७)।

पइट्ठिअ वि [**प्रतिष्ठित**] प्रतिबद्ध, रुका हुआ; (आचा २, १६, १२)।

पइणियय वि [**प्रतिनियत**] नियम-संगत, नियमित; (धर्मसं २६६)।

पइण्णि वि [**प्रतिज्ञावत्**] प्रतिज्ञा वाला; "बंधमोक्ख-पइण्णिणो" (उत्त ६, १०; सुख ६, १०)।

पइन्न देखो **पइण्ण**=प्रतीर्ण; (पगह २, १ टी—पत्र १०५)।

पइन्नय देखो **पइन्नग**; (चेइय १६)।

पइभाणाण न [**प्रतिभाज्ञान**] प्रतिभा से उत्पन्न होता ज्ञान, प्रातिभ प्रत्यक्ष; (धर्मसं १२०६)।

पइर सक [**वप्**] बोना, वपन करना। पइरिंति; (आचा २, १०, २)। भूका—पइरिंसु; (आचा २, १०, २)। भवि—पइरिस्संति; (आचा २, १०, २)। कर्म—पइरि-ज्जंति; (स ७१३)।

पउअ देखो **पागय**=प्राकृत; (प्राकृ ५)।

पउण अक [**प्रगुणय्**] तंदुरस्त होना, नीरोग होना। "अन्नस्स चिगिच्छाए पउणाइ अन्नो न लोगम्मि" (धर्मसं ११८४)।

पउत्त पुं [**पौत्र**] लड़के का लड़का; (प्राकृ १०; श्रु ११७)।

पउत्तु [**प्रयोक्तृ**] १ प्रयोग-कर्ता; २ प्रेरणा-कर्ता; ३ कर्ता, निर्माता; स्त्री—°त्ती; (तंदु ४५)।

पउमग पुंन [**पद्मक**] केसर; (दस ६, ६४)।

पउमप्पह पुं [**पद्मप्रभ**] विक्रम की तेरहवीं शताब्दी का एक जैन आचार्य; (विचार ३)।

पउमा स्त्री [**पद्मा**] १ लक्ष्मी; २ देवी-विशेष; ३ लोंग, लवंग; ४ पुष्प-विशेष, कुसुम्भ-पुष्प; (प्राकृ २८)।

पउरिस वि [**पौरुषेय**] पुरुष-कृत; "वेदस्स तह यापउ-रिसभावा" (धर्मसं ८६२)।

पओअ पुं [**पयोद**] मेघ; (दस ७, ५२)।

पओग पुं [**प्रयोग**] प्रयोजन; (सूअ २, ७, २)।

पओज देखो **पउंज**=प्र+युज्। पओजए; (पव ६४)।

पओजग वि [**प्रयोजक**] विनिश्चायक, निर्णायक, गमक; (धर्मसं १२२३)।

पओरासि पुं [**पयोराशि**] समुद्र; (सम्मत्त १७४)।

पओस सक [**प्र+द्विष्**] द्वेष करना। पओसइ; (सुख १, १४)।

पंकज देखो **पंक-य**; (सम्मत्त ११८)।

पंकाभा स्त्री [**पङ्काभा**] चौथी नरक-पृथिवी; (उत्त ३६, १५८)।

पंचग वि [**पञ्चक**] पाँच (रुपया आदि) की कीमत का; (दसनि ३, १३)।

पंचपुंड वि [**पञ्चपुण्ड्र**] पाँच स्थानों में पुण्ड्र-चिह्न (सफेदी) वाला; (पिंडभा ४३)।

पंचमहब्भूइअ वि [**पाञ्चमहाभूतिक**] पाँच महाभूतों को मानने वाला, सांख्य मत का अनुयायी; (सूअ २, १, २०)।

पंचवयण पुं [**पञ्चवदन**] सिंह, मृगराज; (सम्मत्त २३८)।

पंचामय न [**पञ्चामृत**] ये पाँच वस्तु—दही, दूध, घी, जल तथा सक्कर; (सिरि २१८) ।

पंचाल पुं [**पाञ्चाल**] कामशास्त्र-प्रणेता एक ऋषि; (सम्मत्त १३७) ।

पंचिया स्त्री [**पञ्चिका**] १ पाँच की संख्या वाला; २ पाँच दिन का; (वव १) ।

पंजर पुंन [**पञ्जर**] १ आचार्य, उपाध्याय, प्रवर्तक आदि मुनि-गण; २ उन्मार्ग-गमन-निषेध, सन्मार्ग-प्रवर्तन; ३ स्वच्छन्दता-प्रतिषेध; (वव १) ।

पंजरिअ पुं [**दे**] जहाज का कर्मचारि-विशेष; (सिरि ४२७) ।

पंजिअ न [**दे**] यथेच्छ दान, मुँह-माँगा दान; "राय-कुलेसु भमंतो पंजिअदाणं पगिण्हेइ" (सिरि ११८) ।

पंडव पुं [**दे**] अश्व-रक्षक (?); "सिट्ठिसुहडेहिं तासिय-पंडववयणेहिं नरवरो रुट्ठो" (सम्मत्त २१६) ।

पंडिच्चमाणि वि [**पाण्डित्यमानिन्**] पंडिताई का अभिमान रखने वाला; (चेइय १६) ।

पंडुरंग पुं [**पाण्डुराङ्ग**] संन्यासी की एक जाति, भस्म लगाने वाला संन्यासी; (अणु २४) ।

पंताव सक [**दे**] ताड़न करना, मारना । पंतावे; (पिंड ३२५) ।

पंसुखार पुं [**पांशुक्षार**] एक तरह का नोन, ऊपर लवण; (दस ३, ८) ।

पकड वि [**प्रकृत**] १ प्रस्तुत, प्रक्रान्त; (भग ७, १०—पत्र ३२४; १८, ७—पत्र ३५०) । २ कृत, निर्मित; (भग १८, ७) ।

पकड देखो **पगड** = प्रकट; (भग ७, १०) ।

पकप्पणा स्त्री [**प्रकल्पना**] कल्पना; (चेइय १४१; अज्झ १४२) ।

पकप्पधारि वि [**प्रकल्पधारिन्**] निशीथ-सूत्र का जानकार; (वव १) ।

पकप्पि वि [**प्रकल्पिन्**] ऊपर देखो; (वव १) ।

पकप्पिअ वि [**प्रकल्पित**] काटा हुआ; "एसा परजुत्ति-लया एएण पकंपि (? कप्पि) आ णेआ" (अज्झ १०२) ।

पकित्तिअ वि [**प्रकीर्तित**] वर्णित; (श्रु १०८) ।

पकिदि देखो **पगइ** = प्रकृति; (प्राकृ १२) ।

पकिरण न [**प्रकिरण**] देने के लिए फेंकना; (वव १) ।

पक्कम सक [**प्र+क्रम्**] १ प्रकर्ष से जाना, चला जाना, गमन करना । २ अक. प्रयत्न करना । ३ प्रवृत्ति करना । पक्कमई; (उत्त ३, १३) । पक्कमंति; (उत्त २७, १४; दस ३, १३) । 'अणुसासणमेव पक्कमे" (सूअ १, २, १, ११) ।

पक्कमणी स्त्री [**प्रक्रमणी**] विद्या-विशेष; (सूअ २, २, २७) ।

पक्ख पुं [**पक्ष**] वेदिका का एक भाग; (राय ८२) । °**बाहा** स्त्री [°**बाहु**] वेदिका का एक भाग; (राय ८२) ।

पक्खंदोलग पुं [**पक्ष्यन्दोलक**] पक्षी का हिंडोला; (राय ७५) ।

पक्खर पुं [**प्रक्षर**] क्षरण, टपकना; (कर्पूर २६) ।

पक्खर पुं [**दे**] जहाज की रक्षा का एक उपकरण; (सिरि ३८७) ।

पक्खिनाह पुं [**पक्षिनाथ**] गरुड पक्षी; (धर्मवि ८४) ।

पक्खिअ वि [**पाक्षिक**] स्वजन, ज्ञाति का; (पव २६८)।

पक्खेव पुं [**प्रक्षेप**] शास्त्र में पीछे से किसीने डाला हुआ वाक्य; (धर्मसं १०११) । °**हार** पुं [°**हार**] कवला-हार; (सूअनि १७१) ।

पक्खोड सक [**प्र+स्फोटय्**] १ खूब झाड़ना । २ वारंवार झाड़ना । पक्खोडिज्जा; वकृ—**पक्खोडंत**; (दस ४, १) । प्रयो—पक्खोडाविज्जा; (दस ४, १) ।

पक्खोड पुं [**प्रस्फोट**] प्रमार्जन, प्रतिलेखन की क्रिया-विशेष; (पव २) ।

पखम (पै) देखो **पम्ह**=पक्ष्मन्; "पखमलणअणा" (प्राकृ १२४) ।

पखोड देखो **पक्खोड**=प्रस्फोट; (पव २) ।

पगड पुं [**प्रगर्त**] बड़ा गढ़हा; (आचा २, १०, २) ।

पगब्भणा स्त्री [**प्रगल्भना**] प्रगल्भता, धृष्टता; (सूअ १, १०, १७) ।

पगब्भित्तु वि [**प्रगल्भितृ**] काटने वाला; "हंता छेत्ता पगब्भित्ता" (सूअ १, ८, ५) ।

पगय न [**प्रकृत**] १ प्रस्ताव, प्रसंग; (सूअनि ४७) । २ पुं. गाँव का अधिकारी; (पव २६८) ।

पगय वि [**प्रगत**] संगत; (श्रावक १८६) ।

पगरिअ वि [**प्रगलित**] गलत्कुष्ठ, कुष्ठ-विशेष की बिमारी वाला; (पिंड ५७२) ।

पगामसो अ [**प्रकामम्**] अत्यन्त, अतिशय; "पगामसो मुत्रा" (उत्त १७, ३)।

पगासणा स्त्री [**प्रकाशना**] प्रकटीकरण; (उत्त ३२, २)।

पगिइ देखो **पगइ**; (संबोध ३६)।

पगिज्झ सक [**प्र+गृध्**] आसक्ति का प्रारंभ करना। पगिज्झिज्जा; (उत्त ८, १९; सुख ८, १९)।

पगीय वि [**प्रगीत**] जिसने गाने का प्रारंभ किया हो वह; (राय ४६)।

पग्गल वि [**दे**] पागल, उन्मत्त; (प्राकृ १०६)।

पग्गह पुं [**प्रग्रह**] खाने के लिए उठाया हुआ भोजन-पान; (सूत्र २, २, ७३)।

पचार सक [**प्र+चारय्**] चलाना। पचारेइ; (सिरि ४३५)।

पचार पुं [**प्रचार**] विस्तार, फैलाव; (मोह २०)। देखो **पयार**=प्रचार।

पच्चइग देखो **पच्चइय**=प्रत्ययिक; (सुख २, १७)।

पच्चंतिग देखो **पच्चंतिय**=प्रत्यन्तिक; (आचा २, ३, १, ५)।

पच्चणुहो देखो **पच्चणुभव**। पच्चणुहोइ; (उत्त १३, २३)।

पच्चवाय पुं [**प्रत्यवाय**] १ उपघात-हेतु, नाश का कारण; (उत्त १०, ३)। २ अनर्थ; (पंचा ७, ३९)।

पच्चाउट्टणया स्त्री [**प्रत्यावर्तनता**] अवाय, निश्चयात्मक मति-ज्ञान; (णंदि १७६)।

पच्चारिअ वि [**प्रचारित**] चलाया हुआ; (सिरि ४३६)।

पच्चावड पुं [**प्रत्यावर्त**] आवर्त के सामने का आवर्त; (राय ३०)।

पच्चाह सक [**प्रति+ब्रू**] उत्तर देना। पच्चाह; (पिंड ३७८)।

पच्चाहर सक [**प्रत्या+हृ**] उपदेश देना। वकृ— "**पच्चाहरओ** वि णं हिययगमणीओ जोयणनीहारी सरो" (सम ६०)।

पच्चाहुत्त क्रिवि [**पश्चान्मुख**] पीछे, पीछे की तरफ; "जाव न सत्तट्ठ पए पच्चाहुत्तं नियत्तो सि" (धर्मवि ५४)।

पच्चुप्पन्न पुं [**प्रत्युत्पन्न**] वर्तमान काल; (सूत्र १, २, ३, १०)।

पच्चुब्भड वि [**प्रत्युद्भट**] अतिशय प्रबल; (संबोध ५३)।

पच्चुल्लं अ [**दे. प्रत्युत**] प्रत्युत, उलटा; "न तुमं रुट्ठो, पच्चुल्लं ममं पूएसि" (वव १)।

पच्छयण देखो **पत्थयण**; (मोह ८०)।

पच्छाणुताविअ वि [**पश्चादनुतापिक**] पश्चात्ताप-युक्त; (राय १४१)।

पच्छियापिडय देखो **पच्छि-पिडय**; (राय १४०)।

पच्छुत्ताव पुं [**पश्चादुत्ताप**] पछतावा, पश्चात्ताप; (सम्मत्त १६०; धर्मवि ३५; १२२; १३०)।

पजणण वि [**प्रजनन**] उत्पादक; (राय ११४)।

पजीवण न [**प्रजीवन**] आजीविका; (पिंड ४७८)।

पजूहिअ वि [**प्रयूथिक**] यूथ को दिया हुआ, याचक-गण को अर्पित; (आचा २, १, ४, २)।

पजेमण न [**प्रजेमन**] भोजन-ग्रहण; (राय १४६)।

पज्जणण देखो **पजणण**; (सूअनि ५७)।

पज्जणुओग } पुं [**पर्यनुयोग**] प्रश्न; (धर्मसं १७६; **पज्जणुजोग** } २९२)।

पज्जत्त न [**पर्याप्त**] लगातार चालीस दिन का उपवास; (संबोध ५८)।

पज्जत्ति स्त्री [**पर्याप्ति**] १ पूर्ति, पूर्णता; (धर्मवि ३८)। २ अन्त, अवसान; (सुख २, ८)।

पज्जलिअ पुं [**प्रज्वलित**] तीसरी नरक-भूमि का एक नरक-स्थान; (देवेन्द्र ८)।

पज्जवलीढ वि [**पर्यवलीढ**] भक्षित; (विचार ३२६)।

पज्जाय पुं [**पर्याय**] तात्पर्य, भावार्थ, रहस्य; (सूअनि १३९)।

पज्जुसण
पज्जुसवण
पज्जुस्सवण
पज्जूसण } न. देखो **पज्जुसणा**; (धर्मवि २१; विचार ५३१; धर्मवि २१)।

पज्जोय सक [**प्र+द्योतय्**] प्रकाशित करना। वकृ— **पज्जोयंत**; (चेइय ३२४)।

पज्जोसवण न. देखो **पज्जोसवणा**; (पंचा १७, ६)।

पज्झाय न [**प्रध्यात**] अतिशय चिन्तन; (अणु १३९)।

पज्झुंझ देखो **पज्झुंझ**। वकृ—**पज्झुंझमाण**; (राय ८३ टी)।

पटोला स्त्री [**पटोला**] वल्ली-विशेष, कोशातकी, क्षार-वल्ली; (सिरि ६६६)।
पट्टदेवी स्त्री [**पट्टदेवी**] पटरानी; (सिरि १२१२)।
पट्टसुत्त न [**पट्टसूत्र**] रेशमी वस्त्र; (धर्मवि ७२)।
पट्टुअ पुंन. देखो **पट्टुया**; "पट्टुएहिं" (सुख ९, १)।
पट्टवग देखो **पट्टवय**; (कम्म ६, ६६ टी)।
पट्टीवंस पुं [**पृष्ठवंश**] घर के मूल दो खंभों पर तिरछा रखा जाता बड़ा खंभा; (पव १३३)।
पडंसुत्त देखो **पडिसुद**; (प्राकृ ३२)।
पडपुत्तिया स्त्री [**पटपुत्रिका**] छोटा वस्त्र, रुमाल; (संबोध ५)।
पडि वि [**पटिन्**] वस्त्र वाला; (अणु १४४)।
पडि अ [**प्रति**] इन अर्थों का सूचक अव्यय;—१ प्रकर्ष; (वव १)। २ संपूर्णता; (चेइय ७८२)।
पडिआइय सक [**प्रत्या+पा**] फिर से पान करना। पडिआइयइ; (दस १०, १)।
पडिआइय सक [**प्रत्या +दा**] फिर से ग्रहण करना। पडिआइयइ; (दस १०, १)।
पडिआयण न [**प्रत्यापान**] फिर से पान; "वंतस्स य पडिआयणं" (दसचू १, १)।
पडिआयण न [**प्रत्यादान**] फिर से ग्रहण; (दसचू १, १)।
पडिउज्जम अक [**प्रत्युद्+यम्**] संपूर्ण प्रयत्न करना। पडिउज्जमंति; (चेइय ७८२)।
पडिओसह न [**प्रत्यौषध**] एक औषध का प्रतिपक्षी औषध; (सम्मत्त १४२)।
पडिकाय पुं [**प्रतिकाय**] प्रतिबिम्ब, प्रतिमा; (चेइय ७५)।
पडिकिय न [**प्रतिकृत**] ऊपर देखो; (चेइय ७५)।
पडिकुट्टेल्लग देखो **पडिकुट्ठिल्लग**; (वव १)।
पडिकूलणा स्त्री [**प्रतिकूलना**] १ प्रतिकूल आचरण; २ प्रतिकूलता, विरोध; (धर्मवि ५८)।
पडिकोस सक [**प्रति+क्रुश्**] आक्रोश करना। पडिकोसइ; (सुम २, ७, ६)।
पडिकोह पुं [**प्रतिक्रोध**] गुस्सा; (दस ६, ५८)।
पडिक्कम पुं [**प्रतिक्रम**] देखो **पडिक्कमण**; "गिहिपडिक्कमाइयाराणं" (पव—गाथा २)।
पडिखलण देखो **पडिक्खलण**; (धर्मवि ५६)।
पडिग्घाय पुं [**प्रतिघात**] १ निरोध, अटकाव; (दस ६, ५८)। २ विनाश; (धर्मवि ५४)।
पडिचर सक [**प्रति+चर्**] परिभ्रमण करना। पडिचरइ; (सुज्ज १, ३)।
पडिचोयणा स्त्री [**प्रतिचोदना**] निर्भत्सन, निष्ठुरता से प्रेरणा; (विचार २३८)।
पडिच्छायण न [**प्रतिच्छादन**] आच्छादन, आवरण; (सुज्ज २०)।
पडिच्छिय वि [**प्रातीच्छिक**] अपने दीक्षा-गुरु की आज्ञा लेकर दूसरे गच्छ के आचार्य के पास उनकी अनुमति से शास्त्र पढ़ने वाला मुनि; (णंदि ५४)।
पडिछाया देखो **पडिच्छाया**; (चेइय ७५)।
पडिजायणा स्त्री [**प्रतियानना**] प्रतिबिम्ब, प्रतिमा; (चेइय ७५)।
पडिठाण न [**प्रतिस्थान**] हर जगह; (धर्मवि ४)।
पडिणिकास वि [**प्रतिनिकाश**] समान, तुल्य; (राय ६७)।
पडिणिज्जाय सक [**प्रतिनिर्+यापय्**] अर्पण करना। पडिणिज्जाएमि; (णाया १, ७—पत्र ११८)।
पडितणु स्त्री [**प्रतितनु**] प्रतिमा, प्रतिबिम्ब; (चेइय ७५)।
पडितप्प अक [**प्रति+तप्**] १ चिन्ता करना। २ खबर रखना। पडितप्पई; (उत्त १७, ५)।
पडिथद्ध वि [**प्रतिस्तब्ध**] गर्वित; (उत्त १२, ५)।
पडिदासिया स्त्री [**प्रतिदासिका**] दासी; (दस ३, १ टी)।
पडिधि देखो **परिहि**; "सूरियपडिधीतो बहित्ता" (सुज्ज ६)।
पडिनियत्ति स्त्री [**प्रतिनिवृत्ति**] वापिस लौटना, प्रत्यावर्तन; (मोह ६३)।
पडिन्नव सक [**प्रति+ज्ञापय्**] १ प्रतिज्ञा कराना। २ नियम दिलाना। पडिन्नविज्जा, पडिन्नवेज्जा; (दसचू २, ८)।
पडिपूयय वि [**प्रतिपूजक**] प्रत्युपकार-कर्ता; (उत्त १७, ५)।
पडिबंध सक [**प्रति+बन्ध्**] १ वेष्टन करना। २ रोकना। पडिबंधइ, पडिबंधंति; (सूम १, ३, २, १०)।
पडिबंध पुं [**प्रतिबन्ध**] व्याप्ति, नियम; (धर्मसं

१११) ।

पडिबद्ध वि [**प्रतिबद्ध**] नियत, व्याप्त; (पंचा ७, २) ।

पडिभणिय वि [**प्रतिभणित**] १ निराकृत; (धर्मसं ६५०) । २ न. प्रत्युत्तर, निराकरण; (धर्मसं ६१) ।

पडिभिन्न वि [**प्रतिभिन्न**] भेद-प्राप्त; (पव—गाथा १६; चेइय ६४२) ।

पडिभुअंग पुं [**प्रतिभुजङ्ग**] प्रतिपक्षी भुजंग—वेश्या-लंपट; (कर्पूर २७) ।

पडिम वि [**प्रतिम**] समान, तुल्य; (मोह ३५) ।

पडिमंत सक [**प्रति+मन्त्रय्**] उत्तर देना । पडिमंतेइ; (उत्त १८, ६) ।

पडिमाण न [**प्रतिमान**] प्रतिमा, प्रतिबिम्ब; (चेइय ७५) ।

पडियग्गण न [**प्रतिजागरण**] सम्हाल, खबर; (धर्मसं १०१३) ।

पडियरण न [**प्रतिकरण**] प्रतीकार, इलाज; (पिंड ३६६) ।

पडियरिअ वि [**प्रतिचरित**] सेवित; (मोह १०५) ।

पडियारणा स्त्री [**प्रतिवारणा**] निषेध; (पंचा १७, ३४) ।

पडियासूर अक [**दे**] चिढ़ना, गुस्सा करना । कृ— *पडियासूरेयव्वं न कयाइवि पायाचाएवि*" (आक २५, १४) ।

पडिरूवंसि वि [**प्रतिरूपिन्**] रमणीय, सुन्दर; (आचा २, ४, २, १) ।

पडिरूवग पुंन [**प्रतिरूपक**] प्रतिबिम्ब, प्रतिमा; "तिदिसिं *पडिरूवगा य देवकया*" (आव; बृह) ।

पडिरूवणया स्त्री [**प्रतिरूपणता**] १ समानता, सदृशता; २ समान-वेष-धारण; (उत्त २६, १) ।

पडिलभ सक [**प्रति+लभ्**] प्राप्त करना । पडिलभेज; (उत्त १, ७) । संकृ—**पडिलब्भ**; (सूअ १, १३, २) ।

पडिलीण वि [**प्रतिलीन**] अत्यन्त लीन; (धर्मवि ५३) ।

पडिलेह पुं [**प्रतिलेख**] देखो **पडिलेहा**; (चेइय २६६) ।

पडिलेहणया देखो **पडिलेहणा**; (उत्त २६, १) ।

पडिलेहणी स्त्री [**प्रतिलेखनी**] साधु का एक उपकरण, 'पुंजणी'; (पव ६१) ।

पडिलेहि वि [**प्रतिलेखिन्**] निरीक्षक; (सूअ १, ३, ३, ५) ।

पडिवई देखो **पडिवया**; (पव २७१) ।

पडिवज्जणया स्त्री [**प्रतिपदना**] स्वीकार; (थंदि २३२) ।

पडिवज्जणया स्त्री [**प्रतिपादना**] प्रतिपादन; (थंदि २३२) ।

पडिवय सक [**प्रति+वच्**] उत्तर देना । भवि—पडिवक्खामि; (सूअ १, ११, ६) ।

पडिवसभ पुं [**प्रतिवृषभ**] मूल स्थान से दो कोस की दूरी पर स्थित गाँव; (पव ७०) ।

पडिवा देखो **पडिवया**; (सुज्ज १०, १४) ।

पडिवाइय देखो **पडिवाइ**=प्रतिपातिन्; (थंदि ८१) ।

पडिवाय सक [**प्रति+पादय्**] प्रतिपादन करना, निरूपण करना । पडिवाययंति; (सूअ १, १४, २६) ।

पडिविज्जा स्त्री [**प्रतिविद्या**] प्रतिपक्षी विद्या, विरोधी विद्या; (पिंड ४६७) ।

पडिसंखेव सक [**प्रतिसं+क्षेपय्**] सकेलना, समेटना । वकृ—**पडिसंखेवेमाण**; (राय ४२) ।

पडिसंध } सक [**प्रतिसं+धा**] १ फिर से साँधना । २
पडिसंधया } उत्तर देना । ३ अनुकूल करना । पडिसंधए; (उत्त २७, १) । पडिसंधयाइ; (सूअ २, ६, ३) । संकृ—**पडिसंधाय**; (सूअ २, २, २६) ।

पडिसंविक्ख सक [**प्रतिसंवि+ईक्ष्**] विचार करना । पडिसंविक्खे; (उत्त २, ३१) ।

पडिसडिय वि [**परिशटित**] जो सड़ गया हो, जो विशेष जीर्ण हुआ हो वह; (पिंड ५१७) ।

पडिसद्दिय वि [**प्रतिशब्दित**] प्रतिध्वनि-युक्त; (सम्मत्त २१८) ।

पडिसमाहर सक [**प्रतिसमा+हृ**] पीछे खींच लेना । "दिट्ठिं पडिसमाहरे" (दस ८, ५५) ।

पडिसय पुं [**प्रतिश्रय**] उपाश्रय, साधु-निवास-स्थान; (दस २, १ टी) ।

पडिसरण न [**प्रतिसरण**] कंकण; (पंचा ८, १५) ।

पडिसरीर न [**प्रतिशरीर**] प्रतिमूर्ति; "पट्ठविओ पडिसरीरं व" (धर्मवि ३) ।

पडिसवत्त वि [**प्रतिसपत्न**] विरोधी; (दसनि ६, १८) ।

पडिसार सक [**प्रति+सारय्**] खिसकाना, हटाना, अन्य स्थान में ले जाना । पडिसारेइ; (सं १०, ७०) ।

पडिसार पुं [**प्रतिसार**] अपसारण; (हे १, २०६) ।

पडिसारण न [**प्रतिस्मारण**] याद दिलाना; (वव १) ।

पडिसाहर सक [**प्रतिसं+हृ**] निवृत्त करना। पडिसाहरेज्जा; (सूअ २, २, ८५)।

पडिसिलोग पुं [**प्रतिश्लोक**] श्लोक के उत्तर में कहा गया श्लोक; (सम्मत्त १४६)।

पडिसुणण स्त्रीन [**प्रतिश्रवण**] १ सुनाना, सुन कर उसका जवाब देना, प्रत्युत्तर; (पव २)। स्त्री—°णा; (पव २)। २ श्रवण; (पंचा १२, १५)।

पडिसुद्ध वि [**परिशुद्ध**] अत्यन्त शुद्ध; (चेइय ८०७)।

पडिसूर पुं [**प्रतिसूर्य**] सूर्य के सामने देखा जाता उत्पातादि-सूचक द्वितीय सूर्य; (अणु १२०)।

पडिसेग पुं [**प्रतिषेक**] नख के नीचे का भाग; (राय ६४)।

पडिसेहग वि [**प्रतिषेधक**] निषेध-कर्ता; (धर्मसं ४०; ६१२)।

पडिस्सर देखो **पडिसर**; (पंचा ८, ४६)।

पडिस्सुण सक [**प्रति+श्रु**] १ सुनना। २ अंगीकार करना। पडिस्सुणंति; (सूअ २, ६, ३०)। पडिस्सुणेज्जा; (सूअ १, १४, ६)। पडिस्सुणे; (उत्त १, २१)।

पडिहणिय देखो **पडिभणिय**; (धर्मसं ७०८)।

पडिहार पुं [**प्रतिहार**] इन्द्र-नियुक्त देव; (पव ३६)।

पडुक्खेव पुं [**प्रत्युत्क्षेप**] १ वाद्य-ध्वनि; २ उत्थापन, उठान; (अणु १३१)।

पडोयार पुं [**दे**] उपकरण; (पिंड २८)।

पढाव सक [**पाठय्**] पढ़ाना। पढावेइ; (प्राकृ ६०)। संकृ—**पढाविऊण, पढावेऊण**; (प्राकृ ६१)। हेकृ—**पढाविउं, पढावेउं**; (प्राकृ ६१)। कृ—**पढावणिज्ज, पढाविअव्व**; (प्राकृ ६१)।

पढावअ वि [**पाठक**] अध्यापक; (प्राकृ ६०)।

पढाविअवंत वि [**पाठितवत्**] जिसने पढ़ाया हो वह; (प्राकृ ६१)।

पढाविउ, **पढाविर** वि [**पाठयितृ**] अध्यापक; (प्राकृ ६०)।

पढे देखो **पढाव**। पढेइ; (प्राकृ ६०)।

पण, **पणग** न [**पञ्चक**] १ पाँच का समूह; (पंच ३, १६)। २ तप-विशेष, नीवी तप; (संबोध ५७)।

पणपन्निय पुं [**पञ्चप्रज्ञप्तिक**] व्यन्तर देवों की एक जाति; (पव १६४)।

पणव पुं [**प्रणव**] ओंकार, 'ओं' अक्षर; (सिरि १६६)।

पणवीसी स्त्री [**पञ्चविंशतिका**] पचीस का समूह; (संबोध २५)।

पणसुंदरी स्त्री [**पणसुन्दरी**] वेश्या; (धर्मवि १२७)।

पणाम सक [**उप+नी**] उपस्थित करना। पणामेइ; (प्राकृ ७१)।

पणामय वि [**प्रणामक**] १ नमाने वाला; २ पुं. शब्द आदि विषय; (सूअ १, २, २, २७)।

पणिअ वि [**प्रणीत**] रचित; (सूअनि ११२)।

पणिअट्ठ वि [**पणितार्थ**] चोर; (दस ७, ३७)।

पणिअसाला स्त्री [**पण्यशाला**] बखार, गुदाम; (आचा २, २, २, १०)।

पणिद्ध वि [**प्रस्निग्ध**] विशेष स्निग्ध; (अणु २१५)।

पणिवइअ वि [**प्रणिपतित**] जिसको नमस्कार किया गया हो वह; "नरपहूहिं पणिवइओ......वीरो" (धर्मवि ३७)।

पणिहि पुंस्त्री [**प्रणिधि**] बड़ा निधि; (दस ८, १)।

पणीहाण देखो **पणिहाण**; (आत्म ८; हित १५)।

पण्णवण वि [**प्रज्ञापन**] ज्ञापक, निरूपक; (संबोध ५)।

पण्णा स्त्री [**प्रज्ञा**] मनुष्य की दश अवस्थाओं में पाँचवीं अवस्था; (तंदु १६)।

पण्णाग वि [**प्रज्ञ**] विद्वान्; (पंचा १७, २७)।

पण्णासग वि [**पञ्चाशक**] पचास वर्ष की उम्र का; (तंदु १७)।

पत्तच्छेज्ज न [**पत्रच्छेद्य**] १ बाण से पत्ती बेधने की कला; (जं २ टी—पत्र १३७)। २ नक्काशी का काम, खोदने का काम; (आचा २, १२, १)।

पत्तहारय वि [**पत्रहारक**] पत्तों को बेचने का काम करने वाला; (अणु १४६)।

पत्तेय वि [**प्रत्येक**] बाह्य कारण; (णंदि १३०; १३१ टी)।

पदुग्ग पुंन [**प्रदुर्ग**] कोट, किला; (आचा २, १०, २)।

पप्फुसिय न [**प्रस्पृष्ट**] उत्तम स्पर्श; (राय १८)।

पबंध सक [**प्र+बन्ध्**] प्रबन्ध रूप से कहना, विस्तार से कहना। पबंधिज्जा; (दस ५, २, ८)।

पमद्दय वि [**प्रमर्दक**] प्रमर्दन-कर्ता; (दसनि १०, ३०)।

पम्माण वि [**प्रम्लान**] १ निस्तेज, मुरझाया हुआ; २ न. फीकापन, मुरझाना; "पम्हा(?म्मा)णरुयणिंगो" (अणु १३६)।

पय वि [प्रद] देने वाला; "पीइप्पयं" (रंभा)।

पयइ स्त्री [प्रकृति] संधि का अभाव; (अणु ११२)।

पयर अक [प्र+चर्] १ फैलना। २ व्यापृत होना, काम में लगना। पयरइ; (पंदि ५१)।

पयर देखो **पइर**=वप्। "कोडुंबिओ य खित्ते धन्नं पयरेइ" (सुपा ३९०)।

पयर न [प्रतर] गणित-विशेष, श्रेणी से गुनी हुई श्रेणी; (अणु १७३)।

पयले सक [प्र+चालय्] चलायमान करना, अस्थिर करना। पयलेंति; (दसचू १, १७)।

पयार पुं [प्रचार] १ प्रकर्ष-प्राप्ति; (दसनि १, ४१)। २ आचरण, आचार; (दसनि १, १३५)।

परक्कम सक [परा+क्रम्] १ जाना। २ आसेवन करना। ३ अक. प्रवृत्ति करना। परक्कमे; (दस ५, १, ६)। परक्कमिज्जा; (दस ८, ४१)। संकृ—**परक्कम्म**; (दस ८, ३२)।

परक्कम पुं [पराक्रम] गर्त आदि से भिन्न मार्ग; (दस ५, १, ४)।

परग वि [पारग] परग तृण का बना हुआ; (आचा २, १, ११, ३; २, २, ३, १४)।

परग्घ वि [परार्घ] महर्घ, महँगा, बहु-मूल्य; (दस ७, ४३)।

परमाहम्मिय वि [परमधर्मिक] सुख का अभिलाषी; (दस ४, १)।

परिआव देखो **परिताव**; (दस ६, २, १४)।

परिकम्म पुंन [परिकर्मन्] योग्यता-संपादन; (पंदि २३५)।

परिगुव्व अक [परि+गुप्] १ व्याकुल होना। २ सक. सतत भ्रमण करना। वकृ—**परिगुव्वंत**; (ठा १०—पत्र ५००)।

परिगू सक [परि+गू] शब्द करना। कवकृ—**परिगुव्वंत**; (ठा १०—पत्र ५००)।

परिग्गय देखो **परिगय**; (दस ६, २, ८)।

परिज्जुन्न देखो **परिजूरिय**; (दस ६, २, ८)।

परित्ताणंतय पुंन [परीतानन्तक] संख्या-विशेष; (अणु २३४)।

परित्तासंखेज्जय पुंन [परीतासंख्येयक] संख्या-विशेष; (अणु २३४)।

परिपिट्टण न [परिपिट्टन] पीटना, ताड़न; (वव १)।

परिपूणग पुं [दे. परिपूर्णक] घी-दूध गालने का कपड़ा, छानना; (पंदि ५४)।

परिभवंत पुं [परिभवत्] पार्श्वस्थ साधु, शिथिलाचारी मुनि; (वव १)।

परिभुत्त } वि [परिवृत] वेष्टित, परिकरित; (आचा
परिभुय } २, ११, ३; २, ११, १६)।

परियाल देखो **परिवार**; (राय ५४)।

परियावन्न वि [पर्यापन्न] लब्ध, प्राप्त; (आचा २, १, ६, ६)।

परिल्ली देखो **परिली**=दे; (राय ४६)।

परिवय अक [परि+पत्] तिर्यग् गिरना। परिवयंति; (राय १०१)।

परिवायणी स्त्री [परिवादनी] सात ताँत वाली वीणा; (राय ४६)।

परिवील सक [परि+पीडय्] दबाना। संकृ—**परिवीलियाण**; (आचा २, १, ८, १)।

परिवुसिअ वि [पर्युषित] गत, गुजरा हुआ; (आचा २, ३, १, ३)।

परिवूढ वि [परिवृद्ध] १ बलवान्, बलिष्ठ; (दस ७, २३)। २ माँसल, पुष्ट; (आचा २, ४, २, ३)।

परिव्वय पुं [परिव्यय] खर्चा, खर्च करने का धन; (दस ३, १ टी)।

परिसड अक [परि+शट्] उपयुक्त होना। परिसडइ; (आचा २, १, ६, ६)।

परिसाड सक [परि+शाटय्] १ इधर-उधर फेंकना। २ भरना। ३ रखना। "परिसाडिज्ज भोअणं" (दस ५, १, २८)। परिसाडिंति; भूका—परिसाडिंसु; भवि—परिसाडिस्संति; (आचा २, १०, २)।

परिसाडणा स्त्री [परिशाटना] वपन, बाना; (वव १)।

परिसाडिय वि [परिशातित] गिराया हुआ; (दस ५, १, ९६)।

परिहरण न [परिधरण] धारण करना; (वव १)।

परिहार पुं [परिहार] करण, कृति; (वव १)।

परिहारिअ वि [पारिहारिक] आचारवान मुनि, उद्युक्त-विहारी जैन साधु; (आचा २, १, १, ४)।

पलग न [पलक] फल-विशेष; (आचा २, १, ८, ६)।

पलाल वि [**प्रलाल**] प्रकृत लाला वाला; (अणु १४१)।

पलालग वि [**पलालक**] पलाल—पुआल—का बना हुआ; (आचा २, २, ३, १४)।

पलिविद्धंस अक [**परिवि+ध्वंस्**] नष्ट होना। पलिविद्धंसिआ; (अणु १८०)।

पव सक [**पा**] पीना। कृ—"अरसमेहा..... अ-प्पवणिज्जोदगा .....वासं वासिहिंति" (भग ७, ६—पत्न ३०५)।

पवा स्त्रीन [**प्रपा**] पानीय-शाला, प्याऊ; "सहाणि वा पवाणि वा" (आचा २, २, २, १०)।

पवरपुंडरीय पुंन [**प्रवरपुण्डरीक**] एक देव-विमान; (आचा २, १५, २)।

पविद्धंस अक [**प्रवि+ध्वंस्**] १ विनाशाभिमुख होना। २ विनष्ट होना। "तेणा परं जोणी पविद्धंसइ, तेणा परं जोणी विद्धंसइ" (ठा ३, १—पत्न १२३)।

पवेस पुं [**प्रवेश**] भींत की स्थूलता; (ठा ४, २—पत्न २२५)।

पव्वग वि [**पार्वक**] पर्व—ग्रन्थि—का बना हुआ; (आचा २, २, ३, २०)।

पव्वयगिह न [**पर्वतगृह**] पर्वत की गुफा; (आचा २, ३, ३, १)।

पसज्झचेय न [**प्रसह्यचेतस्**] धर्म-निरपेक्ष चित्त, कदाग्रही मन; (दसचू १, १४)।

पसढ वि [**प्रसह्य**] अनेक दिन रख कर खुला किया हुआ; (दस ५, १, ७२)।

पहास पुं [**प्रहास**] अट्टहास आदि विशेष हास्य; (दस १०, ११)।

पहेण न [**दे**] वधू को ले जाने पर पिता के घर दिया जाता जीमन; (आचा २, १, ४, १)।

पहोइ वि [**प्रधाविन्**] धोने वाला; (दस ४, २६)।

पहोयण स्त्रीन [**प्रधावन**] प्रक्षालन; "दंतपहोयणा य" (दस ३, ३)।

पाउडि स्त्री [**प्रावृति**] प्रावरण, वस्त्र; (गा २३८)।

पाइन्न देखो **पाईण**; (णंदि ४६)।

पाउग्गाह पुं [**पतद्ग्रह**] पात्र; (आचानि २८८)।

पाडिंतिय न [**प्रात्यन्तिक**] अभिनय-विशेष; (राय ५४)।

पाडोस पुं [**दे**] पड़ोस, प्रातिवेश्मिकता; (भा २७)।

पाढोआमास पुं [**पृथगामर्श**] बारहवें अंग-ग्रन्थ का एक भाग; (णंदि २३५)।

पामिच्च सक [**दे**] धार लेना। पामिच्चेज; (आचा २, २, २, ३)।

पामिच्चिय वि [**दे**] धार लिया हुआ; (आचा २, १०, १)।

पाय वि [**पाक्य**] पाक-योग्य; (दस ७, २२)।

पायंजलि पुं [**पातञ्जल**] पतञ्जलि-कृत शास्त्र, पातञ्जल योग-सूत्र; (णंदि १६४)।

पायंत न [**पादान्त**] गीत का एक भेद, पाद-वृद्ध गीत; (राय ५४)।

पायक देखो **पायय**=पातक; (वव १)।

पायपुंछण न [**पादपुञ्छन**] पात्र-विशेष, शराव; (आचा २, १०, १)।

पारक्किअ देखो **पारक्क**; (माल १६२)।

पारय वि [**पारग**] समर्थ; (आचा २, ३, २, ३)।

पारियल्ल न [**दे. परिवर्त**] पहिए के पृष्ठ भाग की बाह्य परिधि; (णंदि ४३)।

पालियाय देखो **पारिय**=पारिजात; (राय ३०)

पावरण पुं [**प्रावरण**] एक म्लेच्छ जाति; (मृच्छ १५२)।

पासायवडेंसग पुं [**प्रासादावतंसक**] प्रासाद-विशेष; (राय ६६)।

पाहुड न [**प्राभृत**] १ क्लेश, कलह; (कस; बृह १)। २ दृष्टिवाद के पूर्वों का अध्याय-विशेष; (अणु २३४)। ३ सावद्य कर्म, पाप-क्रिया; (आचा २, २, ३, १; वव १)। °**छेय** पुं [°**च्छेद**] बारहवें अंग-ग्रन्थ के पूर्वों का प्रकरण-विशेष; (वव १)। °**पाहुडिआ** स्त्री [°**प्राभृतिका**] दृष्टिवाद का प्रकरण-विशेष; (अणु २३४)।

पाहुडिआ स्त्री [**प्राभृतिका**] १ दृष्टिवाद का छोटा अध्याय; (अणु २३४)। २ वर्चनिका, विलेपन आदि; (वव ४)।

पिआसा देखो **पिवासा**; (गा ८१४)।

पिण्णिया स्त्री [**दे. पिण्यिका**] गन्ध-द्रव्य-विशेष, ध्यामक, गन्ध-तृण; (उत्तनि ३)।

पिप्पलग वि [**पैप्पलक**] पीपल के पान का बना हुआ; (आचा २, २, ३, १४)।

पियाल पुं [**प्रियाल**] १ वृक्ष-विशेष, खिरनी का पेड़; २ न. फल-विशेष; खिरनी, खिन्नी; (दस ५, २, २४)।
पिलुंखु देखो **पिलंखु**; (आचा २, १, ८, ३)।
पिल्ल सक [**प्र+ईरय्**] १ प्रेरणा करना। २ प्रवृत्त करना। पिल्लेइ; (वव १)।
पीण सक [**पीनय्**] पुष्ट करना। पीणंति; (राय १०१)।
पीरिपीरिया स्त्री [**दे**] वाद्य-विशेष; (राय ४५)।
पीलिम वि [**पीडावत्**] दाब वाला, दाबने से बना हुआ (वस्त्र आदि की आकृति); (दसनि २, १७)।
पुग्गल पुं [**पुद्गल**] १ वृक्ष-विशेष; २ न. फल-विशेष; ३ माँस; (दस ५, १, ७३)।
पुड पुं [**पुट**] १ परिमाण-विशेष; २ पुट-परिमित वस्तु; (राय ३४)।
पुयली स्त्री [**दे**] पुत-प्रदेश, कमर के नीचे का भाग; "पुयलिं पप्फोडेमाणे" (भग १५—पत्र ६७६)।
पुरिसकारिआ स्त्री [**पुरुषकारिका**, °**ता**] पुरुषार्थ, प्रयत्न; (दस ५, २, ६)।
पुल अक [**पुल्**] उन्नत होना; (दस १०, १६)।
पुलय पुंन [**पुलक**] कीट-विशेष; (आचा २, १३, १)।
पुस्सदेवय न [**पुष्यदैवत**] जैनेतर शास्त्र-विशेष; (णंदि १५४)।
पूआहिज्ज वि [**पूजाहार्य**] पूजित-पूजक; (ठा ५, ३ टी—पत्र ३४२)।
पूइ वि [**पूति**] कुथित, सड़ा हुआ; (आचा २, १, ८, ४)। °**पिन्नाग** पुंन [°**पिण्याक**] सर्षप-खल, सरसों की खली; (दस ५, २, २२)।
पूइअ वि [**पूयित**] ऊपर देखो; (राय १८)।
पूइम वि [**पूज्य**] पूजा-योग्य, संमाननीय; "जया य पूइमो होइ पच्छा होइ अपूइमो" (दसचू १, ४)।
पूयइ पुं [**पूपकिन्**] हलवाई; (णंदि १६४)।
पूयली स्त्री [**दे**] रोटी; (आचा २, १, ८, ६)।
पेया स्त्री [**पेया**] वाद्य-विशेष, बड़ी काहला; (राय ४५)।
पेह सक [**प्र+ईह्**] १ इच्छा करना, चाहना। २ प्रार्थना करना। पेहेइ; (दस ६, ४, २)।
पोंड न [**दे**] फूल, पुष्प; "एगं सालियपोंडं बद्धो आमेलगो होइ" (उत्तनि ३)।
पोट्ट पुं [**पुत्र**] लड़का; "एक्केणा चारभडपोट्टेणा" (वव १ टी)।
पोरिसिमंडल न [**पौरुषीमण्डल**] एक जैन शास्त्र; (णंदि २०२)।

——०००——

फ

फलिह पुंन [**स्फटिक**] आकाश; (भग २०, २)।
फलिह न [**दे**] कपास का टेंटा; (अणु ३५ टी)।
फलिही देखो **फलही=दे**; (अणु ३५ टी)।
फेलहसण देखो **फेल्लुसण**; (वव ४ टी)।

——०००——

ब

बंधय देखो **बंधग**; (णंदि ४२ टी)।
बंभद्दीविग वि [**ब्रह्मद्वीपिक**] ब्रह्मद्वीपिका-शाखा में उत्पन्न; (णंदि ५१)।
बंभद्दीविगा स्त्री [**ब्रह्मद्वीपिका**] एक जैन मुनि-शाखा; (णंदि ५१)।
बद्धग पुं [**बद्धक**] तूण-वाद्य विशेष; (राय ४६)।
बरुड पुं [**दे**] शिल्पी विशेष, चटाई बनाने वाला शिल्पी; (अणु १४६)।
बल अक [**ज्वल्**] जलना, गुजराती में 'बळवुं'। बलंति; (हे ४, ४१६)।
बहिद्धा अ [**बहिर्धा**] बाहर की तरफ; (दस २, ४)।
बहुआरिआ } स्त्री [**दे**] बुहारी, झाड़ू; (दे ८, १७ टी)।
बहुआरी }
बहुखज्ज वि [**बहुखाद्य**] १ बहु-भक्ष्य, खूब खाने योग्य; २ पृथुक—चिउड़ा बनाने योग्य; (आचा २, ४, २, ३)।
बहुल पुं [**बहुल**] आचार्य महागिरि के शिष्य एक प्राचीन जैन मुनि; (णंदि ४९)।
बहुव्वीहि पुं [**बहुव्रीहि**] व्याकरण-प्रसिद्ध एक समास; (अणु १४७)।
बाहुलेर पुं [**बाहुलेय**] काली गौ का बछड़ा; (अणु २१७)।
बिज्ज देखो **बीज**; "बिज्जं पिव वड्ढिया बहवे" (पउम ११, ६६)।
बिब्बोअ पुं [**बिब्बोक**] काम-विकार; (अणु १३६)।
बिरालिया स्त्री [**बिरालिका**] स्थल-कन्द-विशेष; (आचा

२, १, ८, ३)।

बीअवावय पुं [**बीजवापक**] विकलेन्द्रिय जन्तु की एक जाति; (अणु १४१)।

बीभच्छ पुं [**बीभत्स**] साहित्य-प्रसिद्ध एक रस; (अणु १३५)।

बुआव सक [**वाचय्**] बुलवाना। संकृ—**बुआवइत्ता**; (ठा ३, २—पत्र १२८)।

बुक्क वि [**दे**] विस्मृत; (वव १)।

बुक्कास पुं [**दे**] तंतुवाय, जुलाहा; (आचा २,१,२,२)।

बेभेल पुं [**बेभेल**] विन्ध्याचल के नीचे का एक संनिवेश; (भग ३, २—पत्र १७१)।

बोल्लअ पुं [**कथन**] बोल, वचन; (गा ६०३)।

——०००——

भ

भइअ न [**भक्त**] भागाकार; (वव १)।

भइअ } वि [**भृतिक**] कर्मकर, नौकर, चाकर; (राय
भइग } २१)।

भंगुरावत्त पुंन [**भङ्गुरावर्त**] पलायन; (भवि)।

भंडवेआलिअ वि [**भाण्डवैचारिक**] करियाना बेचने वाला; (अणु १४९)।

भंसग वि [**भ्रंशक**] विनाशक; (वव १)।

भद्दारु न [**भद्रदारु**] देवदारु, देवदार की लकड़ी; (उत्तनि ३)।

भायण न [**भाजन**] आकाश, गगन; (भग २०, २—पत्र ७७६)।

भाव पुं [**भाव**] महान् वादो, समर्थ विद्वान्; (दस १, १ टी)।

भिक्खोंड देखो **भिच्छुंड**; (अणु २४)।

भिलगा देखो **भिलुगा**; (दस ६, ६२)।

भिलुंग पुं [**दे. भिलुङ्ग**] हिंसक पक्षी; (राय १२४)।

भीमासुरुक्क न [**भीमासुरोक्त**· °**रीय**] एक जैनेतर प्राचीन शास्त्र; (अणु ३६)।

भुप देखो **भु-व**; (वव १)।

भूमिपिसाय पुं [**दे. भूमिपिशाच**] ताल वृक्ष, ताड़ का पेड़; (दे ६, १०७)।

भेसण देखो **भीसण**; (भग ७, ६—पत्र ३०७)।

——०००——

म

मंडल पुंन [**मण्डल**] योद्धा का युद्ध-समय का एक आसन; (वव १)। °**पवेस** पुं [°**प्रवेश**] एक प्राचीन जैन शास्त्र; (णंदि २०२)।

मंडलय पुं [**मण्डलक**] एक माप, बारह कर्म-माषकों का एक बाँट; (अणु १५५)।

मंत वि [**मान्त्र**] मन्त्र-संबन्धी, मान्त्रिक; स्त्री—"मंती ठकारपंतिव्व" (धर्मवि २०)।

मंस न [**मांस**] फल का गर्भ, फल का गुदा; (आचा २, १, १०, ५; ६)।

मगदंतिआ स्त्री [**दे. मगदन्तिका**] १ मेंदी का गाछ; २ मेंदी की पत्ती; (दस ५, २, १४; १६)।

मगरिआ स्त्री [**मकरिका**] वाद्य-विशेष; (राय ४६)।

मगुंद देखो **मउंद** = मुकुन्द; (उत्तनि ३)।

मग्ग पुं [**मार्ग**] १ आकाश; (भग २०, २—पत्र ७७५)। २ आवश्यक-कर्म, सामायिक आदि षट्-कर्म; (अणु ३१)।

मग्गणया स्त्री [**मार्गणा**] ईहा-ज्ञान, ऊहापोह; (णंदि १७५)।

मच्छ पुंन [**मत्स्य**] मत्स्य के आकार की एक वनस्पति; (आचा २, १, १०, ५; ६)।

मच्छंडी स्त्री [**मत्स्यण्डी**] शक्कर; (अणु ४७)।

मज्जार पुं [**मार्जार**] वायु-विशेष; (भग १५—पत्र ६८६)।

मज्झअ पुं [**दे**] नापित, नाई; (दे ६, ११५)।

मडुय पुं [**दे. मडुक**] वाद्य-विशेष; (राय ४६)।

मणुई स्त्री [**मनुजी**] मनुष्य-स्त्री, नारी, महिला; (णंदि १२६ टी)।

मत्थय पुंन [**मस्तक**] गर्भ, फल आदि का मध्य भाग—अन्तःसार; (आचा २, १, ८, ६)।

मधुघाद पुं [**मधुघात**] एक म्लेच्छ-जाति; (मृच्छ १५२)।

ममाय वि [**दे**] ग्रहण करना। ममायंति; (दस ६,४९)।

मल सक [**मल्**] धारण करना; (भग ८, ३३ टी—पत्र ४८०)।

मल्ल सक [**मल्ल्**] ऊपर देखो; (भग ८, ३३ टी)।

मल्लि वि [**मल्लिन्**] धारण-कर्ता; (भग ८, ३३ टी)।

मल्लि स्त्री [**मल्लि**] पुष्प-विशेष; (भग ८, ३३ टी)।

मल्लिहाण न [**माल्याधान**] १ पुष्प-बन्धन-स्थान; २ केश-कलाप; (भग ६, ३३ टी—पत्र ४८०)।
महती स्त्री [**महती**] वीणा-विशेष, सौ ताँत वाली वीणा; (राय ४६)।
महामंति पुं [**महामन्त्रिन्**] महावत, हस्तिपक; (राय १२१ टी)।
महाविजय पुं [**महाविजय**] एक देव-विमान; (आचा २, १५, २)।
महिंद वि [**माहेन्द्र**] १ महेन्द्र-संबन्धी; २ उत्पात-विशेष; (अणु २१५)।
महिसिअ वि [**महिषिक**] भैंस वाला, भैंस चराने वाला; (अणु १४४)।
महोरगकंठ पुं [**महोरगकण्ठ**] रत्न-विशेष; (राय ६७)।
माउआपय न [**मातृकापद**] मूलाक्षर, 'अ' से 'ह' तक के अक्षर; (दसनि १, ८)।
माडंबिय वि [**माडम्बिक**] चिल-मंडप का अध्यक्ष; (राय १४१ टी)।
माढर पुंस्त्री [**माठर**] माठर-गोत्र में उत्पन्न; (णंदि ४६)।
माणी स्त्री [**मानिका**] २५६ पलों का एक माप; (अणु १५२)।
मार पुं [**मार**] मणि का एक लक्षण; (राय ३०)।
मालव पुं [**मालव**] म्लेच्छ-विशेष; आदमी को उठा ले जाने वाली एक चोर-जाति; (वव ४)।
माहिंदफल न [**माहेन्द्रफल**] इन्द्रयव; (उत्तनि ३)।
मिअ पुं [**मृग**] हरिण के आकार का पशु-विशेष जो हरिण से छोटा और जिसका पुच्छ लम्बा होता है। °**लोमिअ** वि [°**लोमिक**] उसके बालों से बना हुआ; (अणु ३५)।
मिउ वि [**मृदु**] मनोज्ञ, सुन्दर; "मिउमद्दवसंपन्ने" (णंदि ५२)।
मुंजकार पुं [**मुञ्जकार**] मूँज की रस्सी बनाने वाला शिल्पी; (अणु १४६)।
मुकुर पुं [**मुकुर**] दर्पण; (दे १, १४)।
मुक्कलिअ वि [**दे**] बन्धन-मुक्त किया हुआ, अ-नियन्त्रित; (दे २, १५६ टी)।
मुक्केल्लय देखो **मुक्क**=मुक्त; (अणु १६८)।
मुख पुं [**मुख**] १ एक म्लेच्छ-जाति; (मृच्छ १५२)। २ गाड़ी के ऊपर का ढक्कन; (अणु १५१)।
मुट्ठिक्का स्त्री [**दे**] हिक्का, हिचकी; (दे ६, १३४)।
मुणिअ वि [**दे. मुणिक**] ग्रह-गृहीत, भूताविष्ट, पागल; (भग १५—पत्र ६६५)।
मूलगत्तिआ स्त्री [**मूलकर्तिका**] मूले की पतली फाँक; (दस ५, २, २३)।
मूलवेलि स्त्री [**दे. मूलवेलि**] घर के छप्पर का आधार-भूत स्तम्भ-विशेष; (आचा २, २, ३, १ टी; पत्र ३३३)।
मेज्ज न [**मेय**] मान, बाँट, जिससे मापा जाय वह; (अणु १५४)।
मेरु पुं [**मेरु**] पर्वत, कोई भी पहाड़; (आचा २, १०, २)।
मेहा स्त्री [**मेधा**] अवग्रह-ज्ञान; (णंदि १७४)।
मेरेअ न [**मैरेय**] मद्य विशेष; (माल १७७)।

———०००———

य

°**यावदट्ठ** वि [**यावदर्थ**] यथेष्ट, जितने की आवश्यकता हो उतना; (दस ५, २, २)।

———०००———

र

र अ [**दे**] निश्चय-सूचक अव्यय; (दसनि १, १५२)।
रइअ वि [**रचित**] महल आदि की पीठ-भित्ति; (अणु १५४)।
रउस्सल वि [**रजस्वल**] रजो-युक्त, धूलि-युक्त; (भग ७, ७—पत्र ३०५)।
रंग वि [**राङ्ग**] रँगा हुआ, रँग कर बनाया हुआ; (दसनि २, १७)।
रंधण न [**रन्धन**] पाक-गृह, रसोई-घर; (आचा २, १०, १४)।
रक्खोवग वि [**रक्षोपग**] रक्षण में तत्पर; (राय ११३)।
रयणी स्त्री [**रजनी**] ओषधि-विशेष—१ पिंडदारु; २ हरिद्रा, हलदी; (उत्तनि ३)।
रलि पुंस्त्री [**दे**] लम्बा मधुर शब्द; (माल ६०)।
रविगय न [**रविगत**] जिस पर सूर्य हो वह नक्षत्र; (वव १)।
रस पुंन [**रस**] निष्यन्द, निचोड़, सार; (दसनि ३, १६)।

रहिअ वि [**रहित**] एकाकी, अकेला; (वव १)।
राइ वि [**राजिन्**] शोभने वाला; (निचू १६)।
रायनीइ स्त्री [**राजनीति**] राजा की शासन करने की रीति; (राय ११७)।
राहुहय न [**राहुहत**] जिसमें सूर्य या चन्द्र का ग्रहण हो वह नक्षत्र; (वव १)।
रुक्क न [**दे**] बैल आदि की तरह शब्द करना; (अणु २६)।
रुच } सक [**दे**] पीसना। रुचंति, रुच्चंति; भूका—
रुच्च } रुचिंसु, रुच्चिंसु; भवि—रुचिस्संति, रुच्चिस्संति; (आचा २, १, ६, ५)।
रुते देखो **रिते**; (वव ४)।
रुवणा स्त्री [**रोवणा**] आरोपणा, प्रायश्चित्त का एक भेद; (वव १)।
रुहण न [**रोधन**] निवारण; (वव १)।
रूढ वि [**रूढ**] उगा हुआ, उत्पन्न; (दस ७, ३५)।
रेवइनक्खत्त पुं [**रेवतीनक्षत्र**] आर्य नागहस्ती के शिष्य एक जैन मुनि; (णंदि ५१)।
रेवइय पुं [**रैवतिक**] स्वर-विशेष, रैवत स्वर; (अणु १२८)।
रेवय पुं [**रैवत**] स्वर-विशेष; (अणु १२७)।
रोअ सक [**रोचय्**] निर्णय करना। रोअए; (दस ५, १, ७७)।
रोम न [**रोम**] खान में होता लवण; (दस ३, ८)।
रोवण न [**रोपण**] वपन, बोना; (वव १)।

——०००——

ल

लंछ सक [**लञ्छ्**] १ भाँगना, तोड़ना। २ कलंकित करना। कर्म—लंछिज्जइ; (दसनि ८, १४)।
लक्खण न [**लक्षण**] कारण, हेतु; (दसनि ४, १४)।
लय पुं [**लय**] तन्त्री का स्वन-विशेष। °**सम** न [°**सम**] गेय काव्य का एक भेद; (दसनि २, २३)।
लाइम वि [**लव्य**] काटने योग्य; (दस ७, ३४)।
लाउल्लोइय न [**दे**] गोमय आदि से भूमि का लेपन और खड़ी आदि से भींत आदि का पोतना; (राय ३५)।
लाढ वि [**दे**] श्रेष्ठ, उत्तम; (आचा २, ३, १, ५)।
लास सक [**लासय्**] नाचना। लासंति; (राय १०१)।
लिब वि [**दे**] १ कोमल; २ नम्र; (राय ३५)।
लिप्पासण न [**लिप्यासन**] मषी-भाजन, दोत; (राय ६६)।
लुद्ध पुंन [**लोध्र**] क्षार-विशेष; (आचा २, १३, १)।
लूण न [**लवण**] लावण्य, शरीर-कान्ति; (सुपा २६३)।
लूसय वि [**लूषक**] १ परिताप-कर्ता; (आचा २, १, ६, ४)। २ चोर, तस्कर; (वव ४)।
लूह पुं [**रूक्ष**] मुनि, साधु, श्रमण; (दसनि २, ६)।
लेप्पकार पुं [**लेप्यकार**] शिल्पि-विशेष, राज; (अणु १४६)।
लेप्पा स्त्री [**लेप्या**] लेपन-क्रिया; (उत्त १६, ६५)।
लेवाड वि [**लेपकृत्**] लेप-कारक; (वव १)।
लेसा स्त्री [**लेश्या**] ज्वाला; (राय ५६; ५७)।
लोग पुं [**लोक**] मान-विशेष, श्रेणी से गुणित प्रतर; (अणु १७३)। °**यत** देखो °**यय**; (अणु ३६)।
लोगुत्तर पुं [**लोकोत्तर**] १ मुनि, साधु; २ न. जिन-शासन, जैन सिद्धान्त; (अणु २६)।
लोगुत्तरिअ वि [**लोकोत्तरिक**] १ साधु का; २ जिन-शासन का; (अणु २६)।
लोभणय वि [**लोभनक**] लोभी; (आचा २, १५, ५)।
लोय न [**दे**] सुन्दर भोजन, मिष्टान्न; (आचा २, १, ४, ३)।
लोहिच्च पुं [**लोहित्य**] आचार्य भूतदिन्न के शिष्य एक जैन मुनि; (णंदि ५३)।

——०००——

व

वइर देखो **वेर**=वैर; (हे १, १५२)।
वंत वि [**वान्त**] पतित, गिरा हुआ; (दस ३, १ टी)।
वंदर देखो **वंद**=वृन्द; (प्राप्र)।
वग्ग देखो **वक्क**=वाक्य; "मुद्धा भणंति अहलं बहु वग्ग-जालं" (रंभा)।
वग्गचूलिआ स्त्री [**वर्गचूलिका**] एक प्राचीन जैन ग्रन्थ; (णंदि २०२)।
वग्गण न [**वल्गन**] बकवाद; (रंभा)।
वग्घ वि [**वैयाघ्र**] व्याघ्र-चर्म का बना हुआ; (आचा २, ५, १, ५)।

वच्छ वि [**वात्स्य**] वात्स्य गोत्र का; (णंदि ४८)।
वट्टण देखो **वत्तण**; (रंभा)।
वट्टावय वि [**वर्तक**] प्रतिजागरक, शुश्रूषा-कर्ता; (वव १)।
वट्टिय वि [**दे**] चूर्ण किया हुआ, पिसा हुआ; गुजराती में 'वाटेलुं'; "पक्खित्तं सहियावट्टियं लोणं" (स २६४)।
वणण न [**दे. व्यान**] बुनना। °**साला** स्त्री [°**शाला**] बुनने का कारखाना; (दस १, १ टी)।
वणिम } देखो **वणीमय**; (दस ५. १, ५१)। २ दरिद्र,
वणीमग } निर्धन; (दस ५, २, १०)।
वण्ण पुं [**वर्ण**] पंचम आदि स्वर। °**सम** न [°**सम**] गेय काव्य का एक भेद; (दसनि २, २३)।
वपु देखो **वउ**=वपुस्; (वव १)।
वप्पा स्त्री [**वप्र**] उन्नत भू-भाग, टेकड़ा, ऊँची जमीन; (भग १५—पत्र ६६६)।
वप्पिण पुंन [**दे**] १ केदार वाला देश; २ तट वाला देश; (भग ५, ७—पत्र २३८)।
वप्पी देखो **वप्पा**=वप्र; (भग १५—पत्र ६६६)।
वप्पु देखो वउ=वपुस्; (भग १५—पत्र ६६६)।
वरग न [**वरक**] महामूल्य पात्र, कोमती भाजन; (आचा २, १, ११, ३)।
वव सक [**वप्**] देना। ववइ; (वव १)। कर्म—उप्पइ; (कुप्र ४१)।
ववत्थिअ वि [**व्यवस्थित**] जिसने व्यवस्था की हो वह; (दसनि ४, ३५)।
ववस सक [**व्यव+सो**] १ करना। २ करने की इच्छा करना। ववसइ; (राय १०८)।
ववसायसभा स्त्री [**व्यवसायसभा**] कार्य करने का स्थान, कार्यालय; (राय १०४)।
ववहार पुं [**व्यवहार**] १ पूर्व-ग्रन्थ; २ जीतकल्प सूत्र; ३ कल्पसूत्र; ४ मार्ग, रास्ता; ५ आचरण; ६ ईप्सितव्य; (वव १)।
वाउलण न [**व्यापरण**] व्यापृत-क्रिया, व्यापार; (वव १)।
वाऊलिअ वि [**वातूलित**] १ वातूल बना हुआ; २ नास्तिक; (दसनि १, ६६)।
वागडिअ वि [**व्याकृत**] प्रकट किया हुआ; (वव १)।
वायगवंस पुं [**वाचकवंश**] एक जैन मुनि-वंश; (णंदि ५०)।

वायव्व वि [**वायव्य**] वायव्य कोण का; (अणु २१५)।
वालग न [**वालक**] पात्र-विशेष, गौ आदि के बालों का बना हुआ पात्र; (आचा २, १, ८, १)।
वालि वि [**वालिन्**] १ केश वाला; २ पुं. कपि-राज; (अणु १४२)।
वासण न [**वासन**] वासित करना; (दसनि ३, ३)।
वासवदत्ता स्त्री [**वासवदत्ता**] राजा चंडप्रद्योत की पुत्री और उदयन—वीणावत्सराज—की पत्नी; (उत्तनि ३)।
वाहड वि [**दे**] भृत, भरा हुआ; 'बहुवाहडा अगाहा" (दस ७, ३६)।
विआह सक [**व्या+ख्या**] व्याख्या करना। कर्म—विआहिज्जंति; (णंदि २२६)।
विउब्भाअ अक [**व्युद्+भ्राज्**] शोभना, दीपना, चमकना। वकृ—**विउब्भाएमाण**; (भग ३, २—पत्र १७३)।
विउब्भाअ सक [**व्युद्+भ्राजय्**] शोभित करना। वकृ—**विउब्भाएमाण**; (भग ३, २)।
विउस सक [**व्युत्+सृज्**] फेंकना। विउसिज्जा; (आचा २, ३, २, ५), विउसिरे; (आचा २, १६, १)।
विउसिरणया देखो **विउसरणया**; (राय १२८ टी)।
विउह सक [**व्यूह्**] प्रेरणा करना। संकृ—**विउहित्ताण**; (दस ५, १, २२)।
विक्किअ वि [**दे**] संस्कृत, सुधारा हुआ; (दस ७, ४३)।
विकिर सक [**वि+कॄ**] बिखेरना। कवकृ—**विकिरिज्जमाण**; (राय ३४)।
विच्चिकी स्त्री [**दे**] वाद्य-विशेष; (राय ४६)।
विच्च पुंन [**दे**] व्यूत, बुनने की क्रिया; (राय ६२)।
विजय पुं [**विजय**] आश्रय, स्थान; (दस ६, ५६)।
विजया स्त्री [**विजया**] भगवान् शान्तिनाथ की दीक्षा-शिबिका; (विचार १२६)।
विजोजण न [**वियोजन**] वियोग, विरह; (मोह ६८)।
विज्जल } न [**दे. विजल**] कर्दम, पंक, कादा; (आचा २,
विज्जुल } १, ५, ३; २, १०, २)।
विडंब सक [**वि+डम्बय्**] विवृत करना, फैलाना। विडंबेइ; (भग ३, २—पत्र १७३)।
विण्णत्ति स्त्री [**विज्ञप्ति**] विज्ञान, विनिर्णय; (णंदि

१३४)।

विण्णाण न [**विज्ञान**] अवाय-ज्ञान, निश्चयात्मक ज्ञान; (णंदि १७६)।

विह्वार देखो **विहार**; (वव १)।

विनिज्झा सक [**विनि+ध्यै**] देखना। विनिज्झाए; (दस ५, १, १५)।

विपरिकम्म न [**विपरिकर्मन्**] शरीर की आकुञ्चन-प्रसारण आदि क्रिया; (आचा २, ८, १)।

विप्फाल पुं [**दे**] पृच्छा, प्रश्न; (वव १ टी)।

विप्फालणा स्त्री [**दे**] ऊपर देखो; (वव १ टी)।

वियट्ट अक [**वि+वृत्**] बरतना, होना। हेकृ—**वियट्टि-त्तए**; (आचा २, २, २, ३)।

वियल्ल पुं [**तान**] विस्तार, फैलाव; (वव ४)।

विलंबणा स्त्री [**विडम्बना**] निर्वर्तना, बनावट, कृति; (अणु १३६)।

विलंबि न [**विलम्बिन्**] १ सूर्य ने भोग कर छोड़ा हुआ नक्षत्र; २ सूर्य जिस पर हो उसके पीछे का तीसरा नक्षत्र; (वव १)।

विवित्त वि [**विविक्त**] १ विवेक-युक्त; २ संविग्न, भव-भीरु; (वव ४)।

इअ **गुज्जर**देसंतग्गय**राधणपुर**णिवासिणा सेट्ठिसिरि**तिकमचंद**तणुजम्मेण णायव्वायरणतित्थोवव्वएण **कलिकाया-णिस्सविज्जालयम्मि** सक्कयपाइअसत्थज्झावएण पंडिअ**हरगोविन्ददासेण** विरइअम्मि **पाइअसह-महण्णवा**हिहाणम्मि अहिहाणगंथम्मि परिसिट्ठसद्दसंकलणं समत्तं।

——०००——

अग्रिम ग्राहकों के मुबारक नाम।

कॉपी।	नाम।
	कलकत्ता।
१००	बाबू डालचंदजी बहादूरसिंहजी सिंघी।
२५	,, बीजराजजी कोठारी।
२०	,, घनश्यामदासजी बिड़ला।
११	,, रावतमलजी भैरूदानजी हाकिम।
७	,, अगरचंदजी भैरोदानजी सेठिया।
५	,, रायकुमारसिंहजी।
५	,, हस्तमलजी लखमीचंदजी।
५	,, लखमीचंदजी साहेला।
५	शेठ करमचंद डोसाभाई।
५	,, सुमेरमलजी सुराना।
५	,, सरवसुखजी पूनमचंदजी।
५	बाबू जगत्पतिसिंहजी दूगड़।
५	,, पूरणचंदजी नाहार।
४	,, रिखबचंदजी दूगड़।
४	शेठ मणिलाल सूरजमल की कम्पनी।
२	,, देवकरणभाई गोकलदास।
२	,, मगनमलजी कोठारी।
२	बाबू बुद्धिसिंहजी बोथरा।
२	,, अमरचंदजी बोथरा।
२	,, रावतमलजी हरिचंदजी बोथरा।
२	,, सुगनचंदजी रूपचंदजी रामपुरिया।
२	,, लखमीचंदजी नेमचंदजी।
१	,, धनराजजी सिपानी।
१	,, गुलाबचंदजी भूरा।
१	,, जसकरणजी डागा।
१	,, ऋद्धिकरणजी कन्हैयालालजी।
१	बाबू बहादूरचंदजी खजानची।
१	शेठ सिबदानमलजी कोठारी।
१	,, केशवजीभाई नेमचंद।
१	,, धारशीभाई अमूलख।
१	,, इंदरजीभाई सुन्दरजी।
१	शेठ दलपतभाई प्रेमचंद कोरडीया।
१	,, हरजीवनदास डाह्याभाई।
१	,, फूलचंदभाई वनमाळीदास।
१	बाबू सोहनलालजी दूगड़।
१	,, पन्नालालजी करनावट।
१	,, रिखबचंदजी करनावट।
१	शेठ लीलाधरभाई हीराचंद।
१	,, हुकमीचंदजी धारशी लाठिया।
१	,, हीरालाल गिरधरलाल।
	बम्बई
२५	शेठ गिरधरलाल त्रिकमलाल कोठारी।
२५	,, जीवतलाल परतापशी।
२५	,, अमथालाल चुनीलाल।
२०	,, हीरालाल अमृतलाल।
१०	मंत्री, गोडीजी का उपाश्रय।
८	शेठ प्रेमचंदभाई।
७	,, फूलचंद मूलचंद।
७	,, पनेचंद गोमाजी।
५	,, ककलभाई भूधरदास वकील।
५	,, माणेकलाल जेठाभाई।
५	,, भोलाभाई जेसिंगभाई।
५	,, प्रेमजीभाई नागरदास।
५	,, गांडमलजी गुमानमलजी।
५	,, प्रेमचंदभाई झवेरचंद।
५	,, सोमचंदभाई ओतमचंद।
५	मंत्री, श्रीशान्तिनाथजी ज्ञान-भण्डार।
५	शेठ कल्याणजी खुशालचंद।
५	मंत्री, वेरावल जैन ज्ञान-वर्धक शाला।
५	शेठ लीलाधरभाई नेमचंद।

कॉपी।	नाम।
५	शेठ वृन्दावनदास दयालजी।
५	,, देवीदास लखमीचंद।
५	,, तुलसीदास मोनजी कराणी।
५	,, रणछोडदास शेषकरण।
५	,, मोतीलालभाई मूलजी।
४	,, ओतमचंद हीरजी।
३	,, जमनादास खुशालचंद।
३	,, मंगलदास मोतीचंद।
२	,, सवचंदभाई कवराभाई।
२	,, रामाजी पन्नाजी।
२	,, चुनीलाल वीरचंद।
२	,, अमृतलाल मोहनलाल।
२	,, वरजीवनदास मूलचंद।
२	,, त्रिकमलाल वीरचंद।
१	,, सोमचंद धारशी।
१	,, रतनचंद नेमचंद।
१	,, लालभाई हीराचंद।
१	,, नरपतलाल उत्तमचंद।
१	,, चत्रभुज वीरचंद।
१	,, शांतिदास खेतसी।
१	,, जीवराज मोतीचंद।
१	,, जगमोहनदास ओतमचंद।
१	,, माणेकलाल परसोतमदास।
१	,, हरखचंद मकनजी।
१	,, पानाचंद वालजी।
१	,, चीमनलाल डाह्याभाई।
१	,, जेसंगभाई बालाभाई।
१	,, झवेरचंद परमाणंद भणसाली।
१	,, मोरारजी मूळजी प्रागजी।
१	,, देवीदास कानजी।
१	,, लालजी रामजी।
१	,, धरमशी त्रिकमजी।
१	,, नरोत्तमदास मगनलाल।

कॉपी।	नाम।
१	शेठ लल्लुभाई मगनचंद।
१	मंत्री, मोहनलालजी जैन सेंट्रल लाइब्रेरी।
१	शेठ नाथाजी गुलाबचंद।
१	,, हीरालाल लल्लुभाई।
१	,, भायचंद अमूलख।

बिकानेर।

११	शेठ चांदमलजी ढढ्ढा, सी. आई. ई.।
१०	,, फूलचंदजी झाबक।
६	,, हीरालालजी हजारीमलजी।
५	,, मंगलचंदजी झाबक।
५	,, श्रीपूज्य भट्टारक जिनचारित्रसूरीश्वरजी।
३	शेठ जतनमलजी कोठारी।
२	,, राजमलजी ढढ्ढा।

अहमदाबाद।

४०	शेठ आणंदजी कल्याणजी की पेढ़ी।
२०	,, शिवलाल हरिलाल सत्यवादी।

प्रकीर्ण।

१	शेठ जीतमलजी हमीरमलजी, ब्यावर।
१	,, जुहारमजी शेषमलजी, ब्यावर।
१	मंत्री, जैन श्रेयस्कर मंडल, म्हेसाणा।
१	,, श्रीजिनदत्तसूरिज्ञान-भंडार, सुरत।
१	,, श्रीजिनकृपाचंदसूरि-ज्ञान-भंडार, इंदोर।
१	,, शेठ दामोदरदास जगजीवन, दामनगर।
१	,, शेठ वेलजी डुंगरशी, नाना आसंबीया।
३	,, पंन्यास श्रीमेरुविजयजी।
२	,, मुनिराज श्रीकर्पूरविजयजी।